छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY
रायपुर, रविवार, 23 फरवरी 2025
वर्ष - 66 | अंक - 308 | पृष्ठ - 12
मूल्य - 4.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु

भाजपा झारखंड के आदिवासी मूलवासी की हकमारी में रही है अव्वल : कांग्रेस पृष्ठ 2

▸ मड़ई
श्रीराम अउ दाई शबरी के मिलाप स्थल शिवरीनारायण पृष्ठ 6

▸ भारत के जीवन-प्रशांत ने जीता युगल खिताब
▸ विश्व कप के लिए 35 सदस्यीय भारतीय शूटिंग टीम की घोषणा पृष्ठ 8

देश विदेश
▸ क्दो बंधकों के बदले इजरायल 602 कैदियों को करेगा आजाद
▸ शिनबाम ने विदेशी जासूसों के लिए कठोर दंड की चेतावनी दी
▸ कांगो में एम23 विद्रोही यूएन शांति अभियानों में डाल रहे बाधा : संरा पृष्ठ 7

सार संक्षेप

शक्तिकांत दास प्रधानमंत्री के प्रमुख सचिव नियुक्त

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास को शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव-2 के रूप में नियुक्त किया गया। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति द्वारा जारी आदेश के अनुसार श्री दास की नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, समाप्त हो जाएगी। आदेश में बताया गया है कि श्री दास प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव-1 डॉ. पी. के. मिश्रा के साथ प्रधानमंत्री के निजी सचिव के रूप में काम करेंगे।

मणिपुर में प्रतिबंधित गुट के छह कार्यकर्ता गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले से एक प्रतिबंधित संगठन के छह कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है और इंफाल पूर्व में जबरन वसूली में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में एक समूह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (इबुंगो नगांगोम) के छह सदस्यों को इंफाल पश्चिम के कोत्रुक माखा लेइकाई चर्च से गिरफ्तार किया गया।

आतिशी ने रेखा गुप्ता से मिलने का समय मांगा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिल्ली की महिलाओं को प्रति माह ढाई हजार रुपये देने के वादे पर चर्चा करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिलने का समय मांगा है। आप की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने श्रीमती रेखा गुप्ता को शनिवार को एक पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है। उन्होंने पत्र में कहा भाजपा के सर्वोच्च नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान यहां द्वारका की एक रैली में दिल्ली की माता और बहनों से वादा किया था कि भाजपा सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में उनके लिए 2500 प्रति माह की योजना पास की जाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी आज से तीन राज्यों के दौरे पर रहेंगे

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 से 25 फरवरी तक मध्य प्रदेश, बिहार और असम का दौरा करेंगे। इस यात्रा के दौरान वह कई प्रमुख कार्यक्रमों में शामिल होंगे, विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और कई योजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। सबसे पहले 23 फरवरी को प्रधानमंत्री मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले की यात्रा करेंगे, जहां वह दोपहर करीब 2 बजे बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखेंगे।

दिल्ली विधानसभा का सत्र कल से

नई दिल्ली। हाल ही में संपन्न दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने वाले सभी 70 नवनिर्वाचित विधायक 24 फरवरी से शुरू हो रही दिल्ली विधानसभा के पहले सत्र में सदस्य के तौर पर शपथ लेंगे। यह सत्र 24 फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेगी। तीन दिवसीय सत्र में विधानसभा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चुनाव भी किया जाएगा।

साय कैबिनेट में अहम फैसले

धान की शेष राशि का भुगतान करने 3300 करोड़ का अनुमोदन

- तीसरा अनुपूरक बजट होगा पेश
- स्टांप दरों का निर्धारण करने संशोधन विधेयक लाएगी सरकार

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया, कैबिनेट बैठक में छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य भंडार क्रय नियम 4 में विस्तार करने का निर्णय लिया गया। पंजीकृत बीज उत्पादन किसानों से क्रय किया जाएगा। केंद्र और राज्य के बीच उत्पादन करने वाले संगठन और एजेंसियों के चयनित संस्थाओं द्वारा न्यूनतम मूल्य प्रस्तुत करने वाली संस्था से किया जाएगा। आईएफएस कौशलेंद्र कुमार, आलोक कटियार, अरुण पांडे, सुनील मिश्रा और प्रेम कुमार के लिए पीपीसीएफ के नए पद होंगे।

साव ने बताया, छत्तीसगढ़ के षष्ठम विधानसभा के पंचम सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण का अनुमोदन किया गया। किसानों के उपार्जित धान की शेष राशि का भुगतान करने के लिए 3300 करोड़ की अनुमति का अनुमोदन किया गया। स्टांप दरों के निर्धारण के लिए संशोधन विधेयक का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा 1992 से 94 बैच के अपर मुख्य वन अधिकारियों को प्रधान मुख्य संरक्षक पद प्रदाय करने का निर्णय लिया गया।

कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसले

मंत्रिपरिषद की बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-2025 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। मंत्रिपरिषद ने बजट अनुमान वर्ष 2025-2026 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया।

राज्य के किसानों को नवीन उन्नत किस्मों और गुणवत्ता युक्त बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य भण्डार क्रय नियम-2002 के नियम 4 में छूट प्रदत्त संस्थाओं की सूची में विस्तार करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत सर्वप्रथम बीज का उपार्जन बीज निगम द्वारा राज्य के पंजीकृत बीज उत्पादक किसानों से किया जाएगा। इसके पश्चात आवश्यकता की पूर्ति के लिए राज्य की बीज उत्पादक सहकारी समितियों, भारत सरकार एवं राज्य सरकार के बीज उत्पादन करने वाले उपक्रमों, नाफेड, म.प्र. बीज महासंघ की समितियां, भारत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में इम्पैनल्ड सेंट्रल नोडल सीड एजेंसी के रूप में चयनित संस्थाओं को बीज निगम द्वारा जारी ऑफर लेटर में से न्यूनतम मूल्य प्रस्तुत करने वाली संस्था या एजेंसी से किया जाएगा। छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधान सभा के पंचम सत्र माह फरवरी-मार्च 2025 के लिए राज्यपाल के अभिभाषण का मंत्रिपरिषद ने अनुमोदन किया। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर किसानों से उपार्जित धान की शेष राशि का भुगतान करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य विपणन संघ को स्वीकृत अतिरिक्त शासकीय प्रत्याभूति राशि 3300 करोड़ की अनुमति का अनुमोदन किया गया। बैंक गारंटी से संबंधित विलेखों पर स्टाम्प शुल्क की दरों के निर्धारण के लिए भारतीय स्टाम्प अधिनियम-1899 (छत्तीसगढ़ संशोधन) विधेयक-2025 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

मंत्रिपरिषद ने छत्तीसगढ़ कैडर के भारतीय वन सेवा के 30 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण कर चुके 1992 से 1994 बैच तक के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थ अधिकारियों को गैर कार्यात्मक आधार पर यथास्थान प्रधान मुख्य वन संरक्षक के समकक्ष स्केल प्रदाय करने आवश्यक पद सृजन का निर्णय लिया।

यूएसएड फंडिंग पर फिर बोले ट्रंप

मेरे दोस्त मोदी को 182 करोड़ भेजे गए

वाशिंगटन, 22 फरवरी (एजेंसियां)। ट्रम्प ने चार दिन में चौथी बार भारत चुनाव में अमेरिकी फंडिंग पर सवाल उठाया है। इस बार उन्होंने कहा कि मेरे दोस्त मोदी को 182 करोड़ रुपए भेजे गए हैं। ये दूसरी बार है जब ट्रम्प ने इस मामले में मोदी का नाम लिया है।

ट्रम्प ने बांग्लादेश में भेजे गए 250 करोड़ का भी जिक्र किया

ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि ये फंड भारत में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए दिए गए। और हमारा क्या? हमें भी अमेरिका में वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए पैसा चाहिए। इसके अलावा ट्रम्प ने बांग्लादेश में भेजे गए 250 करोड़ रुपए का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में राजनीतिक माहौल को मजबूत करने के लिए ये फंड एक ऐसी संस्था को भेजा गया, जिसका नाम भी किसी ने नहीं सुना। ट्रम्प ने शांति वार्ता में यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की की उपस्थिति को महत्वपूर्ण नहीं बताया है। उनका यह बयान उस समय आया जब यूक्रेन और रूस के बीच जारी संघर्ष के समाधान को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बातचीत हो रही है।

यूएसएड को लेकर कांग्रेस ने पूछा सवाल

मोदी बताएं 21 मिलियन डॉलर लिए या नहीं?

'सरकार बताए किसे मिली अमेरिका से मदद'

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के यूएसएड को लेकर किए गए दावे के बाद भारत की राजनीति में भूचाल आया हुआ है। ताजा घटनाक्रम में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शनिवार को सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और सवाल पूछा कि पीएम मोदी ये बताएं कि अमेरिका से 21 मिलियन डॉलर लिया या नहीं। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस नेता ने कहा, 'डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि 21 मिलियन डॉलर हमने अपने दोस्त नरेंद्र मोदी को दिया है। वोटर टर्न आउट बढ़ाने के लिए भारत को 21 मिलियन डॉलर दिया गया. ये 21 मिलियन डॉलर कहां गए? क्या इसी पैसे से वोटिंग टर्न आउट बढ़ जाता है?' उन्होंने आगे कहा, एक अखबार ने खुलासा किया कि 21 मिलियन डॉलर भारत नहीं बल्कि बांग्लादेश गया। वाशिंगटन पोस्ट की खबर है कि उनकी जांच में ऐसा कुछ नहीं मिला। 2001-2024 के बीच यूएसएड ने लगभग 113 करोड़ रुपये सालाना के हिसाब से पैसा भारत भेजा। इनमें से 44 फीसदी मोदी सरकार के समय आया। क़रीब 40 फीसदी कांग्रेस सरकार के समय आया। इसमें से एक चौथाई रकम बीते चार साल में आई। सरकार बताए कि यूएसएड का पैसा किसे मिला?'

हाईकोर्ट ने बिना मान्यता विवाह कराने वाले संस्थानों को जारी किया नोटिस

बिलासपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। हाईकोर्ट में आर्य समाज के नाम पर संचालित संस्थानों से जुड़ी याचिका पर आज सुनवाई हुई। बिना किसी संबंद्धता के आर्य समाज के नाम का इस्तेमाल कर अवैध रूप से विवाह कराने वाले सस्थानों को हाईकोर्ट ने नोटिस भेजा है। छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से इस मामले में याचिका दायर की गई है।

- 'आर्य समाज' के नाम का अवैध इस्तेमाल करने का आरोप

याचिका में बताया गया कि रजिस्ट्रार, फर्म और सोसायटी ने छत्तीसगढ़ सोसायटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1973 का उल्लंघन करते हुए कई संस्थाओं का पंजीकरण किया है। ये संस्थाएं धन कमाने के उद्देश्य से समाज शब्द का अवैध रूप से इस्तेमाल करते हैं। आर्य समाज के नियमों और सिद्धांतों का इन संस्थानों में पालन नहीं किया जाता है। ना ही हवन, सत्यसंध के कार्यक्रम होते हैं और ना ही गुरकुल से उपाधि प्राप्त कोई पुरोहित होता है। जिसके बाद हाईकोर्ट ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी जवाब तलब किया है।

एअर इंडिया पर भड़के शिवराज सिंह चौहान

कृषि मंत्री को टूटी सीट पर बैठकर यात्रा करनी पड़ी



नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एअर इंडिया के विमान की टूटी सीट पर बैठकर यात्रा करनी पड़ी। उन्होंने एअरलाइंस की सुविधाओं पर सवाल उठाए हैं। शिवराज भोपाल से दिल्ली जा रहे थे। शिवराज की प्रतिक्रिया सामने आने के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयान मंत्री ने मामले की जांच के साथ ही एयर इंडिया को जरूरी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इस घटना के बाद कुरूक्षेत्र स्थित गुरुकुल पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने एयर इंडिया के प्लेन की फटी सीट को लेकर कहा कि अगर कोई चीज गलत होती है उसके लिए चुप होना या कुछ बोलना 2 रास्ते है। इससे लोगों को तकलीफ होती है। यह चीज मैनेजमेंट को पता होनी चाहिए। अगर पैसे लेते हैं तो सुविधा भी दें। शिवराज सिंह की शिकायत के बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को मामले की जांच करने व सुझाने के निर्देश दिए हैं।

पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को लगा झटका हाई कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका

पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा की छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने जमानत अर्जी खारिज कर दी है। टुटेजा पर शराब नीति घोटाले, अवैध कमीशन वसूली और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगा है। ईडी ने 2024 में पीएमएलए मामले में पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया था।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2,100 करोड़ रुपए से अधिक के शराब घोटाले में अनिल टुटेजा को शराब सिंडिकेट का सरगना करार दिया है। एजेंसी ने अदालत में दिए अपने बयान में दावा किया कि छत्तीसगढ़ में सक्रिय शराब सिंडिकेट चलाने के लिए राज्य प्रशासन के प्रबंधन में उनकी प्रत्यक्ष भागीदारी के साक्ष्य एकत्र किए गए हैं, और उन्हें मामले में सह-आरोपी अनवर ढेबर के साथ सक्रिय रूप से शामिल पाया गया है। एजेंसी ने दावा किया था कि टुटेजा आधिकारिक तौर पर आबकारी विभाग का हिस्सा नहीं थे, फिर भी वह इस विभाग के संचालन में सक्रिय रूप से शामिल थे। जांच के दौरान टुटेजा द्वारा 14 ।41 करोड़ रुपये की प्राप्ति से संबंधित डिजिटल साक्ष्य भी पाए गए हैं। एजेंसी ने कहा कि मामले में सह-अभियुक्त अरुणपति त्रिपाठी की छत्तीसगढ़ राज्य विपणन निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्ति में भी उनकी भूमिका कथित तौर पर पाई गई है। ईडी ने दावा किया कि टुटेजा की कार्रवाइयों के परिणामस्वरूप राज्य के खजाने को "भारी नुकसान हुआ। टुटेजा पिछले साल सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें आखिरी बार छत्तीसगढ़ के उद्योग और वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था।

तेलंगाना में टनल हादसा

छत का हिस्सा गिरा 6 मजदूर अंदर फंसे

हैदराबाद, 22 फरवरी (एजेंसी)। तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में एक बड़ा टनल हादसा हो गया है। शनिवार की सुबह डोमलपेंटा इलाके में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल का एक हिस्सा गिर गया। इस हादसे में छह मजदूर टनल के अंदर फंस गए। मजदूरों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। टनल नागरकुरनूल जिले को आंध्रप्रदेश के श्रीशैलम में स्थित मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग से जोड़ती है। नागरकुरनूल में भगवान शिव का उमा महेश्वरम मंदिर भी है, जिसे मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग का उत्तरी प्रवेशद्वार कहा जाता है।

नागरकुरनूल के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि टनल में 14 किमी अंदर श्रीशैलम रिजर्वियर के पास टनल की छत का लगभग तीन मीटर हिस्सा गिरा है। रिसाव को रोकने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला कंक्रीट का एक हिस्सा गिरा है, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक टनल के अंदर चार दिन पहले ही कुछ काम शुरू हुआ था। सिंचाई परियोजना का काम करने वाली कंपनी की दो बचाव टीमें हालात का जायजा लेने के लिए टनल में गई हैं। कंपनी के अनुसार, घटना के दौरान 50 मजदूर मौके पर मौजूद थे। इनमें से लगभग 43 सुरक्षित बाहर आ गए हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत-पाकिस्तान मुकाबला आज

दुबई, 22 फरवरी (एजेंसियां)। कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के खिलाफ ग्रुप ए के हाई वोल्टेज मुकाबले में जब मैदान पर उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का हिसाब बराबर करने के साथ सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित करने का होगा। बांग्लादेश के खिलाफ मिली जीत से भारतीय टीम उत्साह से लबरेज है, वहीं पाकिस्तान को अपने शुरुआती मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था और कल का मैच पाक के लिए करो या मरो की स्थिति वाला होगा क्योंकि अगर उसे भारत से हार मिलती है तो उसके लिए टूर्नामेंट में आगे की डगर काफी मुश्किल हो जाएगी।

सेमीफाइनल में पहुंचने के इरादे से मैदान पर उतरेगी रोहित सेना

वर्ष 2017 के चैंपियंस ट्राफी फाइनल में भारत को पाकिस्तान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था और कल का मैच भारत के लिए हिसाब बराबर करने का भी होगा। कप्तान रोहित शर्मा ने पिछले मैच में तेज रफ्तार शुरुआत कर अपनी फार्म वापसी के संकेत दे दिए थे जो भारतीयों के लिए सुकून भरा है हालांकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को चिर प्रतिद्वंदी के खिलाफ सर्वस्व झोंकना होगा। विराट की बल्लेबाजी पर करोड़ों भारतीय प्रशंसकों की उम्मीदें टिकी होंगी। शुभबन गिल बांग्लादेश के खिलाफ शतक जड़ कर अपनी विश्वसनीयता साबित कर चुके हैं और कल के मैच में उनकी भूमिका काफी अहम रहने वाली है। मोहम्मद शमी एक बार फिर अपने धारदार गेंदबाजी से पाकिस्तानियों के लिये मुसीबत का सबब बन सकते है। शमी पिछले मैच में बांग्लादेश के पांच विकेट झटक कर अपनी श्रेष्ठता साबित कर चुके हैं। हर्षित राणा उनके मजबूत सहयोगी बनेंगे वहीं हार्दिक पांड्या बीच के ओवर में पाकिस्तान बल्लेबाजी की परीक्षा लेंगे। स्पिन को मदद देने वाली पिच पर भारत अपने स्पिन आक्रमण में कोई फेरबदल करना पसंद नहीं करेगा। दूसरी ओर चोटिल फखर जमा के चैंपियंस ट्राफी से बाहर होना पाकिस्तान टीम के लिए बड़ा झटका माना जा सकता है वहीं बाबर आजम की फॉर्म भी पड़ोसी देश की टीम के लिए चिंता का सबब बन सकता है।

जेल में बंद कैदियों को मिलेगा गंगा जल स्नान का अवसर : विजय शर्मा

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश के जेलों में बंद कैदियों की भी इच्छाशक्ति होती है और वे भी गंगा स्नान का पुण्य लाभ लेना चाहते हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के 5 सेंट्रल जेल, 20 जिला जेल और 8 सब-जेल में 25 फरवरी को गंगा जल से सामूहिक स्नान करवाया जाएगा। इस पहल के तहत सभी कैदियों को गंगा जल से स्नान कर आध्यात्मिक शुद्धि का अवसर मिलेगा।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि संस्कार हमारी संस्कृति से जुड़े हैं और यह हमारी परंपराओं का एक अभिन्न हिस्सा है। समाज में सुधार और पुनर्वास की भावना के तहत यह निर्णय लिया गया है, जिससे कैदियों में आत्मशुद्धि और नैतिकता के भाव उत्पन्न हों। उन्होंने यह भी कहा कि यह महाकुंभ 144 साल बाद हो रहा है और हर व्यक्ति को इसका लाभ उठाने का अधिकार है। इसी सोच के तहत जेलों में बंद कैदियों को भी इस आध्यात्मिक अवसर से जोड़ा जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी जेल अधीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

प्रदेश सरकार कैदियों के सुधार और उनके पुनर्वास के प्रति प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

बांग्लादेश में बीएनपी नेता की पीट-पीटकर हत्या

ढाका, 22 फरवरी (एजेंसियां)। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता मोहम्मद बाबुल मिया की शुक्रवार दोपहर को बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने एक बार फिर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को सवालों के घेरे में ला दिया जिस पर अराजकता को नियंत्रित करने में नाकाम रहने के आरोप लगते रहे हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना शुक्रवार दोपहर को ढाका के धामराई उपजिला में घटित हुई। बाबुल की पत्नी यास्मीन बेगम ने कहा, हमलावरों ने उन्हें डंडों और एसएस पाइपों से पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी दोनों आंखें भी फोड़ दीं। जब मैंने और कुछ स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव करने और तो उन्होंने हमें रोक दिया। उनके बेहोश हो जाने के बाद ही वे वहां से गए। बताया जा रहा है कि बाबुल पर उस समय लोगों के एक समूह ने हमला किया जब वह और उसकी पत्नी अक्षिरनगर हाउसिंग के पास सरसों की कटाई कर रहे थे।

बोलेरो पलटने से 15 लोग घायल, 9 की हालत गंभीर

छट्ठी कार्यक्रम से लौटने के दौरान हुआ हादसा

गरियाबंद, 22 फरवरी (देशबन्धु)। जिले में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे 15 लोग घायल हो गए। इस हादसे में 9 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा कि छट्ठी कार्यक्रम से परिवार लौट रहा था, तभी ये हादसा हुआ।

जानकारी के मुताबिक, छट्ठी कार्यक्रम में ग्राम बोरसी के लोग गरियाबंद के देवभोग के पास स्थित कोकड़ीमाल गांव रिश्तेदारी में गए थे। वापसी के समय काश नाले पर रात में ड्राइवर को मोड़ समझ में नहीं आया, जिसके चलते बोलेरो पिकअप नदी में पलट गई। इस हादसे में वाहन में सवार सभी 15 लोग शेष पृष्ठ 7 पर

खुलासा — उत्तराखंड में सीएजी रिपोर्ट ने खोली पोल

वन संरक्षण के लिए फंड से खरीदे गए आईफोन

देहरादून, 22 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड में वन संरक्षण के लिए फंड का इस्तेमाल आई फोन और लैपटॉप खरीदने में किया गया। सीएजी रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है। फॉरेस्ट एंड हेल्थ डिपार्टमेंट और वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड की 2021-22 की रिपोर्ट में बताया गया कि फंड का इस्तेमाल बिना योजना और इजाजत के किया गया था।

यह रिपोर्ट उत्तराखंड विधानसभा के बजट सेशन के दौरान 21 फरवरी को सदन में रखी गई। उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा है कि उन्होंने अपने विभाग से संबंधित मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि 2017 से 2022 तक जो वृक्षारोपण किया गया, उसमें से सिर्फ 33 फीसदी वृक्ष ही जीवित रह पाए। यह फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टिट्यूट की गाइडलाइंस के मानकों से बहुत नीचे हैं। इंस्टिट्यूट के मुताबिक वृक्षा रोपण के बाद 60-65 फीसदी तक वृक्ष जीवित रहने चाहिए।

सीएजी की रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया कि जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (जेआईसीए) परियोजना के तहत 56.97 लाख रुपए का दुरुपयोग किया गया, जबकि यह पैसा किसी अन्य उद्देश्य के लिए था। इसके अलावा, अल्मोड़ा कार्यालय में बिना मंजूरी के सोलर फेंसिंग पर 13.51 लाख रुपये खर्च किए गए। रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि जन जागरूकता अभियान के लिए निर्धारित 6.54 लाख रुपए का उपयोग मुख्य वन संरक्षक, सतर्कता और कानूनी प्रकोष्ठ के लिए ऑफिस बनाने पर किया गया। इसके अलावा, 13.86 करोड़ रुपये का दुरुपयोग अन्य विभागीय परियोजनाओं में किया गया, जिसमें टाईगर सफारी परियोजनाएं, कानूनी शुल्क, व्यक्तिगत यात्रा और आईफोन, लैपटॉप, फ्रिज, और कार्यालय आपूर्ति जैसी वस्तुओं की खरीद शामिल थी।

दफ्तर की सजावटी चीजों में भी हुआ इस्तेमाल

देश

उवाच

दिल्ली में बनी नई भाजपा सरकार को यहां चुनाव में खासकर जनहित व विकास सम्बंधी किए गए अपने तमाम वादों को समय से पूरा करने की चुनौती है, वरना आगे चलकर इस पार्टी का भी हाल कहीं कांग्रेस जैसा बुरा ना हो जाए।

-मायावती, बसपा अध्यक्ष

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	23.0	11.0
मुंबई	33.0	24.0
कोलकाता	28.0	20.0
चेन्नई	29.0	23.0

भाजपा झारखंड के आदिवासी मूलवासी की हकमारी में रही है अव्वल : कांग्रेस

आदिवासी समाज को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करने का लगाया आरोप

रांची, 22 फरवरी (एजेंसियां)। झारखंड में आदिवासी मूलवासी के बीच अपनी पहचान खो चुकी भाजपा राज्य में अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव द्वारा झारखंड प्रभारी के राजू के बयान पर प्रतिक्रिया स्वरूप कांग्रेस के खिलाफ दिए गए बयान पर जवाब देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने शनिवार को कहा कि भाजपा नेता अपने पैरों के नीचे की जमीन देखे आसमान मे उड़ने का सपना ना पाले। समीर उरांव के भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष रहते भाजपा ने अपनी जमीन आदिवासी समुदाय के बीच खो दी है। शांति ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से जल जंगल जमीन की लड़ाई आदिवासियों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करती रही है,जबकि भाजपा की सरकारों ने विभिन्न राज्य में आदिवासियों की जमीन में छीनकर औने-पौने दामों पर उद्योगपतियों को दिया है। झारखंड के आदिवासी मूलवासी की हकमारी में भाजपा अव्वल रही है। अपने राजनीतिक स्वार्थ पूर्ति के लिए आदिवासी समाज को वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया।

अपने पैरों के नीचे की जमीन देखे आसमान में उड़ने का सपना ना पाले भाजपा नेता : सोनाल शांति

आदिवासियों को वनवासियों का नाम देकर उनकी पहचान मिटाने की कोशिश की। शांति ने कहा कि झारखंड के आदिवासी समुदाय ने भाजपा की व्यापारिक नीति को समय रहते भांप लिया और उससे दूर हो गई।

जनता ने 2019 के विधानसभा चुनाव में दो और 2024 के में 1 सीट देकर तथा 2024 के लोकसभा की सभी पांच आरक्षित सिटें भाजपा से छीन कर भाजपा नेताओं को संदेश दे दिया है कि आदिवासियों के नाम पर व्यापार करना बंद करें। जनता जागरुक हो चुकी है, अपने अधिकारों के लिए संघर्ष को तैयार है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर आरोप लगाने वाले बड़बोले समीर उरांव अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित लोकसभा और विधानसभा दोनों चुनाव हार चुके हैं।अगर भाजपा आदिवासी की हितैषी है तो समीर उरांव को अपने राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछना चाहिए कि राज्यसभा की जिस सीट पर आदिवासी सांसद का कार्यकाल समाप्त हुआ था उस सीट पर गैर आदिवासी को उम्मीदवार क्यों बनाया गया।

हमारा लक्ष्य डबल इंजन सरकार का सफाया : कांग्रेस

पटना। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि बिहार में उनकी पार्टी का लक्ष्य डबल इंजन सरकार का सफाया करना है। डॉ. सिंह ने शनिवार को चंपारण दौरे की शुरुआत करने से पहले कहा कि हमने 50 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है, जो कठिन जरूर है लेकिन नामुमकिन नहीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस बार चौंकाने वाले नतीजे देगी और पूरी ताकत के साथ चुनावी जंग में उतरेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में बदलाव की लहर है और कांग्रेस इस बार जनता की उम्मीदों पर खरा उतरेगी। बिहार कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से सक्रिय हो चुकी है। पार्टी ने पिछली गलतियों से सबक लेते हुए समय से पहले चुनावी मोड में आने का फैसला किया है। चुनावी रणनीति तैयार होने के बाद अब इसे जमीनी स्तर पर लागू करने की शुरुआत कर दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सिंह ने अपने समर्थकों के साथ चंपारण दौरे की शुरुआत कर दी है। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा वैशाली पहुंच चुकी हैं जबकि पार्टी के प्रभारी सचिव शाहनवाज आलम अररिया, पूर्णिया और बेगूसराय के दौरे पर हैं। सोशल मीडिया और मीडिया के जरिए पार्टी की विचारधारा को प्रचारित करने की योजना बनाई गई है और वार रूम का पुनर्गठन भी तेजी से जारी है।

ओमान में फंसे चार उड़िया श्रमिक लौटे घर

भुवनेश्वर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के हस्तक्षेप के बाद ओमान में फंसे गंजम क्षेत्र के चार उड़िया श्रमिक सुरक्षित अपने घरों को लौट आए है। श्रमिक शुक्रवार को एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान से मस्कट से मुंबई पहुंचे। मुंबई से वे पहले भुवनेश्वर और बाद में बरहामपुर के लिए ट्रेन से सवार हुए। माझी ने चार श्रमिकों की सुरक्षित वापसी की सुविधा के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर और ओमान में भारतीय दूतावास के प्रति आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के सूत्रों के अनुसार श्री माझी ने नयी दिल्ली में मुख्य रेजिडेंट कमिश्नर को एक ईमेल प्राप्त होने के बाद तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिसमें कहा गया था कि ओमान में चार उड़िया श्रमिक फंसे हुए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद मुख्य रेजिडेंट कमिश्नर ने उनके बचाव के प्रयासों का समन्वय करते हुए विदेश मंत्रालय और ओमान में भारतीय राजदूत से परामर्श किया। यह जानकारी मिलने के बाद कि श्रमिक ओमान के सोहर में है, भारतीय दूतावास ने एक गुरुद्वारे में उनके आवास और भोजन की व्यवस्था की तथा बाद में ओडिशा में उनके पैतृक गांव में उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।

मध्य प्रदेश, बिहार व असम का दौरा करेंगे मोदी

कई परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास व उद्घाटन

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 से 25 फरवरी तक मध्य प्रदेश, बिहार और असम का दौरा करेंगे और इन राज्यों में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा कई परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार मोदी रविवार को मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में अपराह्न करीब दो बजे बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की आधारशिला रखेंगे। मोदी सोमवार सुबह 10 बजे भोपाल में दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का उद्घाटन करेंगे और वहां से बिहार में भागलपुर जाएंगे।

वह वहां करीब 2:15 बजे पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे तथा बिहार में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री गुवाहाटी जाएंगे और शाम करीब छह बजे झुमोर बिनंदिनी (मेगा झुमोर) 2025 कार्यक्रम में शामिल होंगे। मोदी 25 फरवरी को सुबह करीब 10:45 बजे गुवाहाटी में एडवांटेज असम 2.0 निवेश और अवसंरचना शिखर सम्मेलन 2025 का उद्घाटन करेंगे। मध्य प्रदेश के

छतरपुर जिले के गढ़ा गांव में बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान की ओर से प्रस्तावित 200 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाला कैंसर अस्पताल वंचित कैंसर रोगियों को मुफ्त उपचार प्रदान करेगा और अत्याधुनिक मशीनों से सुसज्जित होगा तथा इसमें विशेषज्ञ डॉक्टर होंगे। भोपाल में दो दिवसीय वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन (जीआईएस) 2025 में फार्मा और चिकित्सा उपकरण, परिवहन और रसद, उद्योग, कौशल विकास, पर्यटन और एमएसएमई आदि पर विशेष सत्र शामिल होंगे। इस दौरान दक्षिणी गोलार्ध के विकासशील और अल्प विकसित देशों पर केंद्रित सत्र, लैटिन अमेरिका और कैरिबियन सत्र और प्रमुख भागीदार देशों के लिए विशेष सत्र जैसे अंतरराष्ट्रीय सत्र भी आयाजित किए जाएंगे।

सार संक्षेप

पुंछ में नियंत्रण रेखा पर बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना का जवान घायल

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास शनिवार को बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना का एक जवान घायल हो गया। एलओसी पर नियमित गश्त के दौरान सेना के जवानों का कदम अनजाने में बारूदी सुरंग पर पड़ गया, जिससे विस्फोट हो गया। एक सैनिक को चोटें आईं और उसे तुरंत बाहर निकाला गया। उसे हवाई मार्ग से कमांड अस्पताल उधमपुर ले जाया गया।

एमएसआरटीसी ने कर्नाटक के लिए बस सेवा की निलंबित

कोल्हापुर। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन (एमएसआरटीसी) ने कन्नड़ न बोलने पर एक मराठी बस कंडक्टर पर हमला करने के कारण शनिवार को कोल्हापुर डिपो से कर्नाटक तक अपनी बस सेवा निलंबित कर दी। एमएसआरटीसी सूत्रों ने बताया कि कन्नड़ रक्षक वेदिका के कार्यकर्ताओं ने चित्रदुर्ग में कोल्हापुर जा रही राज्य परिवहन बस को रोका और कंडक्टर भास्कर जाधव से पूछा कि क्या वह कन्नड़ बोलता है, जब उसने कहा कि नहीं, तो केआरवी कार्यकर्ताओं ने उसके साथ मारपीट की और उसके चेहरे पर कालिख पोत दी।

भारत-श्रीलंका के बीच नौका सेवा फिर शुरू

नागापट्टिनम। तमिलनाडु के नागापट्टिनम और श्रीलंका के कांकेसंथुराई के बीच अंतरराष्ट्रीय नौका सेवा शनिवार को फिर से शुरू हो गई। नौका शिवगंगा विशेष प्रार्थना के बाद 83 यात्रियों के साथ नागपट्टिनम पोर्ट पैसेंजर टर्मिनल से रवाना हुई। नौका का संचालन मंगलवार को छोड़कर दैनिक आधार पर किया जाएगा। नौका में अधिकतम 150 यात्रियों के बैठने की क्षमता है और प्रति यात्री 10 किलोग्राम मुफ्त सामान ले जाया जा सकता है, जबकि यात्रा के दौरान प्रति यात्री 60 किलोग्राम तक सशुल्क सामान ले जाने की अनुमति होगी।

एनईपी तमिल भाषा के लिए खतरा : स्टालिन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एसएसए के तहत तमिलनाडु को 2,152 करोड़ रुपए की बकाया राशि जारी करने से इनकार करने पर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी नीत सरकार पर शनिवार को अपना हमला जारी रखा और कहा कि एनईपी-2020 और 3-भाषा नीति को स्वीकार करने से इससे जुड़े 43 लाख से अधिक छात्र प्रभावित हो रहे है वहीं एनईपी सामाजिक न्याय, तमिल भाषा और तमिलनाडु के लोगों के लिए खतरा है। मुख्यमंत्री कुड्डालोर में आयोजित एक समारोह सेलिब्रेट द पेरेंट्स में बोलते हुए कहा कि द्रमुक सरकार किसी भी भाषा की दुश्मन या विरोधी नहीं है।

वैश्विक शांति के लिए ध्यान आवश्यक : जगदीप धनखड़

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मेडिटेशन या ध्यान आत्मा के लिए एक भोजन की तरह है और इसके साथ ही यह वैश्विक शांति के लिए भी एक आवश्यकता है। उन्होंने यह बात नई दिल्ली के भारत मंडपम में ग्लोबल कॉन्फ्रेंस ऑफ मेडिटेशन लीडर्स (जीसीएमएल) में कही। यह आयोजन वैश्विक नेतृत्व, शासन और सामाजिक कल्याण में ध्यान को एकीकृत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ध्यान केवल एक प्राचीन अभ्यास नहीं है, यह आत्मा के लिए भोजन है और वैश्विक शांति और कल्याण के लिए एक आवश्यकता है। धनखड़ ने यह भी कहा कि ध्यान में भारत का नेतृत्व दुनिया भर के प्रयासों से मेल खाता है, जैसे संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व ध्यान दिवस को मान्यता देना और जी-20 का एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का सपना। सम्मेलन में वैश्विक सरकारों से शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कॉर्पोरेट नेतृत्व और शासन में ध्यान को एकीकृत करने का आग्रह करने का भी प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव में राष्ट्रीय विकास नीतियों में माइंडफुलनेस को शामिल करने के लिए कार्रवाई योग्य रणनीतियों की रूपरेखा दी गई है। कार्यक्रम में बोलते हुए पद्म भूषण दाजी (कमलेश पटेल) ने इस बात पर जोर दिया कि सच्चे आध्यात्मिक विकास के लिए सूक्ष्म शरीर, मन, बुद्धि और अहंकार को बदलना आवश्यक है। ध्यान मस्तिष्क तरंगों, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और समग्र कल्याण को प्रभावित करता है।

श्रीनगर के व्यापारियों का लाल चौक पर आने वाले पर्यटकों से आग्रह

हमारी संस्कृति व परंपराओं का सम्मान करें पर्यटक

जम्मू, 22 फरवरी (देशबन्धु)। श्रीनगर के व्यस्ततम शहर लाल चौक के व्यापारियों ने आने वाले पर्यटकों से अपील की है, उनका खुले दिल से स्वागत करते हुए उनसे शराब और नशीले पदार्थों का सेवन न करने का आग्रह किया है। ट्रेडर्स एसोसिएशन, सेंट्रल लाल चौक ने जिम्मेदार पर्यटन और स्थानीय संस्कृति के सम्मान को प्रोत्साहित करने वाले संदेश वाले साइनबोर्ड और बिलबोर्ड लगाए थे जिन्हें शनिवार को प्रशासन ने जबरदस्ती हटा दिया जिसको लेकर लोगों में गुस्सा भी है और नाराजगी भी। नए लगाए गए साइनबोर्ड पर लिखा है 'प्रिय पर्यटकों, आपका स्वागत है। ट्रेडर्स एसोसिएशन, सेंट्रल लाल चौक आपको धरती पर हमारे स्वर्ग की सुंदरता का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करता है! एक यादगार और आनंददायक यात्रा के लिए, हम आपसे विनम्र अनुरोध करते हैं, अपने परिवार से प्यार करें और उसका ख्याल रखें। शराब, नशीले पदार्थों, सड़कों पर

■ नशीले पदार्थों, सड़कों पर थूकने व धूम्रपान से बचने की अपील की

थूकने और धूम्रपान से बचें। हमारी संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करें। धन्य रहें और हमारे आकर्षक शहर में अपने समय का आनंद लें। पत्रकारों से बात करते हुए ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बिलाल अहमद ने कहा कि इस पहल की शुरुआत इलाके में पर्यटकों द्वारा शराब पीने और खासकर अपने परिवारों के साथ लड़ाई करने की लगातार घटनाओं के बाद की गई है। बिलाल अहमद का कहना था कि अक्सर लाल चौक के दुकानदारों को नशे में धुत पर्यटकों को अपने परिवारों से झगड़ते हुए देखा जाता है। महिलाएं और बच्चे परेशान हो जाते हैं, अक्सर उन्हें रोते और सदमे में देखा जाता है। मेज़बान के तौर पर हम सभी आगंतुकों का स्वागत करते हैं, लेकिन हम उनसे शराब पीने से बचने का आग्रह करते हैं ताकि सभी के लिए शांतिपूर्ण और सुखद माहौल सुनिश्चित हो सके। एसोसिएशन के महासचिव शिरार अहमद मीर ने भी इस कदम का समर्थन किया और कहा कि सभी पर्यटकों के लिए सुरक्षित और आनंददायक अनुभव प्रदान करते हुए शहर के सांस्कृतिक लोकाचार को बनाए रखना एक साझा जिम्मेदारी है।

नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाले साइनबोर्ड को हटाने पर उठाए सवाल

इस बीच कश्मीर के मुख्य मौलवी और हुर्रियत प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक ने शनिवार को कहा कि यह अजीब और दुर्भाग्यपूर्ण है कि श्रीनगर के लाल चौक में ट्रेडर्स एसोसिएशन द्वारा लगाया गया साइनबोर्ड, जिसमें पर्यटकों को शराब से बचने के लिए कहा गया था, अधिकारियों द्वारा जब्त कर लिया गया है। मीरवाइज ने नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने वाले साइनबोर्ड को हटाने पर सवाल उठाया। वे कहते थे कि इस साइनबोर्ड को क्यों जब्त किया गया? पर्यटकों से स्थानीय संस्कृति का सम्मान करने, शराब और नशीली दवाओं के इस्तेमाल से बचने और शहर को साफ रखने का आग्रह करने में वास्तव में क्या गलत है? लाल चौक के दुकानदारों ने मुझे इस बारे में बताया। मुख्य मौलवी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि क्या नैतिक मूल्यों और शालीनता को बढ़ावा देना अब कश्मीर में अपराध है।

महाराष्ट्र के बुलढाणा में एलसीबी ने अफीम की खेती का किया भंडाफोड़

■ अपराध अन्वेषण विभाग ने किए 12.61 करोड़ के पौधे जब्त

बुलढाणा, 22 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में स्थानीय अपराध अन्वेषण विभाग (एलसीबी) ने बड़ी कार्रवाई की। विभाग ने 12.61 करोड़ रुपये के अफीम के पौधे जब्त किए हैं। यह छापेमारी बुलढाणा जिले के अंढेरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई। स्थानीय अपराध अन्वेषण विभाग ने गुरुवार आधी रात को इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

इस कार्रवाई से प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, अंढेरा पुलिस थाना क्षेत्र में एक किसान द्वारा अफीम की अवैध खेती की जा रही थी। पुलिस ने खुफिया जानकारी के बाद मौके पर छापा मारा और बड़ी संख्या में अफीम के पौधे बरामद किए। इस मामले में पुलिस ने संतोष सानप नामक एक किसान को गिरफ्तार किया है, जो अफीम की खेती में लिप्त था। पुलिस ने उसके खिलाफ कई धाराओं में और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

पुलिस की कार्यकुशलता पर उठे सवाल

हालांकि, इस छापेमारी के बाद अंढेरा पुलिस की कार्यकुशलता पर सवाल खड़े हो गए हैं, क्योंकि अफीम की खेती अंढेरा पुलिस थाने की सीमा में ही हो रही थी और यह पूरी प्रक्रिया पुलिस की नाक के नीचे चल रही थी। इससे यह भी सवाल उठता है कि क्या पुलिस विभाग ने इस मामले में लापरवाही बरती थी, या फिर जानबूझकर देर से कार्रवाई की गई। अंढेरा पुलिस की कार्यप्रणाली पर अब उच्च अधिकारियों की ओर से जांच की संभावना जताई जा रही है।

जीआईएस का समापन समारोह करेंगे अमित शाह

भोपाल, 22 फरवरी (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 24-25 फरवरी को आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 से मध्यप्रदेश, औद्योगिक विकास की नई संभावनाओं को साकार करने की दिशा में निवेशकों को प्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं से अवगत कराते हुए, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश को एक फेवरेट इन्वेस्टमेंट डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने पहल की है।आधिकारिक जानकारी के अनुसार समिट का शुभारंभ 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में करेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम सुबह 10:00 बजे से 11:15 बजे तक चलेगा। भोपाल जीआईएस का समापन समारोह 25 फरवरी को गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शाम 4:30 से 6:00 बजे तक आयोजित होगा।

इस समिट में देश-विदेश के उद्योग जगत की प्रमुख हस्तियां और नीति-निर्माता शामिल होंगे। कुल 31 हजार 659 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न श्रेणियों में पंजीकरण कराया है। इसमें उद्योग जगत के लगभग 3 हजार 903 विशेष आमंत्रित एवं डेलीगेट्स 8046 रहेंगे। इसमें 300 से अधिक गेस्ट ऑफ ऑनर, 133 अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिभागी 3398 स्टार्ट-अप्स के प्रतिनिधि, 562 एनआरआई एवं मध्यप्रदेश प्रवासी, विभिन्न उद्योग संघों के 249 प्रतिनिधि और विभिन्न सत्रों एवं विभागीय समिट्स में 10491 प्रतिभागी शामिल होंगे।

समिट में भारत की अग्रणी कंपनियों के 300 से अधिक अध्यक्ष, एमडी और सीईओ उपस्थित रहेंगे।

तेलंगाना में सूखे जैसे हालात के लिए सरकार जिम्मेदार : केटीआर

हैदराबाद, 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव (केटीआर) ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार की कड़ी आलोचना की है और राज्य में मौजूदा सूखे जैसे हालात के लिए सरकार की अक्षमता को जिम्मेदार ठहराया है। केटीआर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा करके कहा कि संकट कोई प्राकृतिक घटना नहीं है, बल्कि मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी द्वारा खराब शासन और दूरदर्शिता की कमी का परिणाम है। उन्होंने किसान कल्याण आयोग के अध्यक्ष कोदंडा रेड्डी की उस टिप्पणी की आलोचना की जिसमें रेड्डी ने भूजल की कमी के लिए फरवरी के मौसम को जिम्मेदार ठहराया था। केटीआर ने तर्क दिया कि असली कारण कालेश्वरम परियोजना की उपेक्षा थी, जिसके कारण भूजल स्तर में भारी गिरावट आई, जिससे किसान संकट में पड़ गए। किसानों

■ किसानों को वित्तीय संकट में छोड़ने का लगाया आरोप

की दुर्दशा पर प्रकाश डालते हुए, केटीआर ने दावा किया कि कृषि क्षेत्र में सरकार के कुप्रबंधन के कारण 430 लोगों ने अपनी जान ले ली। उन्होंने कांग्रेस पर ऋण माफी के वादों को पूरा करने में विफल रहने और किसानों को वित्तीय संकट में छोड़ने का आरोप लगाया। कालेश्वरम परियोजना की तत्काल मरम्मत की मांग करते हुए, उन्होंने सरकार से जलाशयों को फिर से भरने और सूखती फसलों को बचाने के लिए रिवर्स पंपिंग करने का आग्रह किया।

दावा *जम्मू-कश्मीर में पावर डेवलपमेंट के अधिकारियों का दावा*

कश्मीर में जल विद्युत उत्पादन में 90 प्रतिशत की कमी

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 22 फरवरी (देशबन्धु)। यह पूरी तरह से सच है कि जल विद्युत उत्पादन में भारी कमी के बीच जम्मू-कश्मीर वर्तमान में 85 प्रतिशत से अधिक कोयले और सौर ऊर्जा पर निर्भर हो चुका है। पावर डेवलपमेंट के अधिकारियों का दावा है कि स्थानीय बिजली संयंत्रों से स्थानीय जल विद्युत उत्पादन में लगभग 90 प्रतिशत की कमी आई है।

पीडीडी के एक शीर्ष अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि वर्तमान में जम्मू-कश्मीर 85-90 प्रतिशत कोयले और सौर ऊर्जा पर निर्भर है, जिसे अन्य राज्यों से खरीदा जा रहा है, क्योंकि अभी तक हमारे पास स्थानीय बिजली उत्पादन नहीं है। अधिकारी ने बताया सर्दियों में जम्मू कश्मीर बिजली संयंत्रों की स्थानीय जल विद्युत उत्पादन में लगभग 90 प्रतिशत की कमी आई है और अपेक्षित बिजली की मांग को पूरा करने के लिए, हमें एक आधार बिजली की उपलब्धता की आवश्यकता है जिसे हम बाहरी राज्यों से खरीदते हैं। ऊर्जा कोयला आधारित ऊर्जा है। अधिकारी ने आगे कहा कि विभाग पहले से ही अन्य राज्यों के साथ विभिन्न बिजली खरीद समझौते (पीपीए) कर रहा है। अधिकारी के बकौल, पिछले साल हमने शक्ति नीति के तहत 390 मेगावाट से अधिक कोयला आधारित बिजली के पीपीए में प्रवेश किया था। भविष्य में जम्मू-कश्मीर में

■ वर्तमान में लगभग 85 फीसदी बिजली बाहर से खरीदने को मजबूर

बिजली की मांग को पूरा करने के लिए अधिक कोयला आधारित बिजली और अधिक पीपीए में प्रवेश करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि 2024 और चालू वर्ष में स्थानीय जल विद्युत उत्पादन में भारी कमी है। सर्दियों में स्थानीय बिजली उत्पादन के लिए स्थिति अच्छी नहीं है।

गौरतलब है कि इस सप्ताह की शुरुआत में बताया था कि पिछले एक महीने में, कम बर्फबारी और कम जल स्तर के कारण जम्मू कश्मीर में बिजली संयंत्रों से जल विद्युत उत्पादन में पांच प्रतिशत की कमी आई है। कुल मिलाकर, जम्मू कश्मीर में स्थानीय संयंत्रों से जल विद्युत उत्पादन में 84.17 प्रतिशत की कमी आई है। जनवरी के महीने में, विद्युत विकास विभाग (पीडीडी) स्थानीय जल विद्युत परियोजनाओं से लगभग 250 मेगावाट बिजली पैदा कर रहा था, जो कुल उत्पादन क्षमता का 20 प्रतिशत है। हालांकि, चालू महीने में बिजली उत्पादन में पांच प्रतिशत की कमी आई है। अधिकारी कहते थे कि हालांकि, बिजली उत्पादन में और कमी आई है। अधिकारियों का कहना है कि चालू महीने में विभाग केवल 190 मेगावाट बिजली ही पैदा कर पाया है। इसके अलावा, अधिकारियों ने कहा है कि वर्ष 2034-35 में जम्मू कश्मीर को वार्षिक बिजली की 29 प्रतिशत 'जबरन लोड शेडिंग' का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा, उन्होंने आगे अनुमान लगाया है कि आने वाले दस वर्षों में जम्मू कश्मीर और लद्दाख में बिजली की मांग की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) में चार प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की संभावना है।

डॉ, खूबचन्द बघेल-मेरी स्मृति में

■ डॉ. सत्यभामा आडिल

डॉ. खूबचन्द बघेल को स्मरण करना यानी एक ऊर्जावान व्यक्तित्व,जो कभी थके नहीं,ऐसे व्यक्तित्व स्मरण करना है!

19 जुलाई 1900 को जन्मे व 22 फरवरी 1969 को,69 वर्ष की आयु में,दिवंगत हो गए। छत्तीसगढ़ के स्वप्नद्रष्टा के रूप में वे याद किये जाते हैं,याद किये जाते रहेंगे। बचपन में मैंने उन्हें समाज सुधारक के रूप में जाना था। यह भी सुनने में आया कि उन्होंने अपनी तीनों बेटियों की शादी कुर्मी समाज के अन्य फिरकों में की थी,फलस्वरूप वर्षों तक वे मनवा कुर्मी समाज से बहिष्कृत किये गए थे।सामाजिक बहिष्कार की पीड़ा अत्यधिक दुखदायी होती है, पर डॉ, बघेल ने बहुत हिम्मत के साथ सामना किया। न कुंठा, न निराशा,न शिकायत,उलटा समाज के लोगों के कुंद दिमाग के कपाट खोलते गए। कुछ वर्षों बाद

एक दिन ऐसा समय आया जब समाज ने उन्हें शामिल कर लिया!

अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय समाज को जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया।ऐसे ही समय 1966 दिसम्बर में नागपुर के अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महाधिवेशन में, मैं उनके निकट सम्पर्क में आई।उसी समय दूसरे दिन महाराष्ट्र कुनबी समाज का राज्यस्तरीय सम्मेलन भी हुआ।

सन्त तुकडोजीमहाराज, स्वामी आत्मानन्दजी, बृजलाल वर्माजी, केंद्रीय योजना मंत्री अशोक मेहता, महामंत्री बाबू गुप्तनाथ सिंह सम्मिलित थे। अध्यक्ष बाबू लक्ष्मण चन्द्र सिंह जी थे-,जो वर्षों तक कुर्मी क्षत्रिय जागरण मासिक पत्रिका निकालते रहे। नागपुर का महाधिवेशन ऐतिहासिक था। डॉ. बघेल का प्रभाव सर्वव्यापी था--उन दिनों ! समाज के कार्यक्रम में भाग लेने का मेरा पहला अनुभव था।मैं अकेली युवा महिला मंच पर थी। डॉ, बघेल मेरा ध्यान इस तरह रख रहे थे- मानों मैं उनकी अपनी बेटी हूं!

जब अंतिम दिन समापन के अवसर पर,सन्त तुकडो जी नेअपने निवास पर अतिथि स्वजातियों के लिए महाभोज रखा,तो मैं सन्त तुकडो जी के फकीराना अंदाज,सरलता,प्रेम भाव को देखकर विस्मित थी!

एम,ए, पास होने के पूर्व ही मेरी शादी हो गयी थी-1965 में । एक साल बाद मैं नागपुर के इस महाधिवेशन में उपस्थित थी। डॉ. बघेल मानों मेरे अभिभावक थे। मेरे पति रीवा से आये थे।मैं रायपुर से गई थी-,सम्मानित ग्रुप के साथ। मेरा दायित्व यह ग्रुप निभा रहा था-डॉ, बघेल,बृजलाल वर्मा, स्वामी आत्मानन्दजी,तरेसर वाले भुजबल जी जो बाद में संन्यासी हो गए थे।

सन्त तुकडोजी ,भोज के बाद,मुझसे बोले-'-सत्या बेटी,तुम आमचा महाराष्ट्र में रुक जाओ विधानसभा के लिए। तुमको टिकिट मिलेगी। तुम्हारा भाषण सुनकर,तुम्हारी वक्तृत्व शैली मुझको बहुत अच्छी लगी।'

मैं चुप थी। डॉ, बघेल ने तत्काल प्रतिवाद किया-'नहीं महाराज,इसे राजनीति में आना होगा, तो मध्यप्रदेश के छत्तीसगढ़ में चुनाव लड़ेगी। हमारी बेटी हमारे घर से चुनाव लड़ेगी। अभी तो यह सिर्फ 22 साल की है।

स्व, बृजलाल वर्मा और भुजबल जी ने भी यही कहा! स्वामी आत्मानन्दजी मुस्कुराते हुए बोले-'महाराज, देखिए, इसकी गोद में 3 माह का बेटा है। पहले यह मां का दायित्व निभाएगी! राजनीति बाद की बात है!'

डॉ, बघेल ने हामी भरते हुए कहा-'सही बात है महाराज'। डॉ, बघेल ने मेरी गोद से बेटे को लेकर महाराज की गोद में दिया ! महाराज ने दोनों हाथों में मेरे नन्हे शिशु को लिया और पुचकारते हुए,आशीष दिया। उनके कमरे में विठ्ठल भगवान के विभिन्न रूपों की अनेक मूर्तियां क्रम से विराजमान थीं। एकमूर्ति से स्पर्श कराकर बच्चे को मेरी गोद में डाला।

डॉ, बघेल ने मेरे कंधे को थपथपाते हुए कहा-'बच्चे को महाराज और भगवान दोनों का आशीष मिल गया।'

मेरे मातृत्व सुख का झोला भर गया !

मेरा पहला सामाजिक सम्मेलन का अनुभव अद्भुत व अविस्मरणीय रहा। डॉ, बघेल को इससे पूर्व मैंने सन1960 दिसम्बर में देखा था।

रायपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस के महाधिवेशन में पण्डित जवाहरलाल नेहरू, गोविन्दवल्लभ पंत, सुचेता कृपलानी, वगैरह शीर्षस्थ राजनेता आये हुए थे।

इंजीनियरिंग कॉलेज की नई बिल्डिंग में कांग्रेस सेवादल के स्वयंसेवकों का शिविर लगा था।पण्डित नेहरू के साथ राजनेताओं का जुलूस कांग्रेस भवन से तात्यापारा चौक होते हुए,आजाद चौक की ओर बढ़ा।

नेहरूजी खुली गाड़ी में खड़े थे।जैसे ही जुलूस कुर्मी बोर्डिंग के पास पहुंचा,वैसे ही नेहरूजी ने हाथ हिलाकर आवाज लगाई-'डॉ, बघेल जय हिंद!'

दोनों हाथ जुड़े थे ! लोगों ने देखा-'कुर्मी बोर्डिंग के दरवाजे के सामने डॉ, बघेल,दोनों हाथ ऊपर की ओर नमस्कार की मुद्रा में रखे खड़े थे!

लोगों ने आश्चर्य से देखा। मैं विद्यार्थी वर्ग में ,लड़कियों के जत्थे में,कांग्रेस सेवादल के समूह में चल रही थी।

मैंने भी पलटकर दोनों को एक दूसरे से जयहिंद करते,हाथ हिलाते देखा। मुझे गर्व हुआ कि डा, बघेल को नेहरूजी पहचानते थे। जयहिंद की पहल नेहरूजी ने ही की थी!

उस घटना के बाद मैंने सन 1966 में नागपुर में देखा, उनका स्नेह प्राप्त किया। तीसरी बार 6 सितम्बर 1968 को, वे सुबह सुबह सीहोर (भोपाल) में मेरे निवास पर आए।

मेरे पति की पोस्टिंग सीहोर के कृषि महाविद्यालय में थी। हम रीवा से सीहोर आ गए थे। उस समय हमारे पास फोन नहीं था।और न ही स्कूटर था। वह दिन मेरे बेटे का जन्मदिन था। उन्हें जन्मदिन स्मरण था।वे राज्यसभा सदस्य थे।मेरे पति को वे अपार स्नेह करते थे पुत्र की तरह।वे इलाहाबाद होते हुए आये थे,तो हमारे बेटे के लिए बनारस की लकड़ी के बने रंग बिरंगे खिलौने,गंगाजल, व बड़ी सी डलिया लेकर आये थे।

उनके अकस्मात आगमन से हमारी खुशी का ठिकाना नहीं था। लोगों को पता चला,तो मिलने वाले वी,आई, पी, लोगों का तांता लग गया। वे तीन दिन हमारे घर रहे। छोटे से दो कमरे के घर में उन्हें बहुत आनन्द आया.। वे बेटे को गोद में लेकर घूमते। हमने तांगे में बैठाकर उनको घुमाया। वे इतने सरल व आत्मीय थे हमारे लिए मानो हमारे पिता हों।

बहुत सी सामाजिक चर्चाएं भी करते थे।समाज की कूपमण्डूकता से वे दुखी होते थे,पर उनका समाज प्रेम उत्कट था।

उनके जाने के बाद ,कई दिनों तक सूनापन सा छाया रहा।

जाते-जाते उन्होंने एक विशेष बात कही--

'में एक नाटक लिख रहा हूँ किसानों की समस्या पर!नाम है 'गरकट्टा'! अभी मेरे बैग में है--उसे पूरा करके तुम्हें दूंगा। पढना। उसका मंचन करना है। पथरी के लड़कों को तैयार करूंगा। सिलियारी में करने की सोच रहा हूँ। गर्मी की छुट्टी में तुम लोग आना। मनहर तुम्हें पथरी लेकर आएगा'!

फिर इनकी तरफ मुड़कर बोले- 'सत्या ल ले के आबे बाबू,पथरी। तोला नेवता देवथव !'

'हव बाबूजी!' कहत हुए इन्होंने प्रणाम किया मैंने भी प्रणाम किया। मेरे बेटे को चुम्मा दिए।और स्टेशन रवाना हुए। हमारा तांगेवाला नब्बू मियां स्टेशन ले गया। मेरे पति स्टेशन गए।

हमें क्या मालूम था कि यह हमारी अंतिम मुलाकात है ।

हम तो गर्मी की छुट्टी की प्रतीक्षा करते रहे।

भोपाल में विधानसभा का चालू सत्र देखने गए। तब हम बृजलाल वर्माजी के बंगले में रुकते-पारिवारिक सम्बन्ध था। वे संविद सरकार में उपमुख्यमंत्री थे। समय बीता फरवरी का महीना आया। वर्माजी सीहोर दौरे पर आए सपरिवार।उनकी पत्नी व बच्चों ने खाना खाया। जब वे और आडिल साहब खाने बैठे, उसी समय उनका पी,ए, वायरलेस का संदेश लेकर अंदर आया 'दिल्ली में डॉ, बघेल का हृदयाघात से देहावसान हो गया। उनका शव मालगाड़ी से रायपुर ले जा रहे हैं। भोपाल स्टेशन तत्काल पहुंचे।' रोटी का 'कौर' हाथ से गिर गया। जमीन में बैठकर खा रहे थे। उस समय हमारे पास डायनिंग टेबल नहीं था। वे आडिल साहब के साथ अपनी सरकारी गाड़ी में भोपाल स्टेशन पहुंचे।

अजीब सा लगा जानकर कि इतनी बड़ी विभूति का शव मालगाड़ी में ?

छत्तीसगढ़ के लोगों में आक्रोश था-!

बाद में दोनों सदन में यह प्रस्ताव पास हुआ कि ऐसे महत्वपूर्ण हस्तियों को सम्मानित ढंग से उनके गृहनगर ले जाया जाय।

हमें ऐसा महसूस हुआ--जैसे हमारा कोई नहीं।बहुत अपना सा छिन गया।हमने होली नहीं मनाई। गम में डूबे रहे। ख्याल आया -'उस नाटक का क्या हुआ ?'

फरवरी के प्रथम सप्ताह में उन्होंने 'अहिवारा' में किसान आंदोलन किया था, उसी फरवरी में दिल्ली आए और 22 तारीख को हृदयाघात हुआ। क्या तनाव में थे? यह प्रश्न मेरे मन मेंआज तक बना हुआ है।

लंबे अरसे बाद 2 जून 1975 को मैंने रायपुर के शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में हिंदी विभाग में ज्वाइन किया।तब डॉ, नरेन्द्रदेव वर्मा हिंदी के प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष थे।

25 जून को आपातकाल लगा। विज्ञान महाविद्याल का स्नातकोत्तर कला संकाय बन्द कर दिया गया।

हमने 'पहाती सुकुवा' नाट्य संस्था के बैनर तले उनके नाटक 'करमछहा' का मंचन किया! रायपुर के 'रंग मन्दिर' के नाट्यगृह में! रंगमन्दिर में मंचन के बाद कई गांवों में भी मंचन हुआ।इसी नाटक को , छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद एम, ए, हिंदी साहित्य के एक छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य के प्रश्नपत्र में शामिल किया मैंने। बड़ा गुरुतर दायित्व था मुझ पर!

फिर क्या हुआ डॉ, बघेल के 4 थे नाटक का, जिसे वे मुझे देना चाहते थे?

आपातकाल खत्म होने के बाद। -केंद्र में बृजलाल वर्मा जी व पुरुषोत्तमलाल कौशिक जी मंत्री बन गए। बाद में यह सरकार भी खत्म हो गयी। फिर कुछ वर्ष बीत गए।अचानक मेरी खोज खबर लेने बृजलाल वर्मा जी सपत्नीक घर आये।मेरे प्रति उन दोनों का स्नेह बहुत था।चाय नाश्ता करने के बाद जाते-जाते अपने कुर्ते के बाजू वाले जेब से एक पुरानी स्कूल कापी निकालकर मेरे हाथ में देकर बोले '-सत्या , ये डॉ बघेल ने तुम्हें देने को कहा था !' व्यस्तता में भूल गया था। रखो। यह तुम्हारी थाती है। मैं जिम्मेदारी से मुक्त हो गया अब!'

फिर बोले'--काका की भूल को भूल जा बेटी!'

मैं चुप रही ! कॉपी रख ली। माथे से लगाई। 'गरकट्टा' नाटक ! स्कूल वाली साधारण कॉपी में उनके गोल गोल हस्ताक्षर ! मेरे लिए धरोहर !!

आलमारी में रखा हुआ वह नाटक ।अब प्रकाशित हुआ।

कैसे पश्चाताप करूं? विलम्ब से प्रकाश में लाने के लिए जितने दोषी बृजलाल वर्मा जी यह,उससे कहीं अधिक दोषी में हूँ। प्रकाशन में विलंब के लिए।

परन्तु, ऐसा लग रहा है आज कि यह विलम्ब ठीक ही रहा।। क्योंकि किसान आंदोलन। चल रहा है । किसानों की समस्या पर लिखा हुआ नाटक गरकट्टा बिल्कुल समीचीन है।

मुझ पर असीम विश्वास करने वाले डॉ, बघेल ! ममता उंडेलने वाले डॉ, बघेल,सामाजिक प्रगति की ऊर्जा भरने वाले डॉ, बघेल!

उनके सारे रूप मुझे देखने को मिले।आज उनके नाटक 'गरकट्टा' को प्रकाशन। व विमोचन करके मुझे बहुत हल्का लग रहा है।एक ऋण था,जिससे उबर रही हूँ।

अपने समय के पुरोधा,पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के स्वप्नद्रष्टा--डॉ, बघेल को उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन!!

व्यंग्य

हमें तो बस डुबकी लगानी है

■ विनोद कुमार विक्की

जाम लगे या जान जाएं, हमें तो बस डुबकी लगानी है, कुछ इसी तर्ज पर जिसे देखो महाकुंभ में डुबकी लगाने को आतुर दिख रहा है।

'म' वर्ण से बनने वाले शब्दों अथवा घटनाओं के कारण 'म' से महाकुंभ 2025 कई मामलों में सुर्खियां बटोर रहा है। माया, महामाया, मनोहर एवं मनोरंजक मिश्रित दृश्य वाले महाकुंभ में श्रद्धालुओं की विभिन्न कोटियां मनोवांछित मतलब के उद्देश्य से मेले में चलते, गिरते-पड़ते और भटकते हुए दिखाई दे रहे हैं।

'म' से मर्द, मेहरारू, महापुरुष, महिला, मामूली मानव, मठाधीश से मुख्यमंत्री तक, हर कोई संगम में तन को मन से गीला करने में लगा हुआ है।

कोई 'म' से मल या मैल धोने, कोई 'म' से मोक्ष प्राप्त करने, अथवा 'म' से मनोरथ सिद्ध करने, तो कुछ 'म' से मानव जीवन धन्य करने के लिए डुबकी पर डुबकी लगाए जा रहा है। इन मामूली मानवों से माननीयों के मंगलाचरण के लिए मिलियन की संख्या में, 'म' से मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति भी की गई है।

पाठकों को बता दें कि समुद्र मंथन से अप्सरा रंभा निकली थी उसी तरह महाकुंभ मंथन 2025 में 'म' से मनका (माला) बेचने वाली मलका(सुंदर स्त्री) का अवतरण हुआ है।'म' से मोनालिसा का जादू महाकुंभ में ऐसा छाया कि कई लोग उसके साथ सेल्फी लेकर शाही स्नान वाला पुण्य प्राप्त कर लिए और कुछ अभी भी प्राप्ति में लगे हुए हैं।

इस महाकुंभ में 'म' से मत्सरी महात्मा अर्थात गुस्सैल साधु महाराज का भौकाल भी देखते ही बन रहा है। साइलेंट प्रवृत्ति वाले महात्मा का वाइलेंट मोड वाला वीडियो कब वायरल हो जाये यह महादेव को भी नहीं मालूम। बाबाजी के एट्टीट्यूड से ऐसा प्रतीत होता है कि तथाकथित महात्मा जी आम जन की तरह महंगाई, परिवार, रोज़गार अथवा राष्ट्रीय मुद्दे की चिंता से तनावग्रस्त हैं। रौद्र रुप धारण करते हुए आंतरिक मनोविकार को कभी किसी यूट्यूबर पर, तो कभी किसी अन्य पर थप्पड़, लाठी, चिमटा और त्रिशूल तान कर निकाल रहे हैं।

इसी बीच खबर आ रही है कि 'म' से ममता कुलकर्णी का महामंडलेश्वर बनने से कई लोगों का हाजमा खराब हो गया है। ऐसा लग रहा है कि सुंदरी से साध्वी बनने वाले कृत्य पर भले ही उनको राणाजी माफ कर दें लेकिन उनके फैंस और विरोधी कभी माफ नहीं करेंगे।

'म' से मौनी अमावस्या वाले दिन मचे भगदड़ के कारण मोक्ष की बजाय मृत्यु प्राप्त होने वाले दर्जनों श्रद्धालुओं ने न्यूज चैनल और राजनीतिक पार्टियों को सर्दियों में गरमागरम 'म' से मुद्दा उपलब्ध कराने में महती भूमिका निभाई।

'म' से मुसाफ़िर को महाकुंभ तक पहुंचने अथवा घर वापसी के लिए यात्रा के दौरान जो 'म' से मशक्कत करनी पड़ रही है, वह देखते ही बनती है। ट्रेन के अंदर घुसने के लिए एक-दूसरे पर बोतल का पानी फेंकना, धक्का-मुक्की करना, ट्रेन की बंद दरवाजे-खिड़कियों को पीटना, ट्रेन की बंद गेटों पर लटक कर रेलवे यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं की जो तस्वीरें और वीडियो सामने आ रही है वह इस बात का प्रमाण है कि जनसंख्या के मामले में हम विश्व गुरु हैं और भीड़ जुटाने के मामले में हमारा कोई वैश्विक जोड़ीदार नहीं है। ओवरलोडेड ट्रेन अथवा बसों में सीट प्राप्त कर लेना लंबी दूरी के



श्रद्धालुओं के लिए शाही स्नान से कम नहीं माना जा रहा है। लंबी दूरी एवं लंबी अवधि वाले महाजाम के बीच गंतव्य तक पहुंच पाना मोक्ष प्राप्त करने से कम नहीं माना जा रहा है।

'म' से मज़े की बात यह है कि महाकुंभ की मजलिस में एक ओर 'म' से मक्कार प्रवृत्ति वाले मानव दूसरों का माल, मनी, मोबाइल चुराकर मालामाल बनने की जुगत में लगा हुआ है, तो दूसरी ओर छोटी-बड़ी गाड़ियों में सवार कुछ यात्री अमृत स्नान कर लौटते वक्त, तो कुछ अमृत स्नान को जाते वक्त दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण यमराज का मार्च क्लोजिंग वाला डाटा फ़रवरी माह में ही पूरा करने में सहयोग कर रहे हैं।

बहरहाल 'म' से महाजाम, मनोहारी और मदहोश करने वाले दृश्यों के बीच सोशल मीडिया पर तौलिया में स्नान को जाती हुई युवती अथवा बाबाजी के साथ सेल्फी लेती हुई देशी-विदेशी महिलाओं की कुछ अनसेंसर्ड तस्वीरें अथवा वीडियो भी सामने आ रही है, जिनके व्यूज को देखकर इस बात का आकलन किया जा सकता है कि मेटा के उपभोक्ता भी महाकुंभ के विभिन्न स्नानों में मानसिक गोता लगा रहे हैं।

दो ग़ज़लें

■ जोश मलीहाबादी

सारी दुनिया है एक पर्दा-ए-राज़
उफ़ रे तेरे हिजाब के अंदाज़

मौत को अहल-ए-दिल समझते हैं
ज़िंदगानी-ए-इश्क़ का आग़ाज़

मर के पाया शहीद का रुत्बा
मेरी इस ज़िंदगी की उम्र दराज़

कोई आया तिरी झलक देखी
कोई बोला सुनी तिरी आवाज़

हम से क्या पूछते हो हम क्या हैं
इक बयाबाँ में गुम-शुदा आवाज़

तेरे अनवार से लबालब है
दिल का सब से अमीक़ गोशा-ए-राज़

आ रही है सदा-ए-हातिफ़-ए-ग़ैब
'जोश' हमता-ए-हाफ़िज़-ए-शीराज़

काफ़िर बनूँगा कुफ़्र का सामाँ तो कीजिए
पहले घनेरी ज़ुल्फ़ परेशाँ तो कीजिए

उस नाज़-ए-होश को कि है मूसा पे ताना-ज़न
इक दिन नक़ाब उलट के पशीमाँ तो कीजिए

उश्शाक़ बंदगान-ए-ख़ुदा हैं ख़ुदा नहीं
थोड़ा सा नख़्र-ए-हुस्न को अर्ज़ाँ तो कीजिए

क़ुदरत को ख़ुद है हुस्न के अल्फ़ाज़ का लिहाज़
ईफ़ा भी हो ही जाएगा पैमाँ तो कीजिए

ता-चंद रस्म-ए-जामा-दरी की हिकायतें
तकलीफ़ यक-तबस्सुम-ए-पिन्हाँ तो कीजिए

यूँ सर न होगी 'जोश' कभी इश्क़ की मुहिम
दिल को ख़रिद से दस्त-ओ-गरेबाँ तो कीजिए

शिवरात्रि और नटराज : जब अस्तित्व तांडव करता है

■ सचिन सिंह परिहार

यह कोई संयोग नहीं कि शिव को 'आदियोगी' कहा गया है। यह कोई संयोग नहीं कि उन्हें 'नटराज' कहा गया है। और यह भी कोई संयोग नहीं कि महाशिवरात्रि की रात उनके जागरण की रात मानी जाती है।

जब ब्रह्मांड में पहला कंपन हुआ, जब शून्य में पहली गूंज उठी, जब ऊर्जा ने गति पाई तभी तांडव प्रकट हुआ। यही नृत्य सृजन का कारण बना, यही नृत्य संहार का आधार बना, और यही नृत्य शिवत्व की पहचान बना।

शिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं है, यह एक जीवंत संभावना है एक ऐसी रात, जब अस्तित्व हमें आमंत्रित करता है कि हम अपनी सीमाओं को तोड़ें, अपने भीतर के नृत्य को खोजें, और स्वयं को शिवमय कर लें।

यह पूरा ब्रह्मांड एक सतत नृत्य है। हर कण, हर ग्रह, हर गैलेक्सी लगातार नृत्य कर रही है। हमारे भीतर की ऊर्जा भी निरंतर गति में है। यह गति, यह कंपन, यह लयबद्धता ही शिव का तांडव है। लेकिन यह केवल संहार का नृत्य नहीं, बल्कि सृजन, परिवर्तन और परम चेतना की ओर एक यात्रा है।

शिव कोई व्यक्ति नहीं हैं। वे कोई ऐतिहासिक पात्र नहीं हैं। वे केवल एक देवता नहीं, वे स्वयं अस्तित्व का सार हैं। शिव अनंत हैं, वे शाश्वत हैं। यदि हम अपने भीतर झाँक सकें, यदि अपनी सीमाओं से परे जा सकें, यदि जीवन के कंपन को महसूस कर सकें, तो हम पाएँगे कि शिव हमारे ही भीतर हैं। वे कहीं बाहर नहीं, बल्कि हमारी चेतना में समाहित हैं।

हमने नटराज की मूर्ति देखी है शिव का वह रूप जिसमें वे एक संतुलित मुद्रा में तांडव कर रहे हैं। लेकिन यह नृत्य केवल एक मूर्ति नहीं, बल्कि सम्पूर्ण अस्तित्व का प्रतिबिंब है। इस नृत्य में सृजन छिपा है, संहार छिपा है, मोक्ष छिपा है। जब शिव डमरू बजाते हैं, तो यह सृष्टि की उत्पत्ति का कंपन है। जब वे अग्नि उठाते हैं, तो यह संहार नहीं, बल्कि एक नए जन्म की तैयारी है।

जब वे अपस्मार (अहंकार और अज्ञानता) को पैरों तले दबाते हैं, तो यह मुक्ति की राह दिखाता है।जब उनका एक पैर हवा में उठता है,तो यह दर्शाता है कि जो इस नृत्य को समझ ले, वह स्वयं भी मुक्त हो सकता है।शिव का तांडव केवल विनाश का

यह पूरा ब्रह्मांड एक सतत नृत्य है। हर कण, हर ग्रह, हर गैलेक्सी लगातार नृत्य कर रही है। हमारे भीतर की ऊर्जा भी निरंतर गति में है। यह गति, यह कंपन, यह लयबद्धता ही शिव का तांडव है।

नृत्य नहीं, बल्कि जीवन का मूल सिद्धांत है। यह वही नृत्य है जो हमारे भीतर भी हर क्षण, हर पल हो रहा है। महाशिवरात्रि कोई साधारण रात नहीं होती। यह वह रात है जब पृथ्वी और चंद्रमा की स्थिति कुछ ऐसी होती है कि हमारे शरीर की ऊर्जा सहज ही ऊपर की ओर उठती है।

योगशास्त्र के अनुसार,इस रात में यदि शरीर को सीधा रखा जाए,तो ऊर्जा सहज रूप से सहस्त्रार (सर्वोच्च चक्र) की ओर बढ़ती है। यही कारण है कि ऋषियों और योगियों ने इसे जागरण की रात कहा। यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि हमारे भीतर की ऊर्जा को जागृत करने का एक अवसर है। यदि हम सच में सजग हों, यदि इस रात को सही तरीके से उपयोग कर सकें, तो यह रात हमारे भीतर एक अद्भुत परिवर्तन ला सकती है। यह रात एक संभावना है। यह रात एक साधना है। यह रात एक गति है, जो हमें हमारी सीमाओं से परे ले जा सकती है। यदि हम केवल कर्मकांड में उलझे रहेंगे, तो यह अवसर खो देंगे। लेकिन यदि इसे समझकर अनुभव कर सकें, तो यह रात जीवन की सबसे महत्वपूर्ण रात बन सकती है

यह केवल धार्मिक बात नहीं है,बल्कि विज्ञान भी इसे स्वीकार करता है। स्विट्जरलैंड स्थित CERN प्रयोगशाला जहाँ ब्रह्मांड के रहस्यों को खोजने का कार्य हो रहा है वहाँ भगवान नटराज की एक विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है। वैज्ञानिक मानते हैं कि ब्रह्मांड की संरचना शिव के तांडव से मिलती जुलती है। क्वांटम फिजिक्स कहती है कि ब्रह्मांड में सब कुछ निरंतर गति में है हर कण, हर ऊर्जा, हर चेतना। ऊर्जा कभी नष्ट नहीं होती, यह केवल रूप बदलती है। यही तो शिव का तांडव है सृजन, संहार और पुनर्निर्माण।

शिव का तांडव केवल सृजन और संहार नहीं, बल्कि अनुग्रह (कृपा) का भी प्रतीक है। जब हम इस नृत्य को समझ लेते हैं, तो जीवन में समर्पण का भाव आ जाता है। तांडव हमें सिखाता है कि जीवन का हर परिवर्तन, हर हलचल, हर चुनौती सब कुछ एक लय में है। यदि हम इस लय के साथ बहना सीख लें, तो स्वयं शिवत्व को पा सकते हैं। महाशिवरात्रि का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यही है यह रात हमें शिवत्व को अनुभव करने का अवसर देती है। केवल मंदिर जाकर कुछ रीतियाँ निभाने की आवश्यकता नहीं। केवल शिव के नाम का जाप करने से कुछ नहीं होगा।

सबसे ज़रूरी है इस रात को पूरी सजगता के साथ जीना। अपनी ऊर्जा को भीतर की ओर मोड़ें। अपनी सीमाओं से परे जाने का प्रयास करें। अपने भीतर के शिव को खोजें। अगर हम ऐसा कर सके, तो हमें अनुभव होगा कि शिव केवल एक कल्पना नहीं, बल्कि एक जीवंत वास्तविकता हैं। वे हर जगह हैं, हर कण में हैं, और सबसे अधिक, हमारे भीतर हैं।

शिवरात्रि केवल एक पर्व नहीं, यह जीवन का उत्सव है।शिव केवल संहारक नहीं, वे पुनर्जन्म के बीज भी हैं। शिव केवल एक विचार नहीं, वे एक अनंत संभावना हैं। इस शिवरात्रि, शिव को केवल बाहर मत खोजिए। शिव को अपने भीतर अनुभव कीजिए।शिव को अपनी चेतना में जगाइए।और जब यह अनुभव हो जाएगा, तो यह सत्य प्रकट होगा

'शिव ही शाश्वत हैं, शिव ही अनंत हैं।'

'नमः शिवाय!'

हाना

आंखी दिखे न कान बइछे ल दुकान।
जेन मनखे के आंखी नइ दिखे कान नइ सुनावय ओहा दुकान म बइठही त का लेन-देन करही।कुछु नइ कर सकये तेकर बर ये हाना ल केहे जाथे।बिना मतलब के दुकान म बइठना हे।

शब्द अरथ

1. छंदइया-छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई - छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी- छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना- छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी-छदना
6. छंदल- छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइया- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा- छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

कुंभ मेला के वैज्ञानिक कारण

कुंभ मेला सनातन धर्म के बहुत बड़े तिहार कहे जा सकथे। हमन येला स्नान-ध्यान, पूजा-पाठ, पाप-पुण्य बर ही जोड़कर ही देखथन। का सिरिफ पाप-पुण्य बर ही पूजा या कुंभ स्नान के महत्व हावय। अइसना सोच के हमन अपन धार्मिक महत्व अउ हमर ऋषि परंपरा ल कमजोर करत हावन? हमर धर्म के हर मान्यता विज्ञान ले जुड़े हावय।

आज हमन ओला समझ नइ पात हन अउ न समझे के प्रयास घलो नइ करत हन। कुंभ स्नान के घलो वैज्ञानिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, अउ आर्थिक कारण हावय। देश के सबो संस्कृति अउ सबो सामाजिकता के संगम होथे। सामाजिक सद्भाव अउ प्रेम के आदान-प्रदान होथे।

कुंभ मेला बर जगह के निर्धारण भू चुंबकीय ऊर्जा के आधार ऊपर करे गे हावय। आयोजन स्थल अउ समय दूनों ल पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र अउ ग्रह मन के स्थिति के आधार ऊपर निर्धारित करे जाथे। ये स्थान विशेष रूप ले नदी संगम क्षेत्र म होथे जेन ह आध्यात्मिक विकास बर अनुकूल माने जाथे।

प्राचीन ऋषि-मुनि मन ये स्थान म ध्यान ,तप, योग करे हावंय जेखर कारण इहां विशेष सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होवत रहिथे। वैज्ञानिक दृष्टि ले देखबे त कुंभ मनखे के शरीर ऊपर ग्रह अउ मैग्नेटिक क्षेत्र मन के प्रभाव ल समझे के बने समय होथे। गुरु सूर्य अउ चंद्रमा के विशेष संयोग पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र ल प्रभावित करथे। गुरु ह बारह साल के परिक्रमा चक्र पूरा करथे। पृथ्वी के साथ ओखर जेन विशेष स्थिति होथे तेन ह कुंभ ल शुभ बनाथे। विशेष सकारात्मक ऊर्जा प्रवाहित होथे। जेन ह आने जाने वाला मन ल प्रभावित करथे।

ये खगोलीय संयोग के बेरा म कुंभ म स्नान करे ले अध्यात्म अउ विज्ञान के मेल होथे। महाकुंभ केवल धार्मिक आयोजन नोहय। ये ह प्राचीन भारत के वैज्ञानिक चिंतन अउ खगोलीय घटना के प्रतीक आये। सूर्य, चंद्रमा के गतिविधि के असर पृथ्वी ऊपर घलो परथे। ये बेरा म गंगाजी के जल विशेष विद्युतीय विकिरण ले भर जाथे। ये बेरा म वातावरण म पैदा होवइया सकारात्मक ऊर्जा ले इंसान के दिमाग म अल्फा किरण के प्रभाव बाढ़ जथे। अलग-अलग संस्कृति के मनखे मन के मेल मिलाप होथे। हर काम पुण्य अउ पाप बर नइ करे जाये। कुछ काम अइसे होथे जेखर ले मन ल मानसिक शांति अउ सकारात्मक ऊर्जा मिलथे।

अपन आस्था अउ श्रद्धा ले भी जीवन ल सही दिशा, ऊर्जा, साहस अउ आत्मबल जरूर प्राप्त होथे चाहे कुंभ स्नान हो या फेर कोनो भी धार्मिक कार्य। जइसना हमर सोच होही वइसने उर्जा बोहाही। नकारात्मक सोचबो त नकारात्मक ही दिखही सकारात्मक सोचबो त विचार अउ उर्जा के तेज प्रवाह मिलही।

पूरा विश्व के मन कुंभ के महत्व ल खोजत हावंय। अउ हमन पाप-पुण्य में ही उलझे हावन। सद्बुद्धि अध्यात्म ले मिलथे। इही ज्ञान ले युवा पीढ़ी ल वैज्ञानिक सोच विकसित करना चाही। दूनो के तालमेल ले एक नवा विचार विकसित होही जेन ह युवा ल निराशा अवसाद ले उबारही।

इही वैज्ञानिक सोच ह प्रयागराज के महाकुंभ म विदेशी मन ल आकर्षित करत हावंय। सब उहां नहाय बर आवत हावंय। दूसर धर्म के मनखे मन भी स्नान करे बर आवत हावंय। पूजा पाठ के नहीं फेर स्नान के महत्व होवत हावय। माघ पुन्नी के दिन तक आकाश ले अमृत के वर्षा होथे इही कारण आये के पुन्नी के दिन स्नान करे बर मनखे मन उमड़ परथें।

महाकुंभ के बढ़िया इंतजाम, करोड़ो मनखे मन ल अपन डाहर बलावत हावय। रेल ले, कार ले सब जावत हें आठ, चार-पांच, किलोमीटर पैदल चल के भी नदियां तीर जावत हें। अब माघी पुन्नी ले हमर त्रिवेणी संगम राजिम म महाकुंभ मेला शुरु होगे हावय। महाशिवरात्रि तक चलने वाला कुंभ अब छत्तीसगढ़ म भी दिखही।

सुधा वर्मा

श्रीराम अउ दाई शबरी के मिलाप स्थल शिवरीनारायण

छत्तीसगढ़ के पावन माटी,अउ इहां के पावन धार्मिक, ऐतिहासिक,पौराणिक,स्थल जेमा जन-मानस के आस्था-विस्वास,अउ श्रद्धा हर टिके हावय। हमर छत्तीसगढ़ राज के अपन अलग ही महत्व हावय, काबर के एहर कौशिल्या के नगरी कौशल प्रदेश आय। जेला भगवान राम-लखन के ममियारो कहे जाथे। एकरे सेती इहां के जन-मानस राम अउ लखन ल अपन भांचा मानथें अउ उकर चरण ल स्पर्श करथें। भले ही ओहर छोटे लागथे पर हमर लिए ओहर आराध्य देवता स्वरूप आय। तभे तो हमन उंकर चरण स्पर्श करथन।

अइसे भगवान राम के परम भक्त शबरी के नगरी, शबरी के पावन धाम, शबरीनारायण म स्थापित हे,भगवान राम-लखन अउ सीता। जिहां माता शबरी भी बिराजीत हे। ए शबरीनारायण के मंदिर ह जांजगीर से दक्षिण दिशा म 35 किलोमीटर के दूरी म बसे महानदी के पावन तट म बसे हे। जिहां भगवान राम स्वरूप नर-नारायण भगवान बिराजीत हावय। तभे तो एला शबरीनारायण कहे जाथे।

अइसे मान्यता हे कि शबरी हर भील राजा के एक मात्र बेटी रिहिस,जब एकर बिहाव होईस त बाराती मन ल भेड़, बकरी के मांस परोस दिए गिस जेकर से नाराज होके दाई शबरी हर अपन घर-दुवार ल छोंड़के राम के भक्ति म लीन होगे।

अक्षय वट अउ दोना स्वरूप पान- इही अक्षय वट के दोना स्वरूप पान म शबरी माता ह भगवान राम ल मीठ-मीठ बोईर खवाए रिहिस। ए अक्षय वट के प्रमाण इहां आज भी हे। जिहां ल ओ बरगद के पेड़ हे जेला 'कृष्ण वट' कहे जाथे।

एक मान्यता यह भी हावय कि शबरी दाई हर भगवान राम के परम भक्त रिहिस ओकर दर्शन खातिर वह दिन-रात अगोरा म रहय। शबरी के अगाध प्रेम ल देख के प्रभु श्रीराम भगवान हर अंततः ओला दर्शन देहे खातिर ओकर कुटिया म पधारिस। शबरी दाई के भगवान राम के प्रति अगाध,अटूट प्रेम ल देख के ए जगह ल शबरीनारायण के रूप मा मान्यता मिल गिस। अइसे पावन जगह आज आस्था और भक्ति के केंद्र हे।अउ एकरे सेती शबरी दाई के राम के प्रति अपार प्रेम,श्रद्धा,विस्वास ल याद करके हमर जन-मानस मन एक दूसर ल च्सीतारामज्ज कहिके अभिवादन करथें अउ शबरी के अगाध प्रेम ल सुरता करथें।

अइसे मान्यता हावय कि इही पावन जगह म दाई शबरी अउ भगवान राम के पहिली भेंट होय रिहिस। ए पावन जगह ल गुप्त प्रयाग भी कहे जाथे। काबर कि इही जगह म तीन-तीन नदिया के सुग्घर त्रिवेणी संगम होय हावे। जेमा महानदी, शिवनाथ नदी अउ जोंक नदी के पावन संगम हे। जेकर लहरा हर भक्त श्रद्धालु मन ल बर्बस ही अपन कोती डुबकी लगाय बर आकर्षित करथे।

> **एक मान्यता यह भी हावय कि शबरी दाई हर भगवान राम के परम भक्त रिहिस ओकर दर्शन खातिर वह दिन-रात अगोरा म रहय। शबरी के अगाध प्रेम ल देख के प्रभु श्रीराम भगवान हर अंततः ओला दर्शन देहे खातिर ओकर कुटिया म पधारिस। शबरी दाई के भगवान राम के प्रति अगाध,अटूट प्रेम ल देख के ए जगह ल शबरीनारायण के रूप मा मान्यता मिल गिस।**

एक मान्यता इहां अउ हावे कि इही जगह म दाई शबरी अउ भगवान नर-नारायन के पहिली बार भेंट होईस। दाई शबरी गदगद अउ आत्मविभोर होगिस। ओकर अगोरा ल ओहर बरसों करिस आज उही राम ओकर कुटिया म पधारिस अउ फेर का हे जे शबरी रोज दिन अगोरा म रहय ओहर ओकर कुटिया म पधारे हे,शबरी के खुशी के ठिकाना नइ रहिस। भगवान राम के लिए ओहर सुग्घर-सुग्घर फल-फूल सकेंल के ले आथे जेमा बोईर के फर ह विशेष होथे अउ सुग्घर मजा के बोईर ल भगवान ल एक टक निहारत खवाथे। येती भगवान ओकर निश्छल प्रेम के वशीभूत होके ओ बोईर ल खाथें।

ए दुनो के सुग्घर अटूट प्रेम अर्थात प्रेम अउ भक्ति के सुग्घर मिलाप के कारण ए पावन जगह ल शबरीनारायण के नाम से जाने जाथे अउ ए पावन जगह एक अउ विशेष बात हावे जिहां आके हर एक भक्त श्रद्धालु ओला निहारथे अउ अपन संग ले गे बिना नई लहुटय अउ ओहर आय इहां बिराजीत अक्षय वट अउ ओकर दोना सहीं पान। अइसे कृष्ण वट हर ए धरती म बहुत दुर्लभ होथे। जेकर कभु क्षय नई होवय। अईसे मान्यता हावे कि ए पेड़ ह तीनों युग तीनों काल म बिराजीत हे जेकर थाहीं म बइठ के भगवान हर प्रलय काल भी देखे रिहिस। ए बात ल उहां के महाराज त्यागी जी पुजारी मठ मंदिर के ह बताथे।

शबरीनारायण अउ माघी पुन्नी के मेला- शबरीनारायण म प्रति वर्ष माघी पुन्नी म मेला भराथे। ए मेला म दूर-दराज के भक्त-श्रद्धालु मन आथे अउ इहां के त्रिवेणी संगम म श्रद्धा के डुबकी लगाथें अउ इही दिन से मेला शुरु हो जाथे। ए मेला के मान्यता हावे कि माघ पूर्णिमा म भगवान जगन्नाथ हर पुरी से आथे,अउ आके स्वयं प्रसाद के भोग लगाथे,फेर उहां के कपाट हर खुलथे।

ए शबरीनारायण हर न सिर्फ शबरी अउ राम के अटूट प्रेम के प्रतिक आए बल्कि एला भगवान जगन्नाथ स्वामी के मूल स्थान भी माने गे है। मान्यता हावे कि हर साल माघी पूर्णिमा म पुरी ले भगवान जगन्नाथ स्वामी शबरीनारायण आथे उनकर इहां आय के बेरा म पुरी म भगवान के पट बंद रहिथे।

इहां मंदिर म रोहिणी कुण्ड हावे जेकर जल हर कभु कम नहीं होय। तभे तो भगवान नर-नारायण के चरण-कुंड के जल म हमेशा अभिषेक होवत रहिथे।

शबरीनारायण के धाम अउ त्रिवेणी संगम- जिला-जांजगीर के नवागढ़ ब्लॉक म महानदी,जोक नदी अउ शिवनाथ नदी के त्रिवेणी संगम म बसे शबरीनारायण के धार्मिक महत्व हर सतयुग से लेके आज तक हे,जिहां तीन नदिया के संगम हे। एकरे कारण शबरीनारायण ल गुप्त प्रयाग भी कहे जाथे।

द्वापर युग से त्रेता तक शबरी हर राम के करिस अगोरा-पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान कृष्ण हर जे कुबरी महिला ल मथुरा म सुंदरी कहिके आवाज लगाय रिहिस अउ जेला ओकर कुबड़ ले मुक्ति दिलाय रिहिस,उही देव कन्या हर अपन प्रेम प्रकट करे खातिर कृष्ण भगवान ले फेर मिले के इच्छा जताय रिहिस,जेला भगवान कृष्ण हर राम अवतार म मिले के करार करे रिहिस। त्रेता युग म दाई शबरी अपन अंत काल तक राम के अगोरा करत रिहिस अउ राम वन गमन के बेरा म जब भगवान उनकर उपर कृपा करके ओकर कुटिया म पधारिस।

राम के प्रति दाई शबरी के आस्था अउ अगोरा- शबरीनारायण के धार्मिक अउ ऐतिहासिक माघी पूर्णिमा से 15 दिन मेला भराथे,मान्यता के अनुसार भगवान जगन्नाथ के इही जगह ल मूल जगह माने जाथे। माघी पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ अपन इही मूल जगह आथे,एकरे कारण भगवान नर-नारायण के दर्शन के लिए कई लाख श्रद्धालु मन आथे।

जन-मानस के भीड़ और उत्साह ल ध्यान म रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन हर इहां 5 दिन तक 'शबरी महोत्सव' के आयोजन भी करथे। संगे-संग इहां के महानदी घाट ल सुग्घर बनाय के भी काम शुरु होगे हे। ए जगह ल शासन हर 'राम वन पथ गमन' के प्रथम चरण म भी शामिल करके शवरीनारायण ल पर्यटन के क्षेत्र म बढ़ावा देवत हे। ए प्रकार से यह कहे जा सकत हे कि हमर

छत्तीसगढ़ राज्य हर अपन प्राकृतिक सुंदरता, सांस्कृतिक धरोहर और विविधता के लिए तो जाने ही जाथे एकर अलावा ए हर धार्मिक पौराणिक अउ ऐतिहासिक जगह के लिए प्रसिद्ध हे जेमा जन- मानस के श्रद्धा,भक्ति अउ विस्वास हर दिख जाथे।

– अशोक पटेल 'आशु' तुस्मा,शिवरीनारायण

तइहा के निस्तारी...गहिरावत जल स्तर

तइहा के बेरा मा ,गांव के अधिकतर मनखे मन अपन निस्तारी.... अपन तीर-तखार के प्राकृतिक जल स्त्रोत-नंदिया,झरिया अउ मनखे मन द्वारा बनाए आने जल स्त्रोत तरिया,कुंआ अउ बावली के पानी ला बउर के ही अपन रोजमर्रा के क्रियाकलाप ला करयं अउ अपन गुजर बसर करयं।

कोनों-कोनों गांव मा तो एक ले जादा,कई ठन तरिया घलो रहय ...जेमे एक ठन तरिया ? ला... तो खास तौर ले गांवे के मनखेच मन के निस्तारी बर रखयं अउ कोनो-कोनो तरिया मा मनखे अउ पशु धन दूनों के निस्तारी घलो होवय..अइसनो राहय....।

गांव के गइंज लोगन मन पहिली...तरियच मा नहंई अउ कपड़ा-लत्ता धोवई-कंचई ले लेके के....देवी-देंवता के मूर्ति विसर्जन,जोत जंवारा विसर्जन अउ मरनी- हरनी के नेंग जोब ला घलो तरियच मा करयं अउ अइसे बात नइहे...आज नइ होवत हे ?आज घलो होवत हें फेर... ओ पहिंत जइसे नइ होवय ?....आज सिर्फ फार्मेल्टी भर होवत हे......हां एकर अलावा पहिली गांव मा या काकरो घर मा कोनो बड़का सामाजिक अउ सरजनिक आयोजन होवय ता चउंर दार ला तरिया मा घलो धो देवयं कहिथें.... मतलब ए बात ले अंदाजा लगाए जा सकत हे के ओ बेरा मा तरिया नंदिया कतना साफ-सुथरा रहय...।.....अउ आज तो इंकर ए स्थिति हो गे हे के कोनो-कोनो गांव के तरिया के पानी ला मुहुं मा डारे बर सोंचे ला परथे....।

ओ पहिंत.....तरिया के पानी ले कभु-कभु एन वक्त मा तीर-तखार के खेत-खार ला घलो पलो डरयं... ।

हां... एक बात यहु हे के.. पहिली सब आर्थिक रूप ले थोरिक कमजोरहा घलो रहय ते पाय के सब सुख सुविधा के अभाव घलो रहय... फेर ये विषय मा अइसन बात नइहे? कमजोर रहय चाहे सजोर गांव के सबे मनखे मन तरियच मा नहावयं धोवयं....भई ...बिरले लोगन ला छोंड़ के...भले कोनो बिहनिया,मंझनिया चाहे संझा नहावयं...फेर.......तरियच मा नहावयं ...।

.... नंदिया कछार के तीर मा बसे गांव के मनखे मन ओ पहिंत नंदिया के तीर मा झरिया बनाके ओकर पानी ला रांधे गढ़े,पिये खाय अउ रोजमर्रा के क्रियाकलाप बर बउरयं? कहिथें....तइहा के बेरा मा जल के स्तर अतका उप्पर राहय कहिथे.... के कुआं अउ झरिया खने ता पानी बड़ जल्दी अउ उप्परे मा ओगर जावय अउ नंदिया तीर के बसाहट वाले मन तो ...नंदिया के रेती ला दू चार हांथ टारे असन करे अउ पानी ओगर जावय तहां ले पहिली के ओगरे मतलहा पानी ला हांथ मा डुम-डुम के फेंक दे...बस ..पानी निरवा फरिहर अउ पिये अउ बउरे के लइक हो जावय...तहां ले ... छोटे बर्तन मा डुम-डुम के बड़े बर्तन मा कपड़ा के छन्ना लगाके भर लेवयं.....अउ एक के उप्पर एक पानी भराय बर्तन ला मुड़ मा बोही के पनिहारिन मन कतको दुरिहा ले रोजमर्रा के बउरे बर भरयं अउ डोहारयं....पुरूष वर्ग मन कांवर मा घलो डोहारयं...कोनो बड़का आयोजन के बेरा मा गाड़ा बइला मा बड़े बड़े डराम अउ गंज ला रख के घलो डोहारंय...।

..धीरे-धीरे इही...झरिया ला...बसाहट के लोगन मन आर्थिक रूप ले थोरिक सजोर होवयं तहां ले कुंआ अउ बावली के रूप घलो दे देवयं .... जेन ला धसके झन अउ जान माल के नुकसान झन होवय कहिके.... ईंटा अउ पखरा ले अपन सुविधा अनुसार बांध घलो डरयं.....अउ कुंआ के चारो कोति पार,चबुतरा घलो बनावयं....सहुलियत बर गड़गड़ी घलो लगा लेवयं।

....अउ बावली मा तो स्त्रोत तक पहुंचे बर सिढ़िया घलो बनावयं....फेर बावली मा कुंआ ले जादा लागत लगय....ते पाय के इन कुंआ बनाय मा जादा जोर देवयं ।

आज घलो आप मन देखे होहू अउ देखेल मिलथे अधिकतर बावली...राजा रजवाड़ा मन के महल अटारी परिसर अउ कोनो चउंक चौराहा वाले जघा मा ही जादा देखे ला मिलथे।

....पहिली कोनों भी गांव ले बिहने नइते संझा बेरा मा गुजर तेन ता कुंआ के चारो मुड़ा पनिहारिन मन पानी भरत दिखिच जावयं ...अउ उही कुंआ पार... पनघट मा पनिहारिन मन अपन सुख दुख ला... गांव के सोर खभर ला... घलो गोठिया डरयं...अउ कभु-कभु उही पनघट मा कोनो गोठ बात मा लड़ई-झगरा घलो मात जावय ...एक ठन बड़ सुग्घर बात... कोनो... पनघट मा काकरो हांथ ले रस्सी बाल्टी मा ढरकाके... दूनों हांथ मा, मुंहु ला दंताके पानी पिए के तो कोनो बखानेच नइहे...अइसनहा पानी पिये के तो अलगे मजा अउ मिठास रहय....ओ पहिंत पानी के जादा खइत्ता घलो नइ होवय....काबर परम्परागत जिनिस मन ही जादा बउरायं... बारी- बखरी मा ? टेंड़ा के उपयोग जादा होवय अउ *ओ समे के लोगन मन जतका जरूरत रहय वतकच पानी कुआं ले निकालय....अउ बउरयं ...अउ वहु पानी हा व्यर्थ नइ जावय...अइसे ब्यवस्था बने रहय के बारी-बखरी मा बोंवाय साग भाजी मा पल जावय...अब तो मशीनी जुग... कलयुग आगे हावय ता पानी के बड़ दुरूपयोग...खइता घलो होवत हे....एती मोटर पंप ला चालू कर देहे अउ नहावत हे बपरा बपरी मन अउ पानी हा व्यर्थ बोहावत हे ते बोहातेच हे...कोनो ब्यवस्था च नइहे अउ पहिली के एक बाल्टी पानी मा नहवइया मनखे हा आज कई बाल्टी पानी ला भलभल ले रूतो के नहावत हावय... खइत्ता करत हावयं....ता कहां ले पानी हा ...जल स्त्रोत हा उप्पर मा रही? वो तो गहिरी मा जाबेच करही ना? आज के समे मा जेन बड़ चिंतन के विषय घलो हो गे हे...अउ जल संकट गहिराय के पाछू इही दू चार कारण नइहे अउ कतरो कारण घलो हे भई...अहादे.... अंधाधुंध रूख-राई कटात हे....कतरो जंगल उजड़त हे.....तेकर सेती दिन-ब-दिन पानी घलो कम गिरत हे...कतरो पानी बड़े-बड़े करखाना मा खपत हे यहु सब बड़का कारण हे...।*

..अब तो अइसे लगथे ... .. कोनों-कोनों ? गांव मा तरिया के कोनो भेलुच नइहे,तइसे घलो लागथे.... सिरिफ फार्मेल्टी भर बर ही रहिगे हे...नंदिया ले तो कम से कम सिंचाई होथे....पहिली के लइका मन नंदिया, तरिया मा कूद-कूद के नहावयं,पानी भीतरी घलो रेसटीप अउ छु-छुववला खेलयं एप्पार ले ओप्पार नाहकयं...लइका मन कइसे तउरे ला सिख जावय? पतच नइ चलय... ?पहिली अइसने कतरो एक्सरसाइज हो जावय ...अउ अब के लइका मन तो झार घर भीतरी बाथरूम मा नहावत हे....अउ कोनो-कोनो हा कभु स्वीमिंगपूल... ?ता आज के लइका मन कहां ले तउरे ला सिख पाहीं... ?तेकरे सेती कभु कहुंचो घुमे- घामेला जाय रही ता ,तउरे-वउरे ला तो आवय नहीं अउ सउंखे-सउंख मा एक दूसर ला देखके...बिना सोंचे समझे नंदिया-नरवा मा घलो कुद देथें अउ इही चक्कर मा आजकाल कई ठन अलहन घलो हो जावत हें...अउ अब तो कुंआ बावली के बातेच छोंड़ देव....काबर कतकोन कुंआ ला तो पाट दिन अउ कतकोन पटावत घलो हें...कतकोन कुंआ हा बेंवारस घलो परे हे...बिन जतन रतन के.... ?

हां...ए सब के पाछू बदलत जमाना अउ कलयुग के परभाव हे...तभे तो आज सब, पारम्परिक जिनिस अउ सभ्यता मन ले दुरिहावत जावत हें...अउ मशीनी अउ आयता माल के पाछू भागत दिखत हें.... सरी सुख-सुविधा बाढ़ गेहे....कपड़ा लत्ता धोय बर वाशिंग मशीन आगे हवय,पानी खींचे बर किसम-किसम के मोटर पंप आगे हवय...अउ आने-आने ...ए सब तो आज सामान्य बात हो गे हे.... सबले अचरज अउ विडम्बना के बात ये हे के आज पानी... बोतल अउ पाउच मा बिके ला धर लेहे.... अउ कोनों-कोनों मनखे मन अब बिसलरी अउ फिल्टर पानी पियई ला अपन शान समझे? ला धर लेहें....कोन जनी आज के लोगन मन उपर का भूत सवार हो गेहे ते... तुरते के निकाले पानी ला पिये ला छोंड़ के... कब के बोतल मा भराय रहिथे तेला पिये के आदी होवत जावत हें... अउ अइसने कुछ लोगन मन कुआं बोरिंग के पानी ला तो भले पियास मरत रही जही फेर नइ पिययं...अपन शान के खिलाफ समझथें.....ता कतकोन के कहना हे...कोन आज के जमाना मा तरिया,नंदिया अउ कुंआ, झरिया के चक्कर काटही....साफ-सफई ला भी तो देखे ला परथे परम्परा अउ पुराना सभ्यता ला बनायच रखना हे कहिके....कहुंचो थोरी नहा लेही ... कहुंचो के पानी ला थोरे पी लेहीं...कोनो नइ चाहे के अपन परिवार के कोनो सदस्य ला कोनों तकलीफ होवय.... अउ आजकाल सब चाहथें के अपन घरे मा ही सरी सुख सुविधा रहय....यहु सिरतोन बात हरे...कोनो काबर फिकर करही भविष्य के?....अवइया भविष्य बर कांही बांचे चाहे झन बांचे... ?मोला काहे... ?में एके झन चिंता करके का कर लेहूं ?अउ सब जानतेच हे भविष्य बर कांही बांचे चाहे झन बांचे ?रूपया पइसा तो बांचबेच करही...काहीं ला बंचाय चाहे झन बंचाय पइसा ला तो सब बंचाबेच करही अउ रूपया पइसा रही तहां ले का नइ हो सकय ?...अपना काम बनता..... अउ दुनिया जाए भाड़ मा...... वाले हिसाब किताब चलत हे......... हां !ये बात सच हे के ....आज वैज्ञानिक मन द्वारा धीरे-धीरे कई ठन एक ले बढ़के एक मशीन मन के आविष्कार घलो होवत जावत हे...... कलयुग आगे हे...विज्ञान के जुग आ गेहे भई...यहु ला तो माने ला परही... स्वीकारे ला परही...आज बिना कल पुर्जा के काहीं संभव नइहे...आज वर्तमान पीढ़ी शत् प्रतिशत एकरे उप्पर निर्भर हे.... आदी हो गे हवय, एकर बिना जी नइ सकय ? यहु ला नकारे नइ जा सकय ?अउ येकर ले लोगन के सुख सुविधा हा तो घलो बाढ़ गे हावय....हां !एक ठन चिंतन के विषय यहु हे के परंपरागत...के चक्कर मा रहिबो ता.....अंतरराष्टीय स्तर मा देश के साख ला भी तो बचाके राखे ला परही....अउ ये सब ला नइ अपनाबो ता देश के आर्थिक विकास भी तो संभव नइहे....ता का करन अउ का करे जाय...जेकर ले हमर जुन्ना पररम्परा अउ सभ्यता भी बने रहय अउ अवइया पीढ़ी मन बर जल संकट घलो झन होवय....काबर हम सब बर एक ठन चुनौती यहु हे के आने देश मन...ए सब के बावजूद अपन जम्मो जुन्ना परम्परा अउ सभ्यता ला घलो संजोके राखत हावय.....ता हमन काबर नइ कर सकन ?

अमृतदास साहू, कलकसा, डोंगरगढ़

मांघी पुन्नी म लगथे डोंगापथरा म मेला

माघी पुन्नी के दिन स्नान अउ दान के अड़बड़ महत्व होथे। जम्मों पबरित नदिया तीर म इहि दिन मेला भराथे। बछर भर ले मनखे मन मेला के अगोरा जोहत रहिथे। लइका, सियान, बुढ़वा,जवान जम्मों झन मेला घूमे ल आथे अउ अपन सगा-पहुना, संगी संगवारी ले भेंट-मुलाकात करत संग म मेला घूमथे।

धमतरी ले तीन कोस के दूरिहा म हावय 'डोंगापथरा'- छत्तीसगढ़ के कोरा म बसे दाई बिलई माता के धाम धमतरी ले तीन कोस के दूरिहा म बसे देवपुर गांव। जिहां एकठन बड़का पथरा हवय जेन हर सिरतोन के 'डोंगा कस दिखते। जेन म आस्था के एकठन कहिनी समाय हवय। डोंगा कस दिखत पथरा ल भगवान के स्वरूप मान के लोगन मन उंकर पूजा पाठ करथे।

इही पथरा के डोंगा ल डोंगापथरा कहे जाथे अउ इही जगह ल डोंगेश्वर धाम के नाव ले जाने जाथे। ए जगह म डोंगापथरा के संग-संग,आने-आने समाज के एक दर्जन अउ मंदिर हवय जेनो हर आस्था के प्रतिक आय। मांघी पुन्नी म हर साल इहां बिकट मेला भराथे। आस-पास अउ दूरदराज ले मनखे मन डोंगा पथरा के मेला जरूर आथे।

दर्जन भर हावय मंदिर-देवपुर के डोंगेश्वर धाम मंदिर परिसर म,डोंगापथरा मंदिर के संगेसंग पातालेश्वर महादेव मंदिर, निषाद समाज के रामजानकी मंदिर, यादव समाज के राधा-कृष्ण मंदिर, आदिवासी गोड़ समाज केबड़ादेव मंदिर, कंवर समाज के रामजानकी मंदिर, मानिकपुरी समाज के कबीर मठ, विश्वकर्मा समाज के विश्वकर्मा मंदिर, साहू समाज के संत मां कर्मा मंदिर, जनजागरण समिति के दुर्गा मंदिर, देवांगन समाज केपरमेश्वरी मंदिर, अखाड़ा समिति का हनुमान मंदिर सहित अउ कतकोन मंदिर मन परिसर म हवय।

आस्था ले जुड़े कहिनी डोंगापथरा के पाछू एकठन कहिनी समाय हवय। जेन हर लोगनमन ल आस्था ले जोड़थे,त आवव वो कहिनी ल जानथन। महानदी के तिर म भवरगढ़ रिहिस जेन ह रनदिया के तिर म बसे रिहिस। नदिया तिर म एक ठन टीला रिहिस जिहाम राजा के महल रिहिस। बरसात के समय म महानदी म अब्बड़ बाड़ आइस। चारो कोती त्राहि त्राहि मचगे। प्रजामन अपन सब जिनिस ल छोड.के बाड़ ले बाचे बर दूरिहा चल दिस। फेर बाढ़ म राजा, रानी,अउ उकर एकेझन बेटा हर फंसगे। तब राजा हर घलो बाढ़ ले बाचे बर अपन जम्मों महल ,अटारी अउ जिनिस ल छोड़ के परिवार समेत दूरिहा जाय के सोचिस। एकझन केंवट ल कहिस हमन ल डोंगा ले महानदी पार करा दे बदला म तोर मेहताना गहना अउ धन देय के वादा करिस। डोंगा म बइठ के सबोझन जाय लगिस। जावत-जावत बीच मझधार म डोंगा हर रुकगे। केंवट अब्बड़ अरजी बिनती करिस त भोले डोंगा हर आगु डहर जाय के नाव नइ लिस।

राजा ले मांगिस बेटा के पूजवन-तब केंवट हर राजा ले कहिस बिना पूजा पाठ करे डोंगा ल पानी म उतार परेव हव तेकर सेती ऐसना होवत हे। पूजा पाठ करे ल परही तभे डोंगा हर पानी म आगू बढ़ही। ए कर बर आप ल पूजा म अपन एकलौता बेटा के पुजवन दे ल परही। तभे डोंगा हर आगू बड़ही। मनाही करे म डोंगा हर आगू नइ बढ़य। राजा गंगा मइय्या ले देवपुर गांव पार कराय खातिर मनेमन म प्रार्थना करे लगिस। केंवट के गोठ ल सुन के रानी हर कहिस-एहर मोर एकलौता बेटा आय मेहर मोर बेटा के पूजवन नइ दे सकंव।

लकड़ी के डोंगा पथरा बनगे-पानी म जोर के लहरा आइस अउ डोंगा ल खपल दिस। जेकर ले डोंगा म बइठे राजा-रानी,उंकर बेटा अउ केंवट पानी म बुड़ के मरगे अउ लकड़ी के डोंगा हर उही मेरा पथरा के बनगे। आज जेन मेरा डोंगा पथरा के मंदिर हवय ओहर कभू महानदी के बीच के भाग रहत रिहिस। इही जगह म लकड़ी के डोंगा हर खपलागे रिहिस जेकर ले राजा- रानी संग जम्मों झन पानी म बुड़ के मरगे रिहिस।

इही घटना ल आस्था मान के मनखे मन डोंगापथरा ल भगवान के स्वरूप मानथे अउ फल-फूल, नारियर, अगरबत्ती ले पूजा पाठ करथे। हर बछर मांघी पुन्नी म इहि जगह म बिकट जबर मेला भराथे। जेन हर आसपास के बड़का मेला आय।

—प्रीतम कुमार साहू, गुरुजी लिमतरा, धमतरी

चुनई के गोठ-बात!!

चुनई तीर आगे हे,
चर्चा हे जीत हार के,
नेता मन रोवत हाबे
पोंगा म मुंह फार के।
कोनो ह बदलबो कहिथे,
कोनो हर अउ जीतबो
नचकारीन ले घूमत हाबे,
गाड़ी म बइठार के।
घोसना हर कागज
कोठ म तको पोता जाहि,
गोड़ धरे हाथ जोरे
गोठ करे जय जोहार के।
बिकास के अंधियारी म
जनता घलो झपागे,
नवा नेवरनिन दुल्हिन ल
देखे लोगन दिया बार के।
बाढ़े महंगाई ले
जिनगी घलो सिट्ठागे,
कहां मजा लिही जनता
दू चकिया अउ चार के।
जनता देखे बोकबाय,
हो हल्ला ल सकपका के
पक्ष-विपक्ष म गदर माते,
जइसे सिधवा हे दरबार के।
देश ह आगू कइसे बढ़े
नेता के भ्रष्टाचार म,
तरसे मन हरिया जाथे
लबरा के गोठ बात म।
किसम-किसम के नेता मिलिस
भागगे मोटर कार म,
लुलवावत रहिजथे जनता
रमशीला समारू के राज म।।

—मदन मंडावी
(ढारा,करेला) डोंगरगढ़,

आरंग नाव बने के कहिनी

ए घटना ह अर्जुन अउ श्रीकृष्ण दूनों ले अबड़ जनाइस । काबर के राजा मोरध्वज अपन लइका के अंग ल आरा म चीर दिहिन एही नाव ले ये जगा के नाव आरंग (आरा +अंग)परिस।

आज आरंग ह भक्ति अउ इतिहास के पावन भुइयां आय।

आरंग नाव कइसे पड़िस एकर पाछू के रहस्य बीरता अउ भक्ति के कहिनी आय। छत्तीसगढ़ के आरंग सिरिफ एक जगा नोहय, फेर एहर भक्ति, वीरता अउ बलिदान के अमर कहिनी ल संघेरे रहस्य घलोक आय। एकर इतिहास महाभारत के अश्वमेध यज्ञ ले जुरे हे। जब एक राजा अपन भक्ति के परिक्छा म अपन मयारू लइका ला आरा ले चीरे बर तइयार हो गिस।

महाभारत युद्ध के बाद, पांडव मन अश्वमेध यज्ञ करिन, जेमा यज्ञ के घोड़ा ला छोड़ दीहिन। जउन जउन कति वो घोड़ा पार करय, ओति के राज वाला मन पांडव मन के राज स्वीकार करत गिस। अर्जुन ओखर रछा करत रिहिन। घोड़ा रतनपुर म पहुँचिस, जिहां के राजा मोरध्वज (मयूरध्वज) बड़ धरमात्मा अउ भगवान विष्णु के परम भक्त रिहिन। ओखर लइका ताम्रध्वज, जउन नानपन ले युद्ध कला म निपुण रहिस, ओ घोड़ा ला छेक के अर्जुन ला चुनौती दे दिहिस।

ताम्रध्वज के तीर ले अर्जुन चक्कर खा के गिरिस।

अर्जुन अउ ताम्रध्वज दुनो के बीच म बनेच युद्ध होइस। कोई सोचे घलोक नइ रहिस कि एक जवान लइका अर्जुन जइसन महायोद्धा ला टक्कर दे सकही। फेर जब ताम्रध्वज के एक तीर अर्जुन ल लगिस, त अर्जुन भुइयां म उलन्द के चक्कर खा के गिर गिस। ताम्रध्वज घोड़ा ला रतनपुर म लहुटा के लेगे, अउ नगर म जीते के तिहार मनाइस। जब अर्जुन होस म आइस, त श्रीकृष्ण ओखर सामने बइठे रहिन। अर्जुन समझ गिस कि ताम्रध्वज एक बीर होय के संगे म भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भक्त घलोक आय।

राजा मोरध्वज के भक्ति के कठिन परिक्छा अर्जुन श्रीकृष्ण ले पूछिन, का कोई मोर ले बड़ दानी अउ भक्त कोई हो सकत हे ?श्रीकृष्ण मुस्कुराइन अउ कहिन, आ मैं तोला देखावथव।

श्रीकृष्ण अउ अर्जुन बावहनअउ सिंह के रूप ल धरिन अउ राजा मोरध्वज के दरबार म पहुँचिन। बावहन के रूप ल धरे कृष्ण कहिस राजन ए हमर सिंह ह बहुत दिन ले भुखन हे एला मांस चाही, राजा कहिस छेरी के मांस दे देथव। बावहन भड़कत कहिस एहा कोई साधारन सेर नोहय एहा सिरिफ मनखे के जेवनी कति के मांस ल खाथे। मोरध्वज अपन जेवनी मुड़ा के मास ल देहे बर तइयार हो जाथे फेर बावहन कथे ए सिरिफ सच्चा भक्त के लइका के मांस ल खाथे। का तंय अपन लइका के मास ल देबे ?राजा मोरध्वज अउ ओखर रानी कुछु सोचे समझे बिन कहिन, भगवान के एहि इच्छा हे, त हमन अपन लइका के मांस देहे बर तइयार हन।

आरा ले चीरे के किरिया अउ भगवान के चमत्कार-बावहन कहिस-फेर तोर लइका ल तुमन दुनो जुरमिल के आरा म चीरा। फेर राजा अउ रानी अपन सोगहा लइका ताम्रध्वज ला आरा म चीरे बर बइठ गिन अउ चिर दीहिन। अर्जुन एला देख के रो परिस। एखर पहिली ओहर अइसन निसुआरथ भक्ति नइ देखे रहिस। फेर श्रीकृष्ण अपन असल रूप म प्रकट हो गिन अउ राजा ला बरदान दिहिस अउ ताम्रध्वज ल फेर जिन्दा कर दीहिस।

कइसे परिस आरंग नाव ? ए घटना ह अर्जुन अउ श्रीकृष्ण दूनों ले अबड़ जनाइस । काबर के राजा मोरध्वज अपन लइका के अंग ल आरा म चीर दिहिन एही नाव ले ये जगा के नाव आरंग (आरा +अंग)परिस।

आज आरंग ह भक्ति अउ इतिहास के पावन भुइयां आय। आरंग छत्तीसगढ़ के रायपुर जिला के एक ठन नगर आय जउन अपन धारमिक अउ ऐतिहासिक महत्व बर जाने जाथे।

-त्रिभुवन लाल साहू, बोड़सरा जांजगीर

देश विदेश

स्पेसएक्स ने 23 स्टारलिंक उपग्रहों को कक्षा में किया प्रक्षेपित

लॉस एंजेल्स, 22 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिका की निजी अंतरिक्ष कंपनी स्पेसएक्स ने शुक्रवार को 23 स्टारलिंक उपग्रहों को कक्षा में प्रक्षेपित किया।स्पेसएक्स के अनुसार उपग्रहों को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से पूर्वी समय सुबह करीब 10:19 बजे पर फाल्कन 9 रॉकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। यह फाल्कन 9 रॉकेट का 450वां मिशन है। स्पेसएक्स ने बताया कि प्रक्षेपित 23 स्टारलिंक उपग्रहों में से 13 डायरेक्ट टू कॉल क्षमता वाले हैं। स्पेसएक्स के अनुसार इंटरनेट रहित क्षेत्रों में स्टारलिंक के माध्यम से हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड इंटरनेट की पहुंच होगी।

दो बंधकों के बदले इजरायल 602 कैदियों को करेगा आजाद

■ **इजरायल व हमास के बीच युद्ध विराम समझौते का पहला चरण 19 जनवरी को हुआ था लागू**

यरूशलम, 22 फरवरी (एजेंसियां)। फिलिस्तीनी ग्रुप हमास ने शनिवार को गाजा युद्धविराम समझौते के तहत दो बंधकों - ताल शोहम और एवेरा मेंगिस्टू को रेड क्रॉस को सौंप दिया। आईडीएफ ने दोनों के इजरायल पहुंचने की पुष्टि कर दी है।

हमास की ओर से जारी किए गए एक वीडियो में शोहम और मेंगिस्टू को राफा में हमास के वाहनों से बाहर निकलते हुए दिखाया गया। दोनों स्पष्ट रूप से कमजोर दिखाई दे रहे हैं। आईडीएफ ने एक्स पर पोस्ट किया कि 3,812 दिनों के बाद एवेरा और 504 दिनों के बाद ताल घर आ गए। चार और इजरायली बंधकों को भी 22 फरवरी को ही रिहा किया जाना है। इजरायल आज 602 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने जा रहा है। बता दें इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते का पहला चरण 19 जनवरी को लागू हुआ था। इससे पहले हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने इजरायली बंधक शिरी बिबास का शव अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (आईसीआरसी) को सौंप दिया।

फिलिस्तीनी ग्रुप के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, नाम न बताने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि इजरायली हवाई हमलों के कारण हुई अराजकता के कारण यह गड़बड़ी हुई, जिसके कारण शवों की गलत पहचान हो गई। हमास अधिकारी ने कहा कि यह अनजाने में हुई गलती थी, क्योंकि जिस क्षेत्र में शिरी का शव रखा गया था, उस क्षेत्र पर इजरायली हमलों के कारण उसका शव अन्य शवों के साथ मिल गया।

बता दें गुरुवार को हमास ने चार बंधकों के शव इजरायल को सौंपे थे। इनमें से तीन शवों की पहचान हो गई जबकि चौथा शव, [जिसे शिरी का शव माना जा रहा था] एक अज्ञात महिला का निकला।इज़रायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बताया कि सौंपे गए चार शवों में से दो की पहचान शिरी के बेटों एरियल और केफिर के रूप में हुई। एक शव ओडेड लिफशिट्ज का था। आईडीएफ ने कहा कि पहचान प्रक्रिया के दौरान, यह सामने आया कि जो चौथा शव प्राप्त हुआ है, वह शिरी बिबास का नहीं था, और किसी अन्य बंधक से भी उसका कोई मेल नहीं पाया गया।

हमास ने शिरी बिबास का शव रेड क्रॉस को सौंपा

गाजा। हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने इजरायली बंधक शिरी बिबास का शव अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस समिति (आईसीआरसी) को सौंप दिया है। फिलिस्तीनी ग्रुप के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। शिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, नाम न बताने की शर्त पर अधिकारी ने बताया कि इजरायली हवाई हमलों के कारण हुई अराजकता के कारण यह गड़बड़ी हुई, जिसके कारण शवों की गलत पहचान हो गई। हमास अधिकारी ने कहा कि यह अनजाने में हुई गलती थी, क्योंकि जिस क्षेत्र में शिरी का शव रखा गया था, उस क्षेत्र पर इजरायली हमलों के कारण उसका शव अन्य शवों के साथ मिल गया। बता दें गुरुवार को हमास ने चार बंधकों के शव इजरायल को सौंपे थे। इनमें से तीन शवों की पहचान हो गई जबकि चौथा शव, [जिसे शिरी का शव माना जा रहा था] एक अज्ञात महिला का निकला।इज़रायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने बताया कि सौंपे गए चार शवों में से दो की पहचान शिरी के बेटों एरियल और केफिर के रूप में हुई। एक शव ओडेड लिफशिट्ज का था। आईडीएफ ने कहा कि पहचान प्रक्रिया के दौरान, यह सामने आया कि जो चौथा शव प्राप्त हुआ है, वह शिरी बिबास का नहीं था, और किसी अन्य बंधक से भी उसका कोई मेल नहीं पाया गया।

■ **फिलिस्तीनी ग्रुप ने गलती का ठीकरा इजरायल पर फोड़ा**

पांच जगहों से सेना हटाने के लिए इजरायल पर डालें दबाव : लेबनान

बेरूत। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने अमेरिका से लेबनानी सेना को उपकरण और संसाधनों के साथ समर्थन जारी रखने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने वाशिंगटन से आग्रह किया कि वह इजरायल पर पांच जगहों से अपनी सेना हटाने के लिए दवाब डाले।

लेबनान के राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, औन ने बेरूत में कांग्रेस सदस्य डेरेल इस्सा के नेतृत्व में अमेरिकी कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान यह बात कही। औन ने वाशिंगटन से यह भी आग्रह किया कि वह इजरायल पर दक्षिणी लेबनान में उसके कब्जे वाले पांच जगहों से पूरी तरह हटने के लिए दबाव डाले।

सुडोकू 6834

	1		7	8		6		4
	5	8		2	4			
4				5		1	8	
2					6		1	9
	3	9	2		8	4	6	
8	4		5					7
	8	3		1				6
			4	3		2	9	
9		4		6	5		3	

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6834



बायें से दायें:-

१. प्राचीन कालीन, प्राचीन काल की बातों के अनुसंधान तथा अध्ययन संबंधी
४. कारखाना, लोहे-लकड़ी की चीजों के निर्माण या अन्य वस्तुओं के निर्माण की जगह
६. किसी चीज का टूटा हुआ हिस्सा
७. हिमालय की बर्फीली चोटियों पर प्राप्त बड़े-बड़े पदचिन्हों वाला कल्पित रहस्यमय प्राणी, येति
८. पैरों की धूल
१०. रवैया, रीति-रिवाज, तौर-तरीका
११. जिस किसी कारण वश अपने स्थान या पद से हट जाना पड़ा हो, पदच्युत
१३. एक प्रकार का श्वांस रोग
१४. सौगंध, कसम, हलफ़
१५. सिरमौर (उर्दू)
१७. लौटा या लौटाया हुआ, पुन: प्राप्त
१९. सूचित करना
२१. ध्यान बंटा कर दिया गया धोखा
२१. कलंकित
२४. नगरवासी

ऊपर से नीचे:-

१. धार्मिक कृत्य करने वाला
२. व्यंग्य या चुटीली बातें करना (मुहावरा)
३. कड़वी एवं अप्रिय बात
४. कठोरता
५. चालाक, काइयां, चोर, गठकतरा (उर्दू)
९. जनता की भावना
११. दानव, राक्षस
१२. मोती, सीप से उत्पन्न
१३. या
१४. बलि चढ़ाकर शांति-रक्षा का प्रयास करने वाला
१५. साथ चलने वाला, साथी
१६. किसी के शरीर या वातावरण की उष्णता
१८. चिड़िया, पक्षी (उर्दू)
१९. बहरा
२०. अबोध, मूर्ख (उर्दू)
२३. किसी फल आदि का निचोड़, आनंद भाव

वर्ग पहेली-6833

१ प	रा	२ का	छा	■	■	३ बे	ल	४ गा	म
रि	■	न	■	५ अ	हा	ई	■	चि	■
६ प	ता	का	■	वि	■	७ मा	र	का	८ ट
क्व	■	क	■	९ भ	वा	नी	■	■	र
■	१० उ	च्चा	११ यु	क्त	■	■	१२ अ	टू	ट
■	जा	■	द्ध	■	१३ अ	चं	भा	■	रा
१४ ना	ला	१५ य	क	■	पि	■	१६ व	१७ र	ना
स	■	ज	■	१८ आ	तु	१९ र	■	सा	■
२० म	हि	मा	■	लं	■	२१ ज	हा	ल	२२ त
झ	■	२३ न	क	ब	ज	नी	■	■	म

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 23 फरवरी, 2025 फाल्गुन कृष्ण पक्ष 11

राशिफल

मेष - आज आप सुस्त रहेंगे। शरीर में ताजगी का अभाव रहेगा। स्वभाव में उग्रता बढ़ने से आपका काम बिगड़ सकता है, इसलिए उग्रता पर अंकुश में रखना हितकर है।

वृषभ - अत्यधिक कार्यभार तथा खान-पान में असावधानी रखने के कारण स्वास्थ्य नरम-गरम बना रहेगा। पर्याप्त मात्रा में नींद और आहार न मिलने से मन बेचैन रहेगा। आज प्रवास न करना आपके हित में है। यात्रा में विघ्न आ सकता है।

मिथुन - मौज-मस्ती और मनोरंजन की प्रवृत्तियों में आपको विशेष रुचि होगी। परिजन, दोस्तों या प्रिय व्यक्ति के साथ बाहर घूमने-फिरने का आयोजन होगा। सार्वजनिक जीवन में मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्क - आज के दिन आपको चिंता रहित और खुश रखेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विशेष समय व्यतीत करेंगे। कार्य में सफलता और यश मिलेगा। नौकरीपेशा वालों को नौकरी में लाभ होगा।

सिंह - आज आप शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से काम करेंगे। सृजनात्मक प्रवृत्तियों में विशेष दिलचस्पी रहेगी। साहित्य और कला के क्षेत्र में कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी। प्रेमीजनों और प्रिय व्यक्ति के साथ मुलाकात होगी।

कन्या - आज आपको विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी। मन पर चिंता का बोझ रहने से मानसिक बेचैनी का अनुभव होगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ विवाद होगा।

तुला - नए काम की शुरूआत के लिए दिन अनुकूल है। भाग्यवृद्धि और धनलाभ की संभावनाएं हैं। पारिवारिक या व्यावहारिक काम के लिए बाहर जाना पड़ेगा। धार्मिक प्रवास का सफल आयोजन होगा। विदेश से शुभ समाचार मिलेगा।

वृश्चिक - आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। ज्यादातर समय चुप रहेंगे, तो पारिवारिक सदस्यों के साथ संघर्ष से बच सकेंगे। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। अनावश्यक खर्च पर अंकुश लगाना आवश्यक है।

धनु - आज आपके तन-मन की स्वस्थता बनी रहेगी। आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा होगी। स्नेहीजन और मित्रों से मिलकर आनंद का अनुभव होगा। पारिवारिक संबंध गहरे बनेंगे। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

मकर - आज आप धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। पूजा- पाठ या धार्मिक कामों के पीछे धन खर्च होगा। सगे-संबंधियों तथा परिजनों के साथ संभलकर बोलें, क्योंकि आपकी वाणी से किसी को चोट पहुंच सकती है।

कुंभ - नए काम को आज शुरू कर देंगे। नौकरी धंधे में लाभ के साथ अतिरिक्त आय होगी। दोस्तों, खासकर महिला मित्रों से आपको लाभ होगा। सामाजिक मंडल में आप ख्याति और प्रतिष्ठा प्राप्त कर सकेंगे।

मीन - आपके लिए आज का दिन शुभफलदायक है। काम की सफलता और उच्च अधिकारियों का प्रोत्साहन आपके उत्साह को दोगुना करेंगे। व्यापारियों की भी आय में वृद्धि होगी। बकाया राशि का भुगतान होगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

शिनबाम ने विदेशी जासूसों के लिए कठोर दंड की चेतावनी दी

मेक्सिको सिटी, 22 फरवरी (एजेंसियां)। मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि बिना अनुमति के सुरक्षा संबंधी गतिविधियों को अंजाम देने वाले किसी भी विदेशी नागरिक को कठोर दंड और तत्काल कारावास का सामना करना पड़ेगा। सुश्री शिनबाम ने एक प्रेस कॉफ्रेंस में कहा कि कोई भी विदेशी जो सहयोग, समन्वय और राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के ढांचे के बाहर गतिविधियों में शामिल है, उसे हिरासत में लिए जाने पर कठोरतम संभव दंड मिलेगा।उन्होंने कहा कि हम मेक्सिको की रक्षा कर रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि मैक्सिकन ड्रग कार्टेल को आतंकवादी संगठन के रूप में अमेरिका द्वारा नामित करना मेक्सिको में हस्तक्षेप के बहाने के रूप में काम नहीं करना चाहिए।सुश्री शिनबाम ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को मजबूत करने के उद्देश्य से दो संवैधानिक सुधार प्रस्ताव पेश किए। यह कदम अमेरिकी सरकार द्वारा छह मैक्सिकन ड्रग कार्टेल को आतंकवादी संगठनों की अपनी सूची में जोड़ने के बाद उठाया गया।

कांगो में एम23 विद्रोही यूएन शांति अभियानों में डाल रहे बाधा : संरा

संयुक्त राष्ट्र, 22 फरवरी (एजेंसियां)। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में संयुक्त राष्ट्र मिशन के प्रमुख ने कहा कि पूर्वी उत्तर किवु प्रांत में रवांडा समर्थित एम23 विद्रोही शांति अभियानों में बाधा डाल रहे हैं।

डीआरसी में संयुक्त राष्ट्र मिशन [जिसे मोनूस्को के नाम से भी जाना जाता है[, के प्रमुख बिंटौ केता, ने कहा कि रवांडा के रक्षा बलों के समर्थन से एम23 द्वारा उत्तरी किवु के कुछ हिस्सों पर लगातार कब्जे ने मोनूस्को की मिशन आवश्यकताओं को पूरी तरह से लागू करने की क्षमता को गंभीर रूप से बाधित कर दिया है। उन्होंने कहा कि विद्रोही मिशन को नागरिकों की सुरक्षा करने और जीवन रक्षक ऑपरेशन करने से रोक रहे हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, किंशासा से वीडियो लिंक के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए यूएन महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के डीआरसी में विशेष प्रतिनिधि ने कहा कि एम23 दक्षिण किवु में आगे बढ़ रहा है और डीआरसी की राजधानी तक पहुंचने के अपने घोषित उद्देश्य के तहत काम कर रहा है।

सुरक्षा परिषद से संशोधित आदेश मिलने और किंशासा सरकार के अनुरोध पर मोनूस्को पिछले वर्ष दक्षिण किवु से हट गया था। कीता ने कहा कि मोनूस्को के समक्ष परिचालन संबंधी चुनौतियां गलत सूचनाओं और घृणा अभियानों के कारण और भी जटिल हो गई हैं, जो जानबूझकर संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के जीवन को खतरे में डालती हैं। उन्होंने कहा कि शांति सैनिक पूर्वी डीआरसी में आंतरिक रूप से लाखों विस्थापित लोगों की सुरक्षा करते हैं। महासचिव के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि मानवीय सहयोगियों ने चिंता जताई है कि दक्षिण किवु के उविरा में चल रही झड़पों के कारण जरूरतमंद लोगों और एंबुलेंस तक पहुंच में बाधा आ रही है।

मोनूस्को के समक्ष परिचालन संबंधी चुनौतियां गलत सूचनाओं और घृणा अभियानों के कारण और भी जटिल हो गई हैं : कीता

अपनी जड़ों का सम्मान

काश पटेल ने गीता पर हाथ रखकर ली शपथ

वाशिंगटन, 22 फरवरी (एजेंसियां)। काश पटेल ने शनिवार को भगवद गीता पर हाथ रखकर संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के नौवें निदेशक के रूप में शपथ ली। 44 वर्षीय पटेल एफबीआई का नेतृत्व करने वाले पहले हिंदू-भारतीय और एशियाई मूल के व्यक्ति बन गए हैं।

अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी ने पटेल को शपथ दिलाते हुए कहा, अपना हाथ गीता पर रखें और अपना दाहिना हाथ ऊपर उठाएं। शुक्रवार को आइजनहावर एग्जीक्यूटिव ऑफिस बिल्डिंग में भारतीय संधि कक्ष में शपथ लेते समय पटेल की गर्लफ्रेंड एलेक्सिस विल्किंस ने भगवद गीता को हाथ में लिया। इस समय पटेल के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे।

सोशल मीडिया पर पटेल के भगवद गीता की शपथ लेने के फैसले की जमकर तारीफ की जा रही है। भगवद गीता एक ऐसा हिंदू धर्मग्रंथ है जो लंबे समय से धार्मिक नेतृत्व, न्याय और नैतिक दृढ़ता के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ रहा है। एफबीआई में विश्वास बहाल करने के लिए इन गुणों को जरूरी माना जाता है। एक यूजर ने पोस्ट किया कि काश पटेल ने भगवद गीता पर एफबीआई निदेशक के रूप में शपथ ली - नेतृत्व का एक नया युग। एक अन्य पोस्ट में कहा गया कि अमेरिकी शासन और हिंदू प्रतिनिधित्व दोनों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, काश पटेल ने एफबीआई निदेशक के रूप में पद की शपथ ली, उन्होंने भगवद गीता पर अपना हाथ रखा - जो कर्तव्य, निष्ठा और अटूट संकल्प का प्रतीक है।

■ **सोशल मीडिया पर जमकर बटोरी वाहवाही**

चीन में मिला नया बैट कोरोनावायरस, इंसानों में फैलने की आशंका

बीजिंग, 22 फरवरी (एजेंसियां)। चीनी वैज्ञानिकों की एक टीम ने चमगादड़ में एक नया कोरोना वायरस, एचकेयू5-सीओवी-2, खोजा है, जो इंसानों को संक्रमित कर सकता है। इस टीम का नेतृत्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक शी झेंगली कर रही हैं, जिन्हें बैटवुमन कहा जाता है क्योंकि उन्होंने कोरोनावायरस पर बहुत शोध किया है। इस खोज ने जानवरों से इंसानों में फैलने वाली एक और संभावित वायरस बीमारी के खतरे के प्रति चिंता को बढ़ा दिया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, शोधकर्ताओं ने पाया कि एचकेयू5-सीओवी-2 वायरस इंसानों के एसीई2 रिसेप्टर से जुड़ सकता है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

बोलेरो पलटने से...

घायल हुए हैं। 9 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें रायपुर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके परर पहुंची, लेकिन, उस समय हादसे को काफी देर हो गया था। हालांकि नगर के युवकों ने गरियाबंद से 6 किलोमीटर दूर पहुंचकर घायलों को वाहनों से गरियाबंद अस्पताल लाकर भर्ती करा दिया था।

आज का इतिहास

1881-भारत के सुप्रसिद्ध राष्ट्रभक्त एवं क्रांतिकारी सरदार अजीत सिंह का जन्म।
1886-अमेरिका के रसायनशास्त्री और आविष्कारक मार्टिन हेल ने अलम्यूनियम की खोज की।
1913-भारत के प्रसिद्ध जादूगर पी. सी. सरकार का जन्म।
1940-रूसी सेनाओं ने यूनान के समीप स्थित लासी द्वीप पर क़ब्ज़ा किया।
1952-कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम पारित किया गया।
1954-भारत के प्रसिद्ध संत और संत निरंकारी मिशन के आध्यात्मिक गुरु बाबा हरदेव सिंह का जन्म।
1969-भारतीय फ़िल्म अभिनेत्री मधुबाला का निधन।
1970-गयाना देश गणराज्य बना और आज के दिन को इस देश का राष्ट्रीय दिवस घोषित किया गया।
1990-साहित्य जगत में उपन्यासकार के रूप में सर्वाधिक ख्याति प्राप्त करने वाले अमृतलाल नागर का निधन।
1998-जैविक एवं रासायनिक हथियारों की जांच को लेकर हुए गतिरोध को समाप्त करने के लिए सं.रा. महासचिव कोफी अन्नान व इराकी उपप्रधानमंत्री तारिक अजीज के बीच ऐतिहासिक समझौता सम्पन्न, विश्व में पहली बार बछड़े की प्रतिकृति क्लोन अमेरिका में तैयार।
2001-अमेरिकी सीनेट द्वारा सीटीबीटी खारिज, प्रक्षेपास्त्र रक्षा प्रणाली जारी रखने की घोषणा।
2003-कनाडा के डेविसन ने विश्वकप का सबसे तेज़ शतक लगाकर 1983 में बनाये गये कपिलदेव का रिकार्ड तोड़ा।
2005-अफ़ग़ानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई तीन दिवसीय यात्रा पर भारत पहुँचे।
2006-ईराक में जातीय हिंसा में 159 लोग मारे गये।
2007-पाकिस्तान ने शाहीन-2 का परीक्षण किया।
2008-10 साल बाद चुनार सीमेण्ट फैक्ट्री में उत्पादन शुरू हुआ। रक्षामंत्री ए.के. एंटनी ने जेट ट्रेनर हॉक विमान को देश के बेड़े में शामिल करने की औपचारिक घोषणा की।

आगाह *हिसयाओ बि-खिम ने हैलिफैक्स इंटरनेशनल सिक्योरिटी फोरम 2025 के समापन समारोह में कहा,*

ताइवान अपनी आत्मरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध

ताइपे, 22 फरवरी (एजेंसियां)। ताइवान की राजधानी ताइपे में हैलिफैक्स इंटरनेशनल सिक्योरिटी फोरम 2025 के समापन समारोह में उपराष्ट्रपति हिसयाओ बि-खिम ने कहा कि ताइवान अपनी आत्मरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपने सहयोगियों और समान विचारधारा वाले देशों से वैश्विक शांति और समृद्धि बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए ताइवान बहुत महत्वपूर्ण है।

शुक्रवार को अपने भाषण में हिसयाओ ने ताइवान के हवाई क्षेत्र में चीन की लगातार घुसपैठ और ताइवान पर हो रहे साइबर हमलों का जिक्र किया। ताइवान के प्रमुख समाचार पत्र ताइपे टाइम्स के अनुसार, उन्होंने कहा कि ताइवान ने चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और उसकी सेना से होने वाले खतरों का सामना करने के लिए एक खास तरीका अपनाया है।

गुरुवार को राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने 2025 हैलीफ़ैक्स ताइपे फ़ोरम के उद्घाटन में हिस्सा लिया। अपने भाषण में राष्ट्रपति लाई ने हैलीफ़ैक्स इंटरनेशनल सिक्योरिटी फ़ोरम का ताइवान के लिए मजबूत समर्थन देने और इस फ़ोरम को आयोजित करने के लिए उत्तरी अमेरिका के बाहर पहले स्थान के रूप में ताइवान को चुनने के लिए धन्यवाद किया।

राष्ट्रपति लाई ने यह बताते हुए कि ताइवान एक जटिल वैश्विक स्थिति का सामना कर रहा है, अंतरराष्ट्रीय समुदाय से कार्रवाई करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ताइवान प्रथम द्वीप श्रृंखला पर एक महत्वपूर्ण स्थान पर है और सीधे एक सत्तावादी खतरे का सामना कर रहा है। लेकिन हम डरेंगे नहीं। हम मजबूत रहेंगे, अपनी राष्ट्रीय स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे, अपनी स्वतंत्र और लोकतांत्रिक जीवनशैली को बनाए रखेंगे, और ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखेंगे।

उन्होंने कहा कि ताइवान शांति को महत्व देता है, लेकिन हमें शांति को लेकर कोई गलतफहमी नहीं है। हम ताकत के जरिए शांति बनाए रखेंगे। एक मजबूत ताइवान बनाने और स्वतंत्र व लोकतांत्रिक समुदाय को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे। राष्ट्रपति लाई ने ताइवान जलडमरूमध्य की स्थिति को हमेशा महत्व देने के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय का धन्यवाद किया।

राष्ट्रपति लाई के कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि हाल ही में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जापान के प्रधानमंत्री इशिबा शिगेरू ने एक संयुक्त बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय मामलों में ताइवान की भागीदारी के लिए अपना मजबूत समर्थन जताया।

ताइवान प्रथम द्वीप श्रृंखला पर एक महत्वपूर्ण स्थान पर है और सीधे एक सत्तावादी खतरे का सामना कर रहा है : हिसयाओ

दुनिया को जानें

नासा विज्ञान को चंद्रमा की सतह पर पहुंचाने के लिए चंद्र मिशन शुरू करेगी इंट्यूटिव मशीन

लॉस एंजिल्स, 22 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी कंपनी इंट्यूटिव मशीन इस महीने के अंत में नासा विज्ञान को चंद्रमा की सतह पर पहुंचाने के लिए अपना दूसरा चंद्र मिशन शुरू करेगी। नासा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस मिशन का कोडनेम आईएम-2 है। यह बुधवार 26 फरवरी को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर उड़ान भरेगा। नासा के अनुसार प्रक्षेपण के बाद इंट्यूटिव मशीन का चंद्र लैंडर, एथेना, गुरुवार 06 मार्च से पहले चंद्रमा की सतह पर उतरने से पहले लगभग एक सप्ताह चंद्रमा पर पारगमन में बिताएगा। नासा के अनुसार लैंडर चंद्रमा के पर्यावरण को और अधिक समझने के लिए नासा विज्ञान जांच और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन ले जाएगा और भविष्य के मानव मिशनों को चंद्र सतह पर तैयार करने में मदद करेगा। आईएम-2 के साथ राइडशेयर के रूप में लॉन्च होने वाला नासा का लूनर ट्रेलब्लेज़र अंतरिक्ष यान भी चंद्र कक्षा की ओर अपनी यात्रा शुरू करेगा।



खेल जगत

भारत को पाकिस्तान के खिलाफ सतर्क रहना होगा: परांजपे

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर और राष्ट्रीय चयनकर्ता जतिन परांजपे का मानना है कि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम पाकिस्तान के खिलाफ अपने बहुप्रतीक्षित चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबले को जीतने के लिए आशावादी रहेगी, लेकिन उन्हें मोहम्मद रिजवान एंड कंपनी के अप्रत्याशित होने के कारण सतर्क रहना होगा। रविवार को, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी का माहौल चरम पर पहुंच जाएगा, जब भारत दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खचाखच भरे दर्शकों के सामने ग्रुप ए के एक बहुप्रतीक्षित मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगा। दोनों टीमों के बीच आखिरी बार एकदिवसीय मैच अहमदाबाद में 2023 विश्व कप में हुआ था, जिसमें टूर्नामेंट के मेजबान भारत ने सात विकेट से जीत दर्ज की थी। 'भारत पाकिस्तान के खिलाफ मैच में बहुत सतर्क तरीके से उतरेगा।

भारत और पाक महा मुकाबला आज

भारत शुभमन गिल और शमी जैसे मैच जिताने वाले क्रिकेटरों के बूते पाक से हिसाब चुकाने को बेताब

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 22 फरवरी (देशबन्धु)। भारत और पाकिस्तान के बीच चाहे वह वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच हो, टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच या फिर टेस्ट, मैदान पर

- ■ भारत और पाक में जो भावनाओं पर काबू रखेगा, जीत उसी के हिस्से आएगी
- ■ भारत को विराट और पाक को बाबर आजम से बड़ी पारी की आस
- ■ भारत की कोशिश अक्षर, जडेजा व कुलदीप की स्पिन त्रिमूर्ति के सहारे पाक को बांधने की

एक ऐसा अनूठा रोमांच देखने को मिलता है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल होता है। दोनों टीमों के क्रिकेटरों के साथ क्रिकेट प्रेमियों की भावनाओं का समुंदर खुल का हिलोरे मारता है। रविवार को सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की अगुआई वाली भारतीय टीम और विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की कप्तानी में उतरने वाली पाकिस्तान टीम के बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के दुबई में खेले जाने वाले ग्रुप ए के क्रिकेट मैच पर दोनों मुल्कों के साथ दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें टिकीं रहेंगी। दोनों मुल्क अब तक आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में पांच बार आमने सामने हुए हैं और इनमें तीन बार बार मौजूदा चैंपियन पाकिस्तान और दो बार चैंपियन रही भारतीय टीम विजयी हुई है। भारत ने 2023 के वन डे विश्व कप सहित से पाकिस्तान से पिछले पांच में चार वन डे अंतरराष्ट्रीय मैच जीते हैं जबकि एक बेनतीजा रहा है। अपने उपकप्तान शुभमन गिल के लगातार दूसरे और कुल आठवें वन डे अंतरराष्ट्रीय शतक और 2023 वन डे विश्व कप फाइनल सहित सात मैचों में सबसे ज्यादा 24 विकेट चटकाने के बाद बाद चोट के चलते बाहर रह अब मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में अपना पहला आईसीसी टूर्नामेंट खेल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के गेंद से 'पंजे' के बूते भारत ने अपना अभियान तटस्थ स्थान दुबई में बांग्लादेश पर छह विकेट से जीत के साथ शुरू किया है।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी

मैच का समय: भारत वि.पाकिस्तान, दोपहर ढाई बजे से, दुबई

रंग में चल रहे शुभमन गिल, कप्तान रोहित शर्मा, केएल राहुल और फिलहाल संघर्ष कर रहे वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इकलौते शतकों का अर्द्धशतक पूरा करने वाले विराट कोहली जैसे बल्ले से अपने दम मैच जिताने में माहिर बल्लेबाजों, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के साथ खासतौर पर बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और लेग स्पिनर कुलदीप यादव के रूप में मौजूद स्पिन त्रिमूर्ति के बूते भारत बीच के ओवर में खासतौर पर पाकिस्तान के बाबर आजम, इमाम उल हक, मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा के साथ ऑलराउंडर खुशदिल शाह को बांध कर उससे 2017 के संस्करण के फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब चुकाने को बेताब है। भारत के पास पाकिस्तान से 2017 के संस्करण की हार का हिसाब चुकता कर चैंपियंस ट्रॉफी में तीन तीन की बराबरी का मौका है। ऑस्ट्रेलिया की तरह अब हुए आठ संस्करणों में सबसे ज्यादा दो दो बार खिताब जीतने वाली भारतीय टीम रविवार को पाकिस्तान को ग्रुप ए के अपने अहम मैच में हराती है तो वह आईसीसी चैंपियंस के इतिहास में 20 मैच जीतने वाली पहली टीम बन जाएगी। भारत के लिए बांग्लादेश पर मौजूदा संस्करण के पहले मैच में जीत से सबक यह है कि उसे पूरे मैच में चुस्त फील्डिंग करनी होगी जिससे की बांग्लादेश शुरू के पांच विकेट गंवाने के बाद 228 तक न पहुंच पाए। भारत के बांग्लादेश के खिलाफ छह विकेट से जीतने वाली टीम के साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ भी उतरने की उम्मीद है। यह दखना दिलचस्प होगा कि पाकिस्तान की स्पिनरों के खिलाफ खेलने की कमजोरी को देखते हुए क्या भारत हर्षित राणा को बाहर रख उनकी जगह चौथे स्पिनर के रूप में वरुण चक्रवर्ती को एकादश में शामिल करेगा?

भारत को जूझते अपने धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली और पाकिस्तान को बाबर आजम से बड़ी पारी की आस रहेगी। पाकिस्तान के शहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह और हैरिस रउफ जैसे तेज गेंदबाजों की त्रिमूर्ति और लेग स्पिनर अबरार आलम और बाएं हाथ के स्पिन ऑलाराउंडर खुशदिल शाह में से भारत को बस अबरार और नसीम शाह के खिलाफ जरूर कुछ चौकस रहना होगा। बेशक भारत के पास अपने बूते मैच जिताने वाले खिलाड़ी हैं लेकिन उसके और पाकिस्तान के बीच मैच में जो टीम भावनाओं पर काबू रखेगी जीत उसी के हिस्से आएगी। बाबर आजम (64) और खुशदिल शाह (69) के अलग अलग अंदाज में जड़े अर्द्धशतकों के बावजूद मेजबान पाकिस्तान कराची में अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड द्वारा जीत के लिए रखे 321 रन का लक्ष्य का पीछा करते हुए 260 पर आउट होकर 60 रन से हार गया था। भारत और पाकिस्तान के क्रिकेटर यह जानते हैं इसमें जीत उन्हें हीरो बना सकती है, हार जीरो। ऐसे में हर खिलाड़ी सभी रिकॉर्ड और पुराने प्रदर्शन को दरकिनार कर रविवार को अपना सर्वश्रेष्ठ करने में कसर नहीं छोड़ेगा। विराट कोहली अपनी पछली छह पारियों में स्पिनर के खिलाफ और इनमें भी पांच बार लेग स्पिनर का शिकार बने। विराट जब रंग में होते तो स्पिन को बढ़िया खेलते हैं। फिलहाल वह रन बनाने की जरूरत से ज्यादा कोशिश में अपना विकेट गंवा रहे हैं। पाकिस्तान की कोशिश अपने लेग स्पिनर अबरार अहमद को मोर्चे पर लगा विराट सहित भारत के शीर्ष और मध्यक्रम को सस्ते में समेट कर उस पर दबाव बनाने की होगी।

बाबर वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों में स्पिन के खिलाफ बराबर जूझते नजर आते हैं हालांकि तेज गेंदबाजी के खिलाफ उनकी बल्लेबाजी बेहतर हुई है। बाबर से न्यूजीलैंड के खिलाफ न तो स्पनिरों के खिलाफ चौके लगे और न ही स्ट्राइकर रोटेट कर पाए। बाबर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 90 गेंद खेल कर मात्र चार चौकों की मदद 64 रन बनाए। भारत के पास अक्षर, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव के रूप में स्पिन त्रिमूर्ति है और इसी के जरिए वह बाबर के खिलाफ स्पिन का जाल बुन आउट कर उन्हे पैवेलियन लौटाने की कोशिश करेगा। खासतौर पर कुलदीप यादव की तेजी से स्पिन हो भीतर आती गेंद पर बाबर को दिक्कत पेश आ सकती है। अपने तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के पीठ में जकड़न से न उबर पाने के बाहर रहने के बावजूद भारत के लिए अच्छी खबर है कि उसके दूसरे सबसे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने चोट टखने और घुटने की चोट के बाद वापसी कर चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान का आगाज पहले ही मैच में बांग्लादेश के खिलाफ पांच विकेट चटका भारत को शानदार जीत दिला कर किया।

एक नजर भारत-पाक के मैचों पर

भारत और पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक पांच बार भिड़े हैं। पाकिस्तान ने चैपियंस ट्रॉफी में भारत को 2004 में तीन विकेट से, 2009 में 54रन से 2017 के संस्करण के फाइनल 180 रन सहित तीन बार हराया। वहीं भारत ने 2013 के संस्करण में पाकिस्तान को आठ विकेट से और 2017 के ग्रुप मैच में 124 रन से हराया था। भारत ने दुबई में 2018 में एशिया कप में पाकिस्तान को दोनों मैच में हराया। दुबई के मैचदान पर भारत ने 7 मशं छह मैच जीते जबकि एक टाई रहा, मात्र दो बार ही जीत पाया है। दोनों देशों के बीच अब कुल 135 पनडे मैच खेले गए और इमें पाकिस्तान ने 73 और भारत ने 57 जीते जबकि पांच बेनतीजा रहे।बीते 25 बरस में दोनों टीमें 57 बार आमने सामने हुई और भारत ने 30 और पाकिस्तान ने 26 जीते जबकि एक बेनतीजा रहा।

'बड़े मौकों पर हमें शमी जैसे गेंदबाज की जरूरत'

'केवल एक मैच से दुबई की पिच के मिजाज को आंकना खासा मुश्किल है। पिच पर बहुत घास नहीं थी। हम जानते थे कि यह धीमी रहेगी और रही भी। मेरा मानना है कि बतौर टीम गेंद और बल्ले से स्थितियों हमने वाकई बढ़िया तालमेल बैठाया। मैं पांच विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की गेंदबाजी से बहुत खुश हूं। हम शमी की लंबे समय से बाट जोह रहे थे। हम जानते हैं कि शमी हमारे उत्कृष्ट गेंदबाज हैं।

भारत के जीवन-प्रशांत ने जीता युगल खिताब

पुणे, 22 फरवरी (एजेंसियां) शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के जीवन नेदुनचेझियन और विजय सुंदर प्रशांत ने ब्लेक बेल्डन और मैथ्यू क्रिस्टोफर रोमियोस की दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी पर 3-6, 6-3, 10-0 से जीत दर्ज की और बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स टेनिस स्टेडियम में महा ओपन एटीपी चैलेंजर 100 पुरुष टेनिस चैंपियनशिप में युगल चैंपियन बनकर उभरे। यह जीवन और प्रशांत के लिए एक साथ पहला खिताब था, और पुणे में प्रशांत के लिए यह तीसरा खिताब था, शनिवार को भारतीय टीम की जीत ने उन्हें 7 लाख रुपये और 100 एटीपी अंक की पुरस्कार राशि दिलाई, जिससे जीवन विश्व रैंकिंग में क्रमश: 94 और प्रशांत 104वें स्थान पर पहुंच गए। रविवार को खेले जाने वाले एकल फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त अमेरिकी ब्रैंडन होल्ट का मुकाबला चेक गणराज्य के गैर वरीयता प्राप्त डैलिबोर स्वर्सिना से होगा। इससे पहले, शनिवार को सेमीफाइनल में, 26 वर्षीय और छठी वरीयता प्राप्त अमेरिकी ब्रैंडन होल्ट, जिनकी रैंकिंग विश्व में 153 है, ने कनाडा के आठवें वरीयता प्राप्त एलेक्सिस गैलारनेउ को 7-5, 6-4 से हराने में एक घंटा और 34 मिनट का समय लिया। होल्ट ने पहले सेट में 5-0 की बढ़त बनाई, लेकिन चालाक कनाडाई गैलारनेउ ने स्कोर 5-5 से बराबर कर दिया, लेकिन सेट को समाप्त नहीं कर सके। ब्रैंडन अब कनाडाई खिलाड़ी के साथ आमने-सामने की लड़ाई में 3-2 से आगे हैं। चेक गणराज्य के 22 वर्षीय दलीबोर स्वर्सिना और भारतीय फ्यूचर्स सर्किट के नियमित खिलाड़ी ने अपने पहले चैलेंजर फाइनल में जगह बनाई, उन्होंने भीड़ के पसंदीदा उज्बेकिस्तान के खुमोयुन सुल्तानोव को 6-7(8), 6-0, 3-1 से हराकर जीत हासिल की। मैच जो कि काफी आगे जा रहा था, उसे रोकना पड़ा क्योंकि खुमोयुन ने गर्मी के कारण सांस फूलने और थकान की शिकायत के बाद मैच से रिटायर हो गए।

■ दूसरी वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी पर 3-6, 6-3, 10-0 से जीत दर्ज की

परिणाम

एकल (सेमीफाइनल): (6) ब्रैंडन होल्ट (अमेरिका) ने (8) एलेक्सिस गैलारनेउ (कनाडा) को 7-5, 6-4 से हराया; डेलिबोर स्व्रसीना (चेक गणराज्य) बनाम खुमोयुन सुल्तानोव (उज्बेकिस्तान) 6-7(8), 6-0, 3-1(रिटायर)

युगल (फाइनल): (1) जीवन नेदुनचेझियन (भारत)/विजय सुंदर प्रशांत (भारत) ने (2) ब्लेक बेल्डन (ऑस्ट्रेलिया)/मैथ्यू क्रिस्टोफर रोमियोस (ऑस्ट्रेलिया) को 3-6, 6-3, 10-0 से हराया ।

विश्व कप के लिए 35 सदस्यीय भारतीय शूटिंग टीम की घोषणा

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिण अमेरिका में अप्रैल में दो चरणों में शुरु होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप के लिये 35 सदस्यीय भारतीय शूटिंग टीम की घोषणा कर दी गयी। ये टीम आगामी संयुक्त (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप में हिस्सा लेगी। ये प्रतियोगिताएं ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना (1-11 अप्रैल) और लीमा, पेरू (13-22 अप्रैल) में आयोजित होंगी। डबल ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मनु भाकर एक बार फिर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और महिला 25 मीटर पिस्टल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र एथलीट होंगी। अन्य पेरिस ओलंपियन में अनीश और विजयवीर सिद्धू (पुरुष 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल), ईशा सिंह (महिला 25 मीटर पिस्टल), ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर (पुरुष 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), सिफत कौर समरा और श्रियांका सदांगी (महिला 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन), अर्जुन बाबूता (पुरुष 10 मीटर एयर राइफल), पृथ्वीराज टोंडाईमान (पुरुष ट्रैप), अनंतजीत सिंह नरूका (पुरुष स्कीट) और राइज़ा ढिल्लों (महिला स्कीट) शामिल हैं। टीम के प्रस्थान से पहले एक राष्ट्रीय शिविर का आयोजन 14 मार्च से दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में किया जाएगा।



■ मनु भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं महिला 10 मीटर एयर पिस्टल और महिला 25 मीटर पिस्टल में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र एथलीट होंगी

भयानक चूक, ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच से पहले बजा भारत का राष्ट्रगान

लाहौर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। शनिवार को गद्दाफी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 2025 आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी मैच से पहले एक बड़ी चूक हुई, जिसमें 'एडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर' (ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रगान) की जगह भारतीय राष्ट्रगान 'जन गण मन' बजाया गया। जैसा कि आईसीसी आयोजनों में होता रहा है, हर मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमों के राष्ट्रगान बजाए जाते हैं। इंग्लैंड के राष्ट्रगान 'गॉड सेव द किंग' के बजने के बाद, 'एडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर' बजाया जाना था। लेकिन, मैच स्थल पर मौजूद सभी लोगों को आश्चर्य हुआ, जब दो सेकंड के लिए भारतीय राष्ट्रगान बज गया। इस गलती को तुरंत सुधारा गया और 'एडवांस ऑस्ट्रेलिया फेयर' बजाया गया। सोशल मीडिया पर क्रिकेट प्रेमियों ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जो इस बड़ी गलती पर खुद को हंसने से नहीं रोक पाए। ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड मैच से पहले राष्ट्रगान की गलती कुछ ऐसी है, जिसके बारे में मेजबान संस्था पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को समय आने पर स्पष्टीकरण देना होगा, साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी करनी होगी। मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने आठ टीमों के टूर्नामेंट के अपने पहले ग्रुप बी मैच में इंग्लैंड के खिलाफ टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दोनों टीमें उपमहाद्वीप में वनडे सीरीज में हार के बाद शनिवार के मैच में उतरी थीं। इंग्लैंड को भारत में 3-0 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने कोलंबो में अपने दोनों वनडे मैच श्रीलंका से गंवा दिए, जो मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी का हिस्सा नहीं है। इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया दोनों को चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अपने ग्रुप बी मैचों में कम से कम दो जीत की जरूरत है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान भी शामिल हैं।

सेना के लम्बी दूरी के धावक गुलवीर सिंह ने विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के हांगझोऊ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गुलवीर सिंह ने शुक्रवार को बोस्टन यूनिवर्सिटी ट्रैक पर इंडोर 5,000 मीटर स्पर्धा के लिए 13 मिनट की बाधा को तोड़कर अपना नाम किताबों में दर्ज करा लिया और साथ ही अपने आउटडोर राष्ट्रीय रिकॉर्ड में भी सुधार किया। सेना के 26 वर्षीय डिस्टेंस रनर ने शुक्रवार रात बोस्टन में टेरियर डीएमआर चैलेंज इंडोर प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहने के साथ ही एशियाई इंडोर 5,000 मीटर रिकॉर्ड में भी सुधार किया और 2025 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रतिस्पर्धा करने के लिए स्वचालित योग्यता मानक हासिल किया। गुलवीर ने बोस्टन में टेरियर डीएमआर चैलेंज इंडोर प्रतियोगिता में 12:59.77 सेकंड का प्रभावशाली समय निकाला, जो किसी भारतीय धावक द्वारा पहला था, लेकिन वह तीसरे स्थान से चूक गए। यूएसए के ओलंपिक 1500 मीटर चैंपियन कोल होकर ने स्वर्ण पदक जीता। हॉकर का विजयी समय 12:57.82 था, जबकि कूपर टीयर 12:57.97 के साथ दूसरे स्थान पर रहे। जैक रेनर 12:59.43 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करेंगे शमी, बड़ी स्क्रीन पर परिवार देखेगा मैच : मोहम्मद हसीब

अमरोहा, 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तान के खिलाफ 23 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेलने जा रही है। क्रिकेट प्रेमियों के साथ क्रिकेटरों के परिवारों को भी मैच को लेकर उत्सुकता है। भारत-पाक क्रिकेट मैच क्रिकेट की दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता के तौर पर विख्यात है। इस मुकाबले में मोहम्मद शमी की गेंदबाजी पर भी नजर होगी, जिन्होंने चोट के बाद शानदार वापसी की है। शमी का परिवार भी मैच को लेकर रोमांचित है। भारत-पाक मैच के अवसर पर शमी के भाई मोहम्मद हसीब ने बताया कि इस मैच को परिवार के लोग एक साथ बैठकर देखेंगे और उन्हें शमी से एक और शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है। शमी ने बांग्लादेश के खिलाफ मैच में 5 विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने यह मुकाबला 5 विकेट से जीता था। मोहम्मद शमी अमरोहा जिले के सहसपुर अली नगर के रहने वाले हैं। भारत-पाक मैच के अवसर पर उनके भाई मोहम्मद हसीब ने बताया, 'भारत और पाकिस्तान के मैच में मोहम्मद शमी बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

अमनजोत कौर ने खुद का समर्थन किया और मुंबई इंडियंस के लिए मैच को खत्म करना चाहती थी: मिताली राज

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज ने मुंबई इंडियंस की रोमांचक आखिरी ओवर की जीत पर टिप्पणी करते हुए कहा कि जब आपके पास अमनजोत कौर जैसी एक सेट बल्लेबाज होती है, तो आपके लिए मैच समाप्त करना आसान हो जाता है। अमूल क्रिकेट लाइव, जियोहॉटस्टार पर विशेष रूप से बोलते हुए, मिताली राज ने अमनजोत कौर के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि उसने आज खुद का समर्थन किया। हरमनप्रीत कौर के साथ मध्य में समय बिताने वाले व्यक्ति के रूप में, उसने अपने कप्तान को बड़े शॉट खेलते हुए देखा है और उससे सबक लिया है। वह मुंबई इंडियंस के लिए मैच को खत्म करना चाहती थी।'

नताली जर्मनोस ने जॉर्जिया वेयरहम के प्रदर्शन और हरमनप्रीत कौर के उनके महत्वपूर्ण कैच का विश्लेषण किया। 'स्मृति मंधाना के दृष्टिकोण से यह वास्तव में एक संतुलनकारी कार्य था क्योंकि वह पहले ही किम गर्थ को आउट कर चुकी थी और अपने विकल्पों के साथ संघर्ष कर रही थी।

भारत ने जर्मनी को 1-0 से हराया

भुवनेश्वर, 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला) के एक मुकाबले में जर्मनी को 1-0 से हरा दिया। दीपिका ने भारत की तरफ से एकमात्र गोल मैच के 12वें मिनट में किया जो आखिरकार टीम की जीत का कारक बना। इस जीत से भारत अंक तालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गया है। भारत ने पहले क्वार्टर की शुरुआत एक अनुशासित रक्षात्मक खेल से की और जल्द ही इसे आक्रमकता में तब्दील कर दिया। 12वें मिनट में मेजबान टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे गोल में तब्दील करने में दीपिका ने कोई गलती नहीं की। इसके तुरंत बाद वैष्णवी फाल्के और सुनेलिता टोप्पो का एक और प्रयास जर्मनी की लड़कियों ने विफल कर दिया। दूसरे क्वार्टर में शुरू से अंत तक दोनो टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ हमले किये मगर कोई सफलता नही मिली। 25 फरवरी को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारत की भिड़ंत नीदरलैंड से होगी।

■ एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 (महिला)

सुशीला चानू ने पूरे किये 250 अंतरराष्ट्रीय मैच,हॉकी इंडिया ने दी बधाई

भुवनेश्वर। हॉकी इंडिया ने शनिवार को भारत के लिए 250 अंतरराष्ट्रीय कैप पूरा करने पर सुशीला चानू पुखरामबम को बधाई दी। अर्जुन पुरस्कार विजेता ने ओडिशा के कलिंगा हॉकी स्टेडियम में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 में जर्मनी के खिलाफ भारत के लिए 250वें मैच का प्रतिनिधित्व किया। 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी का एक दशक से अधिक समय तक भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए एक शानदार करियर रहा है और उन्हें भारत की सबसे प्रसिद्ध महिला हॉकी खिलाड़ियों में जाना जाता है। सुशीला ने अपना सफर भारतीय जूनियर महिला टीम की कप्तान के रूप में शुरू किया, जिसने 2013 में महिला हॉकी जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीता और तब से लगातार सीनियर टीम में अपना स्थान पक्का किया। पूर्व भारतीय कप्तान ने 2016 रियो ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में अपनी टीम का नेतृत्व किया, जो 1980 के बाद पहली टीम थी। उन्होंने 2014 एशियाई खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया जहां भारत ने कांस्य पदक जीता। अनुभवी मिडफील्डर 2017 एशिया कप में भारत की महत्वपूर्ण स्वर्ण पदक जीत का भी हिस्सा थी और इससे पहले 2014 और 2018 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी है ।

सार संक्षेप

ओडिशा सरकार ने खिलाड़ियों की पुरस्कार राशि में किया इजाफा खिलाड़ियों ने जताई खुशी

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार ने अपने खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी पहल की है। खेल विभाग ने 39वें राष्ट्रीय खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि में 1 लाख रुपए की वृद्धि की घोषणा की है। इस कदम से राज्य के एथलीटों को प्रोत्साहन मिलेगा और उनका मनोबल बढ़ेगा। अब, स्वर्ण पदक विजेताओं को 6 लाख रुपए, रजत पदक विजेताओं को 4 लाख रुपए और कांस्य पदक विजेताओं को 3 लाख रुपए दिए जाएंगे। खिलाड़ियों ने भी सरकार के इस कदम की सराहना की। वेटलिफ्टिंग कोच रविकुमार ने इस पहल पर कहा कि ओडिशा खेल विभाग की ओर से एक बहुत ही अच्छा कदम है। हर श्रेणी में पुरस्कार राशि में 1 लाख रुपए की वृद्धि की गई है, जो निश्चित ही राज्य के एथलीटों के बीच प्रोत्साहन का एक बड़ा स्रोत बनेगा।

दिल्ली प्रीमियर लीग: सीआईएसएफ, डीएफसी और गढ़वाल का दावा मजबूत

नई दिल्ली। तीसरी डीएसए प्रीमियर लीग का खिताब किसके सिर सजेगा फिलहाल कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी लेकिन इतना तय है कि यदि कोई बड़ी उठा पटक नहीं हुई तो केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ), दिल्ली एफसी और गढ़वाल हीरोज एफसी में से कोई खिताब ले उड़ेगा। अंक तालिका में सीआईएसएफ 19 मैच खेल कर 41 अंकों के साथ टॉप पर है। दिल्ली एफसी औऱ गढ़वाल ने 17 मैच खेले हैं औऱ दोनों के 35 अंक हैं। रॉयल रेंजर्स और सुदेवा दिल्ली भी ज्यादा पीछे नहीं हैं। रॉयल और सुदेवा के क्रमशः 15 और 16 मैचों में 28 औऱ 27 अंक हैं। बाकी टीमों में तरुण संघा, वाटिका, नेशनल यूनाइटेड, फ्रेंड्स यूनाइटेड और हिन्दुस्तान एफसी खतरनाक जोन से लगभग बाहर हैं। यदि कोई बड़ा उलटफेर नहीं हुआ तो भारतीय वायुसेना और यूनाइटेड भारत एफसी को डिमोशन की मार झेलनी पड़ सकती है।

सुडोकू 6834 का हल

3	1	2	7	8	9	6	5	4
6	5	8	1	2	4	9	7	3
4	9	7	6	5	3	1	8	2
2	7	5	3	4	6	8	1	9
1	3	9	2	7	8	4	6	5
8	4	6	5	9	1	3	2	7
7	8	3	9	1	2	5	4	6
5	6	1	4	3	7	2	9	8
9	2	4	8	6	5	7	3	1

अर्थ जगत

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर	
टाटा स्टील	1.88 प्रतिशत
एलटी	1.10 प्रतिशत
एचसीएल टेक	0.75 प्रतिशत
एशियन पेंट	0.35 प्रतिशत
एचडीएफसी बैंक	0.31 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर	
महिंद्रा एंड महिंद्रा	6.07 प्रतिशत
अडानी पोर्ट्स	2.57 प्रतिशत
टाटा मोटर्स	2.46 प्रतिशत
सन फार्मा	1.60 प्रतिशत
पावरग्रिड	1.52 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली	
सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	86,803
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	39,795
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	1,03,500
वायदा	70,857
चांदी सिक्का लिवाली	900
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	86.96	87.00
पौड स्टर्लिंग	106.21	106.45
यूरो	88.45	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	3100-3200
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

शुगर

चीनी एस	4280-4380
चीनी एम	4280-4380
मिल डिलीवरी	3620-3720
गुड़	4250-4350

दाल-दलहन

चना	6100-6200
दाल चना	7100-7200
मसूर काली	7300-7400
उड़द दाल	8900-9000
मूंग दाल	9300-9300
अरहर दाल	7650-7750

पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

भारत में पेट्रोलियम की कीमत दुनिया में सबसे कम : पुरी

■ **अमेरिका, ब्राजील, गुयाना, सूरीनाम व कनाडा जैसे देशों से आ रहा अधिक तेल**

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत में पेट्रोलियम की कीमतें दुनिया में सबसे कम हैं। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में ईंधन की कीमतें वास्तविक रूप से कम हुई हैं। वैश्विक तेल आपूर्ति पर बोलते हुए पुरी ने कहा कि अब अधिक तेल अमेरिका, ब्राजील, गुयाना, सूरीनाम और कनाडा जैसे देशों से आ रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है और मौजूदा समय में 40 देशों से आपूर्ति भारत को मिल रही है। पहले इनकी संख्या 27 थी। अगर और देश इसमें जुड़ना चाहते हैं तो हम उनका स्वागत करेंगे। इससे तेल की कीमतों को कम रखने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री के कहा कि पेट्रोलियम की कीमतें बीते तीन वर्षों में कम हुई हैं। उन्होंने आगे कहा कि पेट्रोल की कीमतों में -0.67 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। हालांकि, डीजल की कीमतों में 1.15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

पुरी ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि पेट्रोलियम की कीमत में गिरावट से सरकार को कोई वित्तीय फायदा नहीं हुआ है। बल्कि सरकार ने तेल कंपनियों को 22,000 करोड़ रुपए की राहत दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुई आर्थिक प्रगति पर प्रकाश डालते हुए पुरी ने कहा कि 2014 में भारत 10 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और साथ ही पांच सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में शामिल था।

पेट्रोलियम की कीमत में गिरावट से सरकार को कोई वित्तीय फायदा नहीं हुआ है। बल्कि सरकार ने तेल कंपनियों को 22 हजार करोड़ रुपए की राहत दी है : हरदीप सिंह पुरी

देश में वित्तीय समावेशन में बड़ी भूमिका निभा रहा यूपीआई

■ **लेनदेन में हिस्सेदारी बढ़कर 84 प्रतिशत हुई**

नई दिल्ली। यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) की देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहा है और वित्त वर्ष 24 में भारत में हुए पांच डिजिटल लेनदेन में से चार यूपीआई के माध्यम से हुए थे। देश के सभी डिजिटल लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी बढ़कर 84 प्रतिशत हो गई है। फिनटेक कंसल्टिंग और एडवाइजरी फर्म द डिजिटल फिफ्थ की रिपोर्ट में कहा गया कि यूपीआई एक पेमेंट सिस्टम से कहीं अधिक है और भारत के लिए यह एक पूरे इकोसिस्टम के रूप में काम करता है। द डिजिटल फिफ्थ के संस्थापक और सीईओ समीर सिंह जैनी ने कहा कि यूपीआई प्रति माह 16 अरब लेनदेन हैंडल करता है और 2030 के अंत तक इसके 3 गुना बढ़ने का अनुमान है।

घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में बढ़कर 1.5 करोड़ रही

■ **सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज**

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या जनवरी में 1.5 करोड़ रहने का अनुमान है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।

जनवरी 2025 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या में मासिक आधार पर 0.7 प्रतिशत और पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 14.5 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। आईसीआरए की रिपोर्ट में बताया गया कि एयरलाइन ट्रैफिक इस साल जनवरी में प्री-कोविड स्तर (जनवरी 2020) के आंकड़े से 17.9 प्रतिशत अधिक था।

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 25 के पहले 10 महीनों (अप्रैल 2024 से लेकर जनवरी 2025 तक) में कुल 13.72 करोड़ यात्रियों ने घरेलू मार्गों पर उड़ान भरी है। इसमें सालाना आधार पर 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और यह वित्त वर्ष 20 के प्री-कोविड स्तरों से 13 प्रतिशत अधिक है। जनवरी में भारतीय विमान कंपनियों में अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात का प्रदर्शन भी मजबूत रहा है।

वित्त वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों में विमानों में अंतरराष्ट्रीय ट्रैफिक 2.48 करोड़ यात्रियों तक पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 14.5 प्रतिशत की वृद्धि और पूर्व-कोविड स्तरों की तुलना में 41.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू एविएशन इंडस्ट्री का पैसेंजर लोड फैक्टर (पीएलएफ) जनवरी 2025 में 92.1 प्रतिशत रहा है, जो कि जनवरी 2024 में 89.2 प्रतिशत था। हालांकि, यह जनवरी 2020 (प्री-कोविड) में 85 प्रतिशत पर था। ईंधन लागत, एयरलाइन परिचालन व्यय का एक महत्वपूर्ण घटक है, इसमें कुछ राहत देखी गई है। अप्रैल से जुलाई 2024 तक एटीएफ की कीमतें सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत अधिक थीं और अगस्त 2024 से फरवरी 2025 तक इसमें सालाना आधार पर 14.7 प्रतिशत की कमी आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल मिलाकर अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 की अवधि में एटीएफ की कीमतों में पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8.1 प्रतिशत की कमी आई है।

एनएसओ ने डेटासेट पंजिका संग्रह 2024 किया जारी

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) के भारतीय राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शनिवार को 2024 का नवीनतम डेटासेट और पंजिका संग्रह प्रकाशित किया है। यह सरकारी डेटा नीति निर्माताओं, शोधकर्ताओं, छात्रों और जनता के लिए सुलभ होगा।

मंत्रालय की शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, संग्रह 40 मंत्रालयों और विभागों से प्राप्त 270 डेटासेट तथा पंजीकाओं के मेटाडेटा को समेकित करता है, जिसमें कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम, ग्रामीण विकास, पर्यटन, सामाजिक न्याय, बैंकिंग और अन्य क्षेत्र शामिल है।

मंत्रालय के अनुसार यह डेटा की पहुँच बढ़ाने और सूचित निर्णय लेने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस संग्रह में मेटाडेटा, डेटा संग्रह पद्धतियां और डेटा साझा करने की नीतियां दी गई हैं।

इसके अलावा, यह डेटासेट संग्रह और प्रसार के कानूनी एवं नियामक ढांचे को निर्धारित करता है। यह गहन विश्लेषण और नीति निर्माण के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। उपयोगकर्ता मंत्रालय/विभाग पोर्टल के लिंक से डेटा स्रोतों तक सीधी पहुँच पा सकते हैं। यह पहल सरकारी डेटा को सुव्यवस्थित करने और राष्ट्रीय सांख्यिकी प्रणाली को आधुनिक बनाने के प्रयासों का हिस्सा है।

देश में 10 वर्षों में बिजली आपूर्ति में हुआ सुधार

■ **सरकार का 100 प्रतिशत घरों के विद्युतीकरण पर फोकस**

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। ग्रामीण क्षेत्रों में औसत बिजली आपूर्ति 2014 में 12.5 घंटे से बढ़कर 2025 में 22.6 घंटे और शहरी क्षेत्रों में इस वर्ष 23.4 घंटे हो गई है। यह जानकारी सरकार द्वारा दी गई।

केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री, मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि हर किसी के लिए और हर समय बिजली उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है और सरकार का उद्देश्य पूरे देश में 100 प्रतिशत घरों का विद्युतीकरण करना है।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि जीवाश्म ईंधन आधारित पावर प्लांट की उत्पादन क्षमता 2014 में 168 गीगावाट से बढ़कर जनवरी 2025 में 246 गीगावाट हो गई है, जो कि 46 प्रतिशत की क्षमता वृद्धि को दर्शाता है।

उन्होंने आगे कहा कि गैर-जीवाश्म आधारित ऊर्जा क्षमता 2014 में लगभग 80 गीगावाट से बढ़कर 2025 में लगभग 220 गीगावाट (31 जनवरी तक) हो गई है, जो लगभग 180 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

ट्रांसमिशन नेटवर्क के विस्तार के बारे में बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह 2025 में अब तक बढ़कर 4.92 लाख सीकेएम हो गया है, जो कि 2014 में 2.91 लाख सीकेएम था।

दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना (डीडीयूजीजेवाई), पीएम सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य), विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों के लिए प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीवीटीजी) जैसी पहलों की मदद से पिछले 10 वर्षों में बिजली की पहुंच में काफी वृद्धि हुई है। मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत अब ऊर्जा का शुद्ध निर्यातक बन गया है और 2025 में अब तक 1,625 मिलियन यूनिट्स (एमयू) का निर्यात किया गया है। वहीं, 2014 में देश ऊर्जा का शुद्ध आयातक था।

केंद्रीय मंत्री के मुताबिक, ऊर्जा की कमी 2014 में 4.2 प्रतिशत से घटकर 2025 में 0.1 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा ऊर्जा की कमी को दूर करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। करीब 2.13 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। 19.8 करोड़ स्मार्ट मीटर, 52.5 लाख डीटीआर और 2.1 लाख फीडर को मंजूरी दी गई है।

सार संक्षेप

सज्जन जिंदल बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड पुरस्कार से सम्मानित

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू ग्रुप के अध्यक्ष सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड सम्मान से सम्मानित किया गया है। श्री जिंदल को यह पुरस्कार आज यहां आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है। श्री जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 3.9 करोड़ टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है।

स्विगी का वैल्यूएशन अपने उच्चतम स्तर से घटा

नई दिल्ली। देश की दिग्गज फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स कंपनी स्विगी के वैल्यूएशन में बड़ी गिरावट देखने को मिली है और यह अपने उच्चतम स्तर से 50 प्रतिशत कम हो गया है। इससे निवेशकों के 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा डूब गए हैं। नवंबर 2024 में आईपीओ आने के बाद स्विगी का वैल्यूएशन दिसंबर 2024 तक बढ़कर 1,32,800 करोड़ रुपए (16 अरब डॉलर) हो गया था। इसके बाद 21 फरवरी, 2025 तक यह गिरकर 81,527 करोड़ रुपए (9.82 अरब डॉलर) रह गया है, जो वैल्यूएशन में 51,273 करोड़ रुपए की गिरावट के दर्शाता है। कंपनी का वैल्यूएशन शेयर बाजार में लिस्टिंग के समय 12.7 अरब डॉलर था। स्विगी के शेयर की लिस्टिंग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 420 रुपए और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 412 रुपए पर हुई थी। हालांकि, गिरावट के कारण अब शेयर 360 रुपए पर आ गया है।

वैश्विक अस्थिरता से कंसोलिडेशन में भारतीय बाजार

■ **एफआईआई की जल्द हो सकती है वापसी**
■ **सेंसेक्स और निफ्टी में करीब आधा प्रतिशत की गिरावट दर्ज**

मुंबई, 22 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार इस हफ्ते कंसोलिडेशन फेस में रहा। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी में करीब आधा प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट की वजह कमजोर वैश्विक संकेत और ट्रेड वार को माना जा रहा है।

सेंसेक्स और निफ्टी की शुरुआत इस हफ्ते सकारात्मक नोट पर हुई थी। फार्मा, मेटल और एनर्जी शेयरों में खरीदारी देखी गई थी। हालांकि, अमेरिका द्वारा नए टैरिफ की धमकी के बाद लार्जकैप शेयरों में बिकवाली देखी गई। इसने बाजारों के संटीमेंट को खराब किया। मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में खरीदारी देखी गई है और दोनों इंडेक्स साप्ताहिक आधार पर करीब 2 प्रतिशत चढ़कर बंद हुए हैं।

बाजार में अस्थिरता ऐसे समय में आई है जब पारस्परिक टैरिफ और वैश्विक आर्थिक स्थिरता पर चिंताएं निवेशकों के संटीमेंट को प्रभावित कर रही हैं।

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पारस्परिक टैरिफ की घोषणा ने निर्यात से जुड़े उद्योगों, विशेष रूप से फार्मास्युटिकल क्षेत्र को बुरी तरह प्रभावित किया और सेक्टर का प्रदर्शन काफी खराब रहा।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि आने वाले समय में बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है। इसकी वजह छुट्टियों के कारण छोटा कारोबारी हफ्ता और डेरिवेटिव्स कॉन्ट्रैक्ट्स की मासिक एक्सपायरी होना है।

डेजर्व के सह-संस्थापक वैभव पोरवाल ने कहा, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का प्रवाह अगले 3-6 महीनों में भारत में लौट सकता है। इसकी वजह लंबी अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था का मजबूत होना है। उन्होंने आगे कहा कि मजबूत घरेलू मांग, डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन और इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर होने के कारण लंबी अवधि में कॉरपोरेट्स की आय में वृद्धि होने की संभावना है। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को लाल निशान में बंद हुआ था। सेंसेक्स 424.90 अंक गिरकर 75,311.06 और निफ्टी 117.25 अंक गिरकर 22,795.90 पर बंद हुआ।

बजाज एलियांज लाइफ बीमा-एएसबीए सुविधा के साथ लाइव

पुणे। निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक बजाज एलियांज लाइफ बीमा-एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड अमाउंट सुविधा (बीमा-एएसबीए) के साथ लाइव होने वाली पहली बीमा कंपनी बन गई है।

कंपनी ने कहा कि यह मील का पत्थर भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) की पहल के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य परिचालन को आसान बनाना, पॉलिसीधारकों की सुविधा बढ़ाना, अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करना और बीमा प्रीमियम भुगतान प्रक्रिया को सरल बनाना है। बीमा-एएसबीए प्रीमियम भुगतान को आसान और ग्राहक अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आईआरडीएआई की इस पहल के तहत, पॉलिसीधारक यूपीआई के वन-टाइम मैंडेट (ओटीएम) का विकल्प चुन सकते हैं और यूपीआई के माध्यम से अपने बैंक खाते में एक निर्दिष्ट राशि (2 लाख रुपए तक)

बीमा कंपनी द्वारा अंडरराइटिंग प्रक्रिया पूरी करने और प्रस्ताव को स्वीकार करने का निर्णय लेने के बाद ही राशि डेबिट की जाएगी। यदि आवेदन 14 दिनों की अवधि के भीतर संसाधित नहीं होता है या प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाता है, तो अवरुद्ध राशि स्वचालित रूप से ग्राहक को वापस जारी कर दी जाती है।

गुवाहाटी में रिलायंस का नए कैम्पा व पेय पदार्थ बॉटलिंग प्लांट शुरू

गुवाहाटी, 22 फरवरी (एजेंसियां)। रोजमर्रा की जरूरतों के उत्पाद और पेय पदार्थ कंपनी रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने असम के गुवाहाटी में नए बॉटलिंग प्लांट के उद्घाटन के साथ पूर्वोत्तर भारत में कैम्पा के पोर्टफोलियो की उपस्थिति को मजबूत किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि स्थानीय भागीदार जेरिको के सहयोग से विकसित इस सुविधा का उद्घाटन आज असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने किया। 6 लाख वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैला यह प्लांट इस क्षेत्र की सबसे बड़ी पेय पदार्थ निर्माण इकाइयों में से एक है। इसमें कार्बोनेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स के लिए 10 करोड़ लीटर से ज़्यादा और पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर के लिए लगभग 18 करोड़ लीटर की शुरुआती उत्पादन क्षमता है।

इस अवसर पर डॉ. सरमा ने कहा कि आम लोग कैंपा के उत्पादों को बहुत ही किफ़ायती कीमत पर खरीद सकते हैं। कैंपा कोला के साथ यह एक बड़ा फ़ायदा है। वे किफ़ायती कीमत पर उत्पाद दे रहे हैं, लेकिन वे गुणवत्ता से समझौता नहीं कर रहे हैं, जो अन्य वैश्विक मानकों के बराबर है। मेरा मानना है कि यह ब्रांड लगातार मज़बूत होता जाएगा और इसे और भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। मैं रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और जेरिको को शुभकामनाएं देता हूं। यह यात्रा बहुत सफल हो और असम के लोगों के लिए बहुत सारे रोज़गार के अवसर पैदा करे। और यह यात्रा यह भी दर्शाए कि एक भारतीय ब्रांड एक वैश्विक ब्रांड के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकता है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-09)
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
ईश्तहार

पत्र क्र./18413/न.पा.नि./जोन क्र.-09/2025
रायपुर, दिनांक 22.02.2025
नामांतरण प्र.क्र. 18413
वार्ड का नाम- 09-डॉ. भीमराव अम्बेडकर वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 09 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR227K00221 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती JATIN MIRANI पिता/पति श्री/श्रीमती PRADEEP KUMAR MIRANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. प्रशांत कुमार पांडेय 2. निधि पाण्डेय पिता/पति श्री/श्रीमती 1. शिवपूजन पांडेय 2. प्रशांत कुमार पांडेय ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।
(जोन कमिश्नर)
जोन (09)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-09)
पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर
ईश्तहार

पत्र क्र./18432/न.पा.नि./जोन क्र.-09/2025
रायपुर, दिनांक 22.02.2025
नामांतरण प्र.क्र. 18413
वार्ड का नाम- 51-पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 51 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR328ZD125D जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHIVNANDAN KESHARWANI S/o LATE MOTILAL KESHWANI, VINITA KESHWANI W/o SHIVNANDAN KESHWANI पिता/पति श्री/श्रीमती SHIVNANDAN KESHARWANI, VINITA KESHWANI W/o SHIVNANDAN KESHWANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती कविता सिंह ठाकुर पिता/पति श्री/श्रीमती पुष्पराज सिंह राजपूत ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति /संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।
(जोन कमिश्नर)
जोन (09)
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय श्री शिवेंद्र कुमार टेकाम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
क्रमांक क्यू/न्याया/2025 आरंग, दिनांक 07.02.2025
प्रोसेस क्रमांक 641069/2025 प्रकरण क्रमांक 340 अ/2024
विजय सतनामी वगैरह .... वादी
विरूद्ध
कृष्ण कुमार वगैरह .... प्रतिवोदी
बनाम

वादी विजय सतनामी द्वारा दावा वास्ते स्वामित्व घोषणा कब्जा एवं स्थाई निशेधाषा हेतु वाद संस्थित किया गया है, जिसमें 2.सतानंद पिता गणेश, 3. गजानंद पिता गणेश, 4. संतोषी पिता गणेश, 5. गायत्री पिता गणेश, 6. सुरजा पिता गणेश, 7. उषा पिता गणेश सभी जाति सतनामी सभी निवासी ग्राम मोखला पोस्ट भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर पिन 493441, नाबालिक राजकुमारी पिता बिसंभर सतनामी निवासी ग्राम पटेवा तहसील व थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर पिन 493885 को पक्षकार के रूप में समायोजित किया गया है। अत: 2. सतानंद पिता गणेश, 3.गजानंद पिता गणेश, 4. संतोषी पिता गणेश 5. गायत्री पिता गणेश 6. सुरजा पिता गणेश, 7. उषा पिता गणेश सभी जाति सतनामी सभी निवासी ग्राम मोखला पोस्ट भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर पिन 493441. 8. नाबालिक राजकुमारी पिता विसंभर सतनानी निवासी ग्राम पटेवा तहसील व थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर पिन 493885 को इस न्यायालय को तारीख 25.02.2025 को दिन में प्रात: 11.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात या उपस्थित होने के लिए समंस किया जाता है। 2.सतानंद पिता गणेश, 3.गजानंद पिता गणेश, 4.संतोषी पिता गणेश 5. गायत्री पिता गणेश, 6. सुरजा पिता गणेश, 7. उषा पिता गणेश सभी जाति सतनामी सभी निवासी ग्राम मोखला पोस्ट भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर पिन 493441 नाबालिक राजकुमारी पिता बिसंभर सतनामी निवासी ग्राम पटेवा तहसील व थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर पिन 493885 स्वयं न्यायालय में या किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सकें । न्यायालय में आपकी उपस्थिति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के सुनवाई के लिए उपस्थिति हेतु नियत दिन है। 2. सतानंद पिता गणेश, 3.गजानंद पिता गणेश, 4. संतोषी पिता गणेश 5. गायत्री पिता गणेश, 6. सुरजा पिता गणेश, 7.नेउषा पिता गणेश सभी जाति सतनामी सभी निवासी ग्राम मोखला पोस्ट भिलाई तहसील आरंग जिला रायपुर पिन 4934419-नाबालिक राजकुमारी पिता बिसंभर सतनामी निवासी ग्राम पटेवा तहसील व थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर पिन 493885 को सूचित किया जाता है कि यदि आप दिनांक 25.02.2025 को न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा ।
नोट:- यदि किसी कारण से दिनांक 25.02.2025 को अवकाश हो जाता है, कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावे ।
यह आज तारीख 07.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर किया गया ।
मुहर श्री शिवेंद्र कुमार टेकाम
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, आरंग
जिला-रायपुर (छ.ग.)

नाम परिवर्तन
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार काईशा वाधवानी उम्र-23 वर्ष पिता- श्री पूरन लालवानी, पति श्री समीर वाधवानी, निवासी वार्ड नं. 09, गंज रोड, गोबरा नवापारा राजिम रायपुर (छ.ग.) की निवासी है। मेरी पक्षकार के शैक्षणिक अभिलेख 10वी, 12वीं, स्नातक, आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरी पक्षकार का नाम रिया लालवानी है मेरी पक्षकार का विवाह दिनांक 09.02.2025 में रायपुर में श्री समीर वाधवानी से होने के पश्चात् मेरी पक्षकार का नाम काईशा वाधवानी हो गया है। काईशा वाधवानी मेरी पक्षकार का अब असली नाम है मेरी पक्षकार उसी नाम से जानी पहचानी पुकारी जाना चाहती है मेरी पक्षकार अपना नाम काईशा वाधवानी शासकीय परिपत्र (गैजेट) में प्रकाशित करवाना चाहती है तथा अपने पासपोर्ट, आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आई.डी. (पहचान पत्र) में भी काईशा वाधवानी दर्ज करवाना चाहती है।
स्थान - रायपुर छ.ग.
दिनांक -
दिलीप कुमार छुटानी
(अधिवक्ता)
कार्यालय-मकान नं.-डी-59, सेक्टर-01 देवेन्द्र नगर, रायपुर, छ.ग.
मो.नं.-9425206105, 8770945997

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.मा.क्र./202502110800032/अ-6/2024-2025
ग्राम-तेलीबांधा प.ह.नं. 64
तहसील रायपुर, जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 19.02.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिकागण 01. श्रीमती आभा अग्रवाल पति स्व. श्रीकांत अग्रवाल, 02. लोकेश अग्रवाल, 03. रूपेश अग्रवाल, 04 ऋषभ अग्रवाल पिसरान स्व. श्रीकांत अग्रवाल निवासी अग्रवाल पारा वार्ड नंबर 11 आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में छ.ग भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, आवेदिकागण के पति/पिता स्व. श्रीकांत अग्रवाल पिता स्व. रामभजन लाल अग्रवाल के नाम पर ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 26, प्लाट नंबर 28/1, खसरा नंबर 84/3, रकबा 0.0320हे. अर्थात 3500 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। खातेदार स्व. श्रीकांत अग्रवाल पिता स्व. रामभजन लाल अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 29/09/2024 को हो गयी है। मृतक खातेदार स्व श्रीकांत अग्रवाल पिता स्व. रामभजन लाल अग्रवाल के विधिक वारिसानगण 01. श्रीमती आभा अग्रवाल पति स्व. श्रीकांत अग्रवाल, 02. लोकेश अग्रवाल, 03. रूपेश अग्रवाल, 04. ऋषभ अग्रवाल पिसरान स्व. श्रीकांत अग्रवाल है, अन्य कोई नहीं। अत: आवेदित भूमि में से मृतक खातेदार स्व. श्रीकांत अग्रवाल पिता स्व. रामभजन लाल अग्रवाल का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों के नाम पर फौती दर्ज किये जाने का निवेदन किये है।

अत: आवेदिकागण का द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 07/03/2025 तक स्वत: या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
मुहर अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर

NAME CHANGE
It is informed to the general public that I, MOHAMMAD ASLAM S/O MOHAMMAD BASIR resident of HOUSE NO. 06, WARD NO. 28 GAJI NAGAR BIRGAON RAIPUR (C.G.) 493221 have changed my son old name OWISH RAZA S/O MOHAMMAD ASLAM so in future I should be recognized by my son new name that is MOHAMMAD OWAISH RAZA S/O MOHAMMAD ASLAM in all Government and other documents.
MOHAMMAD ASLAM
HOUSE NO. 06, WARD NO. 28
GAJI NAGAR BIRGAON
RAIPUR (C.G.) 493221

NAME CHANGE
It is informed to the general public that I, MOHAMMAD ASLAM JOHRI S/O MOHAMMAD BASIR resident of HOUSE NO. 06, WARD NO. 28 GAJI NAGAR BIRGAON RAIPUR (C.G.) 493221 have changed my old name MOHAMMAD ASLAM JOHRI S/O MOHAMMAD BASIR so in future I should be recognized by my new name that is MOHAMMAD ASLAM S/O MOHAMMAD BASIR in all Government and other documents.
MOHAMMAD ASLAM
HOUSE NO. 06, WARD NO. 28
GAJI NAGAR BIRGAON
RAIPUR (C.G.) 493221

NAME CHANGE
It is informed to the general public that I, ASHISH GANGWANI S/O PARUMALGANGWANI, resident of ASHTA HEIGHTS B 101 NEAR KOOLHOMES MOVA SHANKAR NAGAR RAIPUR (C.G.) 492007 have changed my son old name GOURAVA GANGWANI S/O ASHISH GANGWANI, so in future I should be recognized by my son new name that is GAURAV GANGWANI S/O ASHISH GANGWANIin all Government andotherdocuments.
ASHISH GANGWANI
ASTHA HEIGHTS B-101
NEAR KOOL HOMES MOWA
SHANKAR NAGAR RAIPUR
(C.G.)

विश्व के आधे से ज्यादा सनातनियों ने त्रिवेणी संगम में लगाई पावन डुबकी

महाकुंभ नगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर 13 जनवरी से आयोजित दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ ने शनिवार को नया इतिहास रच दिया। अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में सनातन आस्था की पावन डुबकी लगाकर धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की अद्वितीय मिसाल कायम कर दी है।

60 करोड़ से अधिक की यह संख्या किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या सामाजिक आयोजन में मनुष्य के अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी सहभागिता बन चुकी है। एक अनुमान के मुताबिक, दुनिया में कुल 120 करोड़ सनातनी हैं। इस लिहाज से महाकुंभ में दुनिया के आधे से अधिक सनातनी त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाकर पुण्य फल प्राप्त कर चुके हैं। 26 फरवरी को शिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व तक यह संख्या 65 करोड़ से भी ऊपर पहुंच सकती है। यह सब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के सुव्यवस्थित प्रयासों से संभव हो पाया है। भारत की इस प्राचीन परंपरा ने अपनी दिव्यता और भव्यता से पूरी दुनिया को मंत्रमुग्ध कर दिया है। महाकुंभ के महाआयोजन में 73 देशों के राजनयिक और भूटान नरेश नामग्याल वांगचुक समेत तमाम देशों के अतिथि अमृत स्नान करने पहुंचे। यही नहीं, मां जानकी के मायके नेपाल के 50 लाख से अधिक लोग अब तक त्रिवेणी के पवित्र जल में स्नान कर महाकुंभ के साक्षी बन चुके हैं। भारत एक धार्मिक देश है। यहां एक नहीं, बल्कि कई धर्मों को मानने वाले लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। इसमें सबसे बड़ी संख्या सनातन धर्म को मानने वालों की है।

वर्ल्ड पॉपुलेशन रिव्यू, प्यू रिसर्च के मुताबिक, भारत की अनुमानित जनसंख्या 143 करोड़ (1.43 अरब) है। इसमें सनातन धर्मावलंबियों की संख्या लगभग 110 करोड़ (1.10 अरब) है। साथ ही पूरी दुनिया में सनातन धर्मावलंबियों की संख्या 120 करोड़ है। इस तरह अगर स्नानार्थियों की संख्या की तुलना दुनिया भर के सनातनियों की संख्या से की जाए, तो 50 प्रतिशत से भी ज्यादा लोग अब तक त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। यदि देश की कुल जनसंख्या से स्नानार्थियों की तुलना की जाए तो यह 55 प्रतिशत हो गई है, यानी देश की कुल जनसंख्या के करीब 55 प्रतिशत से ज्यादा लोग त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। प्यू रिसर्च 2024 की रिपोर्ट की मानें तो पूरी दुनिया में 120 करोड़ (1.2 अरब) आबादी सनातन धर्म को मानने वाली है। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर के भी पार पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। सीएम योगी ने पहले ही अनुमान जताया था कि इस बार जो भव्य और दिव्य महाकुंभ का आयोजन हो रहा है, वह स्नानार्थियों की संख्या का नया रिकॉर्ड स्थापित करेगा। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना जताई थी। उनका यह आकलन 11 फरवरी को ही सच साबित हो गया था।

गंगा में पाए जाने वाले बैक्टीरियोफेज के कारण गंगा का जल समुद्री जल की तरह

महाकुंभ नगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। महाकुंभ के दौरान अब तक 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा में पुण्य की डुबकी लगा चुकने के बाद बैक्टीरियोफेज के कारण इसका जल पूरी तरह से रोगाणुमुक्त है। गंगा नदी की अपनी अद्भुत स्व-शुद्धिकरण क्षमता इस खतरे को तुरंत टाल देती है। इसका रहस्य गंगा में पाए जाने वाले बैक्टीरियोफेज हैं, जो प्राकृतिक रूप से गंगा जल की सुरक्षा का कार्य करते हैं। ये अपनी संख्या से 50 गुना रोगाणुओं को मारकर उसका आरएनए तक बदल देते हैं। गंगा दुनिया की इकलौती मीठे जल वाली नदी है, जिसमें एक साथ इतने बैक्टीरिया मारने की अद्भुत ताकत है। मानवजनित सभी प्रदूषण को नष्ट करने के लिए इसमें 1100 प्रकार के बैक्टीरियोफेज मौजूद हैं। मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम भी जिस वैज्ञानिक का लोहा मानते रहे, उन्हीं पद्मश्री डॉक्टर अजय सोनकर ने महाकुंभ में गंगा जल को लेकर अब सबसे बड़ा खुलासा किया है। दुनिया के बड़े वैज्ञानिकों के अनुसार गंगा मैया की ताकत समुद्री जल के समान है। इसमें पाया जाने वाला बैक्टीरियोफेज प्रदूषण और हानिकारक बैक्टीरिया का समूल नाश कर खुद भी विलुप्त हो जाता है। भारत में काले मोती के जनक डॉ. सोनकर ने बताया कि गंगा जल में पाए जाने वाले रोगाणुओं का पल भर में ही संहार करने की अद्भुत क्षमता के कारण ही इसे मां गंगा का सिक्योरिटी गार्ड भी कहा जाता है। बैक्टीरियोफेज, बैक्टीरिया से 50 गुना छोटे होते हैं।

जेपी नड्डा व योगी आदित्यनाथ ने संगम में लगाई पवित्र डुबकी

महाकुंभ नगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। तीर्थराज प्रयाग की धरती पर आयोजित दिव्य और भव्य महाकुंभ में आम से लेकर खास श्रद्धालुओं का आगमन लगातार जारी है। महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को होने वाला है। इसके पहले लोग पवित्र त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य के भागी बन रहे हैं। इसी बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बार फिर शनिवार को महाकुंभ पहुंचे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी थे।

महाकुंभ पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद दोनों नेताओं ने पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसकी तस्वीरें और वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आईं। वीडियो में देखा जा सकता है कि दोनों दिग्गज राजनेता पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। इस दौरान उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह समेत अन्य गणमान्य भी मौजूद रहे।

दोनों दिग्गज नेताओं की पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी महाकुंभ में मौजूद लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र भी बनी। इसके पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि महान ऋषियों, मुनियों एवं तपस्वियों की तपोभूमि तीर्थराज प्रयाग की पावन धरा पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा जी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन। प्रयागराज में जारी महाकुंभ मेला 144 साल के बाद आयोजित हुआ है। यह हिंदू धर्म के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक है। इस खास अवसर पर लाखों श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा रहे हैं, जो उनके लिए धार्मिक उन्नति और पापों से मुक्ति का प्रतीक माना जाता है। 13 जनवरी से शुरू महाकुंभ में हर दिन लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और इनकी संख्या 60 करोड़ को भी पार कर गई है। महाकुंभ नगर मेला प्रशासन के मुताबिक, प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 60 करोड़ के पार पहुंच गया है। शनिवार दोपहर 12 बजे तक 71.18 लाख श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी में स्नान कर चुके थे। महाकुंभ का आखिरी स्नान महाशिवरात्रि पर 26 फरवरी को है। दावा किया जा रहा है कि शेष बचे चार दिनों में स्नानार्थियों की संख्या 65 करोड़ के पार भी जा सकती है।

अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो सर्वाधिक करीब 8 करोड़ श्रद्धालुओं ने मौनी अमावस्या पर स्नान किया था। जबकि 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया। एक फरवरी और 30 जनवरी को 2-2 करोड़ के पार और पौष पूर्णिमा पर 1.7 करोड़ श्रद्धालुओं ने पुण्य डुबकी लगाई। इसके अलावा बसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई थी। वहीं माघी पूर्णिमा पर भी दो करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में पावन स्नान किया।

प्रयागराज के डीएम रवींद्र मांदड़ के अनुसार, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई तैयारियों को सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी लगातार ऑन फील्ड रहकर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उनके अनुसार, हम लोग लगातार प्रयास कर रहे हैं कि श्रद्धालुओं के फीडबैक के अनुसार उस पर काम करके श्रद्धालुओं को सुविधा प्रदान की जाए। ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी लगातार काम किया जा रहा है। वीकएंड्स, पीक डे व अवकाश के दिनों में पुलिस ट्रैफिक डायवर्जन की योजना लागू करती है। इसके लिए पुलिस के अधिकारियों को भी ब्रीफ कर सचेत किया गया है। उनके अनुसार, जहां पर भी समस्या आ रही है, उसके निराकरण के प्रयास जारी हैं।

महाशिवरात्रि से पहले संगम तट पर जुटने लगे श्रद्धालु

महाकुंभ नगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। शनिवार को महाकुंभ का 41वां दिन है, भव्य आध्यात्मिक मेले के समापन में अब केवल चार दिन बचे हैं। 13 जनवरी को शुरू हुआ यह उत्सव 26 फरवरी को महा शिवरात्रि के साथ समाप्त होगा। महाकुंभ में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आते हैं, जिससे दुनिया के सबसे बड़े मानव समागम के रूप में इसकी स्थिति मजबूत होती है। यहां स्नान के लिए पहुंच रहे लोग व्यवस्थाओं की प्रशंसा कर रहे हैं। न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में श्रद्धालु प्रदेश और केंद्र सरकार का आभार जता रहे हैं। कानपुर से आईं श्रद्धालु नीरू चंदेल ने बातचीत में कहा कि हमारे मोदी जी और योगी जी ने शानदार व्यवस्था की है। हम उनका दिल से धन्यवाद करते हैं। यह हमारे लिए अद्भुत क्षण रहा। हमें कोई दिक्कत नहीं हुई।

बोले '41 दिन बाद भी व्यवस्था जबरदस्त'

उन्होंने यहां की स्वच्छता की भी तारीफ की। कहा कि इतनी भीड़ होने के बावजूद भी साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा गया है। कहीं पर कोई गंदगी नहीं है। देशभर से लोग यहां पर आए हुए हैं। भीड़ बहुत है। हमारा यहां पर आकर मन प्रसन्न हो गया। शादी की 25वीं सालगिरह पर गंगा स्नान करने कानपुर से आई श्रद्धालु सरिता गुप्ता ने कहा कि हमें अपने खास दिन पर यहां आकर बहुत अच्छा लगा। हमारा मन प्रसन्न हो गया। मैं कहूंगी कि जो लोग यहां पर नहीं आए हैं, वो भी यहां आकर स्नान का आनंद लीजिए। उन्होंने कहा कि यहां पर व्यवस्था बहुत अच्छी है, जो लोग इसे लेकर उल्टी सीधी बातें कर रहे हैं, वो झूठ कह रहे हैं, अफवाह फैला रहे हैं। मोदी जी और योगी जी ने अच्छी व्यवस्था की है। एक श्रद्धालु करमचंद गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित कराया है। यह अपने आप में बड़ी बात है। यह एक आदर्श कार्यक्रम साबित हुआ है और काफी सराहनीय रहा। लोग यहां पर अच्छे से आकर स्नान करके जा रहे हैं।

देश की पुरातन परंपरा महाकुंभ में साकार हो रही है : अर्लेकर

महाकुंभ नगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। दुनिया के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ में केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने परिवार समेत संगम में पुण्य की डुबकी लगाकर खुद को धन्य माना।

महाकुंभ को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे देश की पुरातन परंपरा महाकुंभ में साकार हो रही है। उन्होंने महाकुंभ को हमारे राष्ट्रीय एकात्मता का प्रतीक बताया है। उन्होंने कहा कि देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु यहां आ रहे हैं जो महाकुंभ के विराट स्वरूप और लोगों के बीच इसको लेकर सहज आकर्षण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि हम एक राष्ट्र हैं, पुरातन राष्ट्र हैं ऐसे में यहां डुबकी लगाने के बाद हमें हमारे सनातन गौरव की अनुभूति होती है।

अर्लेकर ने कहा कि मेरी गंगा मैया, यमुना मैया एवं सरस्वती मैया से प्रार्थना है कि हमारे देश में ऐसा ही एक वातावरण कायम रहे जिससे हमारे देश की प्रगति उत्तरोत्तर होती रहे और राष्ट्रीय एकात्मता बनी रहे। उन्होंने कहा कि यह यह बेहद प्रसन्नता का विषय है कि सनातन मूल्यों के प्रति लोग जागृत हो रहे हैं।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सीईओ आशीष चौहान ने शनिवार को पत्नी सोनल चौहान संग त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई और विधिवत पूजन-अर्चना किया। इसी प्रकार, केजीएफ फेम एक्टर वशिष्ठ एन सिम्हा ने भी त्रिवेणी संगम में स्नान कर खुद को धन्य मानते हुए इसे कभी न भूलने वाला क्षण करार दिया।

हर साल चावल भर बढ़ जाता है शिवलिंग

जालौन, 22 फरवरी (एजेंसियां)। सनातन धर्म के तीन प्रमुख देवों में सबसे प्रमुख देवता के रूप में महादेव का अपना विशिष्ट स्थान है। देशभर में भगवान शिव से जुड़े प्राचीन स्थानों व मंदिरों से संबंधित अनेकोअनेक गाथाएं हैं। बुंदेलखंड के जालौन जनपद में भी 1400 साल पुराने शिव मंदिर से जुड़ी एक अद्भुत महिमा है यहां श्वेतवर्ण शिवलिंग के रूप में विराजे भोलेनाथ हर साल चावल के दाने बराबर बढ़ जाते हैं।

जनपद जालौन की माधवगढ़ तहसील के अंतर्गत ग्राम सरावन में स्थित शिवमंदिर की अनेकों कथाएं स्थानीय रूप से प्रचलित है इन कथाओं का वर्णन बुंदेली संस्कृति में अतुलनीय है। सावन के माह व महाशिवरात्रि के दिन महाकाल की असीम अनुकम्पा पाने की अभिलाषा लिए बड़ी संख्या में आस पास और दूर दूर से भक्त आते हैं। श्वेतवर्ण शिवलिंग रूप मे मंदिर में विराजमान होने के कारण भूरेश्वर महादेव मंदिर के रूप में विख्यात यह मंदिर स्थानीय लोगों की आस्था और विश्वास का बड़ा केंद्र है। स्थानीय लोग भूरेश्वर महादेव की सविस्तार वर्णन करते हुए बताते हैं कि यहां शिवलिंग प्रत्येक वर्ष एक चावल भर बढ़ता है। यही वजह है कि शिवलिंग की ऊंचाई 96 सेंटीमीटर हो गई है।

सावन मास में और शिवरात्रि के पर्व पर लाखों श्रद्धालु यहां माथा टेक कर खुद को धन्य मानते हैं। कैलाशपति का भूरेश्वर मन्दिर लगभग 1400 वर्ष पुराना है और रियासत के राजा श्रवन देव द्वारा बनाया गया है। राजा श्रवनदेव एकबार हस्तिनापुर गए थे, वहां उन्हें शिव ने स्वप्न में आकर शिवलिंग स्थापित करने को कहा। हस्तिनापुर से लौटते हुए वहां से राजा एक छोटे आकार का शिवलिंग लेकर आए थे, और गांव के पास ही एक जगह रख दिया। राजा मूर्ति को किसी पुनीत स्थान पर स्थापित करना चाहते थे लेकिन अनेक प्रयासों के बावजूद भी राजा तथा अन्य लोग इस शिवलिंग को तिल भर भूमि से अलग नहीं कर पाये और आखिरकार राजा को शिवलिंग उसी स्थान पर स्थापित कराना पड़ा। तभी से यह शिवलिंग इसी जगह स्थापित हैं और मंदिर बनवाया।

राजा श्रवन के नाम पर गांव का नाम पुराने कागजों में दर्ज है लेकिन भाषा के धारा प्रवाह के कारण 'श्रवण' शब्द गांव की बोली में बोलते-बोलते ठेठ होकर 'सरावन' शब्द बन गया और गांव का नाम सरावन पड़ा 7 शिवलिंग के सफेद होने के कारण इस मन्दिर का नाम भूरेश्वर महादेव पड़ा। भूरेश्वर महादेव की महिमा इतनी अधिक है कि बाराबंकी जिले के रामनगर में स्थित लोधेश्वर महादेव से लौटने वाले लाखों कांवडिया सरावन में स्थित भूरेश्वर महादेव मन्दिर में जल चढ़ाने के बाद ही अपने गांव को जाते हैं। लोगों का कहना है कि वह इस मन्दिर को वर्षों से ऐसे ही देखते और पीढ़ी दर पीढी भूरेश्वर महादेव की महिमा का वर्णन सुनते चले आ रहे हैं। मंदिर के मुख्य द्वार पूर्व, निकास दक्षिण व आगमन उत्तर की ओर है, छत 6 खंभों पर है। यहां शिवलिंग के विषय में बताया जाता है कि सुबह, दोपहर और शाम यह शिवलिंग अलग-अलग रूप में दिखायी देता है। शिवरात्रि से मन्दिर पर मेला लग जाता है वहीं एक माह के लिए रियासत के राजा अपनी ही रियासत में मेला लगवाते हैं। आज जिस स्थान पर मन्दिर है वहां पर बड़े-बड़े पेड़ है जिनकी छाया होती है। वहां पर एक कुआं भी है 7 जिस पर लोग पहले पानी पीते थे और स्नान भी करते थे।

बदलते मौसम में बरतें सावधानी

■ योग, गुनगुना पानी व हर्बल टी से इम्युनिटी बेहतर ■ बुजुर्गों व बच्चों में बदलते मौसम का असर ज्यादा

नई दिल्ली, 22 फरवरी (एजेंसियां)। बसंती बयार बहने लगी है। सुबह और शाम में ठंड हो रही है तो दोपहर को पसीना छूटने लगा है। बदलते मौसम का हमारे शरीर पर प्रभाव पड़ता है और ऐसे समय में खास सावधानी बरती जानी चाहिए। सिंपल घरेलू उपाय से शारीरिक समस्याओं से छुटकारा संभव है।

मार्च माह में प्रवेश करते हुए कुछ विशेष सावधानी बरती जानी चाहिए। योग, गुनगुना पानी और हर्बल टी इम्युनिटी को बेहतर करने वाले सहज उपाय हैं।

योग दर्शन के मूल ग्रंथ पतंजलि योगसूत्र के अनुसार, हमारा अस्तित्व पर्यावरण में बदलाव को महसूस करने की क्षमता पर निर्भर करता है, इसलिए परिवर्तन काल में योग को आत्मसात करना चाहिए। नियमित योग और मेडिटेशन को दिनचर्या में शामिल करना सही होता है। दरअसल, मौसम के बदलने के साथ खासी एवं फेफड़ों से संबंधित बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इससे निपटने के लिए योगासन की सलाह दी जाती है।

दूसरा अहम उपाय जल से जुड़ा है। दिन भर में 7 से 8 गिलास पानी पीने की सलाह अक्सर विशेषज्ञ देते हैं। इससे डिहाइड्रेशन नहीं होता। पाचन में मदद करता है और शरीर से टॉक्सिक पदार्थ बाहर निकाल फेंकता है। एक और खास बात शरीर के तापमान को भी नियंत्रित करता है।

तीसरा बहुत आम सा और खास उपाय है। क्योंकि मौसम में बदलाव अपने साथ बहुत सारी बीमारियां साथ लाता है, इसलिए हर्बल चाय को दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी जाती है। वैसे भी ये हमारी दादी मां के नुस्खों में शामिल रहते हैं । हर्बल टी अगर ताजा तुलसी के पत्तों, अदरक से बनी हो तो फायदा जबरदस्त होता है।

एक तरफ शरीर में गर्मी बढ़ रही होती है तो दूसरी तरफ वातावरण में नमी है। सबके लिए सजग होने का समय है। खास तौर से बुजुर्गों और बच्चों में बदलते मौसम का असर ज्यादा देखने को मिलता है। जरा-सी लापरवाही आपको बीमारियों के जाल में फंसा सकती है।

ये तो है सीजन ट्रांजिशन की तैयारी। फिर भी बुखार हो जाए, गले में खराश हो या फिर शारीरिक दिक्कत हो तो विशेषज्ञ की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

बुनियादी सुविधाओं से जूझ रहा है ग्राम बोईरडीह

रोहांसी/बलौदाबाजार, 22 फरवरी (देशबन्धु)। पलारी जनपद पंचायत के अंतर्गत अनेको बोईरडीह ग्राम है। लेकिन जिस बोईरडीह ग्राम के समस्याओं की बात कर रहे है वह जनपद पंचायत पलारी के क्षेत्र क्रमांक 1 संडी क्षेत्र में ग्राम बोईरडीह स्थित है जो आदिवासी बाहुल्य है। यहां करीबन 370 मतदाता हैं। गोंड समाज की समाजिक दृष्टि से बोईरडीह चक है, जिसमें 53 आदिवासी गांव आते हैं जो मुरा खरोरा रायपुर जिला तक अंतिम छोर होता है। बहरहाल यह पिछड़ा हुआ गांव माना जाता है। न यह नक्सल क्षेत्र है जो विकास पर रोड़ा बनता और न ही जंगल एरिया है। मैदानी इलाका होने के बावजूद भी समस्याओं पर कोई जनप्रतिनिधि सुध नहीं लिया। आदिवासियों की समस्याओं का अंबार केवल जंगल क्षेत्र ही नहीं वरन् मैदानी इलाकों में भी देखने को मिल रहा है। इस गांव में जाने के लिए फ्लिहाल केवल एक ही मार्ग उचित है। नाला के किनारे-किनारे, बाकी के रास्ते पर समय समय पर चलना ही ठीक रहता है। बरसात के समय मुख्य गली पर पानी निकासी की समस्या प्रमुख चुनौती होती है।

नल जल योजना का लाभ अभी तक नहीं

सरकार द्वारा नल-जल योजना के माध्यम से गांव के हर घर को नल कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। जिससे पानी की समस्या ना हो, गांव में पानी की टंकी निर्माण से लेकर घर-घर कनेक्शन पहुंच चुकी है किन्तु अभी तक इस गांव वाले नल की पानी आने की बांट जोह रहें है। गांव के घुसते ही इमली की पेड़ के पास प्लास्टिक पानी टंकी जो पुरानी है उसे सीमेंट से सेफ्टी के लिए घेरा है वर्तमान में बड़ा सा दरार नजर आता है। वहीं सेफ्टी घेरा दुर्घटना को निमंत्रण भी दे रहा है जो कभी भी गिर सकती है। गांव में 4 बोरिंग है सभी खराब स्थिति में है। किसी भी कार्यक्रम निर्मित स्तिथि पर होती है पानी की समस्या-गांव में कोई भी कार्यक्रम होता है तो पानी की समस्या अधिक होती है कारण अधिक संख्या में मेहमानों का आना उसके लिए पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी उपलब्ध रखना जरूरी होता है जैसे छट्ठी, शादी, अंत्येष्टि कार्यक्रम शामिल हैं अभी एक घर में अंत्येष्टि का कार्यक्रम चल रहा था उसमें घर वालों को बाहर से पानी टैंकर की व्यवस्था करना पड़ा।

2-3 किमी करीबन दूर माइंस होने के कारण जल स्तर नीचे चला जाना- हिरमी में प्रतिष्ठित अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी की माइंस होने के कारण गांव का जलस्तर नीचे उतर जाता है गांव से करीबन 2-3 किमी दूर माइंस स्थापित है, जलस्तर घटने से पानी की समस्या होना स्वाभाविक है। वहीं बात करें गांव से गुजरने वाली नहर में गंगरेल बांध के पानी आने से जलस्तर ठीक हो जाता है।

स्कूल स्थानांतरित तो हुआ किन्तु किचन शेड नहीं- गांव में पांचवीं कक्षा तक स्कूल संचालित है पहले गांव के घुसते ही स्कूल था अब अंतिम छोर पर स्थित है जहां बरसात के समय बच्चों को जाने-आने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, पुर्व में स्कूल संचालित था वहां पर किचन शेड का निर्माण हुआ था अब स्कूल सहित खंडहर हो गया है वर्तमान स्कूल में किचन शेड नहीं होने से बच्चों के भोजन बनाने में समस्या होती है।

सामुदायिक भवन की समस्या बनी हुई हैं-गांव में कोई भी कार्यक्रम होता है तो एक सहुलियत भवन होता है जिससे भोजन बनाने से लेकर परोसने तक व रुकने की व्यवस्था बनता है। किन्तु गांव वालों की लंबे अरसे से मांग है जो अभी तक किसी जनप्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया। गांव वाले बताते हैं कोई भी वोट मांगने के लिए ही इस गांव में कदम रखता है जीतने के बाद गांव में आना-जाना ही भूल जातें हैं। गांव में पानी की समस्या सामुदायिक भवन की मांग प्रमुख हैं साथ में बरसात के समय में गांव का मुख्य मार्ग और बच्चों को स्कूल जाने पर तकलीफहोती है। चुनाव में खडे पंचायत प्रतिनिधियों ने जरूर चुनावी सभा मे कहते है कि पानी की समस्या को दूर करना है, गांव में सड़क, नाली निर्माण, भवन की व्यवस्था और साथ ही शासन की योजनाओं से लाभान्वित कराना हैं लेकिन चुनाव संपन्न होने के बाद सब बाते भूल जाते है।

आज 92 सरपंचों, 25 जनपद सदस्यों और 3 जिला पंचायत सदस्यों के लिए डाले जाएंगे वोट

लगभग सवा लाख से अधिक मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग, जनपद पंचायत नगरी में तीसरे चरण में मतदान रविवार को सुबह सात बजे से, शासकीय श्रृंगीऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी से मतदान दल रवाना

धमतरी, 22 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत तीसरे चरण का मतदान जनपद पंचायत नगरी में आज 23 फरवरी रविवार को सुबह सात बजे से शुरू होगा। आज सुबह से ही शासकीय श्रृंगीऋषि उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नगरी से मतदान सामग्री लेकर दल अपने अपने केन्द्रों के लिए रवाना हुए। इस पंचायत निर्वाचन में नगरी जनपद क्षेत्र के एक लाख 27 हजार 251 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नगरी जनपद क्षेत्र में तीसरे चरण के मतदान से 92 सरपंचों, 25 जनपद सदस्यों और तीन जिला पंचायत सदस्यों का निर्वाचन किया जाएगा। जनपद क्षेत्र में 65 हजार 656 महिला और 61 हजार 593 पुरूष मतदाताओं के साथ एक अन्य श्रेणी का मतदाता भी वोट डालेगा।

नगरी जनपद क्षेत्र में कुल 102 ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच पदों के लिए नामांकन प्राप्त किए गए हैं। इनमें से 10 ग्राम पंचायतों में सरपंचों का निर्वाचन निर्विरोध हो गया है। इसी तरह कुल 1378 पंच पदों में से 829 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन किया जा चुका है। नगरी जनपद क्षेत्र में अब 92 सरपंच पदों पर निर्वाचन के लिए 328 अभ्यर्थी और 549 पंच पदों के लिए 1284 प्रत्याशी मुकाबले में हैं। नगरी जनपद क्षेत्र में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए 249 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जनपद क्षेत्र में 25 जनपद सदस्य पदों के लिए 82 और तीन जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए 11 उम्मीदवार मैदान में हैं। नगरी पंचायत निर्वाचन क्षेत्र को शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए 17 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इन सेक्टरों में 41 रूट चिन्हांकित किए गए हैं। मतदान कराने के लिए लगभग 275 मतदान दल बनाए गए हैं। जनपद पंचायत नगरी कार्यालय को निर्वाचन के लिए मुख्य कंट्रोल रूम बनाया गया है।

भारत माला प्रोजेक्ट में काम करते हुए फिर हुई एक मजदूर की मौत

धमतरी, 22 फरवरी (देशबन्धु)। भारत माला प्रोजेक्ट न जाने कितने लोगों की जान लेगी। इसके पूरे होते तक अनगिनत लोग मौत के काल में समा चुके होंगे। 22 फरवरी की सुबह फिर से एक मजदूर की मौत हो गई

केंद्र सरकार द्वारा भारत माला प्रोजेक्ट के तहत रायपुर से विशाखापट्टनम तक सिक्सलेन सड़क बनाई जा रही है। इस मार्ग के बनने से विशाखापट्टनम तक पहुंचने में समय और धन दोनों ही कम लगेगा और यात्रा सुगम हो जाएगी। इसका निर्माण कार्य तेजी से जारी है, लेकिन इस निर्माण के दौरान मजदूर, ड्राइवर एवं अन्य लोगों की अन्य लोग काल गे गाल में समा चुके हैं। 22 फरवरी शनिवार की सुबह नगरी रोड में इस प्रोजेक्ट से जुड़े एक मजदूर की मौत हो गई। साथी मजदूरों ने बताया कि धनंजय सिंह झारखंड निवासी बेदवा पथरा के पास लगे काम में सेंट्रिंग निकालने के बाद अचानक छाती के बल गिर गया। दर्द होने पर उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा।

कलेक्टर ने मतदान दलों को शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने दी शुभकामनाएं

बलौदाबाजार, बलौदाबाजार और पलारी जनपद पंचायत में मतदान आज

बलौदाबाजार, 22 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत तृतीय चरण में जिले के जनपद पंचायत बलौदाबाजार अंतर्गत 277 और पलारी के 275 मतदान केंद्रों में रविवार 23 फरवरी 2025 को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने शनिवार को मतदान सामग्री वितरण केंद्र पण्डित चक्रपाणी शुकल स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बलौदाबाजार एवं बृजलाल वर्मा शासकीय महाविद्यालय पलारी पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शितापूर्ण मतदान और मतगणना सम्पन्न कराने जरुरी निर्देश देते हुए मतदान दलों को शन्तिपूर्ण मतदान संपन्न कराने शुभकामनायें दिये। सामग्री प्राप्ति एवं मिलान के उपरांत अपने-अपने सेक्टर अधिकारी की निगरानी में दोनों जनपद पंचायत के मतदान दल आवंटित मतदान केंद्र के लिए रवाना हुए। मतदान प्रात: 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मत पत्र से होगी। इस दौरान अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे सहित आरओ एवं एआरओ भी मौजूद थे।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत बलौदाबाजार में 93358 पुरुष, 93598 महिला कुल 1,86,956 एवं जनपद पंचायत पलारी में 80824 पुरुष, 81472 महिला एवं 1 अन्य कुल 1,62,297 मतदाता मतदान करेंगे। जनपद पंचायत बलौदाबाजार में पंच पद के 1027, सरपंच के 105, जनपद सदस्य के 25 एवं जिला पंचायत सदस्य के 4 सीटों क्षेत्र क्रमांक 8,9,10 एवं 11 के लिए मतदान होगा। पंच पद के लिए 2509, सरपंच के लिए 488, जनपद सदस्य के लिए 115 एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 23 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे है। इसीप्रकार जनपद पंचायत पलारी में पंच पद के 899, सरपंच के 99, जनपद सदस्य के 25 एवं जिला पंचायत सदस्य के 3 पदों के लिए क्षेत्र क्रमांक 12, 13 एवं 14 के लिए मतदान होगा। पंच पद के लिए 2066, सरपंच के लिए 489, जनपद सदस्य के लिए 122 एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 28 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे हैं।

प्रशासन की टीम ने रुकवाया 5 नाबालिगों का विवाह

बलौदाबाजार, 22 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिला बाल संरक्षण इकाई महिला एवं बाल विकास बलौदाबाजार द्वारा जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए समुदाय को जागरूक करने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजना किया जा रहा है साथ ही बाल विवाह किए जाने की जानकारी मिलने पर जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाईल्ड हेल्पलाईन की टीम के द्वारा संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना एवं पुलिस थाने के सहयोग से त्वरित कार्यवाही कर बाल विवाह की रोकथाम की जा रही है। इसी कड़ी में फरवरी माह के तीसरे सप्ताह में संयुक्तटीम द्वारा 5 प्रकरणों में बाल विवाह रुकवाया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 एवं अन्य माध्यमों जिला बाल संरक्षण इकाई को पलारी विकासखण्ड के नगर पंचायत क्षेत्र, भाटापारा विकासखण्ड के ग्राम कुम्हारखान, तरेंगा एवं टोनाटार तथा बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम खम्हरिया यदु में कुल 5 प्रकरणों में नाबालिग बालिकाओं तथा विवाह की आयु पूर्ण नही किए बालकों का विवाह तय किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टिचेन्द्र जाटवर के द्वारा प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला बाल संरक्षण इकाई की टीम द्वारा संबंधित ग्रामों में जाकर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों से परिजनों को अवगत कराकर बाल विवाह रोकथाम की कार्यवाही की गई। ग्राम खम्हरिया यदु में 17 वर्ष 9 माह की ग्राम घोटिया में 17 वर्ष 03 माह की नाबालिग बालिका के विवाह को मंडप दिवस के एक दिन पूर्व, ग्राम कुम्हारखान में 17 वर्ष 05 माह एवं 19 वर्षीय युवक के विवाह को कुम्हरखान पहुच चुकी बारात को वापस भेजकर रोका गया। बेमेतरा की 16 वर्ष 5 माह की बालिका से विवाह करने जाने वाले युवक एवं परिजनों को समझाईश देकर रोका गया। ग्राम टोनाटार के 15 वर्ष 5 माह की नाबालिग बालिका के ग्राम लवनबन के 18 वर्ष 5 माह के लड़के से दिनांक 25 फरवरी को होने वाले विवाह को भी परिजनों को समझाईश देकर रोका गया। पांचो प्रकरणों में वर-वधु पक्ष को बाल विवाह के कारण बालिकाओं तथा युवको पर होने वाल सामाजिक, शारीरिक दुष्प्रभावों के बारें में जानकारी प्रदान की गई। विवाह हेतु निर्धारित आयु से कम उम्र में विवाह, गर्भधारण से जोखिम पूर्ण प्रसव तथा कुपोषित शिशु एवं नवजात शिशु की मृत्यु तक हो जाने की संभावनों को बताते हुए दोनो पक्षो को विवाह हेतु निर्धारित आयु पूर्ण होने के उपरांत विवाह करने की समझाईश दी गई।

डीओ में 80 प्रतिशत से कम उठाव करने वाले मिलरों पर पेनाल्टी अधिरोपित

धान उठाव में तेजी लाने मिलरों को कड़े निर्देश

बलौदाबाजार, 22 फरवरी (देशबन्धु)। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य में की गई धान खरीदी के पश्चात उपार्जन केंद्रों से धान उठाव हेतु मिलर्स को डीओ जारी किया गया है। कलेक्टर दीपक के निर्देश पर समिति के द्वारा ऐसे 19 राईस मिलर्स जो जारी डीओ में 80 प्रतिशत से कम उठाव किये हैं उनके डी.ओ. में पेनाल्टी अधिरोपित करने का भी निर्णय लिया गया है। डी.ओ.जारी होने के अत्यधिक समय पश्चात् भी कुछ मिलर्स के द्वारा धान उठाव में रूचि नहीं ली जा रही है जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर दीपक सोनी ने मिलर एवं परिवहनकर्ता द्वारा समय-सीमा में अपने दायित्व का निर्वहन करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 855396.64 मेट्रिक टन धान उपार्जन हुआ है जिसमें से परिवहनकर्ता द्वारा 323579 मेट्रिक टन एवं जिला और अंतरजिला मिलर द्वारा 412618 मेट्रिक टन धान का उठाव किया गया है। उपार्जन केंद्रों में 119199 मेट्रिक टन धान उठाव हेतु शेष है।जिले के मिलर को 392862 मेट्रिक टन हेतु डीओ जारी हुआ है जिसमें से 338060 मेट्रिक टन धान का उठाव किया गया है तथा 54902 मेट्रिक टन धान का उठाव शेष है जिसमें से 19 रईस मिलर का जारी डीओ में उठाव 80 प्रतिशत से कम है।

फर्जी अनुमति से जमीन की बिक्री, दो गिरफ्तार

महासमुंद, 22 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर से फर्जी अनुमति के आधार पर जमीन बिक्री करने के मामले में पिथौरा के लक्ष्मीनारायण अग्रवाल उर्फ फून्नू सेठ तथा झलप के राइस मिलर मुकेश अग्रवाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पटेवा पुलिस प्रभारी विनोद कश्यप ने बताया कि शासकीय जमीन की फर्जी रजिस्ट्री की शिकायत रायपुर लाखे नगर निवासी रामअवतार पिता सुआ अग्रवाल ने की थी। उन्होंने शिकायत में कहा था कि उनके साथ 36 लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी की गई है। शिकायत पर धारा 406, 420, 467, 468, 471, 34, 120 बी का अपराध दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। इस मामले में और भी जांच जारी है। ज्ञात हो कि पिथौरा में हजारों एकड़ शासकीय जमीन घोटाले का मामला सुर्खियों में रहा है।

नाम परिवर्तन सूचना

मैं मकसूद अंसारी उम्र 53 वर्ष पिता मोहम्मद रहम्मद अंसारी जाति मुसलमान निवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. का निवासी हूँ जो कि मेरे नाम से एलआईसी का मनी बैक पॉलिसी क्रमांक 383453830 मे मेरा नाम MOHAMMAD MAKSOOD लिखा गया था। जबकि आधार कार्ड क्रमांक 413481985875 व पेनकार्ड तथा बैंक पासबुक मे मेरा नाम MAKSUD ANSARI लिखा हुआ है जो कि सत्य एवं सही है। यह कि उक्त दोनो नाम MOHAMMAD MAKSOOD एवं MAKSUD ANSARI मेरे ही है। यह कि उक्त दोनो नाम एक ही व्यक्ति के पहचान है जिसके समर्थन में यह शपथ पत्र संबंधित विभाग में आवश्यकता अनुसार प्रस्तुत हैं।

शपथकर्ता
मकसूद अंसारी
निवासी बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.

न्यायालय - आयुक्त कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम सह श्रम न्यायालय बलौदाबाजार छ.ग.
पीठासीन अधिकारी राकेश कुमार वर्मा
उपस्थिति हेतु समंस

आदेश 05 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता
प्रकरण क्रमांक 10/2024 कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम
पेशी तारीख 26.03.2025
प्रो.क्र. 12/2025
प्रति
कलीराम धीवर पिता द्रोण धीवर, निवासी धीवर पारा आरंग, चरौदा 2 रायपुर, जिला रायपुर छ.ग., चांदनी चतुर्वेदी वगैरह बनाम मोतीलाल चतुर्वेदी वगैरह

आवेदिका चांदनी चतुर्वेदी पति गजेन्द्र चतुर्वेदी उम्र 32 वर्ष व अन्य 5, सभी निवासी टेहका रोड अम्बेडकर चौक के पास गुरूनानक वार्ड भाटापारा, तहसील भाटापारा व थाना भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ0ग0 आप अनावेदक के विरुद्ध प्रकरण क्रमांक 10/ईएसी0एक्ट/2024 धारा 04,10 एवं 12 कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम वास्ते क्षतिपूर्ति प्राप्त करने बाबत् आवेदन पेश किया है। आप अनावेदक इस न्यायालय में नियत तारीख 26.03.2025 के दावे के उत्तर देने के लिए उपस्थित होने के लिए नोटिस जारी किया जाता है। इससे संबंधित स्वयं या किसी ऐसे वकील द्वारा उपस्थित हो, जिसे तत्संबंध में अनुदेश दिए गये हो और इस दावे से संबंधित सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके।

आप अनावेदक को यह भी निर्देश दिए जा रहे है आप इन सब दस्तावेज को को जो आपके कब्जे या शक्ति में हो, पेश करें, जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है यदि आप किसी अन्य दस्तावेजों पर चाहे वह अपने कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में हो विसरत करते हुए आप ऐसे दस्तावेज का लिखित कथन के साथ उपलब्ध कराये जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि उपर वर्णित की गई पेशी तारीख 26.03.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे, तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। टीप - यदि किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख 26.03.2025 को सार्वजनिक / स्थानीय अवकाश घोषित हो जाता है, अथवा किसी कारणवश कार्य स्थगित हो जाता है, तो आगामी तिथि पर प्रकरण की सुनवाई होगी।

आज दिनांक 20.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

(राकेश कुमार वर्मा)
सील आयुक्त, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम श्रम न्यायालय बलौदाबाजार छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार, खैरागढ़ जिला,खैरागढ़ -छईखदान-गंडई
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202502290200001 3/21 (1)/ 2024-25
ग्राम सांकरी तहसील खैरागढ़
जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सांकरी तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़ - छुईखदान गंडई के सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंजोर सिंह पिता धनऊ पढीती जाति गोड़ निवासी ग्राम सांकरी तहसील खैरागढ़ जिला खैरागढ़ -छुईखदान गंडई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि को ग्राम सांकरी प.ह.नं. 01 तहसील जिला खैरागढ़-छुईखदान गंडई में स्थित भूमि खसरा नंबर 39 रकबा 2.44 एकड़ में से 1.24 एकड़ पारिवारिक आवश्यकता की पूर्ति हेतु रकम की आवश्यकत होने पर उक्त भूमि गैर आदिवासी प्रस्तावित क्रेता रशीदा बी पिता मो. रशीद निवासी ग्राम गातापार जंगल के पास विक्रय किये जाने अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय खैरागढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया है जो अनुविभागीय अधिकारी महोदय (रा.) खैरागढ़ के माध्यम से जांच कर स्पष्ट प्रतिवेदन दिये जाने इस न्यालाय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्तानुसार आवेदक के नाम व स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 39 रकबा 244 एकड़ में से 1.24 एकड़ भूमि को आदिवासी से गैर आदिवासी रशीदा बी पिता मो. रशीद निवासी गातापार जंगल विक्रय किये जाने में जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करनी हो वे पेशी दिनांक 10.03.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 10.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 10.02.2025
पेशी दिनांक 10.03.2025

मुहर **नायब तहसीलदार खैरागढ़**

न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ-जिला-दुर्ग तहसील-भिलाई-3 प.ह.न.-00011 जंजगिरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक RD2024254302163000005

ईश्तहार

तहसील भिलाई-3 के प.ह.न. 00011 के अंतर्गत ग्राम जंजगिरी के वर्तमान भूमिस्वामी कक्कू ई. एण्ड पी. कन्ट्रोल प्रा. लि. डायरेक्टर राजेश बहादुर माथुर पिता/पति नवल बिहारी लाल पता-महाराजानिवास सराय रोहेल्ला नई दिल्ली रजनीश बिहारी माथुर पिता/पति-बी.बी.माथुर पता-महाराजानिवास सराय रोहेल्ला नई दिल्ली के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 626/4 (0.0120) 564/5(0.1770), 626/10 (0.0080) 564/1 (0.3560) 564/4 (0.3640), 564/2 (0.1980) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता कक्कू ई.एण्ड पी. कन्ट्रोल प्रा. लि. डायरेक्टर अमित बहादुर माथुर पिता/ पति-राजेश बहादुर माथुर पता-महाराजानिवास सराय रोहेल्ला नई दिल्ली, कक्कू ई. एण्ड पी. कन्ट्रोल प्रा. लि. डायरेक्टर सुमीत बहादुर माथुर पिता/पति-राजेश बहादुर माथुर पता.महाराजानिवास सराय रोहेल्ला नई दिल्ली, रजनीश बिहारी माथुर पिता/पति बी.बी. माथुर पता.महाराजानिवास सराय रोहेल्ला नई दिल्ली के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17/03/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/02/2025 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार: PAWAN THAKUR,
भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, DONNA HARSHA D/O MANOJ KARERA resident of HOUSE NO. 470 DESH-LEHRA NAGAR, AMDI MANDIR SINDHI COLONY DURG (C.G.) have changed my old name DONNA HARSHA D/O MANOJ KARERA so in future I should be recognized by my new name that is HARSHA KARERA D/O MANOJ KARERA in all Government and other documents.

HARSHA KARERA
HOUSE NO. 470 DESHLEHRA NAGAR, AMDI MANDIR SINDHI COLONY DURG (C.G.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, BIKAS JAIN S/O SIBRATAN LAL JAIN resident of H.NO.12 PD VIHAR COLONY DAK BANGLAW WARD VIVEKANAND NAGAR 3 DHAMTARI, (C.G.) 493773 have changed my old name BIKAS JAIN S/O SIBRATAN LAL JAIN so in future I should be recog-nized by my new name that is BIKASH JAIN S/O SIBRATAN LAL JAIN in all Government and other documents.

BIKASH JAIN
H.NO.12 PD VIHAR COLONY DAK BANGLAW WARD VIVEKANAND NAGAR 3 DHAMTARI, (C.G.) 493773

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, BINDIA JAIN W/O BIKASH JAIN resident of H.NO.12 PD VIHAR COLONY DAK BANGLAW WARD VIVEKANAND NAGAR 3 DHAMTARI, (C.G.) 493773 have changed my old name BINDIA JAIN W/O BIKASH JAIN so in future I should be recognized by my new name that is BINDIYA JAIN W/O BIKASH JAIN in all Government and other documents.

BINDIYA JAIN
H.NO.12 PD VIHAR COLONY DAK BANGLAW WARD VIVEKANAND NAGAR 3 DHAMTARI, (C.G.) 493773

CSPDCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड

कार्यालय-कार्यपालन अभियंता (परियोजना)
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, कवर्धा
(छ.रा.वि.मण्डल की ज़ारदायी कंपनी, छ.ग. शासन का एक उपक्रम)
EEPRJ.Kawardha@cspc.co.in

आवश्यक-सूचना

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड परियोजना संभाग कवर्धा द्वारा आम जनो को सूचित किया जाता है कि 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र चंदैनी से निकाले गए 1. नई चिलमखोदरा बस्ती फीडर, 2. नई मजगांव बस्ती फीडर, 3. नई बड़ौदाकला/नवागांव बस्ती फीडर एवं 4. नई चंदैनी बस्ती फीडर को दिनांक 23 .02.2025 से कभी भी चार्ज किया जा सकता है।

अत: संबंधित क्षेत्र के आमजनों से अपील है कि उक्त लाईन से सुरक्षित दूरी बनाकर रखें।

प्रभावित क्षेत्र:-

1. चिलमखोदरा फीडर चिलमखोदरा, कुमारदनिया, घनेलीडीह, गांगीबहेरा, रमपुरा एवं निवासपुर।
2. मजगांव फीडर मजगांव, दैहानडीह, बड़ौदाखुर्द ।
3. बड़ौदाकला/नवागांव फीडर बड़ौदाकला, गांगपुर, सोनपुर, बितली, ज्ञानपुर, भठैलाटोला, सिंगारपुर (जे), गुलालपुर, नवागांव।
4. चंदैनी फीडर चंदैनी, उड़ियाकला, कारेसरा, बुधवारा, सलिहा, बचेड़ी।

(के.एल. उइके-91376937)
कार्यपालन अभियंता (परियोजना) संभाग
छ.स्टे. पा.डि.कं. लिमि. कवर्धा

नौ दिनों से सूना रहा कुंभ कल्प मेला, दसवें दिन रिकॉर्ड तोड़ रही भीड़

राजिम 22 फरवरी (देशबंधु)। राजिम कुंभ कल्प मेला के महोत्सव स्थल में सिमटी सेंकड़ों की भीड़ शुक्रवार जानकी जयंती पर अचानक लाखों की भीड़ उमडी ।दसवे दिन रिकॉर्ड तोड़ भीड़ बॉलीवुड सिंगर हंसराज को सुनने के लिए टूट पड़ी। कहीं पर कोई कुर्सी खाली नहीं दिखाई दी इतनी भीड़ को देखकर हर कोई अचंभित रह गए कि अचानक इतनी भीड़ कैसे। वैसे भी 21 फरवरी को संत समागम का उद्घाटन था जिसमें बड़ी संख्या में साधु संत भी पहुंचे हुए थे उनके वाणी को सुनने के लिए भी लोग उपस्थित हुए थे इसके अलावा छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की उपस्थिति के चलते नेतागण तथा उनके कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। उद्घाटन सत्र समाप्त होने के बाद तो और भीड़ बढ़ती गई। पूरा दर्शक दीर्घा खचाखच हो गया। बताना होगा कि यह भीड़ सिर्फमंच तक ही सीमित नहीं रही बल्कि मीना बाजार, शासकीय स्टॉल स्टॉल, गंगा आरती घाट, संगम स्थित मेला क्षेत्र, मंदिर एवं लोमस ऋषि आश्रम में भी यह भीड़ बनी रही जिसे देखते हुए एक लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं के 21 जनवरी को पहुंचने की अनुमान है।

जनता ने बता दिया की प्रोग्राम कैसे होना चाहिए

हालांकि इतने दिनों तक कार्यक्रम चल रहे थे लेकिन भीड़ कम जुट रही थी बॉलीवुड सिंगर हंसराज के आगमन की खबर जैसे ही लोगों को लगी है तब से शिव भजन सुनने के लिए आने का क्रम शुरू हुआ है इससे कहा जा सकता है कि दर्शकों को किस तरह के कार्यक्रम चाहिए जिससे वह भाव भक्ति भी कर सके और कार्यक्रम का लुफ्त भी उठा सकें। आज भी छालीवुड अभिनेत्री मोना सेन का कार्यक्रम है जिसमें भी बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित होकर कार्यक्रम को देखते रहे। वैसे भी सोशल मीडिया के माध्यम से लोग अपने घरों में बैठकर टेलीविजन या फिर मोबाइल के द्वारा सारे कार्यक्रम को देख रहे हैं। जनता ने बता दिया कि प्रोग्राम अच्छा और बड़े चाहिए ।

प्रचार प्रसार की रही कमी , अखबारों में विज्ञापन से परहेज़ , तो पत्रकार भी करने लगे सामाचारों से परहेज़

जानकारी के मुताबिक पहले जैसे अब राजिम कुंभ कल्प मेला का प्रचार प्रसार नहीं होता है। कुछ साल पहले छत्तीसगढ़ के हर छोटे बड़े शहर में कुंभ मेला से संबंधित होर्डिंग से लगाए जाते थे जो अब पूरी तरह से बंद हो गया है। आकाशवाणी दूरदर्शन के अलावा अखबारों में भी प्रतिदिन विज्ञापन ,समाचार प्रकाशित व प्रसारित होते थे वह भी न के बतौर हो रहे हैं। कुंभ प्रभारियों को मेला के एक्टिविटीज के संबंध में ठीक से जानकारियां नहीं है । मेला प्रभारी हर चीज में अनाप शनाप खर्च तो कर रहे हैं मगर प्रचार प्रसार में नाम मात्र का खर्च करते हैं । जिसके चलते पत्रकार भी समाचार भेजने में परहेज़ करने लगे । विदित हो कि एक मजदूर से लेकर ठेकेदार, कर्मचारी, अधिकारी सब हजारों लाखों कमाते हैं मगर पत्रकार महिनों पहले से प्रचार प्रसार के लिए मेहनत करते हैं और दो पैसा भी उन्हें नहीं मिलता । जिसके चलते पब्लिक आना तो चाहती हैं लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में वह पहुंच नहीं पाते ।आमंत्रण कार्ड भी अब हर गांव में नहीं भेजा जाता है ,यहां तक की शहर के कई प्रमुख लोगों को भी यह कार्ड नहीं मिलता और तो और पत्रकारों को भी आमंत्रण कार्ड नहीं दिया जा रहा है जिससे जानकारियां नहीं मिल पाती ।शुरुआती दौर में भीड़ भी बनती थी और आमंत्रण कार्ड तीनों जिले के हर गांव में पहुंचते थे यहां तक की प्रदेश भर में आमंत्रण कार्ड वितरित होता था। बताया जाता है कि अब तो कार्ड छपाई बस होते हैं वितरण नहीं होते।

डॉ रमन सिंह सहित साधु संतों ने मुख्य मंच पर संत कवि पवन दीवान को किया याद

छत्तीसगढ़ के गांधी कहे जाने वाले संत कवि पवन दीवान मार्च 2016 में ब्रह्मलीन हो गए थे। पुण्यतिथि के मौके पर उनके समाधि स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था जिसमें 70 बटुकों को त्रिवेणी संगम में स्नान कर सूर्य को अर्ध्य दिया तथा उनके चरण पादुका पूजन भी किया इस मौके पर राजिम कुंभ कल्प के मुख्य मंच चौबेबांधा राजिम में संत समागम के उद्घाटन अवसर पर देशभर से पहुंचे महामंडलेश्वर, महंत एवं साधु संतों ने उनके प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित किया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ के उसे महान सपूत को याद कर रहा हूं जो छत्तीसगढ़ का बेटा संत कवि पवन दीवान की आज पुण्य स्मृति है उनको हम श्रद्धा पूर्वक याद करते हैं। बताना होगा कि संत कवि पवन दीवान का जन्म 1 जनवरी 1945 में पिता सुखरामधर दीवान एवं मां कीर्ति दीवान के घर हुआ था पिता शिक्षक थे। इन्होंने प्राथमिक शिक्षा अपने गृह ग्राम किरवई एवं राजिम से प्राप्त किया तथा आगे की पढ़ाई के लिए सागर विश्वविद्यालय एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में डिग्री ली। हिंदी और संस्कृत विषय में एम ए की पढ़ाई किया। बालपन से ही कविता करते थे जिसके चलते कम समय में प्रसिद्धि को प्राप्त किया वह भागवत प्रवचन के माध्यम से भी धर्म और आध्यात्मिक की दुनिया में खूब नाम कमाया। बाद में राजिम विधानसभा क्षेत्र से ही जनता पार्टी से चुनाव लड़ना स्वीकार किया और 1977 में एक नारा चला कि पवन नहीं यह आंधी है छत्तीसगढ़ का गांधी है। इस समय वह चुनाव भी जीते और मध्यप्रदेश सरकार में जेल मंत्री बनाए गए। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद रहे। जब डॉक्टर रमन मुख्यमंत्री थे तब इन्हें गौ सेवा आयोग का अध्यक्ष भी बनाया गया था। बताना होगा कि पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के आंदोलन में लंबे समय तक अपने आप को जोड़ रखा और छत्तीसगढ़ राज्य बनाने में उनकी महत्वपूर्ण योगदान मानी जाती है। अपने राजनीतिक जीवन में भी इनके ठहाके हमेशा गूंजते थे। पांव में खड़ाऊं, तन पर गेरुआ कलर का वस्त्र पहने यह संत बड़ा ही सरल स्वभाव और मजबूत इरादे के सख्त थे। इन्होंने अपनी पूरी जीवन धर्म, अध्यात्म, समाज सेवा, साहित्य सेवा एवं राजनीति में व्यतीत कर दिया। ब्रह्मलीन होने के बाद भी नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक है। संत कवि पवन दीवान से राजिम सहित पूरे छत्तीसगढ़ अपने आप को गौरवान्वित महसूस करती है। इस मौके पर बड़ी संख्या में साधु-संतों तथा आम नागरिकों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

संत समागम स्थल पर रुद्र महायज्ञ की कलश यात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

राजिम कुंभ कल्प मेला में त्रिवेणी संगम पर बने संत समागम स्थल पर श्री पाटेश्वर सेवा संस्थान के प्रमुख बालयोगेश्वर रामबालक दास महाराज द्वारा 107 वां रुद्र महायज्ञ 22 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। यज्ञ प्रारंभ होने से पूर्व कलश यात्रा का विशेष महत्व होता है। इस अनुष्ठान का आज विधिवत शुभारंभ कर कलश यात्रा निकाली गई, जो संत समागम स्थल से निकलकर मेला क्षेत्र का भ्रमण करते हुए वापस यज्ञ स्थल पहुंचकर संपन्न हुई।

पदोन्नति में आरक्षण नहीं मिलने से आरक्षित वर्ग अधिकारी संघ नाराज

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। पदोन्नति में आरक्षण नहीं मिलने से विद्युत कंपनी में कार्यरत आरक्षित वर्ग अधिकारी संघ ने नाराजगी जताई है। इसके विरोध में 28 फरवरी को 9 हजार अधिकारी और कर्मचारी मुख्यालय डंगनिया के गेट में मीटिंग कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। फिर भी अगर उनकी मांगों को नहीं माना जाता है तो वे 10 मार्च को क्षेत्रीय एवं मुख्यालय स्तर पर एक दिवसीय सामूहिक अवकाश एवं विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी उनकी मांगें नहीं मानी जाती है तो 17 मार्च से क्षेत्रीय एवं मुख्यालय स्तर पर अनिश्चितकालीन सामूहिक धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हो जाएंगे।

- 28 को विद्युत कंपनी में करेंगे प्रदर्शन
- 10 मार्च को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे
- 17 मार्च से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

शनिवार को पत्रकारवार्ता में आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव इंजीनियर के. मंडावी, अध्यक्ष आर.एल. ध्रुव, कार्यकारी अध्यक्ष एचके मेश्राम, सुमीत चौहान, मनहरण चंद्रवशी ने संयुक्त रुप से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि पदोन्नति में आरक्षण को लेकर राज्य सरकार द्वारा 16. अप्रैल.2024 को जारी हाईकोर्ट के निर्देशानुसार आरक्षण नियम के नियम 5 को अधिसूचित करने हेतु पिंगुआ कमिटी का गठन किया गया है। वहीं पर विद्युत कंपनी प्रबंधन द्वारा छ.ग. शासन से अनुमोदन प्राप्त किये बिना सामान्य पदोन्नति की प्रक्रिया काल्पनिक वरिष्ठता के आधार पर किया जा रहा है। विद्युत कंपनी प्रबंधन द्वारा 16 अप्रैल 2024 को जारी हाईकोर्ट के आदेश के विपरीत भूतलक्षी प्रभाव से यानि 24 वर्ष पूर्व 23 जून 2004 से काल्पनिक वरिष्ठता सूची जारी कर असंवैधानिक रूप से सामान्य वर्गों की पदोन्नति की प्रक्रिया दिसम्बर 2024 से प्रारम्भ कर दी गयी है। साथ ही वरिष्ठ अनुसूचित जाति व जनजाति कर्मचारी एवं अधिकारी को दरकिनार करते हुए कनिष्ठ सामान्य वर्गों के ही कर्मचारियों एवं अधिकारियों को लाभान्वित किया जा रहा है और पदोन्नति आदेश जारी भी कर दिये गये हैं। जबकि हाईकोर्ट का आदेश 16 अप्रैल 2024 की भावी तिथि से प्रभावशील होना था ना कि भूतलक्षी प्रभाव से। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहीं भी इस बात का उल्लेख नहीं है कि यह आदेश भूतलक्षी प्रभाव से लागू होगा। अतः राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग से भी ऐसे आदेश पारित नही हुए इसलिए राज्य शासन ने अन्य किसी भी विभाग में 2004 से वरिष्ठता को संशोधित नही किया गया। इससे स्पष्ट है कि पावर कंपनी आदेश की गलत व्याख्या कर नियम विरूद्ध वरिष्ठता सूचि को संशोधन कर पदोन्नती आदेश निकाले जा रही हैं।

सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश 1 मई 2023 के अनुसार पदोन्नति में आरक्षण मौजूदा नियम के अनुसार किये जाने हेतु स्पष्ट आदेश किया गया है। मुख्यमंत्री के अधीन विद्युत कपनी में हाईकोर्ट के आदेश का गलत व्याख्या कर खुद की पदोन्नति प्रक्रिया बनाकर केवल सामान्य वर्गों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का पदोन्नति किया जा रहा है। इससे संघ के पदाधिकारी व सदस्यों में भारी नाराजगी है।

दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत, तीन घायल

बागबाहरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। नैशनल हाईवे 353 में स्थित कोसरंगी गांव के पास आज शनिवार की शाम लगभग 5.30 बजे दो बाइकों में आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत होने से एक युवक की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई है। वहीं इस दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इस दुर्घटना में दोनों बाइक बुरी तरह से छतिग्रस्त हो गया है। मृत युवक की लाश एवं घायल युवक बीच सड़क में खून से लथपथ पड़े हुए हैं।

राहगीरों ने इस दुर्घटना को देखकर खल्लारी थाना पुलिस को सूचना देने के बाद भी रात्रि 7.30 बजे तक पुलिस टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी। यहां पर दुर्घटना हो जाने के कारण नैशनल हाईवे रोड जाम हो गया है। रोड में दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लगी हुई है। इस दुर्घटना जन्य क्षेत्र में पहुंचने में पुलिस की बड़ी लापरवाही एवं निष्क्रियता सामने आ रही है। मृत व घायल युवक कहां का निवासी है पता नहीं चल पाया है।

औद्योगिक अपशिष्ट की आवासीय इलाके में डंपिंग

- एनजीटी के आदेश की अवहेलना

दंतेवाड़ा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। आर्सेलर मित्तल निपान स्टील किरंदुल प्लांट से निकलने वाली टेलिंग्स (औद्योगिक ठोस अपशिष्ट) को मनमाने ढंग से जगह-जगह डंप किया जा रहा है।

इस मामले में पुलिस और प्रशासन द्वारा एनजीटी के आदेश और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 की खुली अवहेलना की जा रही है। पहले नियमों को तार-तार करते कारली स्थित पुलिस लाइन में तालाब के बगल में इसे डंप किया गया और अब निर्माणाधीन डीआईजी कार्यालय के पीछे डंप किया जा रहा है। बीते सप्ताह भर से यहां टेलिंग्स डंप करने का सिलसिला जारी है। ठेकेदार द्वारा इसके लिये संबंधित ग्राम पंचायत से एनओसी तक नहीं ली गयी, इस संबंध में एक शिकायत पत्र पंचायत ने प्रशासन को सौंपा है, जिस पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई या फिर प्रशासन नहीं चाहता कि टेलिंग्स डंप करने का कार्य बंद हो जाये।

इधर पूर्व में एक मामला एनजीटी पहुंच चुका है, जिसमें एनजीटी ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 का कड़ाई से पालन करने का आदेश दिया था। इस आदेश को अनदेखा करते प्रशासन ने दुबारा अन्य ठेकेदार को टेलिंग्स डंप करने की अनुमति प्रदान कर दी है और एक बार फिर एसडब्ल्यूएम के दिशा निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा। कारली में डीआईजी आफिस के पीछे नाली खोदकर टेलिंग्स डंप किया जा रहा है, जबकि नियमत: ऐसा नही किया जा सकता। एक सीमित मात्रा में टेलिंग्स डालने के बाद साधारण मिट्टी की लेयर चढानी होती है इसके बाद दुबारा टेलिंग्स डाली जा सकती है।

सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स के मुताबिक टेंलिग्स डंप करने के लिये जिस स्थल का चयन किया जाता है वो किसी भी हाईवे से कम से कम 200 मीटर की दूरी पर होगा। इसके आसपास बसाहट नहीं होनी चाहिए, लेकिन कारली में जिस जगह पर टेलिंग्स डंप किया जा रहा है वहां पास में ही एक कालोनी है, यहां रहवासी भी इसके डस्ट से परेशान हैं। ये कालोनी पुलिसकर्मियों की हैं। श्वास के साथ टेलिंग्स का डस्ट फेफड़ों में चला जाये तो स्वास्थ्य को बड़ा नुकसान हो सकता है।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष मधुसुधन सिंह ठाकुर का कहना है कि ये टेलिंग्स खेत और पर्यावरण के लिये हानिकारक है, जिन खेतों के आसपास ये टेलिंग्स पूर्व में डाली गयी वहां की जमीन बंजर हो गयी है। प्रशासन इस पर जल्द रोक नहीं लगाता है तो किसान संघ एक बैठक कर आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा और इसका पुरजोर विरोध किया जायेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतिम चरण के लिए मतदाताओं से की वोट देने की अपील

रायपुर, 21 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव ङ्क 2025 के लिए मतदाताओं से भारतीय जनता पार्टी समर्थित प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तृतीय व अंतिम चरण के अंतर्गत प्रदेश के 50 विकासखंडों में कल वोट डाले जाएंगे। जिस तरह हम मोदी जी की गारंटी के सभी वादों को पूरा कर रहे हैं, ठीक उसी तरह हम ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास के लिए जारी कार्यों को और अधिक गति प्रदान करेंगे। इसलिए भाजपा समर्थित प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाएं। सीएम साय ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जरूरतमंदों के पक्के घर के सपने को साकार किया है।

NECC

23.02.2025	अंडा	मुर्गी	कांकरेल
फार्म	440	60	175
चिल्हर	6.00	85	200

डिलीवरी 455 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

प्रादेशिकी

जगदलपुर-कांकेर-कोण्डागांव-बीजापुर-दंतेवाड़ा

उल्टा पुल्टा

लड़की- आटा देना भईया.
दुकानदार- हमारे पास पतंजलि का है बेटा.
लड़की- मुझे आशीर्वाद चाहिए.
दुकानदार- सदा सुखी रहो बेटा...

बस्तर राज परिवार के कमलचंद्र भंजदेव दुल्हन के साथ पहुंचे मां दंतेश्वरी हवाई अड्डा

सुसज्जित हाथी, ऊंट, घोड़ा,बस्तर के लोकनृत्य दल, बाजे गाजे और आतिश बाजी के साथ सुसज्जित बग्गी में बैठकर पहुंचे राजमहल

जगदलपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। बस्तर राज परिवार के कमलचंद्र भंजदेव नागोड राज घराने की राजकुमारी भुवनेश्वरी देवी से विवाह कर 21 फरवरी को विशेष विमान से जगदलपुर हवाई अड्डा पहुंचे। देर शाम को पूरे शाही जुलूस के साथ मां दंतेश्वरी हवाई अड्डा से सुसज्जित बग्गी में कमलचंद्र भंजदेव दुल्हन के साथ सवार होकर राज महल पहुंचे। उन्हें देखने के लिए सड़क के दोनों ओर काफी संख्या में लोग खड़े थे। कमलचंद्र भंजदेव अपने पारंपरिक वेशभूषा में काफी आकर्षक लग रहे थे वहीं दुल्हन भी घूंघट में बैठी थीं। भारतीय सनातन परंपरा की झलक देख लोग उत्साहित व हर्षित नजर आए।

बस्तर राज परिवार के कमल चंद्र भंजदेव के विवाह के बाद वरङ्गवधु को आशीर्वाद देने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ, रमन सिंह, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव,भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रभारी अजय जामवाल,संगठन महामंत्री पवन साय,सांसद महेश कश्यप, महापौर संजय पांडे के साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेतागण राजमहल पहुंचकर नो विवाहित दंपति को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी

मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष का एयरपोर्ट में किया गया आत्मीय स्वागत

जगदलपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। स्थानीय मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह अपने संक्षिप्त एक दिवसीय बस्तर प्रवास में जगदलपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों का स्वागत सांसद बस्तर महेश कश्यप, विधायक किरणदेव, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, महापौर संजय पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि के साथ-साथ कमिश्नर डोमन सिंह, बस्तर आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर हरिस एस.,एसपी शलभ कुमार सिन्हा सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया।

प्रदेश अध्यक्ष से मिले कांकेर के नवनिर्वाचित नपा अध्यक्ष एवं पार्षदगण

जगदलपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव से शनिवार को विधायक कार्यालय में कांकेर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक एवं नगर पालिका के भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित पार्षदगण, राजीव लोचन उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कांकेर, मंडल अध्यक्ष दिनेश रजक ने सौजन्य भेंट एवं मुलाकात की ?। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदगणों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

तिखुर और काजू प्रसंस्करण आधारित पोस्टर को प्रथम स्थान

जगदलपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शनिवार को पोस्टर प्रजेंटेशन एंड साइंस मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। नवाचार के लिए आईडिया अभिव्यक्त करने के इस आयोजन में विभिन्न स्कूल और कॉलेज के 38 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। जिसमें स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यमिक विद्यालय, तितिरगांव की छात्रा प्रतिमा दीवान द्वारा तैयार तिखुर प्रसंस्करण पर आधारित पोस्टर एवं जिज्ञासा ठाकुर द्वारा काजू प्रसंस्करण पर आधारित पोस्टर को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मोनिका भारती व पलक को द्वितीय तथा सुरभि चौधरी व ऋत्विक नाग तृतीय स्थान पर रहे। इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउन्सिल (आई.आई.सी.) के चार्टर टू एक्टिविटि के तहत यह आयोजन विवि के जैव-प्रौद्योगिकी एवं पुस्तकालय विज्ञान अध्ययनशाला द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक प्रो. शरद नेमा ने कहा कि वर्तमान समय में सरकारी नौकरी में अवसर की तुलना में डिग्रीधारी युवाओं की संख्या ज्यादा है। जिसके कारण शिक्षित होने के बाद भी राज्य एवं देश में पर्याप्त रोजगार नहीं मिल रहे हैं। युवाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए नवाचार एवं उद्यमिता की ओर प्रेरित होकर स्वरोजगार शुरू करने एवं अन्य युवाओं को भी रोजगार के अवसर प्रदान करने के प्रयास करना चाहिए। प्रो. नेमा ने प्राचीन भारतीय विज्ञान परंपरा को नवाचार से जोड़ने के लिए उपस्थित सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. नीरज वर्मा, डॉ. डिलेन्द्र चन्द्राकर, सत्यवान साहू, प्रीति मरावी एवं इन्दु बेक का आयोजन में सक्रिय योगदान रहा। कार्यक्रम में डॉ. विनोद कुमार सोनी, डॉ. तुलिका शर्मा एवं डॉ रश्मि देवांगन उपस्थित थे।

25 फरवरी को गंगाजल से स्नान करेंगे प्रदेश की जेलों में बंद कैदी, डिप्टी सीएम विजय शर्मा की पहल

जगदलपुर। स्थानीय कुम्हारपारा स्थित बाबा जलाराम मंदिर में बाबा जलाराम की 144 वीं निर्माण दिवस मनाया गया। मंदिर में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना के बाद दोपहर को बाबा जलाराम सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में महा भंडारा का आयोजन किया गया। महा भंडारा में खिचड़ी प्रसाद काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया।

कैदियों को मिलेगा गंगा जल से स्नान का अवसर : विजय शर्मा

जगदलपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। दुनिया भर के लोग प्रयागराज महाकुंभ में पहुंचकर त्रिवेणी संगम में पुण्य स्नान का लाभ ले रहे हैं। ऐसे में अब छत्तीसगढ़ की जेलों में बंद कैदियों को भी गंगाजल से स्नान का अवसर मिलने वाला है। प्रयागराज महाकुंभ से पवित्र स्नान कर लौटे राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस दिशा में शानदार पहल की है। श्री शर्मा की पहल पर 25 फरवरी को प्रदेश की सभी जेलों के कैदी गंगाजल से स्नान करेंगे।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि प्रदेश के जेलों में बंद कैदियों की भी इच्छा होती है कि वे भी गंगा स्नान का पुण्य लाभ लें। उनकी भावना को ध्यान में रखते हुए प्रदेश की 5 सेंट्रल जेलों, 20 जिला जेलों और 8 उप जेलों में कैदियों को 25 फरवरी को गंगाजल से सामूहिक स्नान करवाया जाएगा। इस पहल के तहत सभी कैदियों को गंगाजल से स्नान कर आध्यात्मिक शुद्धि का अवसर मिलेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि संस्कार हमारी संस्कृति से जुड़े हैं और यह हमारी परंपराओं का एक अभिन्न हिस्सा है। समाज में सुधार और पुनर्वास की भावना के तहत यह निर्णय लिया गया है, जिससे कैदियों में आत्मशुद्धि और नैतिकता के भाव उत्पन्न हों। उन्होंने यह भी कहा कि यह महाकुंभ 144 साल बाद हो रहा है और हर व्यक्ति को इसका लाभ उठाने का अधिकार है। इसी सोच के तहत जेलों में बंद कैदियों को भी इस आध्यात्मिक अवसर से जोड़ा जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी जेल अधीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार कैदियों के सुधार और उनके पुनर्वास के प्रति प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहेगा जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव के तीसरे चरण में आज मतदान

मतदान केन्द्रों के लिए मतदान सामग्रियों के साथ पहुंचे कर्मचारी

जगदलपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 केई तीसरे चरण के तहत बस्तर जिले के तोकापाल, बास्तानार और बकावंड विकासखंड में निर्वाचन सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। मतदान दल द्वारा मतदान सामग्रियों का मिलान कर मतदान केन्द्रों के लिए दलों रवाना किया गया। विदित हो कि त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत तीसरे चरण में 23 फरवरी को मतदान किया जाना है। इसके लिए मतदान केन्द्रों में लगभग तैयारी पूरी हो चुकी हैं। सुबह से ही मतदान प्रारंभ होगा और दोपहर बाद मतों की गणना भी मतदान केन्द्रों पर होगी।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आजादी के बाद पहली बार होगा मतदान



- लोकतन्त्र में भागीदारी के लिए ग्रामीणों में भारी उत्साह
- कोंटा विकासखंड में 8 सरपंच और 570 पंच निर्विरोध निर्वाचित

सुकमा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। सुकमा जिले में तृतीय चरण का मतदान कोंटा विकासखंड में 23 फरवरी को होने वाला है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और एसपी किरण चव्हाण के निर्देशन में मतदान की सारी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। माओवाद प्रभावित क्षेत्र होने के कारण चप्पे चप्पे में सुरक्षा बल के जवान तैनात किए गए हैं।

आजादी के बाद पहली बार होगा मतदान : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए घोर माओवाद प्रभावित अंदरूनी क्षेत्रों में पहली बार किसी भी प्रकार का मतदान किया जाएगा। पेंटाचिमली, केरलापेंदा, दुलेड़, सुन्नगुड़ा और पूवर्ती ऐसे दूरस्थ इलाके हैं जहाँ इससे पहले कभी चुनाव नहीं हुआ है। यह पहला अवसर है जब त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने की तैयारी की गई है। कुंदेड, सिलगेर, एलमागुण्डा, करीगुण्डम, पोटकपल्ली और लखापाल में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव तो हुआ है लेकिन पहली बार पंचायत चुनाव संपन्न कराया जाएगा।

बड़ी संख्या में पंच-सरपंच निर्विरोध निर्वाचित : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बड़ी संख्या में पंचायत प्रतिनिधियों को ग्राम स्तर पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। ग्रामीणों ने आपसी सूझबूझ और सामंजस्य का परिचय देते हुए लोकतंत्र में सशक्त भागीदारी के लिए सरपंच के 8 पदों और पंच के 570 पदों पर अभ्यर्थियों को निर्विरोध निर्वाचित किया है। लोगों में स्थानीय सरकार चुनने मतदान के प्रति उत्साह और जागरूकता स्पष्ट दिखाई दे रही है।

सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त : कोंटा विकासखंड के 67 ग्राम पंचायतों में पंचायत प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। इसके लिए 128 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमे 51 संवेदनशील और 77 अति संवेदनशील मतदान केंद्र हैं। शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए केंद्रीय रिजर्व फोर्स, कोबरा बटालियन, जिला पुलिस बल सहित अन्य सुरक्षा बलों को जगह जगह तैनात किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से 18 मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से मतदान केंद्र भेजा गया है।

25 फरवरी को भी न्यायालयीन कार्य से पूरे भारतवर्ष के अधिवक्ता रहेंगे विरत

कोण्डागांव 22 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय विधि परिषद् के आह्वान पर 25 फरवरी 2025 को भी न्यायालयीन कार्य से पूरे भारतवर्ष के अधिवक्तागण के विरत रहने के सम्बन्ध में जानकारी देने के साथ ही जिला अधिवक्ता संघ कोडागांव छत्तीसगढ़ द्वारा बताया गया है कि अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 के विरोध में 21 एवं 22 फरवरी 2025 को न्यायालय कार्य से विरत रहने का निर्णय पारित कर महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किए जाने हेतु कुणाल दूतावत जिला कलेक्टर कोंडागांव के समक्ष अधिवक्ता संघ कोंडागांव के सभी सदस्यगण ज्ञापन सौंपने हेतु 21 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय में सद्भाविक रूप से देना चाहा, किंतु जिला कलेक्टर कुणाल दूतावत, महामहिम राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन लेने हेतु अपने कक्ष से बाहर नहीं आए, अधिवक्ता संघ द्वारा लगभग आधे घंटे तक इंतजार किया गया, फिर भी कलेक्टर द्वारा ज्ञापन लेने हेतु अधिवक्ताओं के समक्ष नहीं आना, कलेक्टर की तानाशाही रवैया को इंगित करता है। कलेक्टर कोंडागांव के तानाशाही रवैये से नाराज अधिवक्ता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर के अधिवक्ता कक्ष में उपस्थित होकर कलेक्टर कोंडागांव के विरुद्ध प्रस्ताव पारित कर सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि कोंडागांव कलेक्टर कुणाल दूतावत जब तक कलेक्टर के रूप में कोंडागांव में रहेंगे तब तक उनके न्यायालय में अधिवक्ता न्यायालय कार्य हेतु उपस्थित नहीं होंगे। न्यायालय में लंबित राजस्व मामलों में प्रतिकूल प्रभाव पड़ने से एवं अधिवक्ताओं की अनुपस्थिति में निर्णय पारित किए जाने से पक्षकारों का मामला प्रभावित हो सकता है। उन्हें न्याय नहीं मिल पाएगा। इसलिए अधिवक्ता संघ जिला कलेक्टर के स्थापना तक राजस्व प्रकरण यथावत रखे जाने हेतु उच्च अधिकारियों के सहयोग की अपेक्षा करते हैं। ज्ञात हो कि अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 अधिवक्ता के स्वतंत्रता को खत्म कर देगा। मुख्य पांच बिंदुओं पर अधिवक्ताओं का विरोध है- नए बिल में हड़ताल, बहिष्कार पर प्रतिबंध धारा 35 से जोड़ी है, जो कि वकीलों के ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

शादी करने का झांसा देकर पीड़िता का किया शारीरिक शोषण

पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी को किया गिरफ्तार

कोण्डागांव 22 फरवरी (देशबन्धु)। थाना कोंडागांव क्षेत्र के अंतर्गत शादी करने का झांसा देकर पीड़िता का शारीरिक शोषण करने वाले मामले में पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी मन्नू नेताम को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड भेजे गए होने के सम्बन्ध में थाना कोंडागांव पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी मन्नू पिता मंहगूराम नेताम 26 वर्ष निवासी भीरागांव स्कूलपारा थाना व जिला कोण्डागांव के द्वारा पीडिता के साथ, मैं तुमसे प्यार करता हूं, तुमसे शादी करना चाहता हूं, बोलकर शादी का प्रलोभन दिया और पीड़िता के साथ उसकी इच्छा के विरूद्ध लगातार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया। पीड़िता की लिखित रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्र.38/2025 धारा 376, 376(2)(ढ) भा.दं.वि.का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोण्डागांव पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार (आईपीएस) के द्वारा आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने के प्राप्त निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोंडागांव रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण मे थाना कोंडागांव के द्वारा टीम गठित कर फरार आरोपी मन्नू नेताम ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, 6 घायल

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। शहडोल पंडरिया मार्ग पर ग्राम तरच के पास शुक्रवार को एक कर अनियंत्रित होकर पहले पेड़ से टकराई इसके बाद सड़क किनारे खाई में जा गिरी। प्रयागराज से भिलाई लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी इस कार के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण एक महिला की मौत हो गई जबकि 6 अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग ले जाया गया। बीएमओ दीपेंद्र धुर्वे के अनुसार 60 वर्षीय राखी सिकदार के सिर और गले में गहरी चोटें आई थींए जिसके कारण इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर भिलाई भेज दिया गया। फिलहाल बॉडी को सेक्टर 9 अस्पताल के मरचुरी में रखा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिसाली, भिलाई थाना के एक ही परिवार के सात सदस्य 19 फरवरी को अर्टिगा कार सीजी 07 बीएस 3173 से प्रयागराज में कुंभ स्नान के लिए रवाना हुए थे। सभी श्रद्धालु प्रयागराज में कुंभ स्नान के बाद भिलाई लौट रहे थे। रास्ते में शहडोल पंडरिया मार्ग पर ग्राम तरच के पास कार अनियंत्रित होकर मोड़ पर पेड़ से टकरा गई और सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस कार में कुल सात लोग सवार थे। जो सभी एक ही परिवार के सदस्य थे। हादसे की सूचना मिलते ही बजाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस व डायल 100 की मदद से घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। हादसे में तीन महिलाएं और तीन पुरुष भी घायल हुए हैं। एक पुरुष सहित तीन की स्थिति नाजुक बनी हुई है। पहले सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए पांच को जबलपुर रेफर करना पड़ा। हादसे में गंभीर रूप से घायल छह अन्य लोगों में कार्तिक सिकदार, रेखा देव, सुधांशु विश्वास, शंखू विश्वास, आरती विश्वास और प्रेम का ईलाज जारी है। मृतिका राखी सिकदार 60 वर्ष सेक्टर 9 अस्पताल में नर्स थी जो सेवानिवृत हो चुकी है।

शो एंड टेल कॉम्पिटिशन

पैराडाइज के फाउंडेशन क्लास के बच्चों ने स्वयं फल एवं सब्जी बन कर बताए गुण

कांकेर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल में फाउंडेशन क्लास के बच्चों के लिए स्वस्थ खाद्य पदार्थ के अंर्तगत फल एवं सब्जी बन कर उनके बारे में बताने की शो एंड टेल प्रतियोगिता रखीं गई, जिसमे बच्चों ने अत्यधिक उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न फलों एवं सब्जियों जैसे गाजर, खीरा, फूल गोभी, सेब, आम, ब्रोकोली, कोकोनट, नाशपाती, अनानास, नींबू, पपीता, स्ट्रॉबेरी, अंगूर को दिखाकर उनके आकृति एवं आकार के साथ-साथ उनके फायदे तथा उनको खाने से हमारे शरीर में कौन से पोषक तत्व मिलते है उनके बारे में बताया।

इस प्रतियोगिता में सौरव पाणिग्रही, बेटसी परीछा, तेजेश सिंह अत्री, वेनिया साहू, खुशिका सिन्हा, गौरव गंगा सागर, मिताली सिन्हा, जयश सेन, बुशरा फातिमा, चिनमय पटेल, दृरुविका यादव, अभय सरवा आदि नन्हें बच्चों के द्वारा फलों एवं सब्जियों का हमारे खानपान एवं हमारे स्वस्थ्य और हमारे दैनिक जीवन में उनके फायदे के बारे बहुत अच्छे तरीके से बताया गया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तथा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

इस प्रतियोगिता में हेल्दी जीवन के लिये फल एवं सब्जी के महत्व एवं स्वस्थ्य जागरूकता से प्रेरित कार्यक्रम को संपन्न कराने मे प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगुरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, कोऑर्डिनेटर पूनम जीत कौर वरिष्ठ शिक्षक वर्षा रमानी, एस.मर्सी, शबाना परवीन, मेघा सेवा, अपूर्वा ठाकुर, शांतिलीना नेताम आदि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा, इस प्रतियोगिता के निर्णायक पवित्र बराई, रूबी खान एवं कार्यक्रम का संचालन तुलसी निषाद ने किया।

शारीरिक व मानसिक विकास में सहयोगी बना जीई फाउंडेशन

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। सामाजिक सेवा संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से विशेष बच्चों के स्कूल मानवता में अनूठे उपहार दिए गए। यहां रह रहे विशेष बच्चों को फाउंडेशन ने एंटी बर्स्ट जिम बॉल और स्टडी टेबल प्रदान किए। जिससे इन बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास में सहायता मिले। मानवता परिवार ने इन उपहारों के लिए फाउंडेशन का आभार जताया। इन उपहारों में जिम बॉल से संतुलन और स्थिरता बनाए रखने के अलावा व्यायाम करने और उचित तरीके से बैठने की मुद्रा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। वहीं स्टडी टेबल इन बच्चों के अध्ययन में सहायक होगी। इस दौरान मानवता स्कूल की रजनी शिर्के, नरगिस खान और तिलेश्वरी देशमुख ने जीई फाउंडेशन के सदस्यों का स्वागत किया और इन उपहारों को अनुकरणीय व जरूरी पहल बताया। जीई फाउंडेशन की ओर से प्रदीप पिल्लई ने कहा कि उनकी संस्था का मूल मकसद ही मानव सेवा माधव सेवा है। इसलिए मानवता के प्रति हम जो भी योगदान दे पाएं वह कम है। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से प्रकाश देशमुख और अजीत सिंह भी मौजूद थे। फाउंडेशन के सदस्यों ने यहां रह रहे बच्चों के साथ कुल पल भी बिताए। यहां के विशेष बच्चों ने भी फाउंडेशन का आभार जताया।

गजानन महराज का प्रगट उत्सव मनाया गया

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। गजानन महाराज प्रगट उत्सव श्रद्धा सुमन साईबाबा मंदिर हाऊसिंग बोर्ड महिला मंडल के द्वारा हर्ष उल्हास के साथ मनाया गया। प्रार्थना सुबह गजानन महाराज का अभिषेक कर पूजा अर्चना का। पंडित प्रियांशू महाराज द्वारा हवन पूजन किया गया। गजानन महाराज विजय ग्रंथपाठ मंदिर समिति महिलाओ के दारा पडा गया। गजानन महाराज के जीवन की गाथा सुनाई गई। उनके द्वारा के कार्य भक्ती मार्ग पर चलने का संदेश सभी भक्तो को दिया गया। मंदिर समिति महिलाओ के द्वारा हरिपाठ भजन कीर्तन सुंदर भजन की प्रस्तुती दी। गजानन महाराज की पूजा अर्चना की गई। विशाल भारती देशमुख एवं उषा शिरसागर ने अपने विचार कर बताया कि संत गजानन महाराज हमेशा एक ही मंत्र बोला करते थे। जिसका इस दिन जाप करना चाहिए। गजानन महाराज को भोग लगाया गया। प्रकट दिवस के अवसर पर श्री गजानन महाराज के मंदिरों में महाप्रसाद का आयोजन किया जाता है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को समाधि ली। प्रशांत कुमार शिरसागर ने बताया कि गजानन महाराज का शेगांव में भव्य मंदिर है। वहां मंदिर का वातावरण इतना सुखद है कि परेशान से परेशान व्यक्ति भी अगर वहां जाए और महाराज के दर्शन करे तो उसके मन को अत्यंत प्रसन्नता प्राप्त होती है। भक्तजनों का दृढ़ विश्वास है कि गजानन महाराज आज भी अपने सूक्ष्म रूप में वहां पर उपस्थित हैं। 8 सितंबर 1910 को समाधि ली। उस स्थान पर उनके समाधि स्मारक मंदिर का निर्माण किया गया। साथ ही गजानन महाराज संस्थान की स्थापना की गई।

धोखाधड़ी करने वाले आरोपी तमिलनाडु से गिरफ्तार

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। वैशाली नगर पुलिस ने ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जाकारी के अनुसार प्रार्थी टी.राजेश्वर राव 27 वर्ष साकिन कैम्प 1 वृंदा नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि हर्षवर्धन द्वारा प्रार्थी का ऑनलाईन ट्रेडिंग के नाम पर मुनाफा मिलेगा बोलकर प्रार्थी का अंकाउट खुलवाने के नाम पर अलग अलग किस्तो में 20 लाख रूपये प्रार्थी से ले लिया और एकाउण्ट नही खुलवाया प्रार्थी के द्वारा अपने दिये गये रकम वापस मांगने पर टाल मटोल कर रहा है और कुछ दिनो बाद अपने मोबाईल को बंद कर दिया है कि रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर में धारा 420 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक , सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, सत्यप्रकाश तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर के निर्देशन में उनि. अमित कुमार अंदानी द्वारा आरोपी के तिरूपुर जेल तामिलनाडु किसी अन्य मामले में निरूद्ध होने प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस के सहयोग में तत्परता दिखाते हुये आरोपी का प्रोडक्शन जारी किया गया। जिसके उपरांत पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी हेतु तिरूपुर सिटी तामिलनाडु रवाना हुई। आरोपी एम हर्षवर्धन द्वारा तिरूपुर सिटी में भी एकाउण्ट खुलवाने के नाम पर 55 लाख तथा विजयवाड़ा आन्ध्राप्रदेश में 60 करोड़ 30 लाख की धोखाधड़ी किया था। पुलिस टीम तिरूपुर सिटी तामिलनाडु पहुँचकर आरोपी हर्षवर्धन को गिरफ्तार का न्यायालय तिरूपुर सिटी से ट्रांजिस्ट रिमाण्ड लेकर भिलाई लाया गया।

कल्याण कॉलेज में मना विश्व मातृभाषा दिवस

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। सेक्टर.7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व मातृभाषा दिवस मनाया गया। कॉलेज के हिंदी विभाग के निर्देशन में हुए आयोजन में विभिन्न भाषा और भाषायी क्षेत्र से संबंध रखने वाले प्राध्यापकों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान सभी ने एक सुर में भारत की आंचलिक भाषाओं की महत्ता को रेखांकित किया। कल्याण कॉलेज के हिंदी डिजिटल कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में हिंदी विभाग के अध्यक्ष डा. सुधीर शर्मा ने अपनी मातृभाषा छत्तीसगढ़ की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने 21वीं सदी के उन्नत और प्रोन्नत ए.आई और गूगल जैसे शीर्ष तकनीक से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ.अनुराग पाण्डेय ने कहा कि अंग्रेजी जरूर वैश्विक भाषा है लेकिन हिन्दी के बिना चल पाना मुश्किल है। उन्होंन कहा कि आप मोबाइल या अन्य डिजिटल माध्यम में हिन्दी को भी रोमन लिपि में लिखकर मैसेज भेजते हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी के अंकों तक की स्वीकार्यता तो ठीक है परंतु हिंदी में अगर लेखन हो रहा है या वार्तालाप कर रहे हैं तो आपको रोमन के बजाए देवनागरी लिपि का इस्तेमाल करना चाहिए। डॉ. मणि मेखला शुक्ला ने बताया कि कैसे संगीत शास्त्र, भाषा और विज्ञान के अंतर्संबंधों को रेखांकित किया। डॉ. के. एन. दिनेश ने नई शिक्षा नीति में दी गई क्षेत्रीय और आंचलिक भाषाओं से भावी पीढ़ी को पढ़ने वाले सकारात्मक पहलुओं को इंगित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजन कुमार ने किया। डॉ. फिरोजा जाफर अली ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. कविता वर्मा, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक अंशुल तिवारी, हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक पूजा विश्वकर्मा, प्रियंका शर्मा, पूर्वा शर्मा, तारिणी, नेहा सहित अन्य प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी और महाविद्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

महिला खिलाड़ी नमी ने जीता स्वर्ण पदक, रचा इतिहास

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। 19 से 23 फरवरी तक लुधियाना पंजाब में चल रही एसबीडी क्लासिक सीनियर राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में नमी राय पारिख ने 57 किलो वजन वर्ग के स्क्वाट इवेंट में 145 किलो, बेंचप्रेस में 77.5 किलो तथा डेडलिफ्ट में 180 किलो सहित 402.5 किलो टोटल लिफ्ट कर स्वर्ण पदक जीतने में सफलता पायी है व राज्य को गौरान्वित किया है। नमी राय ने विगत वर्ष 2024 में हैदराबाद की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वयं के द्वारा बनाई गई राष्ट्रीय रिकॉर्ड 175 को ध्वस्त कर डेड लिफ्ट इवेंट में अपने दूसरे प्रयास में 176 किलो से तथा तीसरे प्रयास में 180 किलो लिफ्ट कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उल्लेखनीय है कि नमी राय की एक बेटी भी है तथा पॉवर लिफ्टिंग खेल में उनके पति सहित पूरा परिवार का पूरा सहयोग रहता है। जिसके कारण नमी राय आज इन ऊंचाइयों पर पहुँची है तथा छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन भी हमेशा प्रोत्साहित करता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, खेल मंत्री टंकराम वर्मा खेल विभाग छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के पदाधिकारी सहित छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष बी एल चंदवानी, कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी सोनी, महासचिव कृष्णा साहू, टीम के प्रशिक्षक आसिफ अली सहित समस्त पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने नमी राय को बधाई दी है

दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय डाक विभाग दुर्ग संभाग द्वारा भिलाई सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी ट्विनसिटी पेक्स-2025 के आयोजन का मुख्य अतिथि संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डाक सेवाएं छत्तीसगढ़ परिमण्डल रायपुर दिनेश कुमार मिस्त्री और आयोजक प्रवर अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग बी.एल. जांगड़े द्वारा की गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ की प्राचीन धरोहर देवबलोदा चरोदा स्थित शिव मंदिर पर विशेष कव्हर का विमोचन किया गया। विमोचन के माध्यम से प्राचीन छहमासी शिव मंदिर देव.बलोदा के धार्मिक महत्व को आम लोगों तक पहुँचाने का डाक विभाग के द्वारा सफल प्रयास किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने डाक विभाग संचार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित दुर्ग जिले के 40 प्रतिभागी विद्यार्थियों को दीनदयाल स्पर्श योजना वर्ष 2024-2025 के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को 6 हजार रूपए की छात्रवृति एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्य अतिथि संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज यहां आकर दुर्लभ प्रदर्शनी देखने को मिली। उन्होंने कहा कि पहले संदेश डाक के माध्यम से भेजा जाता था। अब मोबाइल से संदेश भेजा जाता है। डाक टिकट के महत्व को बढ़ाने की जरूरत है। प्रदर्शनी में हमारे देश व विश्व की भौगोलिक, वाणिज्यिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और पारंपरिक पृष्ठभूमि से संबंधित डाक टिकटों का संग्रह है। यहां सामान्य ज्ञान का अद्भूत भंडार है। आम नागरिकों को इसका लाभ लेना चाहिए। दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी में वरिष्ट वर्ग से 12, कनिष्ट वर्ग से 13 व आमंत्रित वर्ग में 7 प्रतिभागियों के फिलाटेली डाक टिकट के संग्रह की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में देश.विदेश के दुर्लभ डाक टिकटों को आम नागरिकों के लिये प्रदर्शित किया गया है। भारतीय डाक विभाग दुर्ग संभाग द्वारा फ्लिाटेली पेंटिंग, ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। साथ ही फिलाटेली पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया थाए जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 60-70 विधार्थियों ने वर्कशॉप में शामिल होकर फिलाटेली पर जानकारी प्राप्त किया। इस अवसर पर डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

विश्व में सबसे ज्यादा हिन्दी भाषा बोली जाती है : तिवारी

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। साईं कॉलेज सेक्टर 6 में मातृभाषा दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीबी तिवारी एवं महाविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ ममता सिंह ने की। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि किसी भी देश का आईना उसकी मातृभाषा होती है। हमें अपनी मातृ पर गर्व होना चाहिए। हिंदी भारत कि संपर्क भाषा है। पूरे भारत देश में यह सामान्य रूप में बोले एवं समझे जाने वाली भाषा है। एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्य संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संप्रेषण और परिचायक भी है। मानवेंद्र बीसी, द्वितीय सेमेस्टर, धसमेंद्र साहू, शालू सिंह, परिधि अग्रवाल, अंजलि, आयुषी सोनी, दीपांजलि, आदित्य यादव बीसीए द्वितीय वर्ष शामिल हैं। महाविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर डॉ ममता सिंह ने कहा कि जितनी सरल हिंदी भाषा है शायद ही कोई और भाषा इतनी सहज एवं सरल हो। हिंदी भाषा भारत की संस्कृति गौरव एवं मान सम्मान की भाषा है । हिंदी भाषा से ही भारत की पहचान की जाती है यह विश्व की सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा है तथा हमें एक दूसरे से जोड़कर रखने का माध्यम है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं एवं प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष पांडेय गणित विभाग के द्वारा किया गया।

प्रादेशिकी का शेष...

25 फरवरी को भी न्यायालयीन...

संगठन को कोर्ट के बहिष्कार का हनन करने, हड़ताल करने या वर्क सस्पेंड करने से रुकती है। नए विधेयक में कानूनी व्यवसाय धारा 2 की परिभाषा व्यापक बनेगी जिसमें कोर्ट में वकालत की प्रैक्टिस के अतिरिक्त कॉर्पोरेट वकील इन हाउस परामर्शदाताओं वैधानिक निकायों और विदेशी कानूनी धर्म में कानूनी काम में लगे लोगों को भी कानूनी व्यवसाय की परिभाषा में शामिल करने का प्रस्ताव है। अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 4 में संशोधन का प्रस्ताव है, जिसमें केंद्र को बीसी में मौजूद निर्वाचित सदस्यों के अतिरिक्त तीन सदस्यों को नामित करने का अधिकार मिल सके जो केंद्र को कानून के प्रावधानों को लागू करने में बीसी को निर्देश देने का अधिकार प्रदान करती है। विधेयक में एक नई धारा 35 ए जोड़ी गई है, जिसके अनुसार अदालतों ट्रिब्यूनल और अन्य प्राधिकरण में वकालत करने वाले सभी वकीलों को इस बार एसोसिएशन में पंजीकरण करना होगा, जहां पर वे वकालत की प्रैक्टिस करते हैं। स्थान के परिवर्तन के मामले में वकील को 30 दिन के भीतर बार एसोसिएशन को सूचित करना होगा। वकील एक से अधिक बार एसोसिएशन का सदस्य नहीं हो सकता। वकील को केवल एक ही बार एसोसिएशन में मतदान करने की अनुमति होगी जहां का वह सदस्य है। इसे वकील उनकी स्वतंत्रता व मतदान के अधिकार में केंद्र का दखल मान रहे हैं। प्रोफेशनल मिस कंडक्ट विधेयक की धारा 45 बी के तहत प्रोफेशनल मिसकंडक्ट के कारण अगर किसी व्यक्ति को नुकसान होता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई के लिए बीसीआई में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। अगर किसी हड़ताल के कारण किसी का नुकसान होता है, तो वह वकील का प्रोफेशनल मिसकंडक्ट माना जाएगा। उक्त काला कानून के विरोध में जिला अधिवक्ता संघ कोंडागांव द्वारा दो दिवसीय विरोध प्रदर्शन स्वरूप दो दिवसीय न्यायालय कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया गया। केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता अधिनियम 1961 के कई महत्वपूर्ण बदलाव लाना चाहती है, जिसके लिए नया अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 बनाया है, जिसका हम अधिवक्तागण पुरजोर विरोध करते हैं। उक्त के संबंध में जिला अधिवक्ता संघ कोंडागांव छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष दीपक ठाकुर, उपाध्यक्ष असलम खान, सचिव प्रशांत दत्ता, संरक्षक तिलक पांडे, सह सचिव गौरव जैन, कोषाध्यक्ष मदन हालदार, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत ठाकुर, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष जेपी यादव, सुरेंद्र भट्ट, सारंगधर कौशिक, वलय राहा, प्रशांत मिश्रा, संजय कुमार शार्दुल, नरेश नाइक, हेमंत गोस्वामी, निपेंद्र मिश्रा, धीरेंद्र श्रीवास्तव, अनीश कुमार श्रीवास्तव, नरेंद्र देवांगन, कंवल सिंह बघेल, रजनीश दुबे, कन्हैया देवांगन, नेमी देवांगन, नरेंद्र देवांगन, जसवंत गौतम, जयदेव साहू, निशान दत्ता, भूपेश पाणिग्रही, चंद्रकांत वैष्णव, भोले सिन्हा, अक्षत ठाकुर, रामप्रसाद दीवान, श्रीमती रुक्मणी, निशा वासनिकर, श्रीमती प्रीति एवं जिला अधिवक्ता संघ कोंडागांव के समस्त अधिवक्ता उपस्थित थे।

शादी करने का झांसा देकर...

के संबंध में पता तलाश किया गया, जो कि रिपोर्ट दिनांक से फरार हो गया था, जिस संबंध में पुलिस टीम के द्वारा लगातार पता तलाश किया जा रहा था, जो कि जानकारी प्राप्त हुआ कि आरोपी सरगीपालपारा में छुपा हुआ है, जिसे अभीरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर, आरोपी ने पीड़िता के साथ बलात्कार करना स्वीकार किया, जिस पर आरोपी को 22 फरवरी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड हेतु प्रस्तुत किया गया। न्यायिक रिमांड प्राप्त कर आरोपी को जेल में भेजा जा रहा है।

सम्पूर्ण कार्यवाही में निरी.सौरभ उपाध्याय, उप निरी.गुलाब टंडन एवं थाना कोण्डागांव टीम का विशेष योगदान रहा।

शीघ्र होगा सिंटर प्लांट-2 में एसटी एससी एसो. का गठन

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। संयंत्र के सिंटर प्लांट-2 विभाग में बी एस पी, एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन की विभागीय समिति का गठन करने के एसोशिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद की अध्यक्षता मे किया गया। बैठक मे सिंटर प्लांट 2 के कार्मिकों ने अपने कार्यस्थल की समस्याओं से एसोशियेशन को अवगत कराया। कार्मिकों द्वारा एसोसिएशन की विभागीय कमेटी बनाने पर खुशी जाहिर की गइ। उनका कहना था ये कार्य बहुत पहले किया जाना चाहिए। कोमल प्रसाद ने कहा कि इन कमेटियों के माध्यम् से आप अपने विभाग एवं अपनी समस्या को एसोशियेशन के झंडे के तले प्रवंधन के चर्चा कर हल निकाल सकते है। एसोशियेशन अपने सभी कार्मिकों से सीधा सम्पर्क बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और इसमे सभी कर्मचारी व अधिकारियों का सहयोग मिल रहा है। अध्यक्ष ने कहा की अपने विभाग के सभी कर्मचारी को एसोशियेशन की सदस्यता दिलाकर एसोशियेशन को मजबूत करना है। जिससे हम सब की समस्याओं के समाधान मे आसानी होगी। महासचिव विजय कुमार ने एसोशियेशन की जानकारी के साथ भविष्य मे किये जाने वाले कार्यो की रूप रेखा से सदस्यों को अवगत कराया। अगली बैठक मे सिंटर प्लांट 2 की विभागीय कमेटी का विधिवत चुनाव कर गठन किया जायेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवंशी, उमेश सूर्यवंशी, उदय कुमार राम, देवेंद्र कुमार आडिल, बाबूलाल, उमेश कुमार सूर्यवंशी, शिवकुमार गोड़, राधेश्याम ध्रुव, दीक्षित कुमार सिदार, जसवंत नेताम, केदार प्रसाद माझी, अजंता टिपल उपस्थित थे।

निधन

राममूर्ति देवी अग्रवाल

रायपुर, 22 फरवरी। श्रीमति

राममूर्ति देवी अग्रवाल उम्र 79 वर्ष (पत्नी पुरुषोत्तम दास अग्रवाल) खरसिया वाले का स्वर्गवास 22 फरवरी को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल 23 फरवरी को प्रात: 10 बजे निवास स्थान 32, सिग्नेचर होम्स, मैग्नेटो मॉल के पास, रायपुर, से मारवाड़ी श्मशान घाट, बूढ़ातालाब पहुंचेगी। शोकाकुल- पुरुषोत्तम दास अग्रवाल, अशोक अग्रवाल (पुत्र), विजय अग्रवाल (पुत्र), अमन, आर्यन, राघव, आरव (पोत्र) एवं समस्त अग्रवाल परिवार।

कांग्रेस के गढ़ में भारी मतों से भाजपा का कब्जा

बीजापुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। भोपालपटनम ब्लाक में जहां कांग्रेस का गढ़ माना जाता था वहां त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा ने अपना परचम लहराते हुए भारी मतों से जीत हासिल की हैं। भाजपा ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ करते हुए भारी मतों से विजय प्राप्त कि हैं जिला पंचायत क्रमांक 1 से आज तक भाजपा ने अपना खाता नहीं खोला था उस इलाके जनता ने पटखनी दे दीं हैं दिग्गज नेता को पछाड़ते हुए भारी मत बटोरे हैं वही भोपालपटनम ब्लाक कि दूसरी सीट मद्देड में भी भाजपा आई हैं वह चार प्रत्यासी मैदान में थे जनपद पंचायत के 10 सीटों में 8 भाजपा के कब्जे में हैं सरपंच पद के उम्मीदवार अधिकतम भाजपा समर्पित जीतकर आए हैं। उसूर ब्लाक के दिग्गज नेता व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहे कमलेश काराम को भी जनता ने नकार हैं पामेड़ सीट में भी भाजपा काबिज हो गई हैं दोनों चरण के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दो चरणों के हुए मतदान में भाजपा के खाते में पांच सीट कांग्रेस के खाते में एक और एक निर्दलीय पर काबिज हैं।

बीजापुर जिले के भोपालपटनम और उसूर ब्लॉक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जमकर वोट डले हैं। सेकंड पाली में हुए मतदान में नक्सल प्रभावित इलाकों में बुलेट पर भारी बैलेंट पढ़ गया हैं। पिछले बार के मुकाबले इस बार ग्रामीणों ने जमकर वोट डाला है सुबह 5 बजे से ही पोलिंग भूतों में लंबी कतार लगी हुई थी पुलिंग का समय समाप्त होने के बाद पोलिंग बूथों में लंबी कतार लगी हुई थी रात तक मतदाता लाइन में खड़े होकर अपना नेता चुने हैं।

- नक्सलगढ़ में बुलेट पर भारी पड़ गया बैलेट, जमकर हुआ मतदान
- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का रिकॉर्ड टूटा, 72.28 प्रतिशत मतदान

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का रिकॉर्ड टूटा

भोपालपटनम जनपद में 72.28 प्रतिशत मतदान हुआ हैं वही उसूर ब्लाक के जनपद पंचायत में 49.2 प्रतिशत मतदान हुआ हैं उसूर ब्लाक में पिछली बार के मुकाबले अधिक मतदान हुआ हैं।

क्यों हारी कांग्रेस ?

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस की हार का सबसे बड़ा कारण गुटबाजी रहा हैं कई जगह से कांग्रेस समर्पित दो-दो प्रत्याशी खड़े हुए हैं। कई नेता बागी होकर चुनाव के मैदान में उतर गए। वहीं, दूसरी तरफ चुनावी मैदान में प्रचार और लोगो से संपर्क साधने में कांग्रेस फीकी रही हैं उनके पास इस बार कोई रणनीति नही थी और भाजपा वालों ने रणनीति के तहत काम किया हैं।

भाजपा क्यों जीती

बीजेपी ने प्रत्याशियों को खड़ा करने के लिए गहरा मंथन किया हैं और इलाके में महिला वोटर्स को साधने के लिए कार्यकर्ताओ ने पूरी कोशिश की योजनाओं को लेकर एक-एक मतदाताओं के पास गए हैं कांग्रेस को हराना आसान नहीं थी इन्होने मास्टर प्लान के साथ काम किया हैं।

महतारी वंदन योजना का असर

देखा गया हैं कि शहरी वोटर्स को आमतौर पर बीजेपी का वोटर माना जाता है। महतारी वंदन योजना का लाभ अधिकतर ग्रामीण महिलाओं कि तरफ होता है पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं वोट ज्यादे हैं वही महिला मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर वोटिंग के लिए निकलीं। अधिकतर महिलाओं ने बीजेपी के पक्ष में वोटिंग की महिलाओं की एकतरफा वोटिंग से बीजेपी को फायदा हुआ हैं।

धुर नक्सल प्रभावित इलाके में 214वीं वाहिनी सीआरपीएफ के सौजन्य से सिविक एक्शन कार्यक्रम

बीजापुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। बीजापुर जिले के 214वीं वाहिनी के.रि.पु.बल दुगौली, कैम्प द्वारा के.डी. जोशी, कमाण्डेन्ट के मागदर्शन में जनकल्याणकारी योजना 2024-25 (सिविक एक्शन प्रोगाम) के तहत 21/02/2025 दिन शुक्रवार को डी/214 समवाय कोडेपाल में सिविक एक्शन प्रोगाम एवं जी/214 कोइतपाल में फ्री मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। दोनों कार्यक्रम में कोडेपाल एवं कोइतपाल के सीमावर्ती गाँवो के भारी संख्या में स्थानीय लोग एकत्रित हुए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुलिस एवं आम जनता के बीच आपसी प्रेम और सौहार्द कायम रह सके एवं आम जनमानस का पुलिस फोर्स पर अपना विश्वास कायम हो सके।

डी/214 बटालियन कोडेपाल द्वारा स्थानीय ग्रामीण जन को उनकी जरूरत के अनुसार साईकिल, वाटरटैंक, कम्बल, बर्तन, स्कूल बैग, शिक्षा सामग्री, सोलर लालटेन, चप्पल, यूनीफार्म, क्रिकेट किट बैग, वॉलीबाल एवं फुटबाल इत्यादि सामग्री का वितरण किया गया। डी/214 बटालियन द्वारा आयोजित, फ्री मेडिकल कैम्प में ग्रामीणों को नि:शुल्क दवाई का वितरण किया व डॉ0 स्रोत गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी (ओ0जी0) द्वारा उनका परीक्षण किया गया। इस मौके पर श्री रणधीर कुमार झा, द्वितीय कमान अधि0, विवेक कुमार, द्वितीय कमान अधि0, डॉ0 स्रोत गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (ओ0जी0), के.एस. नेगी, उप कमाण्डेन्ट, निरीक्षक/जीडी शंकर लाल चतुर्वेदी डी/214 एवं स्थानीय गणमान्य सरपंच व कई गाँवों के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

रणधीर कुमार झा, द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा सभी को के0रि0पु0बल द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायत प्रमुखों और प्रतिनिधियों को कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में बताया व जनता से अपील की कि सभी भविष्य में भी बढ़-चढ़ कर अन्य कार्यक्रमों में हिस्सा लें तथा आम जनमानस को मुख्य धारा में जुडने एवं सरकार की योजनाओं का फायदा लेने के लिए अवगत कराया। विभिन्न ग्राम पंचायत प्रमुखों और प्रतिनिधियों ने केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 214वीं बटालियन द्वारा वाहिनी को इस पहल और प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के अभियान न केवल जनता को जागरूक करते है बल्कि युवाओं को स्वस्थ और रचनात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित भी करते है ।

भाजपा ने चलाया सफाई अभियान

कांकेर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। 22 फरवरी को भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष महेश जैन व नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी व्दारा नये बस स्टैंड कांकेर में सफाई अभियान चलाया गया जहा पहले झाड़ू लगाकर व पानी से धोकर बस स्टैंड जहां यात्री बैठते है उन्हें सफाई कि गई। सफाई अभियान सुबह 07 बजे से ही शुरू कर दी गई थी सफाई अभियान के तहत नवनिर्वाचित नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने कहा कि आज से हमने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने कि ओर कदम बढ़ा दिया है और यहां सफाई अभियान लगातार चलता रहेगा भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि सफाई अभियान हमारे देश के प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी का अभियान है जिसके तहत हम सभी मिलकर जनता को जागरूक कर कांकेर शहर को एक साफ-सुथरा शहर बनायेंगे एक सुन्दर शहर बनाने कि शुरूवात आज से हमने कर दी है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, पूर्व विधायिका सुमित्रा मारकोले, पूर्व मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, पूर्व जिलाध्यक्ष हलधर साहू, राजीव लोचन सिंह, मंडल अध्यक्ष दिनेश रजक, महामंत्री गिरधर यादव, टेकश्वर जैन, पार्षद उत्तम यादव, टिकेन्द्र ठाकुर, हितेंद्र खटवानी, विकास अंभोरे, उगेश्वरी उइके, मीरा सलाम, चित्ररेखा जैन, शंकुतला जैन, मंजु सारथी, विरेन्द्र साहू,सलिम मेमन, विरेंद्र जय श्रीवास्तव, राजेन्द्र गौर, विजय लक्ष्मी कौशिक, अजय पप्पू मोटवानी, मोहन नाविक, शैलेन्द्र शोरी, योगेश साहू, ईश्वर सिन्हा, नितिन दवे, धनेश यादव, आसिफ अली, बृजमोहन तिवारी, अविनाश नेगी, जितेन्द्र सिन्हा, मुरली लालवानी , श्रद्धेश चौहान, प्रशांत यादव कार्यकर्ता पदाधिकारीयों के साथ साथ नगरपालिका कि टीम स्वच्छता दीदी सभी बड़ी संख्या में इस सफाई अभियान में सहयोगी बने।

जपं केशकाल और बड़ेराजपुर में आज होगा मतदान

कोण्डागांव, 22 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2025 के अंतिम एवं तृतीय चरण में जिले के जनपद पंचायत केशकाल और बड़ेराजपुर में 23 फरवरी दिन रविवार को मतदान होगा। मतदान दलों को 22 फरवरी को जनपद पंचायत मुख्यालयों में मतदान सामग्री वितरण के पश्चात् उनके निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने मतदान दलों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एसडीएम केशकाल अंकित चौहान उपस्थित थे।

मतदान दलों को किया गया रवाना

उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत केशकाल में 127 मतदान केंद्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 62749 है। इसके अंतर्गत 65 सरपंच, 330 पंच, 17 जनपद सदस्य और 02 जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन होना है। जनपद पंचायत केशकाल के कुल 69 सरपंच में से 04 निर्विरोध और कुल 805 पंच में से 474 निर्विरोध तथा 01 वार्ड से कोई नाम निर्देशन प्राप्त नहीं हुआ।

इसी प्रकार जनपद पंचायत बड़ेराजपुर में 147 मतदान केंद्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 65894 है। इसमें 43 सरपंच, 379 पंच, 17 जनपद सदस्य और 02 जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन होना है। बड़ेराजपुर में कुल पंच 637 में से 258 निर्विरोध और 44 सरपंच में से 01 निर्विरोध चुने गए हैं।

गायत्री महायज्ञ में शामिल हुए विधायक चैतराम

पूजा-अर्चना कर मांगी क्षेत्र की समृद्धि

दंतेवाड़ा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के ग्राम पंचायत पाहुरनार में गायत्री परिवार द्वारा 24 कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया गया। विधायक चैतराम अटामी भी महायज्ञ में शामिल हुए। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री व ग्राम पंचायत कासोली- 1 के नव निर्वाचित सरपंच शैलेश अटामी भी उपस्थित हुए। विधायक श्री अटामी ने महायज्ञ में शामिल होकर पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान विभिन्न समाज प्रमुखों की विधायक श्री अटामी से आत्मीय मुलाकात भी हुई, जिसमे क्षेत्र व समाज हित के विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

अंतिम चरण का मतदान संपन्न कराने दल रवाना

आज होगा जिले के संवेदनशील ब्लॉक अंतागढ़ व कोयलीबेड़ा में मतदान

कांकेर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2025 के तहत जिले में तीसरे और अंतिम चरण का मतदान जिले की जनपद पंचायत अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा में रविवार 23 फरवरी को सुबह पौने सात बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान होगा। सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील माने जाने वाले कोयलीबेडा और अंतागढ़ ब्लॉक में निवासरत 1 लाख 66 हजार 563 ग्रामीण मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार यहां सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। तीसरे चरण में निर्धारित निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान संपन्न कराने मतदान दलों को अंतागढ़ स्ट्रांग रूम से सामग्री वितरण उपरांत अपर कलेक्टर श्री बी.एस. उईके द्वारा हरी झण्डी दिखाकर मतदान दलों को रवाना किया गया। इसके लिए अंतागढ़ ब्लॉक में 116 और कोयलीबेड़ा में 199, इस प्रकार कुल 315 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां 1260 मतदान कर्मी चुनाव सम्पन्न कराएंगे। रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि जनपद पंचायत अंतागढ़ की 56 ग्राम पंचायतों के लिए 116 मतदान केन्द्र तथा 14 सेक्टर बनाए गए हैं, इनमें 48326 मतदाता वोट करेंगे। इसी तरह जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा की 103 ग्राम पंचायतों के लिए 199 मतदान केन्द्र और 26 सेक्टर बनाए गए हैं, इनमें 118237 ग्रामीण मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसके अलावा सभी ग्राम पंचायतों में मतदान कराने की पूरी तैयारी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों तक सुरक्षा के साथ पहुंचाने हेतु रूट चार्ट भी तैयार किए गए हैं। सभी मतदान दलों में एक पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी क्रमांक एक, दो और तीन के अलावा एक-एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुरक्षाकर्मी और कोटवारों की ड्यूटी भी लगाई गई है। मतदान कल सुबह पौने सात बजे से अपराह्न दो बजे के बीच 159 ग्राम पंचायतों में होगा।

अंतिम चरण में आज कुआकोंडा में मतदान

दंतेवाड़ा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण में कुआँकोंडा ब्लॉक में रविवार 23 फरवरी को मतदान होगा। इसके लिए मतदान दलों को कुआँकोंडा के वितरण केन्द्र से मतदान सामग्री का वितरण किया गया।

- 68 मतदान दलों का गठन, सामग्री का वितरण
- संवेदनशील मतदान केन्द्रों में पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम

इस दौरान मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारी मतदान सामग्रियों का मिलान कर सम्बन्धित सेक्टर ऑफिसर के नेतृत्व में निर्धारित रूट के बसों के जरिये अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिये रवाना हुए। इस मौके पर निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। पंचायत के उप संचालक मिथिलेश किसान ने बताया कि इस तृतीय चरण में कुआँकोंडा ब्लॉक अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 2, जनपद पंचायत सदस्य हेतु 10, सरपंच के लिये 32 और 113 पंच के लिये निर्वाचन होगा। इसके लिए कुल 68 मतदान दलों के 352 अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिये जिला पुलिस बल, डीआरजी तथा छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के पर्याप्त जवानों की तैनाती की गयी है। वहीं सुचारू रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराये जाने हेतु सेक्टर आफिसर्स, सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

मतदान दल उत्साह के साथ निर्वाचन सामग्री लेकर रवाना हुए

बिलाईगढ़, 22 फरवरी (देशबन्धु)। कृषि उपज मंडी परिसर सारंगढ़ में मतदान दल सुबह से लेकर दोपहर तक अपने दल के साथ निर्वाचन सामग्री को प्राप्त कर निर्वाचन सामग्री का मिलान किए। उसके बाद दल सहित निर्धारित बस से अपने मतदान केंद्र में सकुशल पहुंचे हैं। मतदान दल में शामिल व्यायाम शिक्षक ममता साहू, पूजा अकेला, शिक्षक काजल सहित अन्य निर्वाचन कर्मी उत्साहित नजर आईं। इस अवसर पर सभी मतदान दल बैलेट बॉक्स, दस्तावेज, प्रपत्र आदि के मिलान में बहुत व्यस्त थे। परिसर में भीड़ था, वही भारत माता चौक से बाजार चौक तक सड़क व्यस्त था। मंडी परिसर में मतदान दल की सुविधा के लिए लाउड स्पीकर, सेक्टर दल, पुलिस आदि का स्टॉल लगाया गया था। ये दल 23 फरवरी को सारंगढ़ ब्लॉक में पंचायत चुनाव सम्पन्न कराएंगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में सपोर्ट पर्सन भर्ती के लिए बैठक

कोण्डागांव, 22 फरवरी (देशबन्धु)। पॉक्सो पीड़िताओं की सुविधा एवं सहयोग व सपोर्ट पर्सन की भर्ती हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव में आयोजित बैठक के सम्बन्ध में दी गई जानकारी के अनुसार माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन (सी.) 427/2022 एवं 1156/2021 में पारित आदेश के अनुक्रम में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं नियम 2020 के अधीन जिले में सपोर्ट पर्सन की नियुक्ति किये जाने हेतु माननीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.एस.सी.) पॉक्सो कमलेश कुमार जुर्री की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में सपोर्ट पर्सन हेतु प्राप्त आवेदनों का अवलोकन एवं दावा आपत्ति का निराकरण समिति के सदस्यों के द्वारा किया गया। बैठक में माननीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) श्रीमती यशोदा नाग, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के सचिव सुश्री गायत्री साय, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अवनी कुमार बिसवाल, जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि एवं समिति के अन्य सदस्य एवं अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। उक्त पदों के संबंध में जारी सूची हेतु जिला कोण्डागांव के शासकीय वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

मैं भाजपा में हूं और आगे भी रहूंगा : अरविंद

दंतेवाड़ा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य के लिए अब सब की निगाह कुआकोंडा में रविवार 23 फरवरी को होने वाले तीसरे और अंतिम चरण के मतदान पर लगी हुई है। कल कुआकोंडा ब्लाक के 2 जिला पंचायत सीट के लिए मतदान होना है। मतदान के तुरंत बाद मतगणना भी शुरू हो जाएगी और देर रात तक परिणाम भी आ जायेंगे।

- नव निर्वाचित जिपं सदस्य का वीडियो संदेश
- निर्दलीय होने की अटकलों पर लगाए विराम
- संख्या बल में भाजपा आगे
- आज निर्णायक 2 सीटों पर होगा मतदान

10 सदस्यीय जिला पंचायत में अब तक 8 क्षेत्रों में चुनाव हो चुका है। इसमें से 3 में कांग्रेस, 4 में भाजपा और 1 में सीपीआई समर्थित उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। क्षेत्र क्रमांक 3 से अरविंद कुंजाम ने जीत दर्ज की है। भाजपा ने उसे अपना सदस्य बताया है। इस बीच कुछ लोग उसे निर्दलीय भी कह रहे थे। आज अरविंद ने खुद एक वीडियो संदेश जारी कर तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया और स्पष्ट कर दिया कि वे भाजपा के हैं, और भाजपा के ही रहेंगे। पार्टी लाईन से हटकर कोई काम नहीं करेंगे। संदेश में अरविंद ने कहा है कि उनको लेकर सोशल मीडिया में कुछ दिनों से कई तरह की अफवाहें चल रही हैं, जो पूरी तरह गलत और बेबुनियाद है। वे अभी भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष और भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य भी हैं। वे जिला पंचायत सदस्य चुनकर आए हैं और भाजपा में ही रहेंगे। उनको लेकर की जा रही सभी बातें गलत और औचित्यहीन है। इस संदेश के बाद यह साफ हो गया है कि अब भाजपा के पास 4 सदस्य हो चुके हैं। 2 सीटों पर रविवार को मतदान हो रहा है। इन दोनों सीटों में कांग्रेस और भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला है। दोनों ही दलों ने आज इस इलाके में जमकर प्रचार किया। यहां पर भाजपा के दिग्गज आदिवासी नेता नंदलाल मुड़ामी चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि उनके मुकाबले में कांग्रेस ने राजू बारसे को मैदान में उतारा है, जबकि एक अन्य सीट पर भाजपा की पायके मरकाम और कांग्रेस के समर्थित उम्मीदवार भीमा राम मंडावी (चोलनार) के बीच मुकाबला है। इन दो सीटों के परिणाम से ही यह तय हो जाएगा कि दंतेवाड़ा जिला पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर भाजपा का कब्जा होगा या कांग्रेस का। इसी वजह से दोनों ही दल कुआकोंडा की दोनों ही सीट पर जीत के लिए खुब मेहनत कर रहे हैं। मतदान रविवार की सुबह प्रारंभ होगा, जो दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। इसके तुरंत बाद मतगणना शुरू होगी और देर रात तक परिणाम भी सामने आ जाएगा। अभी जिला पंचायत में कांग्रेस की तुलिका कर्मा और सुभाष सुराना उपाध्यक्ष थे। पिछली बार पर्ची उठाकर इन पदों के लिए नाम तय हुए थे, क्योंकि दोनों ही दलों ने बराबर-बराबर संख्या जुटा ली थी। इस बार क्या स्थिति बनती है, यह रविवार को ही स्पष्ट हो सकेगा।

परीक्षा पूर्व तनाव मुक्ति पर कार्यशाला

पीजी कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग का आयोजन

दंतेवाड़ा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा के मनोविज्ञान विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला परीक्षा के पूर्व होने वाले तनाव से सामना करने, और मनोवैज्ञानिक परामर्श पर केंद्रित था। इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को परीक्षा से होने वाले तनाव के मनोवैज्ञानिक तरीके से निदान की जानकारी दी गई। विभाग अध्यक्ष डॉ. दिनेश कुमार लहरी ने मनोविज्ञान के द्वारा छात्र-छात्राओं के समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अपना परामर्श दिया। कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. शिखा सरकार, बृज बिहारी चक्रवर्ती तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

पत्नी- तुम हर बात में मेरे मायके वालों को बीच में क्यों लाते हो?
पति- देखो जब टीवी में खराबी आती है तो कोई टीवी को थोड़े ही बोलता है...गाली तो कंपनी वाले ही खाते हैं.

डिजिटल सुरक्षित डॉक्यूमेंटेशन से रुकेगा फर्जीवाड़ा

रजिस्ट्री दस्तावेजों की स्कैनिंग का काम फिर हुआ शुरू

आसानी से होगा ऑनलाइन नामांतरण

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में रजिस्ट्री दस्तावेजों को डिजिटल बनाने का काम पिछले कुछ समय से चल रहा है। पहले, जिस कंपनी को यह काम सौंपा गया था, वह समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ काम पूरा नहीं कर पाई थी। इसके परिणामस्वरूप शासन ने भुगतान रोक दिया और ठेका निरस्त कर दिया गया। इस कारण मार्च 2024 से नवंबर 2024 तक स्कैनिंग का काम रुका रहा। अब, दिसंबर 2024 से नोएडा की एक नई कंपनी को इस कार्य का जिम्मा सौंपा गया है।

नई कंपनी को रायपुर के अलावा रायगढ़, सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर जैसे अन्य जिलों में भी स्कैनिंग का काम सौंपा गया है। जिला पंचायत उप संचालक कार्यालय में एक डिजिटल सिस्टम स्थापित किया गया है,

जहां दस्तावेज़ों को स्कैन किया जाता है। दस्तावेज़ को स्कैनिंग मशीन के नीचे रखा जाता है और एक क्लिक से वह दस्तावेज कंप्यूटर पर दिखाई देने लगता है।

छत्तीसगढ़ में भूमि खरीद-बिक्री में हो रहे फर्जीवाड़े को रोकने और रजिस्ट्री के बाद ऑनलाइन नामांतरण प्रक्रिया को सुलभ बनाने के लिए 1950 से लेकर अब तक के सभी दस्तावेज़ों को डिजिटल किया जा रहा है। दिल्ली स्थित नोएडा की कंपनी ने 2017 से 1997 तक के दस्तावेज़ों को पहले ही ऑनलाइन कर दिया है। अब इस कंपनी को 1950 तक के दस्तावेज़ों को भी डिजिटल करने का ठेका दिया गया है।

इस प्रक्रिया के अंतर्गत रजिस्ट्री कार्यालय में हाइटेक ऑटोमेटिक मशीनों का सेटअप स्थापित किया गया है। यह पहला मौका होगा जब पंजीयन कार्यालय की हर रजिस्ट्री की एंट्री ऑनलाइन दिखाई देगी, जिससे दस्तावेज़ कभी खराब नहीं होंगे और उनका सुरक्षित डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा।

तहसीलदार पवन कोसमा ने बताया कि इस डिजिटल प्रक्रिया के चलते रजिस्ट्री का काम तेज़ी से चल रहा है और जल्द ही पूरी प्रक्रिया और भी सरल हो जाएगी। भविष्य में, रिकार्ड में नाम दर्ज करवाने के लिए तहसील कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी। हितग्राहियों को उप पंजीयन कार्यालय में जाकर रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा ऑनलाइन मिल जाएगी।

सोमवार से विधानसभा का बजट सत्र रहेगा हंगामेदार

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है जो 21 मार्च तक चलेगा। बजट सत्र में 17 बैठकें होंगी। सत्र काफी हंगामेदार रहने की संभावना है।विष्णुदेव साय सरकार इस सत्र में अपना दूसरा बजट पेश करेगी। सत्र के दौरान 3 मार्च को वित्त मंत्री ओपी चौधरी बजट पेश करेंगे। इससे पहले 9 फरवरी 2024 को पहला बजट पेश किया गया था। बजट सत्र में सदस्यों ने 2 हजार से ज्यादा सवाल लगाए है।

सोमवार 24 फरवरी को बजट सत्र की शुरुआत होगी।पहले दिन राज्यपाल का अभिभाषण होगा।इसके बाद सदन की कारवाई मंगलवार तक के लिए स्थगित हो जाएगी।इसे देखते हुए कांग्रेस विधायक दल की बैठक 24 को आहुत की गई है।जिसमें सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी।सदन में सरकार को घेरने के लिए प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के पास मुद्दों की कमी नहीं है।प्रदेश की कानून व्यवस्था, किसानों से जुड़े सहित अन्य मामले है। कांग्रेस दल कमरोको प्रस्ताव के अलावा प्रश्नकाल व नियम 139 के तहत कई मुद्दों पर सरकार को कटघरे में खड़ा करने प्रयास करेगी। वहीं दूसरी ओर सरकार अपने वित्तीय कामकाज के अलावा विधेयकों को पारित कराएगी।

- वित्त मंत्री चौधरी 3 को बजट पेश करेंगे
- सदस्यों ने लगाए 2 हजार से ज्यादा सवाल

कांग्रेस विधायक दल की बैठक 24 को तय होगी बजट सत्र की रणनीति

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के लिए रणनीति तैयार करने कांग्रेस विधायक दल की 24 फरवरी को बैठक होगी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत के निवास में शाम 6 बजे से होने वाली बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के साथ-साथ सभी कांग्रेस विधायक शामिल होंगे।बैठक मे पूर्व मंत्रियों को भी आमंत्रित किया गया है।

सेंट्रल जेल के बाहर जश्न मनाना पड़ा भारी

विधायक देवेंद्र यादव सहित 13 कांग्रेसियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। जेल से रिहा होने के बाद भी विधायक देवेंद्र यादव की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही है। दरअसल, 7 महीने के बाद कल विधायक देवेंद्र यादव जेल से रिहा हुए। देवेंद्र यादव की रिहाई पर नेताओं और समर्थकों ने सेंट्रल जेल के बाहर सड़क पर जश्न मनाना शरू कर दिया। मामले में विधायक देवेंद्र यादव समेत 13 लोगों के खिलाफ गंज थाना में एफआईआर दर्ज की गई है।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत के बाद कल शाम देवेंद्र यादव जेल से रिहा हुए। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने सेंट्रल जेल के सड़क पर ही इसका जश्न मनाया था। जिससे काफी जाम की स्थिति बन गई थी। इसी मामले को लेकर गंज थाना के बीएनएस की धारा 126(2), 3(5) तलक तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

कांग्रेसी नेताओं पर एफआईआर दर्ज जिनमें देवेन्द्र यादव, सुबोध हरितवाल, शांतनु झा, आकाश शर्मा, शाओब ढेबर, अतीक मेमन, फराज, फरदीन खोखर, अनवर हुसैन, शेख वसीम, नीता लोधी, बाबी पांडे, शिबली मेराज खान शामिल है।

जेल में बंद कैदी 25 फरवरी को गंगा जल से करेंगे स्नान

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। उपगुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश के जेलों में बंद कैदियों की भी इच्छाशक्ति होती है और वे भी गंगा स्नान का पुण्य लाभ लेना चाहते हैं। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के 5 सेंट्रल जेल 20 जिला जेल और 8 सब.जेल में 25 फरवरी को गंगा जल से सामूहिक स्नान करवाया जाएगा। इस पहल के तहत सभी कैदियों को गंगा जल से स्नान कर आध्यात्मिक शुद्धि का अवसर मिलेगा। शर्मा ने कहा कि संस्कार हमारी संस्कृति से जुड़े हैं और यह हमारी परपराओं का एक अभिन्न हिस्सा है। समाज में सुधार और पुनर्वास की भावना के तहत यह निर्णय लिया गया हैए जिससे कैदियों में आत्मशुद्धि और नैतिकता के भाव उत्पन्न हों। उन्होंने यह भी कहा कि यह महाकुंभ 144 साल बाद हो रहा है और हर व्यक्ति को इसका लाभ उठाने का अधिकार है। उसी सोच के तहत जेलों में बंद कैदियों को भी इस आध्यात्मिक अवसर से जोड़ा जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी जेल अधीक्षकों और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

सरगुजा के आदिवासी नेताओं को किया जाता है नजरअंदाज : भगत

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री और प्रदेश के बड़े आदिवासी कांग्रेस नेता अमरजीत भगत ने एक बार फिर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के लिए सरगुजा क्षेत्र के आदिवासी नेताओं को नजरअंदाज करने की बात कही है।हालांकि, इस बार उन्होंने अपनी बात दूसरे तरीके से कही है।

टीएस सिंहदेव के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनने की संभावना को देखते हुए कहा कि टीएस सिंहदेव हमारे नेता हैं।जो भी प्रदेश अध्यक्ष बनेगा, उसको मेरा समर्थन रहेगा।

इस बयान के साथ उन्होंने अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए कहा कि

(बस्तर और सरगुजा) दोनों संभाग के आदिवासी नेताओं को बराबरी के नजरिए से देखना चाहिए।

पूर्व मंत्री ने कहा कि सरगुजा संभाग में 6 जिले आते हैं, बाबजूद इसके सरगुजा के आदिवासी नेताओं को नजरअंदाज किया जाता है।उन्होंने आरोप लगाया कि सरगुजा के आदिवासी नेताओं को मौका नहीं दिया जाता है, न किसी कमेटी में रखा जाता है, न उनकी बात सुनी जाती है।यहां के नेताओं के साथ तालमेल रखने के बाद ही कांग्रेस को फायदा मिलेगा।

पंचायत चुनाव में कांग्रेस के जीत के दावे पर उप मुख्यमंत्री बोले

जिला और जनपद चुनाव में खुल जाएगी झूठे दावों की पोल : अरुण साव

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। पंचायत चुनाव में अधिकतर सीटों में कांग्रेस के जीत के दावे पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने तंज कसते हुए कहा कि यह चुनाव गैर दलीय आधार पर है। अगर कांग्रेस खुश होना चाहती है तो खुश हो ले। आने वाले समय में जिला और जनपद पंचायत का चुनाव होगा, तो कांग्रेस के झूठे दावों के पोल खुल जाएगी।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि कांग्रेस के दावे को खारिज करते हुए कहा कि जिस प्रकार का परिणाम नगरीय निकाय में आया है, इसी तरह के परिणाम और जनादेश पंचायत चुनाव में भी आ रहे हैं। अधिकांश सीटों में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी जीत रहे हैं।

वहीं विधायक देवेंद्र यादव के दिल्ली

दौरे को लेकर अरुण साव ने कहा कि पिछले डेढ़ सालों से कांग्रेस में बदलाव की चर्चा सुन रहे हैं। जब से विधानसभा चुनाव के परिणाम आए हैं, तब से चर्चा चल रही है। कांग्रेस की चर्चा पर मत जाइए दिल्ली में शून्य, छत्तीसगढ़ नगरीय निकायों में शून्य, कांग्रेस पार्टी लगातार शून्य की ओर बढ़ रही है।

निकायों में महापौर पद की शपथ और एमआईसी के विस्तार पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग निर्वाचित पदाधिकारी के लिए अधिसूचना जारी करेगा। इसके बाद नगर निगम के नियम के हिसाब से 15 दिन में शपथ ग्रहण और सभापति का चुनाव होगा। नगर पंचायत में 30 दिनों के शपथ ग्रहण का प्रावधान है। उसके बाद ही आगे कार्य होगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज होने वाली कैबिनेट की बैठक को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि विधानसभा सत्र के पूर्व इस बैठक में कई महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा होगी।

इसके साथ विधानसभा में धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर अरुण साव ने कहा कि विधानसभा की कार्य सूची जारी होगी। हमारी सरकार लगातार धर्मांतरण के खिलाफ ठोस और मजबूत कार्रवाई कर रही है।

कांग्रेस में बाप बड़ा न भैया,सबसे बड़ा रुपैया : भाजपा

नोटिस और निष्कासन भी कमाई का जरिया

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कांग्रेस की कलह पर बड़ा हमला करते हुए भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस ब्रीफ में कहा कि कांग्रेस में शायद नोटिस और निष्कासन भी पैसे के लिए किए जाते हैं। कांग्रेस के अंदर की गजब कहानी यही कहती है जिसमें कांग्रेस के पूर्व विधायक विनय जायसवाल ने पहले कांग्रेस पर पैसे लेकर टिकट बेचने का आरोप लगाया, फिर 6 साल के लिए निष्कासित हुए, 6 साल तो नहीं पर 6 महीने के अंदर वो पार्टी में न सिर्फ वापिस आए बल्कि महापौर का टिकट भी ले आए। उन्होंने जो आरोप कांग्रेस पर लगाया था उसी प्रकिया से वो खुद महापौर प्रत्याशी बन गए अत: कांग्रेस में बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रुपैया।

श्रीवास्तव ने कहा पिछले दिनों कांग्रेस ने दो बार के विधायक कुलदीप जुनेजा ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बारे में कहा कि उनके नैतिकता नहीं है

इतनी बार पार्टी को हरवाने के बाद भी उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया और बोलना पड़ रहा है यह शर्म की बात है अब इस बात फिर कुलदीप जुनेजा को कारण बताओ नोटिस दिया गया है अब कहानी फिर वही है कुलदीप जुनेजा जिन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निष्काशित लोगो को पैसे लेकर फिर से पार्टी में लेने का आरोप लगाया था अब फिर वो खुद पैसे देकर अपने ऊपर कार्यवाही से बचेंगे।कांग्रेस अब एक राजनीतिक दल नहीं लुटेरी गैंग बन के रह गई है जो सब को लूट रही है।

श्रीवास्तव ने कहा कांग्रेस अपने आपराधिक कृत्यों की वजह से आंतरिक कलह के चक्रव्यूह में फंस चुकी है।पूर्व मंत्री अमरजीत भगत बड़े नेताओं को हार का जिम्मेदार मान रहे है और खुलेआम बयानबाजी कर रहे है कि हम टॉप लीडरशिप की वजह से चुनाव हार रहे है, जिसमें दीपक बैज, भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव का नाम वो बार-बार बोल रहे है नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, टीएस बाबा के ही नेतृत्व में चलने की बात कर रहे है ऐसे में कांग्रेस में किसी को किसी का नेतृत्व स्वीकार नहीं है हर कोई एक दूसरे पर केवल आरोप ही लगा रहा है।भाजपा ने जहां बूथ ,मंडल, जिला और प्रदेश के सभी संगठन के चुनाव समय पर कर लिए परन्तु कांग्रेस चार शर्मनाक हारो के बाद कलह के दल-दल में डूबती जा रही है।

प्रेस ब्रीफ में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू, राजीव चक्रवती, निशिकान्त पांडे मौजूद रहे।

कांग्रेस के बजाय भाजपा अपनी चिंता करे : सुशील

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा की प्रेस कांफ्रेंस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस की चिंता में दुबली होने के बजाय भारतीय जनता पार्टी अपने दल की चिंता करे। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, धरमलाल कौशिक, बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, अमर अग्रवाल, राजेश मूणत जैसे नेता सरकार में तिरस्कृत क्यों है यह किसी से छुपा हुआ नहीं है। भाजपा में फैली आंतरिक गुटबाजी का ही नतीजा है कि सरकार को बने 1 साल से अधिक समय हो गये राज्य मंत्रिमंडल में 2 पद अभी भी खाली पड़े है। भाजपा को पता है जैसे ही मंत्रिमंडल के खाली दो पद भर दिये जायेंगे पार्टी में बगावत हो जायेगी और भाजपा की सरकार गिर जायेगी। वरिष्ठ विधायकों को अभी उम्मीद है कि शायद मंत्रिमंडल के बचे 2 पदों में उनकी लाटरी खुल जाये इसी लिये वे शांत है। जैसे ही मंत्रिमंडल का विस्तार होगा भाजपा विधायक दल में बगावत की चिंगारी फूटेगी।

श्री शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार कौन चला रहा है, यह बता पाने की स्थिति में न तो भाजपा के नेता है, न भाजपा के कार्यकर्ता और न ही सरकारी अधिकारी। सरकार की कार्यप्रणाली से लगता है सरकार दिल्ली से रिमोट के माध्यम से चलाई जा रही है लेकिन प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री ओपी चौधरी ऐसी धौंस दिखाते है जैसे सरकार के सर्वेसर्वा वे ही है। भाजपा सरकार के चारों पावर सेंटर एक दूसरे को हमेशा नीचा दिखाने में लगे रहते है। भाजपा ईवीएम में गड़बड़ी करके नगरीय निकाय चुनाव भले ही जीत गयी है लेकिन पंचायत चुनाव में जनता ने भाजपा को बुरी तरह से नकार दिया है।

टिकट कन्फर्म न होने पर जनरल बोगी से रवाना हुए जम्मू कश्मीर के 60 युवा

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन पर आज जम्मु कश्मीर के 60 युवा लंबे समय तक फंसे रहे। ये सभी 9 फरवरी को ओडिशा के कटक में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने निकले थे। कटक के नेहरू युवा केंद्र की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के बाद वे धनबाद और दिल्ली होते हुए जम्मू कश्मीर लौट रहे थे।लेकिन ट्रेन की टिकिट कन्फर्म न होने के चलते वे घंटों तक रायपुर स्टेशन पर ही फंसे रहे। हालांकि लंबे इंतजार के बाद वे जनरल बोगी में सवार होकर दिल्ली रवाना हो गए हैं। सभी 60 लोग, जम्मू-कश्मीर के 3 अलग-अलग जगहों से ओडिशा के कटक में आयिजित कार्यक्रम में शामिल होने निकले थे। लंबे समय तक रायपुर स्टेशन में फंसे रहने के बाद वे वापिस अपने जम्मू लौट गए हैं।

बजट में आम जनता के साथ पत्रकारों को भी मिलेगा फायदा

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में पत्रकारों से जुड़े कई मामलों को लेकर राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से देर शाम मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की गई। उन्हें एक मांग पत्र भी सौंपा गया, जिसमें पत्रकारों का स्वास्थ्य बीमा, जमीन-आवास, वरिष्ठ पत्रकारों की सम्मान निधि की राशि बढाने जैसे कई मुद्दे शामिल हैं। इन मुद्दों पर मुख्यमंत्री से पहले ही चर्चा कर ज्ञापन दिया जा चुका है। वित्त मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए सभी प्रमुख मांगों को पूरा करने का भरोसा दिलाया है।

द्वादश ज्योतिर्लिंग की झाँकी अद्भुत है : उपमुख्यमंत्री

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा रोड पर शान्ति सरोवर में आयोजित द्वादश ज्योतिर्लिंग की झाँकी का शुभारम्भ आज उपमुख्यमंत्री अरूण साव, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी, ब्रह्माकुमारी किरण दीदी और ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया।

झाँकी का अवलोकन करने के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि शिव दर्शन मेले में लगाई गई द्वादश ज्योतिर्लिंग की झाँकी बहुत ही अद्भुत एवं रोचक है। यहाँ पर लगाई गई प्रदर्शनी से राजयोग मेडिटेशन को समझने का अवसर मिला। इसके साथ ही युग परिवर्तन एवं परमपिता परमात्मा शिव के विषय में विस्तार से जानकारी मिली। जीवन की अनेक समस्याओं और विकारों को राजयोग के माध्यम से दूर करने का ज्ञान यहाँ दिया गया है। पूरा मेला बहुत ही ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायी लगा। उन्होंने इस सुन्दर आयोजन के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान को बधाई देते हुए कहा कि इस आयोजन से शिव भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान और राजयोग को जीवन में अपनाने की प्रेरणा मिलेगी।

इसी प्रकार नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर-20 में स्थित शान्ति शिखर भवन में लगाई गई द्वादश ज्यांतिर्लिंग झाँकी का उद्घाटन बीएसएफ के

महानिरीक्षक हरीलाल, केन्द्रीय सुरक्षा पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिरीक्षक राकेश अग्रवाल, विमानल माना के संचालक मनिन्दर सिंह, सीमा सुरक्षा बल के डीआईजी संजय यादव, बीएसएफ के अधिकारी अजय सिंह, असिस्टेण्ट कमाण्डेन्ट संजय कुमार, रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी और ब्रह्माकुमारी रश्मि दीदी ने किया।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान की रायपुर संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बतलाया कि 2 मार्च तक आयोजित शिव दर्शन आध्यात्मिक मेले को प्रतिदिन शाम को 6 से रात्रि 9 बजे तक देखा जा सकता है। प्रवेश निःशुल्क रखा गया है।

गुढ़ियारी पानी टंकी की हुई सफाई

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के जल कार्य विभाग द्वारा गुढ़ियारी के 3500 किलोलीटर क्षमता वाले ओवर हेड टैंक की सील्ट की सफाई का कार्य अभियानपूर्वक करवाया गया। गुढ़ियारी के ओवर हेड टैंक में सुबह की नियमित जलापूर्ति करने के पश्चात ओवर हेड टैंक की सफाई का कार्य करते हुए सील्ट की सफाई के साथ – साथ कैमिकल ट्रीटमेंट , सभी चेम्बरों की सफाई एवं पेंटिंग का आवश्यक कार्य किया गया। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि इस कार्य के लिए पूर्व में नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत सतगुरु एजेंसी और सेफ क्लीन एजेंसी को ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई हेतु रायपुर नगर पालिक निगम के जल कार्य विभाग द्वारा अनुबंधित किया गया है। गुढ़ियारी के ओवर हेड टैंक में सील्ट की सफाई का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से आज सुबह 9 बजे प्रारम्भ कर दोपहर 2 बजे तक पूर्ण कर लिया गया।

लाटरी पद्धति से सरपंच पंच निर्वाचित हुए

पिथौरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान सम्पन्न हुई इस सम्पन्न चुनाव में सरपंच सहित विभिन्न वार्डो के पंच बराबर मत के चलते लाटरी पद्धति से निर्वाचित हुये । जिसके अंतर्गत विकासखंड के चरौदा पंचायत में सरपंच प्रत्याशी उदयराम पाण्डे , विधनेश ध्रुव को बराबर मत 239 मिले पर लाटरी अर्थात दोनों नाम के पर्ची निकाले जाने पर विधनेश ध्रुव सरपंच निर्वाचित हुये । इसी तरह देवरी वार्ड 7 के पंच प्रत्याशी मोती साहू व योगेश्वरी को 36 वोट मिले जिसे पर्ची निकालने पर योगेश्वरी पंच निर्वाचित हुईं ग्राम राजा सेवैय्या वार्ड 8 में अंजना बरिहा व दिनेश को 58 मत मिलने पर पर्ची से दिनेश बरिहा निर्वाचित हुए। भतकुंडा वार्ड 7 से इंदुमती पटेल व रामकुंवर पटेल को30 मत मिले पर्ची से रामकुंवर पटेल निर्वाचित हुये । छोटे लोरम वार्ड 4 से वृंदावती पटेल व परस किला नाग 26 मत मिले पर्ची निकालने पर परसकिला नाग वार्ड पंच निर्वाचित हुईं । इस दौरान जनपद पंचायत अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बीएसयूपी कालोनियों का होगा काया कल्प

आयुक्त ने उद्यान, सामुदायिक भवन, मकानों की मरम्मत कराने दिए निर्देश

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। आज रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 6 के अंतर्गत केन्द्र प्रवर्तित योजना बीएसयूपी आवासीय कॉलोनी रावतपुरा और काठाडीह परिसर को रहवासियों के लिए शीघ्र सुविधायुक्त बनाने की दृष्टि से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन एवं उद्यान निर्माण एवं विकास सहित सौंदर्यीकरण, मकानों की आवश्यक मरम्मत एवं सुधार के प्रगतिरत कार्यों का कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा सहित अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया. नगर निगम द्वारा शीघ्र बीएसयूपी आवासीय कॉलोनी रावतपुरा एवं काठाडीह को रहवासियों के लिए सुविधायुक्त बनाने की तैयारी की जा रही है. आयुक्त ने प्रगतिरत विकास कार्यों को सतत मॉनिटरिंग करते हुए तय समयसीमा के भीतर गुणवत्ता युक्त तरीके से प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कुसमी से नवनिर्वाचित सकील अंसारी का प्रदेश पदाधिकारियों ने स्वागत किया

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। कुसमी से नवनिर्वाचित पार्षद शकील अहमद को उनके विजयश्री प्राप्त कर पार्षद बनने व छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी का खाता खोलने के लिए रायपुर से प्रदेश पदाधिकारियों ने कुसमी पहुंचकर उनका हार्दिक अभिनंदन स्वागत किया। आप नेता विजय कुमार झा ने बताया है कि आदमी पार्टी की राज्य स्तरीय टीम प्रदेश महासचिव एवं मुख्य प्रवक्ता श्री सूरज उपाध्याय,के नेतृत्व में एम. एम हैदरी, प्रदेश सह सचिव, संजय गुप्ता,प्रदेश चुनाव समिति सदस्य, सागर क्षीरसागर, महासचिव संगठन लोकसभा, शिव कुमार शर्मा जिला कोषाध्यक्ष आज जिला के कुसमि नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 4 से विजयी पार्षद शकील अंसारी को जीत की बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

मोर मकान मोर आस

मठपुरैना, सोनडोंगरी, दलदलसिवनी व कचना में बने 180 आवासों का ननि ने किया आबंटन

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत ''मोर मकान मोर आस '' के तहत नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार आज निगम मुख्यालय में मठपुरैना, सोनडोंगरी, दलदलसिवनी एवं कचना में निर्मित 180 आवासों का आबंटन पात्र हितग्राहियों को किया गया। मकान आबंटन की लॉटरी के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना शाखा के अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, प्रभारी सहायक अभियंता अमित बोस एवं उप अभियंता सुश्री मानसी सिंघानिया मौजूद थीं।

प्रधानमंत्री आवास योजना केन्द्र सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके अंतर्गत प्रदेश भर में आवासहीन परिवारों को किफायती दर पर स्वयं का पक्का आवास उपलब्ध कराया जाता है। प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अंतर्गत कुल रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में 11 हजार 44 मकान स्वीकृत हैं। इनमें से 8 हजार 986 मकानों का आबंटन हो चुका है। निर्माणकर्ता एजेंसियों को 02 वर्ष की अवधि तक निर्मित आवासों में आने वाले लीकेज, सीपेज, पेंटिंग, प्लास्टर क्रैक एवं अन्य समस्याओं का सुधार करना होगा।

मतदान दल उत्साह के साथ निर्वाचन सामग्री लेकर रवाना हुए

बिलाईगढ़, 22 फरवरी (देशबन्धु)। कृषि उपज मंडी परिसर सारंगढ़ में मतदान दल सुबह से लेकर दोपहर तक अपने दल के साथ निर्वाचन सामग्री को प्राप्त कर निर्वाचन सामग्री का मिलान किए। उसके बाद दल सहित निर्धारित बस से अपने मतदान केंद्र में सकुशल पहुंचे हैं। मतदान दल में शामिल व्यायाम शिक्षक ममता साहू, पूजा अकेला, शिक्षक काजल सहित अन्य निर्वाचन कर्मी उत्साहित नजर आईं। इस अवसर पर सभी मतदान दल बैलेट बॉक्स, दस्तावेज, प्रपत्र आदि के मिलान में बहुत व्यस्त थे। परिसर में भीड़ था, वही भारत माता चौक से बाजार चौक तक सड़क व्यस्त था। मंडी परिसर में मतदान दल की सुविधा के लिए लाउड स्पीकर, सेक्टर दल, पुलिस आदि का स्टॉल लगाया गया था। ये दल 23 फरवरी को सारंगढ़ ब्लॉक में पंचायत चुनाव सम्पन्न कराएंगे।

सार-संक्षेप

पंचायत चुनाव में अपने वोट के अधिकार का उपयोग अवश्य करें : कलेक्टर

बिलाईगढ़, 22 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने सारंगढ़ ब्लॉक के सभी मतदाताओं से त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग कर वोटिंग करने की अपील की है। उन्होंने सभी मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिना किसी लालच के, बिना डरे, अपने विवेक से, एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए गांव, जिला, राज्य और राष्ट्र के उन्नति में अपने वोट का उपयोग अवश्य करें।

निधन

राममूर्ति देवी अग्रवाल

रायपुर, 22 फरवरी। श्रीमति

राममूर्ति देवी अग्रवाल उम्र 79 वर्ष (पत्नी पुरुषोत्तम दास अग्रवाल) खरसिया वाले का स्वर्गवास 22 फरवरी को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल 23 फरवरी को प्रात: 10 बजे निवास स्थान 32, सिग्नेचर होम्स, मैग्नेटो मॉल के पास, रायपुर, से मारवाड़ी श्मशान घाट, बूढ़ातालाब पहुंचेगी। शोकाकुल- पुरुषोत्तम दास अग्रवाल, अशोक अग्रवाल (पुत्र), विजय अग्रवाल (पुत्र), अमन, आर्यन, राघव, आरव (पोत्र) एवं समस्त अग्रवाल परिवार।

छोगा लाल भूतड़ा

दुर्ग, 22 फरवरी। स्थानीय माहेश्वरी मेडिकल के संचालक महेश कालोनी निवासी छोगा लाल भूतड़ा का

आज निधन हो गया। अंतिम संस्कार कल 23 फरवरी को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जायेगा। शवयात्रा उनके महेश कालोनी के पीछे स्थित निज निवास से सुबह 9 बजे निकाली जायेगी। वे माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के वरिष्ठ सदस्य थे। दिवंगत छोगालाल भूतड़ा, स्व. गिरधारी लाल भूतड़ा के सुपुत्र रमेश, शंकर, संतोष एवं गणेश के भाई, राहूल भूतड़ा के पिताजी थे। वे हरीश, आशीष. विनय, अंकित, संकेत, दीपक एवं वेदांत के काका जी थे।

मिठुराम पटेल

दुर्ग, 22 फरवरी। निकुम ग्राम पंचायत के पूर्व पंच मिठुराम पटेल (95 वर्ष) का निधन 22 फरवरी को हो गया।

उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रिखीराम, भूषणलाल पटेल के पिता, कुंजिया बाई पटेल के पति तथा सरपंच भागवत पटेल के नाना थे।

डॉग लवर राहुल चंद्राकर का कार्य कबीले तारीफ : श्याम जायसवाल

दल्लीराजहरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। सेवा परमोधर्मस्य की राह में चल कर नगर के युवा राहुल चंद्राकर लगातार आवारा कुत्तों की देखभाल कर लोगों में एक अलग संदेश दिया है। डॉग लवर राहुल चंद्राकर रोज शहर के अलग अलग इलाकों में आवारा कुत्तों को भोजन उपलब्ध कराते है। अपने खुद के व्यवस्था से राहुल चंद्राकर यह कार्य कर रहे हैं। इनके इस कार्य से युवाओं के बीच इन्हें डॉग लवर के नाम से भी जाना जाता हैं। आज सुबह जब चौपाटी में सुबह सुबह भाजपा युवा नेता श्याम जायसवाल ने इनके कार्य को देखा तो इनकी सराहना करते हुवे श्याम जायसवाल ने कहा कि युवाओं को राहुल से सीखना चाहिए आज के समय में लोग सिर्फ अपने मतलब से मतलब रखते है ऐसे में राहुल के द्वारा बेजुबान जानवरों के लिए अपने खुद के पैसों से इतना कुछ करना कबीले तारीफ है। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि शीघ्र ही इसकी जानकारी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं यशवंत जैन, पवन साहू, राकेश यादव सहित भाजपा के बालोद जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख व नगरपालिका अध्यक्ष तोरण साहू को उपलब्ध करा कर ऐसे आवारा कुत्तों के देखभाल हेतु नगरपालिका से इनके उचित देखभाल हेतु योजना बनाने की चर्चा किया जायेगा। जिसमें छत्तीस फंड से कुछ राशि की व्यवस्था कर आवारा कुत्तों के देखरेख हेतु प्रस्ताव बनाने का निवेदन किया जायेगा व इस कार्य हेतु राहुल चंद्राकर जैसे युवाओं की टीम बना इन्हें जिम्मेदारी सौंपने की भी बात किया जाएगा।

मच्छरों पर प्रहार, निगम द्वारा फॉगिंग, लार्वा हिट और डेल्टा मैथिलीन का छिड़काव जारी

धमतरी, 22 फरवरी (देशबन्धु)। मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों को रोकने के लिए नगर निगम ने बड़े पैमाने पर अभियान शुरू कर दिया है। आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर पूरे शहर में तय रूट चार्ट के अनुसार फॉगिंग, लार्वा नष्ट करने और नालियों की सफाई का काम तेज कर दिया गया है। निगम की टीम अलग-अलग वार्डों में जाकर लार्वा हिट और डेल्टा मैथिलीन का छिड़काव कर रही है, जिससे मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। नगर निगम के कर्मचारी रोजाना ट्री रूट अनुसार फॉगिंग कर रहे हैं, ताकि मच्छरों की संख्या को कम किया जा सके। इसके साथ ही, नालियों की गहराई से सफाई की जा रही है, ताकि पानी का ठहराव न हो और मच्छरों को पनपने का मौका न मिले।

फिनिक्स सर्कस का शो रायपुर में 2 मार्च तक बढ़ा

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। फिनिक्स सर्कस अपने नये स्थान-उत्सव इन, सिब्बल पैलेस, ग्रेट ईस्टर्न रोड, तेलीबांधा के पास, रायपुर में शानदार चल रहा है। इस सर्कस को आम लोगों से अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। यह सर्कस 16 फरवरी से चल रहा है। अच्छी प्रतिसाद को देखते हुए रायपुर के दर्शकों के लिए बड़ी खुशखबरी, जबरदस्त लोकप्रियता और भारी डिमांड के चलते फिनिक्स सर्कस का शो अब 2 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया है। यह शानदार शो अब नए और बड़े स्थान पर आयोजित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस मनोरंजन अनुभव का आनंद उठा सकें।

इस सर्कस में मनोरंन से भनपुर करतब दिखाया जा रहा है। जैसे कि हैरतअंगेज करतब और एक्रोबेटिक्स, मनोरंजक और कॉमेडी एक्ट्स, खतरनाक स्टंट और बाइक शो अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की दमदार परफार्मेंस हो रहा है। यह सर्कस सोमवार से शुक्रवार तक प्रतिदिन दो शो और शनिवार और रविवार को तीन शो दिखाया जा रहा है। इस सर्कस को देखने के लिए टिकट उत्सव इन सिब्बल पैलेस, ग्रेट, ईस्टर्न रोड तेलीबांधा रायपुर में उपलब्ध है। यह रायपुरवासियों के लिए एक सुनहरा अवसर है इस अद्भुत और रोमांचक सर्कस का हिस्सा बनने का। पूरे परिवार के लिए मनोरंजन से भरपूर यह शो अब 2 मार्च 2025 तक चलेगा, तो देर मत कीजिए और अभी अपनी सीट बुक करें।

स्काउट गाइड संस्थापक लार्ड बेडेन जन्मदिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना

स्काउट गाइड संस्था से विद्यार्थी सीखते हैं अनुशासन एवं सेवाभाव

डौण्डी/दल्लीराजहरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। 22 फरवरी को स्काउट एवं गाइड के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल एवम् उनकी लेडी ओलेव बेडेन पावेल के जन्मदिवस पर विकास खंड डौंडी के शिक्षा अधिकारी जे एस भारद्वाज के आदेशानुसार अनेक विद्यालयों में सर्वधर्म प्रार्थना सभा , हाथ धुलाई , स्वच्छता जागरूकता का संदेश , रंगोली , संगोष्ठी आदि कार्यक्रम का आयोजन कर मनाया गया , बेडेन पावेल का जन्म 22फरवरी 1857 को स्टैन पोल लंदन में हुआ था,स्काउट गाइड का संचालन भारत के आलावा भी अनेक देशों में संचालित है , इससे विद्यार्थी जीवन से अनुशासन एवं सेवाभाव सीखते है । इस अवसर पर सेजेस विद्यालय डौंडी में संयुक्त रूप से सर्व धर्म प्रार्थना हुई जिसमें विवेकानंद हाई स्कूल, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, के स्काउट गाइड, प्रभारी , एवं संयुक्त सचिव , शामिल हुए। सरस्वती शिशु मंदिर दल्लीराझरा , हाई स्कूल गुदुम, साई शिशु मंदिर दल्ली राजहरा , पटेली उमा वि , कुआगोंदी , लिटिल बर्ड दल्ली,विद्यालयों में सर्व धर्म प्रार्थना साथ ही बच्चों को हाथ धुलाई स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।जिला सचिव के एल गजेंद्र , डी ओ सी प्रेमलता चंद्राकर ,का मार्गदर्शन एवं शुभकामनाए प्रेषित किए। सभी विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा शुभकामनाए , आशीष वचन प्रेषित किया गया। प्रभारी शिक्षक नेमीचंद बढ़ाई, तनुजा बंजारे,मिथिला सिंघारे ,पुष्पलता गंजीर ,ज्योति विश्वकर्मा, हेमिन कौशिक, का योगदान रहा बीआरसी एस.शर्मा सेवाराम प्रेमन , योगेश्वर गांगुली सीमा साहू ने आयोजन की सराहना करते हुए बधाई शुभकामनाए प्रेषित की है ।

रामकृष्ण केयर द्वारा एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के सीजी स्टेट चैप्टर का 23वां वार्षिक सम्मेलन का आयोजन

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। रामकृष्ण केयर अस्पताल, रायपुर द्वारा एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया के सीजी स्टेट चैप्टर का 23वां वार्षिक सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। रामकृष्ण केयर अस्पताल रायपुर में सर्जिकल एक्सीलेंस – ब्रिजिंग इनोवेशन विद केयर विषय पर दो दिवसीय व्यापक सम्मेलन आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए विजेताओं को पुरस्कार भी दिए गए, बॉम्बे अस्पताल के प्रसिद्ध जनरल, लेप्रोस्कोपिक और कोलोरेक्टल सर्जन डॉ. निरंजन अग्रवाल ने कहा, सर्जिकल तकनीकों में उन्नति और एआई सक्षम रोबोटिक तकनीक का उद्देश्य तेजी से डिस्चार्ज और रिकवरी को भी बढ़ाता है, जिससे उपचार अधिक लागत प्रभावी हो जाता है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने छोटे शहरों के सर्जनों के लिए निरंतर ज्ञान उन्नयन के महत्व पर प्रकाश डाला, उन्हें नई तकनीकों और सीखने के अवसरों से परिचित कराया, जिन्हें विभिन्न क्षेत्रों में सर्जिकल परिणामों को बेहतर बनाने के लिए दोहराया जा सकता है। एएसआई के अध्यक्ष, प्रोफेसर और एचओडी, सर्जरी विभाग और एमजीएम मेडिकल कॉलेज, औरंगाबाद के डिप्टी डीन डॉ प्रवीण राजेंद्र सूर्यवंशी ने स्वास्थ्य सेवा में सामर्थ्य के महत्व के बारे में कहा। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि टियर 2 शहरों में उच्च तकनीक वाली चिकित्सा तकनीक शुरू करने से उन्नत उपचार विकल्पों को सुनिश्चित करते हुए लागत कम करने में मदद मिलती है। अन्य प्रतिष्ठित संकायों में डॉ सोमशेखर एस पी, रोबोटिक सर्जन, एस्टर अस्पताल, बेंगलुरु, डॉ जी दिवाकर, सचिव एएसआई, डॉ आर पार्थसारथी, जीईएम अस्पताल, कोयंबटूर और कई अन्य शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन रायपुर के रामकृष्ण केयर अस्पताल की पूरी सर्जिकल टीम द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व डॉ. संदीप दवे (प्रबंधन सह चिकित्सा निदेशक और एचओडी, रोबोटिक सर्जरी) और उनकी लेप्रोस्कोपी और रोबोटिक सर्जनों की टीम ने किया, जिसमें डॉ. सिद्धार्थ तामस्कर, डॉ. विक्रम शर्मा और डॉ. जवाद नकवी और डॉ. अजीत मिश्रा और डॉ. धीरज प्रेमचंदानी (हेपेटोबिलरी सर्जरी विभाग) की पूरी ओटी टीम, क्लिनिकल और नॉन-क्लिनिकल, प्रशासन और नर्सिंग स्टाफ शामिल थे।

मासूमों को ऐसी जगह काट रहे कुत्ते जिसे देखकर उड़ जाएंगे होश

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभरमें आवारा श्वानों के आतंक से लोग व बच्चे सहमे हुए हैं। ये आवारा श्वान मासूमों को ऐसी जगह नोंच रहे हैंए जिसे देखकर कोई भी सिहर जाए। डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में हर सप्ताह 4 से 5 गंभीर केस आ रहे हैं जिन्हें प्लास्टिक सर्जरी करने की जरूरत होती है। एक मासूम के मुंह के अगल.बगल श्वानों ने ऐसा काटा कि दोनों तरफकी चमड़ी गायब है। यही नहीं नाक के नीचे हिस्से वाली चमड़ी भी श्वान ले गया। डॉक्टरों के अनुसार ज्यादातर श्वान बच्चों के चेहरे व हाथ पर सबसे ज्यादा चोट पहुंचाते हैं। बच्चे श्वान के लिए सॉट टारगेट होते हैं। ऐसे में आवारा श्वानों से अलर्ट रहने की बेहद जरूरत है।

मासूमों की हो रही प्लास्टिक सर्जरी: राजधानी में दलदल सिवनी में एक मासूम को श्वान के काटने की घटना सुर्खियों में है। डीकेएस के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में हर माह डॉग बाइट के 25 से 30 गंभीर केस आ रहे हैं। इसमें ज्यादातर मासूम होते हैं। जब श्वान बच्चे के चेहरे या अन्य हिस्से की चमड़ी खींच लेता है तो प्लास्टिक सर्जरी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता। हाल ही में 4 वर्षीय बालक के चेहरे को श्वान ने ऐसा काटा था कि बड़ी सर्जरी करनी पड़ी है। मामला धरसींवा का है। डॉक्टरों के अनुसार काटने वाला श्वान पालतू था और पड़ोसी का था। बच्चे का चेहरा देखने से किसी को भी सदमा लग सकता है। डॉक्टरों के अनुसार ऐसे मरीजों में राजधानी के अलावा कुछ रेफरल केस होते हैं। ऐसे केस को वेटिंग में न रखते हुए तत्काल प्लास्टिक सर्जरी की जा रही है।

हर सप्ताह आ रहे हैं 4–5 गंभीर केस

एचओडी प्लास्टिक सर्जरी डीकेएस डॉ दक्षेस शाह ने कहा की अस्पताल इन दिनों सप्ताह में डॉग बाइट के 3 से 4 गंभीर केस आ रहे हैं जिन्हें प्लास्टिक सर्जरी की जरूरत पड़ती है। इसमें रायपुर ही नहीं बल्कि रेफरल केस भी होते हैं। बच्चे श्वान के लिए सॉट टारगेट होते हैंए इसलिए ज्यादातर ये बच्चों पर हमले करता है।

मेटिंग सीजन भी नहीं फिर भी बढ़े डॉग बाइट के केस: अभी श्वानों का मेटिंग सीजन भी नहीं है। जुलाई में मेटिंग सीजन माना जाता है। इसके बावजूद डॉग बाइट के केस बढ़ना चौंकाने वाले हैं। मेटिंग सीजन में डॉग बाइट के केस बढ़ जाते हैं। डॉक्टरों के अनुसार खाते व सोते समय श्वानों को डिस्टर्ब करने से वह हिंसक हो जाता है। खासकर स्ट्रीट डॉग से बचने की जरूरत होती है। ये बच्चों व महिलाओं को दौड़ाते भी हैं। राजधानी का कोई इलाका ऐसा नहीं हैए जहां आवारा श्वानों का आतंक न हो। लोग बच.बचकर चलते हैं। कई स्थानों पर 10 से 15 श्वानों का झुंड दिख जाता है जो बाइक व कार सवारों के पीछे दौड़कर काटने की कोशिश करता है।

राज्यपाल डेका से प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के संचालक ने की सौजन्य भेंट

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालक ब्रम्हकुमारी सविता दीदी ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने डेका को शिवरात्रि पर्व के अवसर में प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर बी. के रश्मि, बी. के. पूर्णिमा, मनीष दूधवानी उपस्थित थे।

चोरी की अलग अलग घटनाओं में चोर जेवर नगद ले भागे

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। चोरी की अलग अलग घटनाओं में चोर जेवर नगद और बाइक ले भागे। शुक्रवार सुबह 10 30 बजे सड्डु के सेक्टर.8 निवासी डॉ निकिता मिल 30 के बंद घर का ताला तोडकर चोर भीतर आलमारी से पांच हजार नगद और 88 हजार ये चांदी के जेवर चोरी कर गए। उधर पुरानी बस्ती के सोनकर पारा निवासी नौ हर निषाद की बाइक पैशन प्रो सीजी 04. एलएक्स 2688 भाठागांव से और साहूपारा चंगोराभाठा निवासी मनोज मिश्रा की बाइक सीजीए 04.एचएल 7579 सिंघानिया बिल्डकॉन परिसर से चोरी कर ली गई।

नगर निगम में कौन होंगे सभापति, भाजपा ने सांसद संतोष पांडे समेत 10 नेताओं को बनाया पर्यवेक्षक

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम चुनाव के बाद अब सभापति की जिम्मेदारी किसे दी जाए। इसका चुनाव बीजेपी पर्यवेक्षक करेंगे। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने आज 10 नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही बीजेपी ने नगर पालिका परिषद् में उपाध्यक्ष के चयन के लिए भी पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। 10 नेताओं को मिली जिम्मेदारी

सभापतियों चुनाव के लिए जिन 10 नेताओं को पर्यवेक्षक बनाए हैं उनमें सांसद संतोष पांडे को बिलासपुर विधायक पुरंदर मिश्रा को कोबरा ललित चंद्राकर रायगढ़ शिवरतन शर्मा को अंबिकापुर गोमती साय को चिरमिरी धरमलाल कौशिक को रायपुर मोतिलाल साहू को धमतरी संजय श्रीवास्तव को दुर्ग रूपकुमारी चौधरी को राजनांदगांव और नारायण चंदेल को जगदलपुर का पर्यवेक्षक नियुक्ति किया है। बीजेपी ने नगर पालिका परिषदों के लिए उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए भी संभाग सस्तर पर पर्यवेक्षक नियुक्ति किए गए हैं। सूची में 49 नेताओं के नाम शामिल है। इनमें रायपुर संभाग से 12 दुर्ग से 9 बस्तर से 8 बिलासपुर से 15 और सरगुजा से 5 नेताओं को पर्यवेक्षक बनाया है।

गाली-गलौच के आधा दर्जन मामले दर्ज

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। गाली गलौज मारपीट के आधा दर्जन मामले दर्ज किए गए। इनमें युवती को अश्लील इशारे इंस्टाग्राम रील को लेकर मारपीट की गई। 25 वर्षीय युवती ने शुक्रवार दोपहर टिकरापारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। दोपहर ढाई बजे पचपेड़ी नाका चौक पर खड़ी थी। तभी राजा तिवारी नाम के युवक ने उसे अश्लील इशारे किए। इसका विरोध करने पर राजा ने उल्टे गाली गलौज की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उधर माना के ब्लाक 18 निवासी संजना मंडल ;17 ने जॉय सरकार के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई। जॉय ने इंस्टाग्राम रील को लेकर संजना के साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्के से मारपीट की। सिविल लाइंस के सोनिया चौक निवासी मो निसार 39 ने अपनी पत्नी के साथ मारपीट करने वाले प्रीतम सोनी और उसके तीन साथियों पर रिपोर्ट दर्ज कराया। प्रीतम ने कल दोपहर अपना ई रिक्शा आवाजाही वाली गली में खड़ा कर दिया था। यह देख निसार की पत्नी ने हटाने को लेकर समझाया। इस पर प्रीतम व साथियों ने विवाद कर गाली गलौज की। खरोरा के ग्राम कनकी में कल शाम दुर्गेश धीवर में शराब के नशे में शैलेंद्री वेदकुमार धीवर 39 के साथ गाली गलौज मारपीट की

शादी का झांसा देकर युवती से रेप

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। रायपुर के डीडी नगर इलाके में 21 वर्षीय युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। अभिषेक मिश्रा ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ रेप किया। फिर शादी करने से मुकर गया। पीड़िता ने इसकी शिकायत थाना में दर्ज कराई कि डेढ़ साल पहले युवती का परिचय अभिषेक मिश्रा से हुआ था। जिसके बाद दोनों में दोस्ती हो गई। उनके बीच मेलजोल बढ़ गया। इस बीच अभिषेक मिश्रा युवती को शादी का झांसा देकर होटल में ले जाकर उसके साथ रेप करता रहा। साल भर बाद युवती के शादी करने के लिए कहने पर अभिषेक मुकर गया। और युवती के साथ बातचीत भी बंद कर दिया था।

महाशिवरात्रि पर चिंताहरण हनुमान मंदिर में सुंदरकाण्ड पाठ व भजन संध्या

विनय अग्रवाल एण्ड पार्टी देगी प्रस्तुति, भंडारे का भी आयोजन

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर श्री चिंताहरण हनुमान मंदिर चौबे कालोनी में 26 फरवरी बुधवार को सुंदरकाण्ड पाठ भजन संध्या का आयोजन किया रहा है जिसमें मशहूर भजन सम्राट विनय अग्रवाल एण्ड पार्टी प्रस्तुति देंगे। आयोजक रीना हेमंत जैन ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर मंदिर में सुबह रूद्राभिषेक पूजा.अर्चना के साथ ही पूरे मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों से सजाया जाएगा। संध्या 5 बजे से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। तत्पश्चात फलिहार व भंडारा का आयोजन किया गया है। महाशिवरात्रि भारतीयों का एक प्रमुख त्यौहार है। यह भगवान शिव का प्रमुख पर्व है। फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि पर्व मनाया जाता है। माना जाता है कि सृष्टि का प्रारम्भ इसी दिन से हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस दिन सृष्टि का आरम्भ अग्निलिंग जो महादेव का विशालकाय स्वरूप है के उदय से हुआ। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव व पत्नी पार्वती की पूजा होती हैं। साल में होने वाली 12 शिवरात्रियों में से महाशिवरात्रि को सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। इसके अलावा हर महीने आने वाली चतुर्थी तिथि का विशेष महत्व बताया गया है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा सबसे कमजोर स्थिति में होता है इसलिए भगवान शिव ने उसे अपने मस्तक पर धारण किया। इसलिए इस दिन जो व्यक्ति भगवान शिव की उपासना करता है उसकी कुंडली से चंद्र दोष भी दूर हो जाता है।

छत्तीसगढ़ में सतत वन प्रबंधन को मजबूती देने के लिए ठोस नीतियां बनाने पर जोर

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ वन विभाग और नई दिल्ली स्थित द एनर्जी रिसर्च इंस्टीट्यूट टेरी के संयुक्त प्रयास से वन पारिस्थितिकी तंत्र की सेवाओं और उनकी राज्य की जीडीपी में संभावित योगदान विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। नवा रायपुर स्थित दंडकारण्य सभागार अरण्य भवन में आयोजित इस कार्यशाला में देशभर के विशेषज्ञों ने वन पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के आर्थिक मूल्यांकन और नीति निर्धारण में उनकी भूमिका पर विचार.विमर्श किया। क

पारिस्थितिकी तंत्र की सेवाओं के उचित मूल्यांकन से आर्थिक योजनाओं और बजट प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने में मिलेगी मदद : पीसीसीएफ राव

र्यशाला के उद्घाटन अवसर पर अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ;भूमि प्रबंधनद्ध सुनील कुमार मिश्रा ने छत्तीसगढ़ द्वारा वन पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के आर्थिक मूल्यांकन की दिशा में की जा रही पहल की सराहना की और कहा कि छत्तीसगढ़ इस पहल को अपनाने वाला देश का पहला राज्य हैए जिससे ग्रीन जीडीपी में वन संसाधनों का योगदान स्पष्ट होगा। टेरी के वरिष्ठ निदेशक भूमि संसाधन प्रभागए डॉण् जेण्वीण् शर्मा ने इस अध्ययन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए वन विभाग की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। उन्होंने कार्बन फाइनेंसिंगए पुनर्वनीकरण और पारिस्थितिकी सेवाओं के मूल्यांकन की आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी।प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी श्रीनिवास राव ने कहा कि वन पारिस्थितिकी तंत्र की सेवाओं का उचित मूल्यांकन आर्थिक योजनाओं और बजट प्रबंधन को अधिक प्रभावी बना सकता है। पूर्व प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ आर के सिंह ने नीति निर्माण में पारिस्थितिकी सेवाओं के मूल्यांकन की अनिवार्यता पर जोर देते हुए वन विभाग में एक विशेष प्रकोष्ठ स्थापित करने का सुझाव दिया।



छत्तीसगढ़ वन विभाग और टेरी द्वारा वन पारिस्थितिकी तंत्र मूल्यांकन पर राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित

पर्यावरण.आर्थिक लेखा प्रणाली के जरिए वन सेवाओं को राज्य की जीडीपी में शामिल करने की प्रक्रिया समझाई। श्री प्रांजल चौहान ने छत्तीसगढ़ में पारिस्थितिकी सेवाओं के मूल्यांकन को लागू करने की कार्ययोजना प्रस्तुत की जिसमें वन क्षेत्र से सटे गांवों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया। अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों में वहींए पूर्व पीसीसीएफडॉण् एण्केण् सिंह ने इस विषय पर सरल भाषाए विशेषकर हिंदी में रिपोर्ट तैयार करने की आवश्यकता बताई ताकि फील्ड स्तर के कर्मचारी इसे आसानी से समझ सकें। कार्यशाला में देश.विदेश के विशेषज्ञों ने भी अपने विचार रखे। लिविंग लैंडस्केप्सए हैदराबाद के सीईओ श्री जगदीश राव ने ग्रीन जीडीपी और प्राकृतिक संसाधन के लेखांकन पर अपने सुझाव दिए। टेरी के जैव विविधता एवं पारिस्थितिकी केंद्र के विशेषज्ञों ने भी तकनीकी सत्रों में अपनी प्रस्तुति दी। श्री अनिरुद्ध सोनी ने यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्ट इंग्लैंडए ब्रिस्टल ;यूकेद्ध के प्रोफेसर मार्क एवरार्ड और मुंबई स्थित वाइल्डलाइफप्रोटेक्शन फाउंडेशन के निदेशक डॉण् शिवाजी चव्हाण ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यशाला का समापन छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र के परियोजना वैज्ञानिक डॉ अनिल श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

इस अवसर पर विभिन्न विशेषज्ञों ने वन पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के आर्थिक महत्व को रेखांकित किया और छत्तीसगढ़ में सतत वन प्रबंधन को मजबूती देने के लिए ठोस नीतियां बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

छत्तीसगढ़ में कृषि शिक्षकों की भर्ती में बीएड की डिग्री अनिवार्य

हाईकोर्ट के डिवीजन बेंच ने छूट के प्रावधान को बताया असंवैधानिक

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। हाईकोर्ट के फैसले के बाद अब प्रदेश में कृषि शिक्षकों की भर्ती में बीएड की डिग्री अनिवार्य होगी। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इस योग्यता में किसी भी प्रकार की छूट नहीं दी जा सकती। चीफजस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने छूट के प्रावधान को असंवैधानिक और अधिकारहीन घोषित करते हुए भर्ती प्रक्रिया को नियमों के अनुसार ही संचालित करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल भर्ती प्रक्रिया में शामिल कुछ आवेदकों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उनका तर्क था कि वे कृषि विज्ञान में स्नातक डिग्री के साथ.साथ बीएड या डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन डीएलएड उत्तीर्ण कर चुके हैं और शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी भी पास कर चुके हैं। उन्होंने 5 मार्च 2019 की राज्य अधिसूचना को चुनौती दी जिसमें कृषि शिक्षकों के लिए बीएड की अनिवार्यता को समाप्त कर दिया गया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अनिवार्य योग्यता को हटाना राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद एनसीटीई के नियमों के खिलाफ है। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि इस प्रकार की छूट शैक्षिक मानकों को कमजोर करेगी और अप्रशिक्षित व्यक्तियों को पढ़ाने की अनुमति देने से शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होगी। राज्य शासन की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता और एनसीटीई के अधिवक्ता ने दलील दी कि प्रदेश में कृषि शिक्षकों की कमी को देखते हुए योग्यता नियमों में ढील देना आवश्यक था। कोर्ट के समक्ष मुख्य कानूनी प्रश्न यह थ

ा कि क्या कोई राज्य सरकार शिक्षक योग्यता मानकों में ढील दे सकती हैए जबकि एनसीटीई ने राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम योग्यता तय कर रखी है। याचिकाकर्ताओं ने जोर देकर कहा कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद अधिनियमए 1993 की धारा 12.ए और 32 के तहत एनसीटीई ही शिक्षकों के लिए न्यूनतम योग्यता निर्धारित करने का अधिकार रखता है और राज्य सरकारें इसे एकतरफा नहीं बदल सकतीं।

महादेवघाट में महाशिवरात्रि पर होगा भव्य आयोजन



परंपरागत रीति से निभाई जाएगी, भगवान शिव और माता पार्वती की विवाह की रस्में

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। महाशिवरात्रि के अवसर पर रायपुर के मंदिरों में भव्य उत्साह का माहौल है। इस वर्ष महादेवघाट स्थित हाटकेश्वर नाथ महादेव मंदिर में तीन दिवसीय भव्य आयोजन किया जाएगा जिसमें भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की हर रस्म परंपरागत रीति से निभाई जाएगी। 24 फरवरी को विवाह उत्सव की शुरुआत चूरमाटी रस्म से होगी। इसके बाद 25 फरवरी को तेल माटी की परंपरा निभाई जाएगी उसके बाद 26 फरवरी को भगवान शिव की भव्य बारात निकाली जाएगीए जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। माता पार्वती और भगवान शिव के विवाह के बादए मंदिर में पूरे विधि.विधान से महाआरती होगी। इस दिन भगवान शिव का श्रृंगार अर्धनारीश्वर रूप में किया जाएगाए वहीं रायपुर के बूढ़ेश्वर महादेव मंदिर में भी महाशिवरात्रि का विशेष आयोजन होगा। 26 फरवरी की सुबह से ही भक्त भगवान शिव की पूजा.अर्चना में लीन होंगे। इस दिन भगवान शिव की भव्य बारात निकाली जाएगी बूढ़ेश्वर मंदिर में इस बार महाकुंभ का दृश्य भी दिखाया जाएगा जहां भक्तों को महाकुंभ का महत्व और उसकी पौराणिक गाथाएं बताई जाएंगी।

एमिटी यूनिवर्सिटी के वार्षिक उत्सव में बवाल

पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। खरोरा स्थित एमिटी यूनिवर्सिटी में शुक्रवार की रात वार्षिक उत्सव के दौरान बाहरी युवकों ने जबरन घुसने की कोशिश करते हुए छात्रों पर हमला कर दिया और यूनिवर्सिटी का छात्र आदित्य अग्रवाल घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया। लेकिन अभी तक यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से पुलिस में इसकी शिकायत नहीं की गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हमलावरों की संख्या दर्जनभर से अधिक थी। बाहरी युवक जब जबरन घुसने की कोशिश करने लगे तो यूनिवर्सिटी प्रशासन और सुरक्षा गार्डों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। लेकिन वे नहीं माने और छात्रों पर हमला कर दिया। इस झड़प में यूनिवर्सिटी का छात्र आदित्य अग्रवाल घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के तुरंत बाद आक्रोशित परिजन यूनिवर्सिटी पहुंचे और प्रबंधन से जवाब मांगा लेकिन कॉलेज प्रशासन की चुप्पी ने मामले को और संदिग्ध बना दिया है। सवाल उठ रहा है कि आखिर यूनिवर्सिटी प्रबंधन एक गंभीर सुरक्षा चूक और छात्रों पर हुए हमले को दबाने की कोशिश क्यों कर रहा है

फर्जी प्रमाण पत्र जमाकर टेंडर लेने का आरोप

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। जल संसाधन विभाग के इंजीनियर हरी मंगल सिंह ने ठेकेदार विजय वी सालूखे पर फर्जी प्रमाण पत्र जमा कर टेंडर लेने का आरोप लगाया है। ठेकेदार पर आरोप है कि पूर्व में जल संशाधन विभाग द्वारा जारी किए गए निविदा में फर्जी प्रमाण पत्र जमा कर टेंडर लेकर थोखाधड़ी की। विभाग को मिले शिकायत के बाद जांच पड़ताल में ठेकेदार विजय वी सालूखे को दोषी पाया गया। जिसपर विभाग के द्वारा ठेकेदार के खिलाफधोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। जल जीवन मिशन के इंजीनियर हरी मंगल सिंह ने रिपोर्ट में बताया कि वह रावतपुरा फेस 2 रहता है। निवीदा प्रकोष्ठ जल जीवन मिशन कार्यालय नीर भवन रायपुर में एवं परियोजना खंड रायपुर में कार्यचलन अभियंता के पद पर है। विभाग को मेसर्स विजय वी सालूखे बी.60 टेसरी पार्क के सामने स्ट्रीट रोडए महाराष्ट्र जो वर्तमान में अशोका रत्नए शंकर में रहता हैए ने 2023 में विभाग द्वारा जारी किए गए निविदा में मेसर्स विजय वी सालूखे के द्वारा फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र शपथ पत्र के साथ छत्तीसगढ़ शासन के जल जीवन मिशन के अंतर्गत हरदीभटचौर बिलासपुर में समूह जल प्रदाय योजना की निविदा सिस्टम क्रमांक 130987 में प्रस्तुत किया गया। और निविदा दूषित करते हुए मिशन मोड के कार्य के पूर्णत: पर बाधा उत्पन्न किये जाने पर मेसर्स विजय वीण् सालूखे के प्रोपराइटर विजय वी सालूखे के के अनुभव प्रमाण पत्र में कराहे नगर परिषदए जिला सतारा महाराष्ट्र में कार्य किया जाना दर्शित किया गया था। जांच पड़ताल में फर्जी पाया गया। जिस पर विभाग के द्वारा मेसर्स विलग वी सालूले के खिलाफथाना में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामले में 420ए 467, 468 471 का प्रकरण दर्ज किया है।

शिक्षित बेरोजगारों के पास रोजगार पाने का सुनहरा मौका

रायपुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। नौकरी की तलाश कर रहे शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए नौकरी पाने का सुनहरा मौका है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र रायपुर द्वारा सोमवार 24 फरवरी को जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। इस जॉब फेयर में निजी क्षेत्र के नियोजक रिलायंस निप्पॉन लाइफइंश्योरेंस एवं साईराम व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इस जॉब फेयर का आयोजन राजभवन के पीछे पुराना पुलिस मुख्यालय स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्रए रायपुर के कार्यालय में सोमवार 24 फरवरी को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। इस जॉब फेयर के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक रिलायंस निप्पॉन लाइफइंश्योरेंस एवं साईराम व्हील्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एल पी ओ ;केवल विवाहित महिलाओं के लिए सी आर एस सर्विस एडवाइजर टेक्निशियन एवं वारंटी एग्जीक्यूटिव के 46 से अधिक पदों पर भर्ती की जाएगी।

शैक्षणिक योग्यता: उक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदकों को स्नातक एवं बी.ई बी टेक उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

कितनी मिलेगी सैलरी: बता दें कि चयन के पश्चात आवेदकों को उनके पद के अनुसार 10 हजार रुपये से लेकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह सैलरी दी जाएगी। इन पदों पर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के नौकरी के इच्छुक एवं योग्य आवेदक निर्धारित तिथि एवं स्थल पर अपने बायोडाटाए आधार कार्ड शैक्षणिक और तकनीकी योग्यता व अनुभव प्रमाण.पत्रों की छायाप्रति के साथ उपस्थित हो सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार कार्यालयए रायपुर में भी संपर्क कर सकते हैं।

प्रादेशिकी

दुर्ग-भिलाई-बालोद-कवर्धा-बेमेतरा-राजनांदगांव

उल्टा पुल्टा

पत्नी- तुम हर बात में मेरे मायके वालों को बीच में क्यों लाते हो?
पति- देखो जब टीवी में खराबी आती है तो कोई टीवी को थोड़े ही बोलता है...गाली तो कंपनी वाले ही खाते हैं.

बेमेतरा जिले में तृतीय चरण का मतदान आज

साजा जनपद के पंडित देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय में मतदान कर्मियों को मतदान सामग्री का किया गया वितरण

बेमेतरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले के जनपद पंचायत बेरला और साजा में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के तृतीय चरण का मतदान कल, 23 फरवरी 2025 रविवार को होने जा रहा है। मतदान सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन और निर्वाचन आयोग ने समुचित तैयारियां की हैं।

आज, 22 फरवरी को जनपद पंचायत साजा के पंडित देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय में मतदान कर्मियों को मतदान सामग्री का वितरण किया जा रहा है। मतदान कर्मी सामग्री का मिलान कर रहे हैं, और जिन दलों ने सामग्री प्राप्त कर ली है, वे अपनी-अपनी बसों से मतदान केंद्रों की ओर रवाना हो गए हैं। मतदान के लिए आज मतदान दलों को खुशी-खुशी उनके निर्धारित मतदान केंद्रों की ओर रवाना किया गया 7 शेष मतदान दल भी सामग्री मिलान के बाद अपने केंद्रों की ओर प्रस्थान करेंगे। जिला प्रशासन ने यह सुनिश्चित किया है कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा न आए और मतदाता निर्बाध रूप से मतदान कर सकें। चुनाव से संबंधित सभी सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं और मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बल तैनात रहेंगे। मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए गए हैं।

जिले मे दो चरणों में हो रहा है चुनाव

बेमेतरा जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 दो चरणों में आयोजित हो रहा है। पहले चरण में 17 फरवरी ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

एडीएम ने मतदान दल वाहनों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

दुर्ग, 22 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत एडीएम अरविन्द एक्का ने आज मतदान सामग्री वितरण केन्द्र चंदूलाल चंद्राकार शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय धमधा पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया और मतदान दल वाहन को हरी झंडी दिखाकर मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया।

इस दौरान उन्होंने मतदान दल अधिकारियों को निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंह, एसडीएम दुर्ग हरवंश मिरी, एसडीएम धमधा सोनाल डेविड, एसडीएम भिलाई महेश सिंह राजपूत एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

मतदान दल ने सुबह से ही सामग्री वितरण केन्द्र पहुंचकर मतदान सामग्री को प्राप्त किया और बारी.बारी से मतदान सामग्री लेकर रूट अनुसार वाहन से अपने.अपने मतदान केन्द्रों के लिए रवाना हुए। त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन अंतर्गत तृतीय चरण का मतदान 23 फरवरी को जिले के विकासखण्ड धमधा में 119 पंचायत के 308 मतदान केन्द्रों में मतदान सम्पन्न होगा। दुर्ग जिले के जनपद पंचायत धमधा में 23 फरवरी को सुबह 7 बजे से 3 बजे तक मतदान होगा। धमधा विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्र के 167733 मतदाता पंच, सरपंच के अलावा 4 जिला पंचायत सदस्य और 25 जनपद पंचायत सदस्य चुनने के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान समाप्ति पश्चात मतों की गणना पीठासीन व की जाएगी। मतगणना का कार्य पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

नशे के कारोबार से बनाई संपत्ति को सफेमा कोर्ट मुंबई ने जब्त करने का दिया आदेश

दुर्ग, 22 फरवरी (देशबन्धु)। दुर्ग जिले में पहली बार सफेमा कोर्ट ने नशे के कारोबारी की संपत्ति सीज करने का आदेश दिया है। मोहन नगर थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी सहित अन्य मादक पदार्थ की खरीदी बिक्री के मामले में तितुरडीह निवासी सुमनसु बारले (पाण्डेय) व उसके परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस मामले में दुर्ग पुलिस ने मादक पदार्थों की बिक्री से कमाई गई रकम से बनाई संपंति का विवरण सफेमा कोर्ट के सामने प्रस्तुतत किया। सफेमा कोर्ट मुंबई के आदेश पर अब इनकी संपत्ति जब्त होगी। 40 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया गया है।

दर असल 23 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर तितुरतुडीह दुर्गदु र्गनिवासी सुमन बारले (पाण्डेयडे) को गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। उसने अपने किराए के घर पर गांजा रख इसकी बिक्री कर रही थी। पुलिपु स ने रेड किया तो वहां सुमन बारले (पाण्डेय) तथा उसके पति शैलेशै लेन्द्र पाण्डेय एवं छोटी बहन अपचारी बालिका मिली। सुमन बारले के किराये की अधिपत्य मकान की तलाशी ली गई जहा पर 8 पैके ट मे सेलोटेप से

संपत्ति की कीमत लगभग 40 लाख रू.

लिपटा मादक पदार्थ गांजा एवंबिक्री की रकम 68200 रुपए मिलऐ। मादक पदार्थ गांजा को तौलने पर कुल 16.782 किलो ग्राम होना पाया गया।

आरोपी सुमन बारले ने पुलिस को बताया कि इसके परिवार के सदस्य पिता संतोष बारले, बहन दीपाली बारल, दादी रामबाई बारले एवं भाई अपचारी बालक उक्त मादक पदार्थ गांजा, वंशराब का बिक्री कई वर्षो से करते आ रहे हैं। जिससे अर्जित लाभ से इनके द्वारा मोटर सायकल बुलेट, मोटर सायकल एक्टीवा, सोने चांदी के गहने व तितुरतुडीह में नजुल सीट की भूमि खरीदी है। उक्त भूमि पर इनके द्वारा मकान निर्माण का कार्य कराया जा रहा है जो पूर्ण होने को आ गया है। आरोपी सुमन बारले, शैलेन्द्र पाण्डेय, दीपाली बारल, रामबाई बारल, संतोष बारले एव अपचारी बालक एवंबालिका के विरूद्ध अपराध क्र मां क 660/2024 धारा 20(ख),27(क) एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

प्रकरण मे बिक्री रकम एवंमोटर सायकल बुलेट, मोटर सायकल एक्टीवा, सोने चांदी के जेवर एवं भूमि व मकान अवैध रूप से अर्जित धन से खरीदना पाये जाने से धारा 68 एफएनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण तैयार कर प्रतिवेदन 21 जनवरी 2025 को सफेमा एक्ट यानी तस्कर और विदेशी मुद्रा हेरफेर (संपत्ति जब्ती) एक्ट अधिनियमए 1976 के ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

साईंस कॉलेज में अगले माह अर्थशास्त्र सहित कई विषयों पर अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन

दुर्ग, 22 फरवरी (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में आगामी मार्च में विज्ञान विषयों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न वैज्ञानिकों तथा सामाजिक विज्ञान संकाय के सोशल साइंटिस्ट का जमावड़ा होगा। यह जानकारी देते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि रूसा से प्राप्त राशि के सहयोग से महाविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों प्राणीशास्त्र एवं रसायन शास्त्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के कला संकाय के राजनीति शास्त्र विभाग, अर्थशास्त्र विभाग, इतिहास विभाग द्वारा राष्ट्रीय सेमीनार का आयोजन मार्च माह में किया जा रहा है। राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा 3 एवं 4 मार्च को हिमालय हिन्द महासागर राष्ट्र समूह एवं भारत: सांस्कृतिक, आर्थिक, रणनीतिक संबंध एवं सम्भावनायें विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित होगी। अर्थशास्त्र विभाग द्वारा संधृत भविष्य का अर्थशास्त्र विषय पर 07 एवं 08 मार्च को राष्ट्रीय सेमीनार आयोजित होगा। 05 एवं 06 मार्च को महाविद्यालय के इतिहास विभाग एवं छत्तीसगढ़ इतिहास परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित भारतीय इतिहास में जनजाति योगदान विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जायेगा।

महाविद्यालय के प्रचार-प्रसार प्रभारी भूगर्भशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि रसायन शास्त्र विभाग द्वारा 05 एवं 06 मार्च को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का विषय संधृत विकास हेतु मटेरियल साईंस रखा गया है। इस अंतर्राष्ट्रीय सेमीनार में भारत के अलावा 3 देशों के रसायन शास्त्री हिस्सा लेगें, इनमें दक्षिण ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

शहर में जल संकट,शपथ ग्रहण से पहले नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय ने ली अधिकारियों की मैराथन बैठक

■ **विभिन्न वार्डों का अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच किया निरीक्षण**

बेमेतरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। गर्मी की शुरुआत में ही शहर में जल संकट का दौर शुरू हो गया।हर वार्ड में पानी की किल्लत उत्पन्न हो रही है,बोर पंप फेल होते जा रहे हैं। शहर में पानी की संकट और आमजनों की समस्याओं देखते हुए नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने शपथ ग्रहण करने पहले ही जल संकट दूर करने ओर आम नागरिकों को जल पूर्ति हो सकें को लेकर शनिवार नगर पालिका एवं पी.एच.ई. अधिकारियों के साथ मैराथन बैठक लेकर शहर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण जायजा लिया ओर अधिकारियों को त्वरित जल सप्लाई का निर्देश दिए। साथ ही इस दौरान श्री सिन्हा ने निरीक्षण के वक्त मौजूद नागरिकों से चर्चा करते हुए कहा कि शहर में पानी की किल्लत नहीं होगी साथ ही उन्होंने अपील करते हुए कहा कि आमजन भी जल का अनावश्यक दुरुप्रयोग न करे।नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के साथ नपा व पी एच ई अधिकारीयों के साथ साथ पार्षद पंचू साहू ,नीतू कोठारी, रवि मुलानी, आकीब मलकानी, गौरव साहू ,राजकुमार खाडे, भानु साहू ,मिंटा नामदेव मौजूद रहे।

जल संकट है , शीघ्र ही समाधान किया जाएगा : सिन्हा

अधिकारियों के साथ मौके निरीक्षण पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने मीडिया से कहा कि जल आपूर्ति को सुचारु बनाने के लिए सम्बंधित विभाग से लगातार संपर्क में हूं ।बेमेतरा की जनता को आश्वस्त करता हूं कि समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा! पानी की समस्या की जानकारी मिलते ही पी एच ई व नगर पालिका अधिकारी के साथ शहर के वार्डों में जाकर वास्तविक जानकारी लिया गया है।आगे ओर गर्मी तेज होगी जिस पर सुचारूतौर पर आम नागरिकों को जल सप्लाई हो जिस पर पानी की समस्या को हल करने की दिशा में बड़ा कदम उठाने निर्देश दिया गया है।

बिजली बिल वसूलने पहुंचे विद्युत कर्मियों से मारपीट

दुर्ग, 22 फरवरी (देशबन्धु)। बीड़ी कालोनी उरला में विद्युत बिल वसूली कखा बिजली की लाईन काटने गये विद्युत विभाग के एक कर्मचारी गौतम कुमार वर्मा एवं दुष्यंत यादव के साथ गाली गलौच झूमा झटकी व मारपीट करने रिपोर्ट विद्युत कर्मचारी श्री वर्मा ने मोहन नगर थाने में दर्ज कराई है। श्री वर्मा की रिपोर्ट पर मोहन नगर पुलिस ने आरोपी नितेश जैन व अमर रामटेके के विरूद्ध धारा 121(1)बीएनसी 132, बीएनसी 221 बीएनसी296, बीएनसी 3(5) बीएनसी के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। मोहन नगर थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

मोहन नगर पुलिस ने किया अपराध दर्ज, अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बघेरा जोन विद्यु त विभाग में तकनीशियन वितरण के पद पर पदस्थ गौतम कुमार वर्मा ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि 21 फरवरी को उनकी ड्यूटी बकाया राशि वसुली एवं बिजली काटने के काम में लगाई गई थी। वह अपने सहयोगी दुष्यंत यादव के साथ शुक्रवार दोपहर को बीडी कालोनी उरला में सोनिया गजभिए के घर पहुंचा। उन्हे बताया कि आपका विधुत बिजली बिल बकाया है उनके द्वारा 45 सौ रुपए दिया गया। तब गौतम वर्मा ने प्रकाश बिजली ऐप में देखकर उनकी बकाया राशि 55 सौ 50 रुपए बताया और पूरी राशि जमा करने को कहा। इस दौरान वहां एक अन्य व्यक्ति नितेश जैन पहुंच गया और अनावश्यक बहसबाजी गाली गलौज करते हुए बिजली कर्मी का कॉलर पकड़ लिया। बगल में खड़ा उसका साथी अमन रामटेके झूमा झटकी की और थप्पड जड़ दिए। जान से मारने की धमकी देते हुए अमन रामटेके द्वारा उनके साथी दुष्यंत यादव से मारपीट की गई। गौतम वर्मा ने बताया कि नितेश जैन एवं अमन रामटेके ने शासकीय कर्मचारी से मारपीट, अपशब्दो का प्रयोग, धमकी व शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का कुकृत्य किया है। बिजली कर्मी की शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने नितेश जैन व अमन रामटेके के खिलाफ121;1 बीएनसी 132.बीएनसी 221.बीएनसी 296.बीएनसी 3;5 बीएनसी 351;2 बीएनसी के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक कोई गिरफ्तारी नहीं की गई है।

दुर्ग नगर निगम के सभापति के चयन को लेकर संजय श्रीवास्तव होंगे भाजपा पर्यवेक्षक

दुर्ग, 22 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम चुनाव में महापौर पार्षदों के निर्वाचन के बाद अब सभापति पद के निर्वाचन को लेकर सरगर्मी शुरू हो गई है। रायपुर के कद्दावर नेता एवं रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव को दुर्ग निगम में सभापति के चयन को लेकर प्रदेश भाजपा ने पर्यवेक्षक नियुक्त किया है।

जनपद पंचायत साजा में 4 अनुपस्थित कर्मी निलंबित

बेमेतरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। बेमेतरा जिले के जनपद पंचायत बेरला और साजा में कल फरवरी रविवार को मतदान है। आज शनिवार को दोनों जनपदों बेरला और साजा में मतदान दलों को सामग्री वितरण किया गया। जनपद पंचायत साजा में सामग्री वितरण में अनुपस्थिति 3 मतदान अधिकारी और एक पीठासीन अधिकारी कुल 4 मतदान कर्मचारियों को रिट्रनिग ऑफिसर (पंचायत) साजा ने निलंबित कर दिया है। निलंबित कर्मचारियों में मतदान अधिकारी रामभक्त चंद्रवंशी प्रधान पाठक उड़तला बिख: बेमेतरा, ज्ञान प्रसाद निषाद प्रधान ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

ऐकैडमिक वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया ग्रैंड पेरेंट्स डे

■ **डिज़्नी लैंड मेले का आकर्षक आयोजन**

बेमेतरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। ऐकैडमिक वर्ल्ड स्कूल में दादा-दादी का परम्परागत तरीके से स्वागत किया गया। विद्यालय प्राचार्य श्री पंकज जोशी, हैड मिस्ट्रेस श्रीमति स्मृति शाही एवं प्री प्राइमरी विंग के सभी शिक्षिकाएँ भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थीं। ऐकैडमिक वर्ल्ड स्कूल में दादा-दादी दिवस च्वडिज़्नी लैंडज्थीम पर मनाया गया। तथा इस कार्यक्रम को रोचक और मनोरंजक बनाने के लिए विविध प्रकार के आकर्षक खेलों का भी आयोजन किया गया। दादा-दादियों ने अपने खिलते हुए नन्हें फूलों के समान पोते-पोतियों के साथ बड़े ही मनमोहक तथा मनोरंजक कार्यक्रम में भाग लिए। उस समय का दृश्य ऐसा प्रतित हो रहा था मानो दादा-दादी भी छोटे बच्चे बन गए हो।

कार्यक्रम की शुरूआत देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा के माल्यार्पण तथा द्वीप प्रज्वलन से की गई। जिसमें दादा-दादी तथा विद्यालय के प्रमुख पदाधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में मुख्य आकर्षण का केन्द्र कक्षा पहली एवं कक्षा दूसरी के छात्रों द्वारा गणेश वंदना एवं महिशाशूर मर्दिनी नृत्य रहा। जिसे सभा में उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया साथ ही नृत्य को सभी ने खूब सराहा। इसके बाद प्री प्राइमरी विंग के प्रस्तुति को देखकर दादा-दादी एवं पालकों का मन भावुक हो गया।

कार्यक्रम की सबसे खास बात विद्यालय द्वारा आयोजित मेले का रहा, जिसमें विभिन्न प्रकार की खेल जैसे- खजाना खोजो, संतुलन बनाओ और गेंद इकट्ठा करो, रिंग उछालो, गुब्बारा उछालो और गेंद जमाओ साथ ही मंच पर विज्ञापन पहचानो, संगीतमय कप, वस्तु पहचानो खेल का भी आयोजन किया गया। इन सभी खेलों का बच्चों और उनके दादा-दादी ने भरपूर आनंद उठाया। बच्चों के मनोरंजन के लिए स्विंग्स जंपर्स और कैंडी फ्लोस की स्टॉल लगाई गईं। जिसका सभी बच्चों ने आनंद उठाया। इसके बाद दादा-दादियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थिति में शिक्षा की गुणवत्ता अतिआवश्यक है और यह समाज के विकास के लिए भी अहम् है।

पुरस्कार वितरण समारोह-

कार्यक्रम में प्रथम आगमन लाल चंद संतवानी रहे। मोस्ट एनरजेटिक ग्रैंड पेरेंट- श्रीमति आशा सुखवानी रहीं। बेस्ट हेयर डू- श्रीमति जानकी साहू रहीं। बेस्ट को-ओर्डिनेशन - श्री दिलीप सलूजा एवं श्रीमति स्वीटी सलूजा रहे।

अधिकतर अभिभावकों ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस विद्यालय में विद्यार्थी के सर्वांगिण विकास के लिए बचपन से ही जो संस्कार और शिक्षा दिए जा रहे हैं, वह अपने आप में सर्वश्रेष्ठ है।

कार्यक्रम में 500 से अधिक दादा-दादी (पेरेन्ट्स) उपस्थित रहे। इस अवसर पर हैड मिस्ट्रेस श्रीमति स्मृति शाही ने कार्यक्रम में उनकी भागीदारी और उपस्थित हेतु समस्त दादा-दादियों को धन्यवाद तथा आभार प्रकट किये। उन्हें संबोधित करते हुए कहा कि समाज, परिवार तथा देश के निर्माण में दादा-दादियों का अमूल्य योगदान एक विशाल फलदार और छायादार वृक्ष की तरह होता है। वे ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

सड़क दुर्घटना में एक की मौत, 6 घायल

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। शहडोल पंडरिया मार्ग पर ग्राम तरच के पास शुक्रवार को एक कर अनियंत्रित होकर पहले पेड़ से टकराई इसके बाद सड़क किनारे खाई में जा गिरी। प्रयागराज से भिलाई लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी इस कार के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण एक महिला की मौत हो गई जबकि 6 अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग ले जाया गया। बीएमओ दीपेंद्र धुर्वे के अनुसार 60 वर्षीय राखी सिकदार के सिर और गले में गहरी चोटें आई थींए जिसके कारण इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों के सुपुर्द कर भिलाई भेज दिया गया। फिलहाल बॉडी को सेक्टर 9 अस्पताल के मरचुरी में रखा गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिसाली, भिलाई थाना के एक ही परिवार के सात सदस्य 19 फरवरी को अर्टिगा कार सीजी 07 बीएस 3173 से प्रयागराज में कुंभ स्नान के लिए रवाना हुए थे। सभी श्रद्धालु प्रयागराज में कुंभ स्नान के बाद भिलाई लौट रहे थे। रास्ते में शहडोल पंडरिया मार्ग पर ग्राम तरच के पास कार अनियंत्रित होकर मोड़ पर पेड़ से टकरा गई और सड़क किनारे खाई में जा गिरी। इस कार में कुल सात लोग सवार थे। जो सभी एक ही परिवार के सदस्य थे। हादसे की सूचना मिलते ही बजाग थाना पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस व डायल 100 की मदद से घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। हादसे में तीन महिलाएं और तीन पुरुष भी घायल हुए हैं। एक पुरुष सहित तीन की स्थिति नाजुक बनी हुई है। पहले सभी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गंभीर हालत को देखते हुए पांच को जबलपुर रेफर करना पड़ा। हादसे में गंभीर रूप से घायल छह अन्य लोगों में कार्तिक सिकदार, रेखा देव, सुधांशु विश्वास, शंखू विश्वास, आरती विश्वास और प्रेम का ईलाज जारी है। मृतिका राखी सिकदार 60 वर्ष सेक्टर 9 अस्पताल में नर्स थी जो सेवानिवृत हो चुकी है।

स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर महिलाओं को प्रशिक्षण

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर स्व सहायता समूह की महिलाओ को एप्प के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में दी गई। जिसमें भिलाई शहर में निवासरत नागरिको को स्वच्छता से जोड़ने हेतु कैसे जागरूक हो इसके बारे में बताया गया। साथ निगम के अधिकारी कर्मचारियो को भी इस एप्प के बारे में बताकर उनसे फीड बैक लिया जाना है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का एप्प शासन के दिशा निर्देशो के अनुसार बनाया गया है। जिससे शहर की साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने में सहयोग प्राप्त हो सके। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार सभी अधिकारी कर्मचारियो को भिलाई शहर के स्वच्छता रैंकिंग को बढ़ाने के लिए जागरूकता रैली, प्रचार.प्रसार, डोर.टू.डोर, मुनादी, गीला एवं सूखा कचरा अलग.अलग देने की समझाइस इत्यादि प्रमुख कार्य इसमें शामिल किया गया है। निगम के साथ मिलकर नागरिक भी स्वच्छता में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करे। इसके लिए सब लोगो को जानकारी दिया जाना है। स्व सहायता समूह की महिलाये घर.धर जाकर इस एप्प के बारे में नागरिको को जानकारी देगें और उनके वार्डो में साफ सफाई व्यवस्था के बारे में फीड बैक प्राप्त करेगें। जिससे भिलाई शहर को स्वच्छता रैंकिंग में नम्बर 1 बनाया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान मिशन मैनेजर अमन पाटले, सुभम पाटनी, पी.आई.यू. अभिनव ठोकने सहित स्व सहायता समूह की महिलाये अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहे। निगम भिलाई द्वारा स्वच्छता स्लोगन लिखो खुली प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें किसी भी वर्ग का महिला पुरुष शामिल हो सकता है। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 5100, द्वितीय पुरस्कार 3100 तृतीय पुरस्कार 2100 रखा गया है। उद्देश्य हैए स्वच्छता के प्रति लोगों को प्रेरित करना। प्रतियोगिता का रूपरेखा ऐसा होगा कि स्वयं के प्रेरित स्लोगन लिखकर के उसमें अपना नाम पता मोबाइल नंबर के साथ नगर निगम भिलाई के कमरा नंबर 5 स्वास्थ्य विभाग में जमा करना है। एक लिफाफे के अंदर स्लोगन लिखकर के अपना पता मोबाइल नंबर लिफाफे में देना होगा। जो छोटा हो लेकिन पावरफुल होए वही स्लोगन मान्य किया जाएगा। इस प्रतियोगिता की अंतिम तारीख 24 फरवरी दिन सोमवार है। कार्यालय अवधि सुबह 10 बजे से शाम को 5. 30 बजे तक तक निगम के मुख्य कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इसके लिए निर्णायक पैनल होगा जो इसका मूल्यांकन करेगा। निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सभी वर्ग के लोगों से लोगों को खुला आमंत्रण दिए हैं।

शारीरिक व मानसिक विकास में सहयोगी बना जीई फाउंडेशन

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। सामाजिक सेवा संगठन गोल्डन एम्पथी (जीई) फाउंडेशन की ओर से विशेष बच्चों के स्कूल मानवता में अनूठे उपहार दिए गए। यहां रह रहे विशेष बच्चों को फाउंडेशन ने एंटी बर्स्ट जिम बॉल और स्टडी टेबल प्रदान किए। जिससे इन बच्चों के मानसिक व शारीरिक विकास में सहायता मिले। मानवता परिवार ने इन उपहारों के लिए फाउंडेशन का आभार जताया। इन उपहारों में जिम बॉल से संतुलन और स्थिरता बनाए रखने के अलावा व्यायाम करने और उचित तरीके से बैठने की मुद्रा को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। वहीं स्टडी टेबल इन बच्चों के अध्ययन में सहायक होगी। इस दौरान मानवता स्कूल की रजनी शिर्के, नरगिस खान और तिलेश्वरी देशमुख ने जीई फाउंडेशन के सदस्यों का स्वागत किया और इन उपहारों को अनुकरणीय व जरूरी पहल बताया। जीई फाउंडेशन की ओर से प्रदीप पिल्लई ने कहा कि उनकी संस्था का मूल मकसद ही मानव सेवा माधव सेवा है। इसलिए मानवता के प्रति हम जो भी योगदान दे पाएं वह कम है। इस दौरान फाउंडेशन की ओर से प्रकाश देशमुख और अजीत सिंह भी मौजूद थे। फाउंडेशन के सदस्यों ने यहां रह रहे बच्चों के साथ कुल पल भी बिताए। यहां के विशेष बच्चों ने भी फाउंडेशन का आभार जताया।

गजानन महाराज का प्रगट उत्सव मनाया गया

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। गजानन महाराज प्रगट उत्सव श्रद्धा सुमन साईबाबा मंदिर हाऊसिंग बोर्ड महिला मंडल के द्वारा हर्ष उल्हास के साथ मनाया गया। प्रार्थना सुबह गजानन महाराज का अभिषेक कर पूजा अर्चना का। पंडित प्रियांशू महाराज द्वारा हवन पूजन किया गया। गजानन महाराज विजय ग्रंथपाठ मंदिर समिति महिलाओ के दारा पडा गया। गजानन महाराज के जीवन की गाथा सुनाई गई। उनके द्वारा के कार्य भक्ती मार्ग पर चलने का संदेश सभी भक्तो को दिया गया। मंदिर समिति महिलाओ के द्वारा हरिपाठ भजन कीर्तन सुंदर भजन की प्रस्तुती दी। गजानन महाराज की पूजा अर्चना की गई। विशाल भारती देशमुख एवं उषा शिरसागर ने अपने विचार कर बताया कि संत गजानन महाराज हमेशा एक ही मंत्र बोला करते थे। जिसका इस दिन जाप करना चाहिए। गजानन महाराज को भोग लगाया गया। प्रकट दिवस के अवसर पर श्री गजानन महाराज के मंदिरों में महाप्रसाद का आयोजन किया जाता है। भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को समाधि ली। प्रशांत कुमार शिरसागर ने बताया कि गजानन महाराज का शेगांव में भव्य मंदिर है। वहां मंदिर का वातावरण इतना सुखद है कि परेशान से परेशान व्यक्ति भी अगर वहां जाए और महाराज के दर्शन करे तो उसके मन को अत्यंत प्रसन्नता प्राप्त होती है। भक्तजनों का दृढ़ विश्वास है कि गजानन महाराज आज भी अपने सूक्ष्म रूप में वहां पर उपस्थित हैं। 8 सितंबर 1910 को समाधि ली। उस स्थान पर उनके समाधि स्मारक मंदिर का निर्माण किया गया। साथ ही गजानन महाराज संस्थान की स्थापना की गई।

धोखाधड़ी करने वाले आरोपी तमिलनाडु से गिरफ्तार

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। वैशाली नगर पुलिस ने ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जाकारी के अनुसार प्रार्थी टी.राजेश्वर राव 27 वर्ष साकिन कैम्प 1 वृंदा नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि हर्षवर्धन द्वारा प्रार्थी का ऑनलाईन ट्रेडिंग के नाम पर मुनाफा मिलेगा बोलकर प्रार्थी का अंकाउट खुलवाने के नाम पर अलग अलग किस्तो में 20 लाख रूपये प्रार्थी से ले लिया और एकाउण्ट नही खुलवाया प्रार्थी के द्वारा अपने दिये गये रकम वापस मांगने पर टाल मटोल कर रहा है और कुछ दिनो बाद अपने मोबाईल को बंद कर दिया है कि रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर में धारा 420 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक , सुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, सत्यप्रकाश तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर के निर्देशन में उनि. अमित कुमार अंदानी द्वारा आरोपी के तिरूपुर जेल तामिलनाडु किसी अन्य मामले में निरूद्ध होने प्रथम न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस के सहयोग में तत्परता दिखाते हुये आरोपी का प्रोडक्शन जारी किया गया। जिसके उपरांत पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी हेतु तिरूपुर सिटी तामिलनाडु रवाना हुई। आरोपी एम हर्षवर्धन द्वारा तिरूपुर सिटी में भी एकाउण्ट खुलवाने के नाम पर 55 लाख तथा विजयवाड़ा आन्ध्राप्रदेश में 60 करोड़ 30 लाख की धोखाधड़ी किया था। पुलिस टीम तिरूपुर सिटी तामिलनाडु पहुँचकर आरोपी हर्षवर्धन को गिरफ्तार का न्यायालय तिरूपुर सिटी से ट्रांजिस्ट रिमाण्ड लेकर भिलाई लाया गया।

कल्याण कॉलेज में मना विश्व मातृभाषा दिवस

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। सेक्टर.7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व मातृभाषा दिवस मनाया गया। कॉलेज के हिंदी विभाग के निर्देशन में हुए आयोजन में विभिन्न भाषा और भाषायी क्षेत्र से संबंध रखने वाले प्राध्यापकों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान सभी ने एक सुर में भारत की आंचलिक भाषाओं की महत्ता को रेखांकित किया। कल्याण कॉलेज के हिंदी डिजिटल कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में हिंदी विभाग के अध्यक्ष डा. सुधीर शर्मा ने अपनी मातृभाषा छत्तीसगढ़ की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने 21वीं सदी के उन्नत और प्रोन्नत ए.आई और गूगल जैसे शीर्ष तकनीक से होने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ.अनुराग पाण्डेय ने कहा कि अंग्रेजी जरूर वैश्विक भाषा है लेकिन हिन्दी के बिना चल पाना मुश्किल है। उन्होंन कहा कि आप मोबाइल या अन्य डिजिटल माध्यम में हिन्दी को भी रोमन लिपि में लिखकर मैसेज भेजते हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी के अंकों तक की स्वीकार्यता तो ठीक है परंतु हिंदी में अगर लेखन हो रहा है या वार्तालाप कर रहे हैं तो आपको रोमन के बजाए देवनागरी लिपि का इस्तेमाल करना चाहिए। डॉ. मणि मेखला शुक्ला ने बताया कि कैसे संगीत शास्त्र, भाषा और विज्ञान के अंतर्संबंधों को रेखांकित किया। डॉ. के. एन. दिनेश ने नई शिक्षा नीति में दी गई क्षेत्रीय और आंचलिक भाषाओं से भावी पीढ़ी को पढ़ने वाले सकारात्मक पहलुओं को इंगित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंजन कुमार ने किया। डॉ. फिरोजा जाफर अली ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान शिक्षा विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. कविता वर्मा, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के सहायक प्राध्यापक अंशुल तिवारी, हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक पूजा विश्वकर्मा, प्रियंका शर्मा, पूर्वा शर्मा, तारिणी, नेहा सहित अन्य प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी और महाविद्यालय के कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

महिला खिलाड़ी श्रीमति नमी ने जीता स्वर्ण पदक, रचा इतिहास

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। 19 से 23 फरवरी तक लुधियाना पंजाब में चल रही एसबीडी क्लासिक सीनियर राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में नमी राय पारिख ने 57 किलो वजन वर्ग के स्क्वाट इवेंट में 145 किलो, बेंचप्रेस में 77.5 किलो तथा डेडलिफ्ट में 180 किलो सहित 402.5 किलो टोटल लिफ्ट कर स्वर्ण पदक जीतने में सफलता पायी है व राज्य को गौरान्वित किया है। नमी राय ने विगत वर्ष 2024 में हैदराबाद की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वयं के द्वारा बनाई गई राष्ट्रीय रिकॉर्ड 175 को ध्वस्त कर डेड लिफ्ट इवेंट में अपने दूसरे प्रयास में 176 किलो से तथा तीसरे प्रयास में 180 किलो लिफ्ट कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उल्लेखनीय है कि नमी राय की एक बेटी भी है तथा पॉवर लिफ्टिंग खेल में उनके पति सहित पूरा परिवार का पूरा सहयोग रहता है। जिसके कारण नमी राय आज इन ऊंचाइयों पर पहुँची है तथा छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन भी हमेशा प्रोत्साहित करता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, खेल मंत्री टंकराम वर्मा खेल विभाग छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के पदाधिकारी सहित छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष बी एल चंदवानी, कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी सोनी, महासचिव कृष्णा साहू, टीम के प्रशिक्षक आसिफ अली सहित समस्त पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने नमी राय को बधाई दी है

दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी का हुआ शुभारंभ

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय डाक विभाग दुर्ग संभाग द्वारा भिलाई सिविक सेंटर स्थित कला मंदिर में दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी ट्विनसिटी पेक्स-2025 के आयोजन का मुख्य अतिथि संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डाक सेवाएं छत्तीसगढ़ परिमण्डल रायपुर दिनेश कुमार मिस्त्री और आयोजक प्रवर अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग बी.एल. जांगड़े द्वारा की गई। इस दौरान छत्तीसगढ़ की प्राचीन धरोहर देवबलोदा चरोदा स्थित शिव मंदिर पर विशेष कव्हर का विमोचन किया गया। विमोचन के माध्यम से प्राचीन छहमासी शिव मंदिर देव.बलोदा के धार्मिक महत्व को आम लोगों तक पहुँचाने का डाक विभाग के द्वारा सफल प्रयास किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने डाक विभाग संचार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा में चयनित दुर्ग जिले के 40 प्रतिभागी विद्यार्थियों को दीनदयाल स्पर्श योजना वर्ष 2024-2025 के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को 6 हजार रूपए की छात्रवृति एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया। मुख्य अतिथि संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज यहां आकर दुर्लभ प्रदर्शनी देखने को मिली। उन्होंने कहा कि पहले संदेश डाक के माध्यम से भेजा जाता था। अब मोबाइल से संदेश भेजा जाता है। डाक टिकट के महत्व को बढ़ाने की जरूरत है। प्रदर्शनी में हमारे देश व विश्व की भौगोलिक, वाणिज्यिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और पारंपरिक पृष्ठभूमि से संबंधित डाक टिकटों का संग्रह है। यहां सामान्य ज्ञान का अद्भूत भंडार है। आम नागरिकों को इसका लाभ लेना चाहिए। दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी में वरिष्ट वर्ग से 12, कनिष्ट वर्ग से 13 व आमंत्रित वर्ग में 7 प्रतिभागियों के फिलाटेली डाक टिकट के संग्रह की प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में देश.विदेश के दुर्लभ डाक टिकटों को आम नागरिकों के लिये प्रदर्शित किया गया है। भारतीय डाक विभाग दुर्ग संभाग द्वारा फ्लिाटेली पेंटिंग, ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। साथ ही फिलाटेली पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया थाए जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 60-70 विधार्थियों ने वर्कशॉप में शामिल होकर फिलाटेली पर जानकारी प्राप्त किया। इस अवसर पर डाक विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और उनके अभिभावक उपस्थित थे।

विश्व में सबसे ज्यादा हिन्दी भाषा बोली जाती है : तिवारी

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। साईं कॉलेज सेक्टर 6 में मातृभाषा दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीबी तिवारी एवं महाविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ ममता सिंह ने की। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि किसी भी देश का आईना उसकी मातृभाषा होती है। हमें अपनी मातृ पर गर्व होना चाहिए। हिंदी भारत कि संपर्क भाषा है। पूरे भारत देश में यह सामान्य रूप में बोले एवं समझे जाने वाली भाषा है। एक भाषा के रूप में हिंदी न सिर्फ भारत की पहचान है बल्कि यह हमारे जीवन मूल्य संस्कृति एवं संस्कारों की सच्ची संप्रेषण और परिचायक भी है। मानवेंद्र बीसी, द्वितीय सेमेस्टर, धसमेंद्र साहू, शालू सिंह, परिधि अग्रवाल, अंजलि, आयुषी सोनी, दीपांजलि, आदित्य यादव बीसीए द्वितीय वर्ष शामिल हैं। महाविद्यालय की डिप्टी डायरेक्टर डॉ ममता सिंह ने कहा कि जितनी सरल हिंदी भाषा है शायद ही कोई और भाषा इतनी सहज एवं सरल हो। हिंदी भाषा भारत की संस्कृति गौरव एवं मान सम्मान की भाषा है । हिंदी भाषा से ही भारत की पहचान की जाती है यह विश्व की सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा है तथा हमें एक दूसरे से जोड़कर रखने का माध्यम है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र.छात्राएं एवं प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष पांडेय गणित विभाग के द्वारा किया गया।

रावघाट में 31 महिलाओं को सिलाई मशीनों का वितरण

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। संयंत्र ने सीमा सुरक्षा बल की 11 बटालियन के सहयोग से भिलाई इस्पात संयंत्र की रावघाट माइंस के दंडकवन, कांकेर क्षेत्र में 31 महिलाओं को सिलाई मशीनों का वितरण किया। सिलाई मशीनों का वितरण स्थानीय महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ग्रामीणों का कौशल विकास पहल के तहत किया गया। कार्यक्रम का महानिरीक्षक बीएसएफ एफटीआर मुख्यालय बीएसएफ विशेष अभियान छत्तीसगढ़ आनंद प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यकारी कार्यपालक निदेशक रावघाटए अरुण कुमार और महाप्रबंधक अनुपम बिष्ट और सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी, उपमहानिरीक्षक बीएसएफ स्पेशल.ऑप्स बक्षराज कौशल, उपमहानिरीक्षक बीएसएफ रायपुर हरिंदर पाल सिंह सोही, कमांडेंट 1वीं बटालियन बीएसएफ शंकर प्रसाद साहू, कमांडेंट 135वीं बटालियन बीएसएफ नवाल सिंह, कमांडेंट 86वीं बटालियन बीएसएफ अनिल सिंह रावत, 2 आईसीए ओएफएफजी कमांडेंट 129वीं बटालियन बीएसएफ द्ध रुपेश कुमार उपस्थित थे। मुख्य अतिथि आनंद प्रताप सिंह ने श्री अरुण कुमार और अन्य बीएसएफ अधिकारियों के साथ मिलकर सिलाई मशीनें और यूटिलिटी किट वितरित की। जिसमें सिलाई सामग्री, धागा, बाल्टी, मग, बैग, चप्पल और स्टेशनरी शामिल थी। यह पहल स्थानीय महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक कौशल विकास कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। लाभार्थियों का चयन, योग्यता परीक्षा में उनके प्रदर्शन के आधार पर किया गया। जिसके बाद उन्हें सिलाई और वस्त्र निर्माण के विभिन्न रूपों में प्रशिक्षण दिया गया। आनंद प्रताप सिंह संयंत्र के रावघाट खदान द्वारा सीमा सुरक्षा बल के सहयोग से चलाए गए संयुक्त कौशल विकास कार्यक्रम की सराहना की। यह पहल महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्री सिंह ने कहा महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और विभिन्न जिम्मेदारियों को संभालने में सक्षम हैं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अन्य महिलाओं को भी सिलाई सीखने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करेगा। मुझे उम्मीद है कि प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं इन सिलाई मशीनों का अच्छे से उपयोग करेंगीए परिश्रम से काम करेंगीए और अपने परिवार की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सुधारेंगी ।

व्यापारी संघ की बैठक 4 को सेक्टर-10 में

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। ज्ञानचंद जैन ने लिखित जारी बयान में बताया कि संयंत्र ने लीज नवीनीकरण के नाम पर अब संस्थाओं को भ्रमित करने के उद्देश्य से उसे राशि को वार्षिक लीज राशि के नाम से प्रति वर्ष लाखों रुपए के पत्र भेजे जा रहे हैं। हमारे साथ हुए अनुबंध के विपरीत है। उन्होनें सभी संस्थाओं से अनुरोध है की बिजली बिलों का भुगतान समय पर करते रहें अन्य बकाया देय राशि का भुगतान नगर सेवा विभाग संयंत्र के कार्यालय में जमा ना करें। इस संबंध में संयंत्र को भी हमारे द्वारा पत्र लिखा जा रहा है और न्याय संगत राशि के अलावा अन्य किसी भी राशि का भुगतान किया जाना संभव नहीं है। इसकी जानकारी से बीएसपी प्रबंधन को अवगत कराया जा रहा है। व्यापारी वर्ग सामाजिक शैक्षणिक धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि आवंटन धारी बीएसपी के इस रवैये से भ्रमित ना हो। उन्होनें कहा कि किसी तरह का भुगतान भिलाई इस्पात संयंत्र को नहीं करना है। इसी संदर्भ में सभी संस्थाओं संगठनों के प्रतिनिधियों की अति आवश्यक बैठक 2 मार्च दोपहर 4 बजे को ज्ञान चंद जैन के कार्यालय में आयोजित की जा रही है। सभी बैठक में शामिल होकर विस्तृत जानकारी से अवगत हो सकते हैं।

शीघ्र होगा सिंटर प्लांट-2 में एसटी एससी एसो. का गठन

भिलाईनगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। संयंत्र के सिंटर प्लांट-2 विभाग में बी एस पी, एससी एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन की विभागीय समिति का गठन करने के एसोशिएशन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद की अध्यक्षता मे किया गया। बैठक मे सिंटर प्लांट 2 के कार्मिकों ने अपने कार्यस्थल की समस्याओं से एसोशियेशन को अवगत कराया। कार्मिकों द्वारा एसोसिएशन की विभागीय कमेटी बनाने पर खुशी जाहिर की गइ। उनका कहना था ये कार्य बहुत पहले किया जाना चाहिए। कोमल प्रसाद ने कहा कि इन कमेटियों के माध्यम् से आप अपने विभाग एवं अपनी समस्या को एसोशियेशन के झंडे के तले प्रवंधन के चर्चा कर हल निकाल सकते है। एसोशियेशन अपने सभी कार्मिकों से सीधा सम्पर्क बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और इसमे सभी कर्मचारी व अधिकारियों का सहयोग मिल रहा है। अध्यक्ष ने कहा की अपने विभाग के सभी कर्मचारी को एसोशियेशन की सदस्यता दिलाकर एसोशियेशन को मजबूत करना है। जिससे हम सब की समस्याओं के समाधान मे आसानी होगी। महासचिव विजय कुमार ने एसोशियेशन की जानकारी के साथ भविष्य मे किये जाने वाले कार्यो की रूप रेखा से सदस्यों को अवगत कराया। अगली बैठक मे सिंटर प्लांट 2 की विभागीय कमेटी का विधिवत चुनाव कर गठन किया जायेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष वेद प्रकाश सूर्यवंशी, उमेश सूर्यवंशी, उदय कुमार राम, देवेंद्र कुमार आडिल, बाबूलाल, उमेश कुमार सूर्यवंशी, शिवकुमार गोड़, राधेश्याम ध्रुव, दीक्षित कुमार सिदार, जसवंत नेताम, केदार प्रसाद माझी, अजंता टिपल उपस्थित थे।

अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे ने मतदान दल को रवाना किया

बिलाईगढ़, 22 फरवरी। मतदान दल के प्रभारी अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे ने मंडी गेट के सामने सारंगढ़ में मतदान दल से भरे बस को पूजा अर्चना कर रवाना किया। ये दल पंचायत आम निर्वाचन के तृतीय चरण में 23 फरवरी को सारंगढ़ विकासखण्ड में मतपत्र (बैलेट) से 377 मतदान केंद्रों में मतदान कराएंगे।

सांसद पाण्डेय ने जिपं सदस्य प्रत्याशी किरण साहू के पक्ष में किया प्रचार

डोंगरगढ़, 22 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सांसद संतोष पांडेय भाजपा के अधिकृत जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र 8 के प्रत्याशी किरण साहू के प्रचार में गांव गांव पहुच के वोट मांगे एवं उसे जिताने पूरी ताकत झोंक दी। सांसद श्री पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की मोदी जी और छत्तीसगढ़ में विष्णु देव जी की सरकार भी आपने बनाई जिसके कारण गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए शौचालयए प्रधानमंत्री आवासए आयुष्मान भारत अंतर्गत मुफ्त स्वास्थ कार्डए उज्जवला गैस चूल्हा योजना अंतर्गत मुफ्त गैस सिलेंडरए महिला बहनों के लिए महतारी वंदन योजना के माध्यम से 1000 प्रति माह की दर से प्रदान करनाए एक मुश्त 3100 रुपए प्रति च्ंटिल से धान की खरीदीए महिला समूहों को रेडी टू ईट एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से लाभ दिलाने का काम आपने किया है जिला पंचायत क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास के लिए भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती किरण साहू को पतंग छाप में मुहर लगाकर वोट दे जिससे आपके गांव का विकास तेज गति से हो पाएगा। सांसद श्री पाण्डेय ने उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार डालडा घी के बाजार में आने के बाद असली घी पर असली शुद्ध देशी लिखा जाने लगा ठीक उसी तरह कुछ लोगों द्वारा यह प्रचारित किया जा रहा है कि हम असली भाजपा के प्रत्याशी है उनके लिए मै कहना चाहूंगा कि मैं भाजपा से सांसद संतोष पांडेय पार्टी की और से जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष व पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी किरण साहू के लिए आपसे जनसमर्थन मांगने आया हु जो 100: भाजपा की प्रत्याशी है अन्य कोई नहीं।

बम्लेश्वरी मंदिर में धूमधाम से मनाया जाएगा महाशिवरात्रि का पर्व

डोंगरगढ़, 22 फरवरी। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में बाबा महाकाल का महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा शिव मंदिर परिसर एवं मेला प्रांगण में 24 से 26 फरवरी तक तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सभी प्रकार के खाद्य स्टॉल झूला मनिहारी एवं बच्चों के मनोरंजन हेतु जंपिंग झापक मिकी माउस जैसे स्टाल लगाए जाएंगे उक्ताशय की जानकारी देते हुए ट्रस्ट के मंत्री महेंद्र परिहार ने बताया कि 24 फरवरी सोमवार को रायपुर के प्रसिद्ध गायक विवेक शर्मा द्वारा भजन की प्रस्तुति रात्रि 8 बजे से दी जाएगी इसी प्रकार 25 फरवरी मंगलवार को मध्यप्रदेश की प्रसिद्ध गायिका स्वर कोकिला शहनाज अख्तर के भजन की प्रस्तुति होगी। 26 जनवरी बुधवार को महाशिवरात्रि के दिन प्रसिद्ध जस भजन गायक स्वर सम्राट दिलीप षंडगी का कार्यक्रम होगा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 26 फरवरी बुधवार को बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के तत्वाधान में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नीचे मंदिर स्थित शिव मंदिर में भक्तजनों द्वारा शिवजी की पूजा अर्चना के लिए बेल पत्ती दूध की निशुल्क व्यवस्था ट्रस्ट समिति की ओर से उपलब्ध होगी। ट्रस्ट समिति ने सभी भक्तजनों से अनुरोध किया है कि वे परिवार एवं इष्ट मित्रों सहित महाशिवरात्रि पर्व पर शिव मंदिर में शिव जी की पूजा अर्चना के साथ सभी कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनावे ।

लाटरी पद्धति से सरपंच पंच निर्वाचित हुए

पिथौरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान सम्पन्न हुई इस सम्पन्न चुनाव में सरपंच सहित विभिन्न वार्डो के पंच बराबर मत के चलते लाटरी पद्धति से निर्वाचित हुये । जिसके अंतर्गत विकासखंड के चरौदा पंचायत में सरपंच प्रत्याशी उदयराम पाण्डे , विधनेश ध्रुव को बराबर मत 239 मिले पर लाटरी अर्थात दोनों नाम के पर्ची निकाले जाने पर विधनेश ध्रुव सरपंच निर्वाचित हुये । इसी तरह देवरी वार्ड 7 के पंच प्रत्याशी मोती साहू व योगेश्वरी को 36 वोट मिले जिसे पर्ची निकालने पर योगेश्वरी पंच निर्वाचित हुईं ग्राम राजा सेवैय्या वार्ड 8 में अंजना बरिहा व दिनेश को 58 मत मिलने पर पर्ची से दिनेश बरिहा निर्वाचित हुए। भतकुंडा वार्ड 7 से इंदुमती पटेल व रामकुंवर पटेल को30 मत मिले पर्ची से रामकुंवर पटेल निर्वाचित हुये । छोटे लोरम वार्ड 4 से वृंदावती पटेल व परस किला नाग 26 मत मिले पर्ची निकालने पर परसकिला नाग वार्ड पंच निर्वाचित हुईं । इस दौरान जनपद पंचायत अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने मतदान दलों को किया गया रवाना

गुरुर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तृतीय चरण के अंतर्गत गुरुर विकासखण्ड के मतदान केन्द्रों में रविवार 23 फरवरी को मतदान संपन्न किया जाएगा।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा मतदान एवं मतगणना कार्य को सुचारू रूप से एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। रविवार 23 फरवरी को होने वाले तृतीय चरण के मतदान के लिए मतदान अधिकारियों को गुरूर विकासखण्ड के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से मतदान दलों को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया है।

हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए सामग्री वितरण केंद्र से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग आफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने मतदान दलों के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीईओ डॉ कन्नौजे और एसडीएम श्रीमती प्राची ठाकुर ने मतदान दलों को मिठाई खिलाकर एवं पुष्प भेंटकर कर निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की।

उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत रविवार 23 फरवरी को गुरुर विकासखण्ड के 03 जिला पंचायत क्षेत्र के लिए 07 अभ्यर्थी एवं जनपद पंचायत सदस्य के 20 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 60 अभ्यर्थी, 74 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए होने वाले निर्वाचन के लिए कुल 310 अभ्यर्थी और 710 वार्डो में पंच पद हेतु 1606 अभ्यर्थी अपना भाग्य आजमा रहे है।

मतदान के बाद तुरंत मतगणना

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार गुरुर विकासखण्ड के मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा जोनल अधिकारी, कार्यपालिक दण्डाधिकारी तथा सुरक्षा बल के जवान आदि की तैनातगी सुनिश्चित की गई है।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तृतीय चरण के अंतर्गत 23 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान के तहत मतों की गणना मतदान समाप्ति के पश्चात् संबंधित मतदान केन्द्रों में ही की जाएगी।

बागबाहराकला में महाशिवरात्रि 26 को धूमधाम से मनाया जाएगा

बागबाहरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतर्गत नगर से लगे ग्राम पंचायत बागबाहराकला (बस्ती बागबाहरा) में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रिटायर्ड बिजली कर्मचारी छेदूराम पटेल द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से 26 फरवरी बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। वहीं रात्रिकालीन में दर्शकों के मनोरंजन के लिए भूले बिसरे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोंगरापाली सम्हर का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम पंचायत बागबाहराकला के वरिष्ठ सामाजिक ग्रामीण कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पटेल एवं अशोक पटेल ने बताया कि यहां रिटायर्ड बिजली कर्मचारी छेदूराम पटेल द्वारा गत 40 वर्षों से महाशिवरात्रि का पर्व निरंतर धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। जिसमें ग्रामीणजन बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। यहां पर्व के दिन महाभंडारा एवं महाप्रसादी का कार्यक्रम शंकर मंदिर प्रांगण में किया जाता है। यहां आने वाले समस्त श्रद्धालु भक्त गण इसका लाभ उठाते है।

स्काउट गाइड संस्थापक लार्ड बेडेन जन्मदिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना

डौण्डी/दल्लीराजहरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। 22 फरवरी को स्काउट एवं गाइड के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल एवम् उनकी लेडी ओलेव बेडेन पावेल के जन्मदिवस पर विकास खंड डौंडी के शिक्षा अधिकारी जे एस भारद्वाज के आदेशानुसार अनेक विद्यालयों में सर्वधर्म प्रार्थना सभा , हाथ धुलाई ,स्वच्छता जागरूकता का संदेश , रंगोली , संगोष्ठी आदि कार्यक्रम का आयोजन कर मनाया गया , बेडेन पावेल का जन्म 22फरवरी 1857 को स्टैन पोल लंदन में हुआ था,स्काउट गाइड का संचालन भारत के आलावा भी अनेक देशों में संचालित है , इससे विद्यार्थी जीवन से अनुशासन एवं सेवाभाव सीखते है । इस अवसर पर सेजेस विद्यालय डौंडी में संयुक्त रूप से सर्व धर्म प्रार्थना हुई जिसमें विवेकानंद हाई स्कूल, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, के स्काउट गाइड, प्रभारी , एवं संयुक्त सचिव , शामिल हुए। सरस्वती शिशु मंदिर दल्लीराझरा , हाई स्कूल गुदुम, साई शिशु मंदिर दल्ली राजहरा , पटेली उ मा वि , कुआगोंदी , लिटिल बर्ड दल्ली,विद्यालयों में सर्व धर्म प्रार्थना साथ ही बच्चों को हाथ धुलाई स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया ।जिला सचिव के एल गजेंद्र , डी ओ सी प्रेमलता चंद्राकर ,का मार्गदर्शन एवं शुभकामनाए प्रेषित किए। सभी विद्यालय के प्राचार्य के द्वारा शुभकामनाए , आशीष वचन प्रेषित किया गया। प्रभारी शिक्षक नेमीचंद बढ़ई, तनुजा बंजारे ,मिथिला सिंघारे ,पुष्पलता गंजीर ,ज्योति विश्वकर्मा, हेमिन कौशिक, का योगदान रहा बीआरसी एस.शर्मा सेवाराम प्रेमन , योगेश्वर गांगुली सीमा साहू ने आयोजन की सराहना करते हुए बधाई शुभकामनाए प्रेषित की है ।

स्काउट गाइड संस्था से विद्यार्थी सीखते हैं अनुशासन एवं सेवाभाव

मतदान दल उत्साह के साथ निर्वाचन सामग्री लेकर रवाना हुए

बिलाईगढ़, 22 फरवरी (देशबन्धु)। कृषि उपज मंडी परिसर सारंगढ़ में मतदान दल सुबह से लेकर दोपहर तक अपने दल के साथ निर्वाचन सामग्री को प्राप्त कर निर्वाचन सामग्री का मिलान किए। उसके बाद दल सहित निर्धारित बस से अपने मतदान केंद्र में सकुशल पहुंचे हैं। मतदान दल में शामिल व्यायाम शिक्षक ममता साहू, पूजा अकेला, शिक्षक काजल सहित अन्य निर्वाचन कर्मी उत्साहित नजर आईं। इस अवसर पर सभी मतदान दल बैलेट बॉक्स, दस्तावेज, प्रपत्र आदि के मिलान में बहुत व्यस्त थे। परिसर में भीड़ था, वही भारत माता चौक से बाजार चौक तक सड़क व्यस्त था। मंडी परिसर में मतदान दल की सुविधा के लिए लाउड स्पीकर, सेक्टर दल, पुलिस आदि का स्टॉल लगाया गया था। ये दल 23 फरवरी को सारंगढ़ ब्लॉक में पंचायत चुनाव सम्पन्न कराएंगे।

सार-संक्षेप

पंचायत चुनाव में अपने वोट के अधिकार का उपयोग अवश्य करें : कलेक्टर

बिलाईगढ़, 22 फ़रवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने सारंगढ़ ब्लॉक के सभी मतदाताओं से त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग कर वोटिंग करने की अपील की है। उन्होंने सभी मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिना किसी लालच के, बिना डरे, अपने विवेक से, एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए गांव, जिला, राज्य और राष्ट्र के उन्नति में अपने वोट का उपयोग अवश्य करें।

निधन

राममूर्ति देवी अग्रवाल

रायपुर, 22 फरवरी। श्रीमति राममूर्ति देवी अग्रवाल उम्र 79 वर्ष (पत्नी पुरुषोत्तम दास अग्रवाल) खरसिया वाले का स्वर्गवास 22 फरवरी को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल 23 फरवरी को प्रात: 10 बजे निवास स्थान 32, सिग्नेचर होम्स, मैग्नेटो मॉल के पास, रायपुर, से मारवाड़ी श्मशान घाट, बूढ़ातालाब पहुंचेगी। शोकाकुल- पुरुषोत्तम दास अग्रवाल, अशोक अग्रवाल (पुत्र), विजय अग्रवाल (पुत्र), अमन, आर्यन, राघव, आरव (पोत्र) एवं समस्त अग्रवाल परिवार।

छोगा लाल भूतड़ा

दुर्ग, 22 फरवरी। स्थानीय माहेश्वरी मेडिकल के संचालक महेश कालोनी निवासी छोगा लाल भूतड़ा का आज निधन हो गया। अंतिम संस्कार कल 23 फरवरी को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जायेगा। शवयात्रा उनके महेश कालोनी के पीछे स्थित निज निवास से सुबह 9 बजे निकाली जायेगी। वे माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के वरिष्ठ सदस्य थे। दिवंगत छोगालाल भूतड़ा, स्व. गिरधारी लाल भूतड़ा के सुपुत्र रमेश, शंकर, संतोष एवं गणेश के भाई, राहूल भूतड़ा के पिताजी थे। वे हरीश, आशीष. विनय, अंकित, संकेत, दीपक एवं वेदांत के काका जी थे।

मिठुराम पटेल

दुर्ग, 22 फरवरी। निकुम ग्राम पंचायत के पूर्व पंच मिठुराम पटेल (95 वर्ष) का निधन 22 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रिखीराम, भूषणलाल पटेल के पिता, कुंजिया बाई पटेल के पति तथा सरपंच भागवत पटेल के नाना थे।

डॉग लवर राहुल चंद्राकर का कार्य कबीले तारीफ : श्याम जायसवाल

दल्लीराजहरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। सेवा परमोधर्मस्य की राह में चल कर नगर के युवा राहुल चंद्राकर लगातार आवारा कुत्तों की देखभाल कर लोगों में एक अलग संदेश दिया है। डॉग लवर राहुल चंद्राकर रोज शहर के अलग अलग इलाकों में आवारा कुत्तों को भोजन उपलब्ध कराते है। अपने खुद के व्यवस्था से राहुल चंद्राकर यह कार्य कर रहे हैं। इनके इस कार्य से युवाओं के बीच इन्हें डॉग लवर के नाम से भी जाना जाता हैं। आज सुबह जब चौपाटी में सुबह सुबह भाजपा युवा नेता श्याम जायसवाल ने इनके कार्य को देखा तो इनकी सराहना करते हुवे श्याम जायसवाल ने कहा कि युवाओं को राहुल से सीखना चाहिए आज के समय में लोग सिर्फ अपने मतलब से मतलब रखते है ऐसे में राहुल के द्वारा बेजुबान जानवरों के लिए अपने खुद के पैसों से इतना कुछ करना कबीले तारीफ है। श्याम जायसवाल ने आगे कहा कि शीघ्र ही इसकी जानकारी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं यशवंत जैन, पवन साहू, राकेश यादव सहित भाजपा के बालोद जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख व नगरपालिका अध्यक्ष तोरण साहू को उपलब्ध करा कर ऐसे आवारा कुत्तों के देखभाल हेतु नगरपालिका से इनके उचित देखभाल हेतु योजना बनाने की चर्चा किया जायेगा। जिसमें छ्स्व्न फंड से कुछ राशि की व्यवस्था कर आवारा कुत्तों के देखरेख हेतु प्रस्ताव बनाने का निवेदन किया जायेगा व इस कार्य हेतु राहुल चंद्राकर जैसे युवाओं की टीम बना इन्हें जिम्मेदारी सौंपने की भी बात किया जाएगा।

मच्छरों पर प्रहार, निगम द्वारा फॉगिंग, लार्वा हिट और डेल्टा मैथिलीन का छिड़काव जारी

धमतरी, 22 फरवरी (देशबन्धु)। मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों को रोकने के लिए नगर निगम ने बड़े पैमाने पर अभियान शुरू कर दिया है। आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर पूरे शहर में तय रूट चार्ट के अनुसार फॉगिंग, लार्वा नष्ट करने और नालियों की सफाई का काम तेज कर दिया गया है। निगम की टीम अलग-अलग वार्डों में जाकर लार्वा हिट और डेल्टा मैथिलीन का छिड़काव कर रही है, जिससे मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। नगर निगम के कर्मचारी रोजाना ट्री रूट अनुसार फॉगिंग कर रहे हैं, ताकि मच्छरों की संख्या को कम किया जा सके। इसके साथ ही, नालियों की गहराई से सफाई की जा रही है, ताकि पानी का ठहराव न हो और मच्छरों को पनपने का मौका न मिले।

यादव युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सात जोड़ों का आदर्श विवाह कल

डोंगरगढ़, 22 फरवरी। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ में यादव समाज द्वारा आगामी 24 फरवरी को युवक युवती परिचय सम्मेलन के साथ.साथ 7 जोड़ों का आदर्श विवाह किया जाएगा। उक्तासय की जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ यादव ने बताया कि विगत दिनों श्रीराधाकृष्ण मंदिर में सभी सर्किल के यादव बंधुओं की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि मंदिर के स्थापना दिवस पर 24 फरवरी सोमवार को समाज के उपेक्षित यादव बंधु जैसे विदुर उम्र से बड़े एवं ऐसी महिलाएं जो विधवा परित्यक्ता एवं उम्र से बड़ी हो का विशेष रूप से परिचय कराकर पुन: गृहस्थी जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी यादव बंधुओं द्वारा शोभायात्रा व 7 जोड़ों का आदर्श विवाह भी किया जाएगा। साथ ही सामाजिक गोष्ठी एवं सम्मान समारोह भी होगा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संतोष पांडेय पूर्व सांसद व महापौर मधुसूदन यादव पूर्व विधायक व प्रदेश महामंत्री भाजपा रामजी भारती पूर्व विधायक विनोद खांडेकर स्थानीय विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल प्रांतीय अध्यक्ष अजय यादव जिला अध्यक्ष मन्ना यादव देवप्रसाद यादव ईश्वर यादव डोमन लाल यादव कवर्धा के अलावा समाज के प्रांत संभाग व जिला के पदाधिकारी सहित गोंदिया नागपुर बेमेतरा दुर्ग रायपुर खैरागढ़ गंडई कवर्धा के सम्मानित यादव पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

श्री यादव ने बताया कि आयोजन के लिए जोर.जोर से तैयारी की जा रही है 24 फरवरी सोमवार को भगवान राधाकृष्ण का अभिषेक पूजन सुबह 8 से 10 बजे तक होगा तत्पश्चात आदर्श विवाह व परिचय सम्मेलन का शुभारंभ होगा 2 बजे से शाम 7 तक अतिथि सत्कार सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इसके लिए समाज के युवा विशेष रूप से तैयारी में व्यस्त हैं श्री यादव ने क्षेत्र के सभी यादव बंधुओ से कार्यक्रम में आधिकारिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

प्रादेशिकी का शेष...

बेमेतरा जिले में ...

को जनपद पंचायत बेमेतरा और नवागढ़ में मतदान हुआ था। कल, 23 फरवरी को जनपद पंचायत बेरला और साजा में तीसरे चरण का मतदान होगा। प्रशासन की ओर से सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं और चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने-अपने मतदान केंद्रों पर समय से पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने में योगदान दें।

चुनाव के लिए सभी सुरक्षा इंतजाम पूरे, मतदान निर्बाध और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने की तैयारी

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तृतीय चरण अंतर्गत साजा और बेरला नगर पंचायत चुनाव के लिए सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने यह सुनिश्चित किया है कि मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा न आए और मतदाता निर्बाध रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। श्री शर्मा ने बताया कि चुनाव से संबंधित सभी सुरक्षा इंतजामों को सख्ती से लागू किया गया है और मतदान केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए प्रशासन द्वारा हर संभव कदम उठाए गए हैं, ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

नशे के कारोबार से बनाई ...

तहत सीज करने का केस प्रस्तुत किया। सफेमा कोर्ट से आरोपीयो को उक्त संपत्ति खरीदने के संबंध मे नोटिस जारी कर जवाब चाहा लेकिन आरोपीयो द्वारा संपत्ति के संबंध मे जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। प्रकरण मे जप्त उक्त संपत्ति अवैधवै मादक पदार्थ की बिक्री से प्राप्त नगदी रकम 68, 200 रुप ए अवैध कार्य से अर्जित संपत्ति तितुरडीह में नजुल भूमि तथा उनके निर्माणाधीन मकान कीमती करीब 30 लाख रुपए बैंक में जमा राशि 6,55,252 रुपए, बुलेट मोटर सायकल कीमती 1,00,000 रुपए, एक्टिवा वाहन कीमती करीब 50,000 रुपए कुल लगभग 40 लाख रुपए को फ्रीजिंग करने का आदेश दिया गया है। उक्त कार्यवाही मे उप निरीक्षक पारस सिह ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र देशमुख, राजेश पाण्डेय एवं थाना मोहन नगर स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

साईंस कॉलेज में ...

अफ्रीका के डॉ. एस.बी. जोनलगड्डा, फिजी के डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद नेपाल के डॉ. रामेश्वर अधिकारी शामिल है। भारतीय वैज्ञानिकों में आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर डॉ. राजीव प्रकाष सीएसआईआर भुवनेश्वर के डायरेक्टर डॉ. रामानुज नारायण शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोयडा के डॉ. एन.बी. सिंह, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफकेमिकल टेक्नालॉजी, हैदराबाद के डॉ. सूर्य प्रकाश सिंह, नागपुर विश्वविद्यालय के डॉ. रवीन जुगाड़े, बनारस के डॉ. एन.पी. सिंह तथा बीएचयू के डॉ. ए.के. सिंह शामिल है।

प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा 7 एवं 8 मार्च को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस का विषय वैश्विक परिपेक्ष्य में परंपरागत ज्ञान की भूमिका रखा गया है। इस कान्फ्रेंस में दोश-विदेश के अनेक वैज्ञानिक हिस्सा लेकर जैव विविधता एवं उसका सरंक्षण वैश्विक चुनौतियां तथा परम्परागत ज्ञान जनजाति ज्ञान एवं संधृत विकास सुरक्षा हेतु विज्ञान जनजाति विकास हेतु राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किए जाने वाले प्रयास आदि पर गहन विचार विमर्ष करेंगे। प्राचार्य डॉ. सिंह के अनुसार प्रत्येक सेमीनार अथवा संगोष्ठी में युवा वैज्ञानिकों, रिसर्च स्कॉलर तथा स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को भी अपना शोध पत्र प्रस्तुतिकरण का अवसर प्राप्त होगा। प्राचार्य डॉ. सिंह ने उपरोक्त सेमीनार में हिस्सा लेने के इच्छुक प्रतिभागियों से आग्रह किया है, कि वे शीघ्र अपना पंजीयन करवा लें।

जनपद पंचायत साजा में ...

पाठक, प्राथमिक शाला डुडा रामभक्त चंद्रवंशी प्रधान पाठक प्राथमिक शाला उड़तला बेमेतरा और पीठासीन अधिकारी महेश्वर साहू, शिक्षक(एल.बी) पूर्व माध्यमिक शाला बेमेतरा शहर, बेमेतरा है।

इनका यह कृत्य छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरित एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 और छ.ग. स्थानीय प्राधिकारी (निर्वाचन अपराध) अधिनियम 1964 अंतर्गत कार्यवाही योग्य होने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इन सभी का निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला-वेमेतरा नियत किया जाता है। इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

ऐकैडमिक वर्ल्ड स्कूल में ...

अपने पोते-पोतियों का संरक्षण माली की तरह करते हैं, जिससे वे बड़े होकर एक आदर्श मनुष्य बनकर राष्ट्र को गौरवान्वित कर सकें।

विद्यालय प्राचार्य श्री पंकज जोशी अपने उद्बोधन में कार्यक्रम में आए सभी अतिथिगण को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय में आपके आगमन से बच्चों एवं सम्पूर्ण विद्यालय में नई उर्जा का संचालन होता है, ग्रैंड पेरेंट्स हमारे परिवार की नींव होते हैं और इस तरह के कार्यक्रम उनके प्रति आभार प्रकट करने का एक सुंदर माध्यम हैं। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

राहुल गांधी से मिले देवेंद्र यादव

भिलाई नगर, 22 फरवरी (देशबन्धु)। 192 दिनों की जेल यात्रा के बाद आज नई दिल्ली में लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से देवेंद्र यादव ने मुलाकात किया। उन्होंने कहा बाबा साहब के दिखाए रास्ते पर चलते हुए देश से नफरत की राजनीति को खत्म करने आपने जो बीड़ा उठाया है वही मेरा आदर्श है। आज देशभर में किसान, मजदूर आदिवासी, दलित, महिलाओं युवाओं का हक छीना जा रहा है, उनके अधिकारों के लिए लगातार कांग्रेस पार्टी लड़ती आई है। आगे भी आपके नेतृत्व में यह न्याय की लड़ाई हम लड़ते रहेंगे।

कोई लगातार सात बार बना पंचायत प्रतिनिधि तों कई दिग्गजों को करना पड़ा हार का सामना

सहसपुर लोहारा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। पंचायतीराज से ग्राम राज की कल्पना की जाती है जहाँ जनता अपने विकास का निर्णय खुद लेती है। पंचायतीराज के इस चुनाव में जिस प्रकार से पैसे, प्रलोभन का खेल चला उससे पंचायत का चुनाव अब सबसे महंगा चुनाव बन गया है। पंचायत स्तर के चुनाव में सबसे ज्यादा रोचक मुकाबला सरपंच पद के चुनाव में देखने को मिला जहाँ कई दिग्गजों को हार का सामना करने को मिला तों कईयों ने माहौल देखकर चुनाव नहीं लड़ना उचित समझा। ग्राम पंचायत दलसाटोला की नवनिर्वाचित सरपंच बिरझा प्रहलाद साहू सातवीं बार भी चुनाव जीतने में कामयाब रहे वो और उनके पति प्रहलाद साहू लगातार बगैर हारे चुनाव जीतते आ रहे है वो एक बार जनपद सदस्य एवं छः बार सरपंच पद पर चुनाव जीत चुके है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बामी में निर्विरोध सरपंच बने जाम बाई टोप सिंह साहू लगातार तीन बार सरपंच बन गये। इसी प्रकार से ग्राम पंचायत कुटकीपारा से परमिला देशनाथ साहू, ग्राम पंचायत विचारपुर से शिवबती लक्ष्मीकांत वर्मा ने लगातार तीसरी बार सरपंच बनकर अपने

काम का लोहा मनवाया है। वही ग्राम पंचायत कल्याणपुर में जमीला जमालूतदिन, ग्राम पंचायत आम गांव में रेखाबाई गोपाल रजक, ग्राम पंचायत बिडोरा विनोद कुमार वर्मा, ग्राम पंचायत देहांडीह से जीरवनतिन उमेंदी पटेल लगातार दूसरी बार सरपंच बनने में कामयाब रहे। जनपद सदस्य के चुनाव में अस्वस्थ चल रहे अशोक पटेल ने लगातार चार बार जनपद सदस्य का चुनाव जीतकर सबको चौका दिया इसी प्रकार से जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा की अध्यक्ष लीला धनुक वर्मा ने अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप कुल मतदान का एक तिहाई मत प्राप्त कर अपने विरोधी उम्मीवार को 1400 मतो के विशाल अंतर से चुनाव हरा दिया। जनपद क्षेत्र क्रमांक 14 से जीवन उत्तरा नेताम ने तीसरी बार जीत दर्ज की। क्षेत्र 16 से दुर्गा सिंह निर्विरोध निर्वाचित होकर दूसरी बार जनपद सदस्य बनी। शंभू पटेल, लक्ष्मी बैतल साहू भी दूसरे बार जनपद सदस्य बनने में कामयाब हो गये। पंचायत चुनाव में इस बार कई पंचायतो में 25से 30 लाख तक की राशि खर्च की गई है जिससे जनता ने चुनावी पैसे का खूब आनंद उठाया। वही जिस प्रकार से इस चुनावों को लेट लतीफी, बदइंतजामी और लापरवाही के साथ निपटाया गया जो लोगो के बीच चर्चा का विषय बनी रही जो सरकारी अमला के कार्य प्रणाली पर सवाल खडे कर देते है।

कैरियर काउंसिलिंग, लक्ष्य निर्धारण एवं समय प्रबंधन पर दिया मार्गदर्शन

कवर्धा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में विद्यार्थियों को कैरियर काउंसिलिंग, लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, व्यक्तित्व विकास, दसवीं के बाद विषय चयन आदि पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था के तहत विद्यार्थियों को कक्षा पहली से दसवीं तक निर्धारित विषय ही पढ़ना होता है। इसमें विकल्प का अवसर नहीं मिलता है। दसवीं के बाद विषय चयन का अवसर मिलने पर छात्र कश्मकश में रहते हैं कि कौन सा सब्जेक्ट चुने, जिससे कैरियर का बेहतर अवसर मिल सके. कई बार सोंचे समझे बगैर ऐसे विषय या स्ट्रीम का चयन कर लेते हैं, जो उसके रुचि व क्षमता के विपरीत होता है, जिससे बाद में पछताना पड़ता है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए विद्यार्थियों को बताया गया कि विषय चयन के समय रुचि का ध्यान रखें। विषय चयन के पहले बड़ों का सलाह लेकर लक्ष्य निश्चित करते हुए क्षेत्र से जुड़े पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। हॉबी को प्रोफेशन बनाना हो तो उससे संबंधित विषय लेकर पढ़ें। अपने ताकत व कमजोरी को पहचाने तथा दोस्तों की देखादेखी विषय का चयन न करें। ज्यादा मार्क्स लाएं तो मैथ्स, साइंस चुनना, अवरेज परफार्म करने पर कामर्स और कम मार्क्स आने पर आर्ट्स लेने की सोंच गलत है। विषय चयन करने से पहले सबसे जरूरी है कि स्टूडेन्ट खुद के स्कोर कार्ड का विश्लेषण करें। पिछले दो से तीन साल में जिस विषय में ग्रोथ कर रहे हों, उसी को आगे के लिये चुना जाना चाहिए। सिर्फ सब्जेक्ट ही नहीं, सब-सब्जेक्ट जैसे गणित और बायो के साथ फिजिक्स व केमेस्ट्री, कामर्स के साथ अर्थशास्त्र जैसे विषयों में कितना अच्छा कर सकते हैं, ये भी देखें। यदि एक सब्जेक्ट पर फोकस करना है तो उसके सब-सब्जेक्ट को ध्यान रखना होगा, क्योंकि ये भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

लक्ष्य तय करने के लिए गणित, विज्ञान, कामर्स, कला, होम साइंस, कृषि, आई. टी.आई., पॉलिटेक्निक आदि से जुड़े विषय लेकर अध्ययन करने से भविष्य निर्माण के लिए मिलने वाली अवसरों की जानकारी प्रदान किया गया। इसके साथ ही कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे, बैंकिंग, पुलिस, सेना, टीचिंग, संघ व राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित किए जाने वाले परीक्षाओं के पदों के लिए निर्धारित योग्यताओं से अवगत कराया गया।

विषय चयन पश्चात सफलता प्राप्ति के स्वर्णिम सूत्रों को जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन, सकारात्मक दृष्टिकोण, एकाग्रता, लक्ष्य के प्रति समर्पण, उत्साह, आलस्य का त्याग, आत्मानुशासन, विनम्रता एवं आत्म मूल्यांकन को हमेशा ध्यान में रखते हुए कार्य करना चाहिए। इस दौरान संस्था के व्याख्याता रंजीता माहेश्वरी एवं दसवीं के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सशिमं में दीक्षांत समारोह का किया गया आयोजन

थानखम्हरिया, 22 फरवरी (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा प्राप्ति का उत्कृष्ट केन्द्र तो है ही संस्कार और अनुशासन पाने का पवित्र मंदिर भी है। संस्था के लक्ष्य की ओर सदैव अग्रसर होते रहें। थानखम्हरिया नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष तथा आयोजन की मुख्य अतिथि अनिता अग्रवाल ने सशिमं के दीक्षांत समारोह में भैया - बहिनों को उत्कृष्ट सफलता के लिये प्रेरित करते हुये शुभकामनायें दी। आचार्य नरेन्द्र साहू ने परीक्षा की तैयारी, परीक्षा हॉल में मनस्थिति कैसी रखें, प्रश्नपत्र कैसे हल करें पर विस्तार से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। आचार्या मंजू ठाकुर ने परीक्षा के दौरान आत्मविश्वास बनाये रखने, प्रश्न पत्र को सावधानी से पढ़ने तथा उत्तर लिखने के क्रम के बारे में भैया - बहनों को बताया। प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष पुरूषोत्तम सिंघानिया ने कहा कि हायर सेकेण्ड्री परीक्षाफल आप लोगों के जीवन का निर्णायक डाक्यूमेंट होगा। यह प्रत्येक कदम का साथी होगा। सशिमं में आया विद्यार्थी यहाँ से विदा नहीं होता वह जीवन पर्यंत यहाँ से जुड़ा रहता है। व्यवस्थापक राकेश जोशी ने कहा कि सर्वोत्तम अंक लाने पूरा प्रयास करें किसी कारण अंक कम आ जाये तो निराश न हों अगली परीक्षा की तैयारी में जुट जायें तथा पिछली कमियों को दूर करें। पुरूषोत्तम अग्रवाल, यश सिंघानिया, प्रतीक सिंघानिया, प्राचार्य लखनलाल साहू ने भी भैया - बहिनों का मार्गदर्शन किया। गायत्री चौबे, सुमन साहू, साकेत साहू, भीमशंकर आदि ने विद्यालय के अपने अनुभव साझा किया। अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। संचालन दिव्या शर्मा तथा निकिता चौबे ने किया। इसके पूर्व दीप प्रज्वलित कर भारतमाता, ऊं, माँ सरस्वती की पूजा कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का भैया - बहिनों ने पुष्प गुच्छ प्रदानकर तथा तिलक लगाकर स्वागत किया।

दस्तावेज लेखक कक्ष को व्यवस्थित करने सौंपा ज्ञापन

बालोद, 22 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका बालोद में दस वर्षों से काबिज कांग्रेस की सत्ता को हटाकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन की सरकार पर भरोसा करते हुए नगर की जनता ने भाजपा का परचम लहराया है। और बालोद नगर पालिका में भाजपा प्रत्याशी प्रतिभा चौधरी पर विश्वास अर्जित करते हुए त्रिपल इंजन की सरकार बैठा कर नगर के विकास की चाबी उन्हें सौपी है 7 इसी परिपेक्ष में तहसील दस्तावेज लेखक संघ के अध्यक्ष लक्ष्मी दुबे के नेतृत्व में नगरपालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी साहू से सौजन्य मुलाकात कर संघ की ओर से बधाई दी। लक्ष्मी दुबे ने दस्तावेज लेखक कक्ष को सुवस्थित कर, बैठक कक्ष को स्थाई रूप देकर तहसील परिसर में बाउंड्री वॉल करने एवं पंजीयक कार्यालय भवन के लिए नगर पालिका में लंबित भूमि आबटंन के प्रकरण को पूर्ण करने की मांग की उन्होंने तहसील परिसर में यातायात की अव्यवस्था को भी सुधारने की भी मांग की । नगरपालिका के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने शहर के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया 7 उन्होंने कहा की क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास के साथ हमें चुना है,उसे पूरा करने हम प्रतिबद्ध हैं 7 हम बालोद के विकास के लिए कोई कसर बाकी नहीं रखेंगे, बस आप सभी का आशीर्वाद हमेशा बना रहे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से लक्ष्मी नारायण दुबे, शिव कुमार सिंह गौतम, मो. जुनैद कुरैशी, गोल्डी सिंह गौतम, भूपेंद्र चंद्राकर, सोमेशकुमार साहू , संजय पटेल, देव नारायण पटेल, शेखर पटेल, मनोहर लाल,जयंत कुमार मुर्चुलिया, अक्षय यादव गोल्डी अग्रवाल, जनक चन्द्राकर, लोचन पटेल, मिथलेश यदु उपस्थित रहे ।

विजय संकल्प रैली की ऐतिहासिक सफलता

जनसमर्थन ने दिखाया अपार उत्साह

बेमेतरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। बेमेतरा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 में भाजपा प्रत्याशी के नेतृत्व में आयोजित भव्य विजय संकल्प मोटर साइकिल रैली आज चण्डी मंदिर, नेवनारा से निकली और अपार जोश, उत्साह एवं जनसमर्थन के साथ संपन्न हुई। इस ऐतिहासिक रैली को क्षेत्र के 32 गांवों में अभूतपूर्व समर्थन मिला, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि जनता का आशीर्वाद और सहयोग भारतीय जनता पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा है।

रैली के दौरान सड़कों पर जनसैलाब उमड़ पड़ा, युवा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने पूरे जोश और उमंग के साथ भाजपा की विचारधारा एवं विकास योजनाओं का प्रचार किया। विभिन्न गांवों में जनता ने फूल मालाओं, जयकारों और गर्मजोशी से रैली का स्वागत किया, जिससे यह साबित हुआ कि भाजपा को अभूतपूर्व समर्थन मिल रहा है।

इस विजय संकल्प रैली ने यह संदेश दे दिया है कि जनता विकास और सुशासन की नीति को अपनाते हुए भाजपा के पक्ष में मजबूती से खड़ी है। यह चुनाव केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के उज्जवल भविष्य, बेहतर बुनियादी सुविधाओं और मजबूत प्रशासनिक व्यवस्था का चुनाव है। भाजपा प्रत्याशी ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे आगामी 23 फरवरी 2025 को अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और ईवीएम में 1 नंबर बटन दबाकर 'दो पति छाप' को विजयी बनाएं।

भाजपा प्रत्याशी ने इस ऐतिहासिक रैली को सफल बनाने वाले सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, समर्थकों और आम जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया और कहा कि आपका विश्वास हमारी ताकत है। यह चुनाव केवल जीत का नहीं, बल्कि आपके अधिकार, क्षेत्र के विकास और सुशासन की स्थापना का है। मेरा आप सभी से निवेदन है कि अपने अमूल्य वोट का प्रयोग करें और भाजपा को विजयी बनाकर क्षेत्र के विकास को नई गति दें ।

आपका एक-एक वोट विकास, सुशासन और समर्पित सेवा की दिशा में एक बड़ा कदम होगा। कल के मोटर साइकल रैली में हज़ारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

अदित्य तिवारी को कलेक्टर द्वारा जेईई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया

बेमेतरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। एलॅन्स पब्लिक स्कूल (न्यू सैनिक स्कूल) के छात्र मास्टर अदित्य तिवारी को उनकी उल्लेखनीय अकादमिक उपलब्धि के लिए कलेक्टर कार्यालय से विशेष सम्मान के लिए आमंत्रित किया गया।

अदित्य ने जेईई में 99.7त्न अंक प्राप्त कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की, जिसने न केवल उनके बल्कि पूरे स्कूल के लिए गर्व का क्षण बनाया। उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए, माननीय कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा ने एक विशेष समारोह में अदित्य को सम्मानित किया।

इस अवसर पर, श्री शर्मा ने अदित्य की प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए कहा, च्यदि आप किसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित हैं, तो कुछ भी असंभव नहीं है ज्ज उन्होंने अन्य छात्रों को भी अदित्य की यात्रा से प्रेरणा लेने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर स्कूल समुदाय, शिक्षकों और सहपाठियों ने अदित्य का अभिनंदन किया, जो एलॅन्स पब्लिक स्कूल (न्यू सैनिक स्कूल) और पूरे जिले के लिए एक गर्व का क्षण रहा।

बोर्ड परीक्षा के संबंध में जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित

■ केन्द्राध्यक्षों, सहायक केन्द्राध्यक्षों व संकुल शैक्षिक समन्वयकों को परीक्षा संचालन के लिए दिए गए आवश्यक निर्देश

कवर्धा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी वाई.डी. साहु के नेतृत्व में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, दुर्गावती चौक, कवर्धा में आज जिला स्तरीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बैठक में सहायक संचालक एम.के. गुप्ता, यू.आर. चन्द्राकर, डी.जी. पात्रा एवं एम.आई.एस. प्रशासक सतीश कुमार यदु उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी वाई.डी. साहु ने 1 मार्च से आरंभ होने वाली बोर्ड परीक्षा के सुव्यवस्थित एवं सफल संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर एवं सेजेस कचहरीपारा, कवर्धा के प्राचार्य आर.एस. धुर्वे ने उपस्थित प्रशिक्षार्थियों को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा जारी निर्देशों के आधार पर कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं के संचालन और मूल्यांकन प्रक्रिया पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में बैठक व्यवस्था, स्वच्छता, ठंडे पेयजल की उपलब्धता, हवादार एवं प्रकाशयुक्त परीक्षा कक्ष, बोर्ड द्वारा निर्धारित पंजियों, प्रपत्रों और निर्देशों के समयानुसार समुचित क्रियान्वयन के संबंध में विशेष जोर दिया। इसके अलावा, कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केंद्रीकृत मूल्यांकन परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए राज्य कार्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों को साझा करते हुए आवश्यक कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई।

बैठक में प्री-बोर्ड परीक्षा 2025 की समीक्षा, वार्षिक परीक्षा (कक्षा 9वीं व 11वीं), बोर्ड परीक्षा (कक्षा 10वीं व 12वीं) और प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों की शेष कक्षाओं की परीक्षा तैयारी की समीक्षा की गई। साथ ही, अपार आईडी निर्माण की प्रगति, छात्रवृत्ति, सीजी स्कूल डॉट इन पोर्टल पर ऑनलाइन प्रविष्टि, शिक्षकों की वरिष्ठता सूची, आईपीआर अपलोड की स्थिति और लंबित अवकाश आवेदनों के त्वरित निराकरण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। इस एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण में जिले के चारों विकासखंडों के विकासखंड शिक्षा अधिकारी, खंड स्रोत समन्वयक, 75 परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, रिजर्व केन्द्राध्यक्ष एवं 150 संकुलों के संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित रहे।

जगन्नाथपुर में देव कुंवर कोसिमा को सरपंच बनने में मिली कामयाबी

बालोद, 22 फरवरी (देशबन्धु)। बालोद जिले के ग्राम जगन्नाथपुर में 26 वर्षीया एक महिला देव कुंवर कोसिमा को सरपंच बनने में कामयाबी मिली है। इस पंचायत चुनाव में आदिवासी महिला आरक्षित सीट होने के कारण सरपंच चुनाव के लिए चार महिलाएं अपना भाग्य आजमा रही थी। जिसमें सबसे ज्यादा शिक्षित होने का लाभ प्रत्याशी देव कुंवर कोसिमा को मिला और उन्होंने अन्य तीन प्रत्याशियों को पीछे छोड़ते हुए 150 वोट के अंतर से जीत हासिल की। देव कुंवर बीए फाइनल पढ़ी हुई है। पति दौलत कुमार सहित अन्य समर्थक ग्रामीणों ने बताया कि जीत आसान नहीं थी। क्योंकि चार-चार महिलाएं मैदान में थी। लोगों के बीच यह चर्चा रही कि हम एक शिक्षित महिला को सरपंच बनाएंगे । ताकि वह आगे चलकर पंचायत को सही तरीके से संभाल सके और गांव का विकास कर सके। जिसमें नेतृत्व की क्षमता हो और अभिव्यक्ति में निपुण हो। न कि जीतकर कोई कठपुतली सरपंच बनकर रह कर। योग्य और शिक्षित महिला प्रत्याशी की तलाश मतदाताओं के बीच थी। जब नामांकन भरे गए तो तीन चार नाम सामने आ गए थे। जिनमें सबसे योग्य और शिक्षित के तौर पर देव कुंवर का नाम पहले से ही गांव में चर्चा में था । तो वही अन्य मोहल्ले से भी तीन महिलाएं सरपंच चुनाव में ताल ठोक रही थी। शिक्षा और अपने नेतृत्व क्षमता और मतदाताओं की एक जुटता के चलते देव कुमार कोसिमा को जीत हासिल हुई। जिसके लिए उन्होंने समस्त ग्राम वासियों का आभार जताया। कुल 519 वोट देवकुंवर को मिला। वहीं दूसरे स्थान पर प्रतिद्वंद्वी महिला चित्रांगनी को 369 तो अन्य दो प्रत्याशी लक्ष्मी मंडावी को 196 और मालती मंडावी को 171 वोट मिले।

बोर्ड परीक्षा के लिए शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए केंद्राध्यक्ष नियुक्ति प्रस्ताव में भेदभाव का लगा आरोप

■ जिला शिक्षा अधिकारी के इर्द-गिर्द रहने वालों को मिला केंद्राध्यक्ष की जिम्मेदारी

खैरागढ़, 22 फरवरी (देशबन्धु)। जिले में होने वाले बोर्ड परीक्षा के लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर को केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजा गया है जिसमें भेदभाव का आरोप लगाया जा रहा है। वरिष्ठ एवं कनिष्ठ व्याख्याताओं के बीच भेदभावपूर्ण कार्यवाही को लेकर अधिवक्ता मनराखन देवांगन ने कहा है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में प्रत्येक केंद्र के लिए केंद्रध्यक्ष की वरिष्ठता के अनुसार प्रस्ताव

भेजने निर्देश दिया गया था परंतु जिला शिक्षा अधिकारी ने मनमानी ढंग से सूची तैयार कर भेज दी है । वरिष्ठ व्याख्याताओ को दूर और कम दर्ज वाले केंद्रो में भेज दिया गया है तथा कनिष्ठ को बड़े स्कूलों में जहाँ दर्ज संख्या अधिक है तथा अतिसंवेदनशील है वहाँ भेज दिया गया है। यह इसलिए किया गया है कि अधिकतर कनिष्ठ व्याख्याता जिला शिक्षा अधिकारी के आस पास चापलूसी करते नजर आते है जबकि वरिष्ठ व्याख्यातागण अपने स्कूलों तक पढाई लिखाई में व्यस्त रहते है। हद तो तब हो गई जब पिछले वर्ष नकल प्रकरण में लिप्त व्याख्याताओं को भी केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति किया गया जबकि ऐसे व्याख्याताओं को कम से कम एक वर्ष के लिए ड्राप करना चाहिए। विधायक प्रतिनिधि श्री देवांगन ने बोर्ड द्वारा जारी सूची के आधार बताया कि कई व्याख्याताओं को प्रशन- पत्र थाना में जमा करने एवं निकालने में दिक्कत होगी। उन्होंने मांग की है कि व्याख्याताओं की आने जाने की सुविधा एवं वरिष्ठता को ध्यान में रखकर सूची में संशोधन किया जाये ताकि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से परीक्षा कार्य को सम्पन्न किया जा सके श्री देवांगन ने बताया कि जिला कार्यालय में ऐसे व्याख्याताओं के लिए विभिन्न प्राकोष्ठ का नोडल बनाया गया है जिन्हे अपनी शाला से दूर रहने और अध्ययन अध्यापन से कोई सरोकार नही रहता विवादित है। ऐसे भी व्याख्याताओं को नोडल बनाया गया है जो अपनी शाला के प्रभारी प्राचार्य है। उन्होंने मांग की है कि जिला कार्यालय में अनुभवी और वरिष्ठ व्याख्याताओं को महत्वपूर्ण दायित्व दिया जाये। नवगठित जिले की शिक्षा गुणवत्ता एवं शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बना सके ऐसे अधिकारियों की जरूरत है परंतु देखा जा रहा कि जिले की शिक्षा व्यवस्था संतोष जनक नहीं है।

केसीजी जिले में मोदी की गारंटी व विष्णु देव साय की सुशासन पर जनता ने लगाया मुहरः घम्मन

खैरागढ़, 22 फरवरी (देशबन्धु)। नवीन जिला केसीजी में हुए प्रथम त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मोदी की गारंटी व विष्णुदेव साय के सुशासन पर मोहर लगाकर भाजपा के अधिकृत व समर्थित प्रत्याशियों की एकतरफा जीत से कांग्रेस बैकफुट पर आ गयी है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के जिला प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष घम्मन साहू के कुशल नेतृत्व व विक्रांत सिंह के मार्गदर्शन में जिला पंचायत के 10 में से 8 में भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत व समर्थित प्रत्याशी हेमलता निजाम मंडावी, प्रियंका खम्मन ताम्रकार, विक्रांत सिंह, ललित चोपडा, दिनेश वर्मा, अरूणा सिंह बनाफर, जमुना कुर्रे, भुनेश्वरी देवांगन की प्रचंड जीत के साथ नवीन जिले में भाजपा का अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनना सुनिश्चित हो गया है। इसी तरह छुईखदान जनपद एवं खैरागढ़ जनपद पंचायत में भी भाजपा के अधिकृत एवं समर्थित प्रत्याशियों की एकतरफा जीत के साथ अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बनाने में भाजपा सफल होगी। इसी तरह ग्राम पंचायत में भी अधिकांश पंच सरंपच में भाजपा समर्थित प्रत्याशी ने जीत हासिल की है जो यह दर्शाता है कि गांव में मोदी की गारंटी के साथ विष्णुदेव सरकार के 13 माह के कार्यकाल में किसान, महिला, गरीब व युवाओं के लिए हुए कार्यों पर सभी वर्ग मुहर लगाये हैं। दूसरे चरण में हुए मतदान में भी भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत जिला पंचायत व जनपद पंचायत के प्रत्याशी सहित भाजपा समर्थित पंचसरपंचों को जीत हुई है।

जनपद क्षेत्र क्र. 17 से हेमकल्याणी की हुई जीत

खैरागढ़, 22 फरवरी (देशबन्धु)। खैरागढ़ ब्लॉक में 20 फरवरी को द्वितीय चरण का त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें जनपद क्षेत्र क्र 17 टेकापारकला से कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी हेमकल्याणी तोड़े ने अपने प्रतिद्वंदी तीन प्रत्याशियों को कड़ी चुनौती देते हुए जीत का परचम लहराया है। श्रीमती तोड़े ने बताया कि जनपद क्षेत्र क्र 17 के मतदाताओं ने मुझे चुनाव में जिताकर लाए है। मैं जनता जनार्दन का आभार व्यक्त करती हूं क्षेत्र के मतदाताओं का मुझे भरपुर आशीर्वाद मिला है। श्रीमती तोड़े ने बताया कि जनपद चुनाव में मुझे बाजगुड़ा से 278 टेकापार कला से 379 डोकराभाठा 464 खैराबना 207 टेकाडीह 36 पिरचाटोला 57 भूरसा 95 खोघा 116 कातलवाही 158 काचरी 279 एटीकसा से 117 वोट हेमकल्याणी को कुल 2186 वोट मिला है। श्रीमती तोड़े ने अपने प्रतिद्वंदियों को लगभग 700 वोटो से पराजित किया है। हेमकल्याणी को लगातार क्षेत्र के जनता ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

शहीद जवान के स्मारक स्थल पर आठ साल बाद भी नहीं लग सकी प्रतिमा

सोनेसर के ग्रामीणों में इस बात को लेकर है आक्रोश

राजनांदगांव, 22 फरवरी (देशबन्धु)। खाकी की आन बान और उसकी शान के लिए जवान अपने खून के आखरी कतरे तक दुश्मनों से लड़ता है और जब शहीद होने का गर्व हासिल करता है तो खाकी पहना हर व्यक्ति उनके जांबाजी के किस्से से आत्मगौरव हासिल करता है और जब मरणोपरांत भी शहीद सम्मान और गौरव को हासिल नहीं कर पाता है तो समूचे समाज का सिर शर्म से झुक जाता है। देश की रक्षा सुरक्षा के लिए प्राण न्यौछावर कर देने वाले शहीद हेमन्त महिलकर आज उसी व्यथा का हिस्सा बन गए हैं, उनके स्मारक बनवाने के लिए परिजनों को दर- दर की ठोकरें खानी पड़ी पर नतीजा सिफर ही रहा। जिस जवान ने राष्ट्रीय ध्वज की रक्षा करते करते अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे आज उनकी प्रतिमा को उनके ही गांव के स्कूल में स्थान दिलाने के लिए उनका पूरा परिवार आंसू बहा रहा है, लेकिन आज आठ साल बाद भी शहीद के स्मारक के लिए 4 फ़ीट की साफ सुथरी जगह नसीब नहीं हुई। यह उपेक्षा का मामला राजनांदगांव जिले से महज 19 किलोमीटर पर स्थित ग्राम सोनेसरार का है।जहां के हेमन्त महिलकर ने 2017 में नक्सली पुलिस मुठभेड़ में अपने प्राण निछावर कर शहीद हो गए थे। शासन-प्रशासन ने उनकी शहादत पर घड़ियाली आंसू तो बहाए लेकिन 7 साल बाद भी प्रशासनिक उदासीनता के कारण शहीद हेमन्त महिलकर के स्मारक का निर्माण नहीं हो पाया।

हेमन्त कुमार महिलकर का जन्म राजनांदगांव जिले के ग्राम सोनेसरार में हुआ था। जिला मुख्यालय से 19 किलोमीटर दूर स्थित सोनेसरार में शिक्षा-दीक्षा के बाद उनका चयन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में हुआ। हेमन्त कुमार महिलकर को जानने वालों ने बताया कि साल 2017 में वे सूरजपुर में पदस्थ थे। इस दौरान बीजापुर में पुलिस नक्सली मुठभेड़ के दौरान बहादुरी से लड़ते हुए वे शहीद हो गए। उसके बाद से उनकी माता सावली महिलकर अपने शहीद बेटे की स्मारक की मांग करते हुए 8 साल से शासन और प्रशासन से मदद की गुहार लगा रही है, लेकिन अब तक उन्हें सिर्फ निराशा ही हाथ लगी प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधियो तक और सरपंच से लेकर मुख्यमंत्री तक तमाम दफ्तरों के चक्कर काटने के बाद भी शहीद जवान को स्मारक के लिए 2 गज जमीन नहीं मिली। शहीद हेमन्त महिलकर की उपेक्षा सरकार और प्रशासन के द्वारा जवानों और शहीदों के प्रति किये गए वादों और दावों की पोल खोलती है। जिस जवान ने अपनी न ही परिवार की परवाह किये बिना देश सेवा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, विडंबना है कि आज शासन प्रशासन उस जवान की शहादत को श्रद्धांजलि देने के लिए बनाए गए अमर जवान के शहीद स्मारक में प्रतिमा स्थापित कर पाने उदासीन नजर आ रही है । यही कारण है कि युवाओं और समाज में और खास कर खाकी भी इस तरह से उदासीन कृत्य और घोर उपेक्षा का आक्रोश अपने अंदर रखती है जिसका असर खाकी और समाज के बर्ताव में साफ समय समय पर देखा जा सकता है। प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार अगर शहीद जवान होता है और मरणोपरांत भी सम्मान को तरसता है तो इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है।क्या जिले का स्वरूप छोटा करने के बावजूद प्रशासनिक दरियादिली की तंगहाली और बौनी होते चले जा रही है फिर जिले को छोटा करने के आखिर मायने क्या है?

साकरदाहरा नदी में मिला युवती का शव, हत्या या आत्महत्या पुलिस कर रही जांच

डोंगरगांव, 22 फरवरी (देशबन्धु)। मोक्षधाम साकरदाहरा के नाम से प्रसिद्ध धार्मिक स्थल जहां शिवनाथ नदी बहती है वहीं एक घाट के पास 19 वर्षीय युवती की लाश मिलने से हड़कम मच गया। मौके पर नहाने गए कुछ युवकों ने युवती का शव देखा और इसकी सूचना आसपास के लोगों को और डोंगरगांव पुलिस को दी गई। नहाने गए युवकों ने शव को करीब दोपहर डेढ़ बजे देखा और उसके बाद यह खबर आग की तरह फैल गई। मौके पर उपस्थित लोगों ने इस बात को आसपास के गांव तक भी पहुंचा और युवती के संबंध में कुछ जानकारियां सामने आयी। मृतक युवती पास ही लगे ग्राम बेंदरकट्टा में रहती थी और पिछले 20 फरवरी को डोंगरगांव थाने में परिजनों ने इसके गुमइंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद से परिजन और पुलिस युवती की तलाश कर रहे थे और अचानक 22 जनवरी शनिवार दोपहर को साकरदाहरा के शिवनाथ नदी में मृत अवस्था में तैरती मिली। मृतक युवती की पहचान शालिनी त्रिपुड़े पिता स्वर्गीय मनोज त्रिपुड़े 19 वर्ष के रूप में हुई है। मृतक युवती के अलावा परिवार में मां और एक बड़ी बहन है जो छुरिया तहसील के अंतर्गत आने वाले घोटिया ग्राम की रहने वाली है और वह ग्राम बेंदरकट्टा में अपने मामा के यहां रहकर डोंगरगांव से पढ़ाई कर रही थी। वहीं परिजनों ने बताया कि कुछ दिनों से स्वास्थ्य खराब था और इलाज चल रहा था। शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए डोंगरगांव लाया गया और पीएम पश्चात शव को परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। इधर इस मामले में डोंगरगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

केंद्र सरकार अधिवक्ता संशोधन विधेयक से न्याय व्यवस्था को ध्वस्त करने आमादा: रूपेश दुबे

बीसीआई की अधिकारिता के साथ वकीलों की स्वतंत्रता पर प्रहार भी

राजनांदगांव, 22 फरवरी (देशबन्धु)। छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के महामंत्री रूपेश दुबे ने केंद्र सरकार द्वारा अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को केंद्र सरकार की साजिश करार देते हुए कहा कि भाजपा सरकार जहां संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग सहित ऊटपटांग कानून लाकर देश में अफरातफरी का माहौल निर्मित कर चुकी है उसी तर्ज पर अब भारतीय न्याय व्यवस्था को बाधित करने के लिए अधिवक्ता संशोधन विधेयक लाकर न्याय प्रणाली पर सरकार अपना अधिनायक वाद थोपना चाहती है जिसके चलते न्याय मार्ग के पथ प्रदर्शक अधिवक्ता समूहों के द्वारा विरोध प्रारंभ हो गया है।

प्रवक्ता एवं महामंत्री रूपेश दुबे ने बताया कि अधिवक्ताओ के लिए एक्ट बार काउंसिल आफ इंडिया के द्वारा बनाया जाता है और वह आज पूरे देश में लागू है लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार अधिवक्ता विधेयक कानून के माध्यम से बार काउंसिल आफ इंडिया के अधिकारिकता के साथ-साथ अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता पर प्रहार करने की नीति बना ली है अधिवक्ता अधिनियम 1961 की धारा 4 में संशोधन कर बीसीआई सदस्यों के रूप में केंद्र सरकार द्वारा 3 सदस्य नामित किए जाएंगे जो बीसीआई को नियम बनाने के लिए निर्देश देंगे जो कतई उचित नहीं है क्योंकि बीसीआई में सदस्य राज्य बार काउंसिल द्वारा चुने जाते हैं। इसी प्रकार कोर्ट में अनुचित तर्क और अशोभनीय भाषा के लिए अधिवक्ताओं के 6 माह के लिए लाइसेंस निरस्त करने का जो कानून ला रही है अनुचित तर्क और अशोभनीय की व्याख्या स्पष्ट न होने से आने वाले समय में गंभीर परिणाम होंगे नए अधिनियम की धारा 35 ए में अधिवक्ता अपने अधिकारों के लिए हड़ताल भी नहीं कर पाएंगे जो लोकतांत्रिक व्यवस्था में अधिकारों की रक्षा से वंचित करने वाला कार्य है। कानूनी व्यवसाय की धारा 2 सहित धारा 45 बी प्रोफेशनल मिसकंडक्ट की भी व्याख्या इस नए विधेयक में विस्तृत नहीं होने से अधिवक्ता एवं पक्षकारों के मध्य विवाद की स्थिति निर्मित करावेगी ऐसी दशा में इस विधेयक को लागू न करने एवं अधिवक्ताओं के लिए अधिनियम बार काउंसिल आफ इंडिया के द्वारा ही बनाए जाने के मांग को लेकर पूरे देश के वकील हड़ताल की ओर अग्रसर हो रहे हैं छत्तीसगढ़ में अधिवक्ता काउंसिल का गठन नहीं होने की स्थिति में इस अधिनियम पर छ ग से किस प्रकार से अधिवक्ताओं के हित की बात रखी जाएगी यह भी देखने वाली बात होगी।

सांसद संतोष पाण्डेय की दहाड़ भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी क्षेत्र क्रमांक 8 में किरण साहू को दे अपना समर्थन

राजनांदगांव, 22 फरवरी (देशबन्धु)। पंचायत चुनाव के अंतिम दिन राजनांदगांव क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद संतोष पाण्डेय जी भाजपा से अधिकृत प्रत्याशी जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 श्रीमती किरण साहू के प्रचार में गांव-गांव पहुंचकर लोगों से जनसंपर्क कर नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से जिला पंचायत के प्रत्याशी के साथ लोगों से समर्थन व वोट मांगा साथ ही सांसद संतोष पांडे जी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा आमजन के लिए किए जा रहे कार्यों को उनके समक्ष रखा जैसे किसान सम्मन निधि लगातार किसानों को मिल रहे हैं उज्जवला गैस प्रधानमंत्री आवास जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को जनता के समक्ष रखते हुए कहा जिस प्रकार से अपने मुझे मोदी जी के साथ काम करने का अवसर दिया है ठीक उसी प्रकार छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय जी के सरकार के साथ पंचायती राज के तहत काम करने का अवसर हमारे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 8 के प्रत्याशी श्रीमती किरण साहू जी को भी मौका दें ताकि वह पंचायती राज व्यवस्था के तहत प्रत्येक ग्राम के विकास में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके उन्होंने कहा जैसे छत्तीसगढ़ के विष्णु देव सरकार ने अपने मोदी की गारंटी को लागू करते हुए महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक माताओ को प्रतिमा ?1000 दिए जा रहे हैं ठीक इसी प्रकार अन्नदाता किसानों को छत्तीसगढ़ सरकार मोदी की गारंटी के तहत ?3100 धान खरीदी की अंतर की राशि किसानों के खाते में भेजे गए हैं एवं भेजे जा रहे हैं वहीं महिला समूह को उनके अधिकारों को पुन: वापस करते हुए रेडी टू इट एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से लाभ दिलाने का काम छत्तीसगढ़ सरकार कर रही है जिला पंचायत क्षेत्र के पूर्ण विकास के लिए भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती किरण साहू को पतंग छाप में मोहर लगाकर भारी मतों से विजय बनाने की अपील की सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा जिस प्रकार डालडा घी के बाजार में आ जाने से असली घी पर असली शुद्धता देसी घी लिखना पड़ रहा है ठीक इस तरह कुछ लोगों के द्वारा यहां प्रचारित किया जा रहा है कि हम असली बीजेपी के कार्यकर्ता है इसीलिए आज मैं भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती किरण साहू के समर्थन में आप सबसे किरण साहू के लिए आशीर्वाद व समर्थन मांगने के लिए आया हूं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती किरण साहू के लिए समर्थन एवं वोट मांग रहे हैं संतोष पाण्डेय जी ने कहा किसी के बहकावे में नहीं आना है भारतीय जनता पार्टी के सोच एवं विकास के साथ आप सबको आगे बढ़ाना है ताकि आपके गांव और क्षेत्र का विकास हो सके निश्चित ही किरण साहू के विजय होने पर इस क्षेत्र का विकास होगा

इस मौके पर प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के संयोजक शशिकांत द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण के कार्यकर्ता उपस्थित थे

अभिनंदन गेलेक्सी की आड़ में 22 एकड अवैध प्लाटिंग कर शासन को आर्थिक क्षति पहुँचने वाले दोषियों के खिलाफ एफ.आई.आर की माँग

राजनांदगांव, 22 फरवरी (देशबन्धु)। शहर शहर की जन-जन की आवाज एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से यह कहा कि, निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत जिस तरह से अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं एवं भूमि स्वामियों को विधि के अनुसार नोटिसों की आड़ में राजनांदगांव नगर निगम की भवन विकास अनुज्ञा शाखा और शासन के सबंधित इसके विभाग प्रमुख अधिकारियों-कर्मचारियों की मिली भगत के चलते अवैध प्लाटिंग लगभग 20 से 25 एकड़ में होने के बावजूद जो नियमितिकरण का खेल कर शासन को जो वित्तीय हानि करोड़ों रूपयों की पहुँचाने का जो भष्टाचार निगम के एवं अन्य विभाग प्रमुख अधिकारियों के संरक्षण में उक्त भू-माफियों और उक्त कॉलोनाईजर की कॉलोनी की आड़ में जो खेल खेला गया वह उनकी बीना मिलीभगत एवं संरक्षण के संभव नहीं है ? पूर्व में मेरे द्वारा दिनांक 14.01.2025 को प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन सचिव, संचालक, कलेक्टर एवं निगम आयुक्त को इस अभिनंदन गेलेक्सी की आड़ में जो भष्टाचार करके भू-माफियों को आर्थिक लाभ पहुँचाया गया है। जिसकी मेरे द्वारा शिकायत की गई अवैध प्लाटिंग को लेकर शासन के नियम विरूद्ध कार्य करने का जो भष्टाचार आज के समाचार पत्रों में सामने आया है। उसमें दोषी कॉलोनाईजर एवं संबंधित जिन-विभाग प्रमुख अधिकारियों/कर्मचारियों की जो भूमिका संल्पित है उस पूरे मामले की संल्क्षिा की जाँच का बिन्दुवार खुलासा करते हुए एफ.आई.आर. दर्ज करवाई जाए क्योंकि जिस तरह से स्थानीय अधिकारियों की मिली भगत से यह कार्यवाही नहीं हो पायी और लगभग 6 एकड़ क्षेत्रफल में रेरा कानून में पास कराया गया और उसकी आड़ में लभगभ 22 एकड़ क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग कर जनता को गुमराह करते हुए बेच दिया गया और नगर निगम के संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारियों आदि की मिलीभगत के चलते गैर कानूनी ढंग से नियमितिकरण करके गंभीर अपराध किया है। इसके अलावा अवैध कॉलोनी का जो नियमितिकरण करके शासन एवं निगम को करोड़ो रूपयें की आर्थिक नुकसान पहुँचाया गया है । श्री ओस्तवाल ने कहा कि, इस पूरे मामले की निष्पक्ष जाँच पर भी सवाल उठ रहे है की त्वरित दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की बजाय जो मामले को दबाने का काम निगम के भष्ट अधिकारी जो कर रहे थे वही राज्य शासन के द्वारा जब इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए दो दिवस के भीतर सम्पूर्ण मामले की सीडी सहित सम्पूर्ण जाँच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अवर सचिव के द्वारा आयुक्त,अनुविभागीय अधिकारी और उपसंचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग को जारी किया गया है और जिले के कलेक्टर से अनुरोध है कि, इस सम्पूर्ण मामले की जाँच का खुलासा करते हुए सभी दोषियों के खिलाफ शासन के नियमानुसार कार्यवाही करते हुए एफ.आई.आर. दर्ज करवाई जायें और उक्त कॉलोनाईजर के लायसेंस को निरस्त किया जाए एवं शासन के नियम विरूद्ध जो अवैध कॉलोनी बसाई गई है उसकी शासन के नियमों के अनुसार संपूर्ण बाह्य शुल्क एवं 15 प्रतिशत ई.डब्लू एस की जगह आदि की राशि उक्त अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमिस्वामी से की जाए।

डोंगरगांव मेला मंडई में दो गुटों में जमकर मारपीट, दो गंभीर

पुलिस की मुस्तैदी को लेकर नागरिकों ने उठाए सवाल

डोंगरगांव, 22 फरवरी (देशबन्धु)। डोंगरगांव में गुरूवार को मेला मंडई का आयोजन किया गया था, जहां कुछ युवकों के द्वारा वाद विवाद किया गया और लात घुसे भी चले। मिली जानकारी के अनुसार देर रात्रि करीब 10 बजे मेला में घुमने आये दो गुटों के युवकों में जमकर झगड़ा हुआ। जिसमें करीब दर्जन भर लोगों को चोट आई है। सूत्रों की माने तो शहर में गैंग बनाकर घुमने वाले युवकों के चलते माहौल लगातार खराब हो रहा है। इसी का नतीजा है कि मेले में दो गरुप में घुम रहे युवकों के बीच बच्ची को धक्का लगने को लेकर लड़ाई शुरू हुई और यह इस कदर बढ़ी की दो गंभीर रूप से घायल लोंगो को रिफर तक किया गया। नवनिर्वाचित पार्षद प्रफुल्ल जैन को जानकारी मिली कि मेला में दो गरुप में लड़ाई हो रही है। जिसके बाद उन्होने थाना प्रभारी को इसकी सूचना दी। वहीं मौके पर तथा आस-पास पुलिस जवान नहीं होने के चलते इन अपराधियों के हौलसे बुलंद हो जाते हैं और अक्सर भीड-भाड़ वाले स्थान में लड़ाई झागडे और वाद -विवाद की स्थिति निर्मित करते हैं। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार पौने दस बजे से लेकर रात्रि 2 बजे तक अनेक युवकों को घायल अवस्था में डोंगरगांव अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसमें रागेश्वर पिता पवन साहू 21 वर्ष जामसरार, मोहित पिता धनेश पटेल 17 वर्ष बगदई, मनीष पिता कमलेश पटेल 17 वर्ष मटिया, अजय पिता चुरामन पटेल 28 वर्ष आरी, हिमांशु पिता धनुषराम 19 वर्ष डोंगरगांव, कमलेश पिता लखनलाल 35 वर्ष डोंगरगांव, ईश्वर पिता महेश यादव 19 वर्ष डोंगरगांव, डोमेश यादव 19 वर्ष मोहला, थानेस पिता कमलेश पिता कमलेश साहू 30 वर्ष जामसरार, तरूण पिता कृष्णा रामटेके 25 वर्ष डोंगरगांव को चोट आने के चलते अस्पताल में इलाज कराया गया. वहीं कुनाल पिता राकेश देवांगन 22 वर्ष डोंगरगांव तथा हिमांशु सेवकराम साहू 23 वर्ष मटिया को चोटिल अवस्था में अस्पताल लाया गया था और स्थिति को देखते हुए राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है। माना जा रहा है कि मेला में हुए झगड़े में ये सभी युवक शामिल थे और उन्हे चोट आई है। अक्सर डोंगरगांव के मेला मंडई के आयोजन में नगरवासी ज्यादातर रात्रि के समय घुमने निकलते है जब भीड़ कुछ कम रहती है। जिसमें बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल होते हैं। ऐसे में गैंगवार जैसी घटनाओं से पूरे नगरवासी दहशत में हैं और पुलिस गस्त पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी अवनिश श्रीवास से चर्चा करने पर उन्होने बताया कि पांच पेट्रोलिंग वाहन शहर में गस्त कर रही थी। झगड़े की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंच कर कार्यवाही की गई थी

बिलासपुर ने राजनांदगांव को 5-2 गोल से हराकर जीती अस्मिता हॉकी स्टेट लीग

- रायपुर हॉकी रही तीसरे स्थान पर
- डिप्टी डायरेक्टर जरनल मंयक श्रीवास्तव, कलेक्टर संजय अग्रवाल,एस0पी मोहित गर्ग के हाथो खिलाडी हुए पुरूस्कृत
- विजेता को दो लाख,उपविजेता को एक लाख साठ हजार व तीसरे स्थान टीम को एक लाख बीस हजार रूपये का चेक दिया गया

राजनांदगांव, 22 फरवरी (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में भारत सरकार के सांई सेंटर व हॉकी इंडिया, के द्वारा संचालित व छत्तीसगढ हॉकी के द्वारा आयोजित अस्मिता हॉकी स्टेट लीग के फायनल मुकाबले में बिलासपुर की बालिका टीम ने राजनांदगांव हॉकी को 5-2 गोल से आसानी से पराजित करते हुए स्वर्ण पदक के साथ विजेता बनी राजनांदगांव रजत पदक के साथ उपविजेता व तीसरे स्थान पर रायपुर हॉकी ने कॉस्य पदक जीता चौथे स्थान पर कबीरधाम की टीम रही प्रतियोगिता का समापन व पुरूस्कार वितरण समारोह सांई के डिप्टी डायरेक्टर जरनल श्री मंयक श्रीवास्तव के मुख्यआतिथ्य,कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल,पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग, के आतिथ्य एवं हॉकी छत्तीसगढ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, महासचिव मनीष श्रीवास्तव सांई सेटर के इंचार्ज के.सी त्रिपाठी, मृणाल चौबे, के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

फायनल मैच में बिलासपुर ने राजनांदगांव को फायनल में हराया

हॉकी स्टेडियम में आज अपरांह में खेले गए बिलासपुर और राजनांदगांव के मध्य खेला गया फायनल मैच एकतरफा रहा जिसमें बिलासपुर ने राजनांदगांव को 5-2 गोल से पराजित किया मैच के प्रारंभ से ही बिलासपुर ने राजनांदगांव पर दबाव बनाना शुरू कर दिया और 16वें मिनट में मधु ने मैदानी गोल किया लेकिन 17वें मिनट में राजनांदगांव की शीतल ने गोल कर मैच 1-1 गोल की बराबरी पर ला दिया था इसके बाद बिलासपुर ने मैच के 22वें मिनट में रिया ने 44वें में भुमिका के गोल से बिलासपुर 3-1 गोल से आगे थी 48वें मिनट राजनांदगांव की आराधना ने गोल कर अपनी टीम के अंतर को 3-2 स्कोर पर ला दिया था लेकिन बिलासपुर की ओर से 49वें मिनट में मधु ने व 56वे मिनट में वैश्नवी ने गोल कर बिलासपुर को 5-2 गोल से निर्णायक बढत दिलाते हुए विजेता बनी इसके पहले गए तीसरे व चौथे स्थान के लिए स्पोटर्स अकादमी रायपुर ने हॉकी कबीरधाम को कढे मुकाबले में 3-2 गोलसे पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया रायपुर की ओर से नंदिता, हार्षिता, और कप्तान नम्रता ने गोल किया वहीं कबीरधाम की ओर से यशोदा व रूखमणी ने गोल किया।

अतिथियों ने किया संबोधित

अस्मिता हॉकी स्टेट लीग का पुरूस्कार वितरण करते हुए डिप्टि डायरेक्टर जरनल सांई दिल्ली ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ में खिलाडियों ने खेल की कला को समृद्ध किया है कोच भी अच्छे प्रशिक्षण दे रहे है यह टूर्नामेट भारत सरकार के ओर से बालिकाओ के खेल कौशल के परिपूर्ण करने के उद्धेश्य से अस्मिता हॉकी स्टेट लीग के नाम से आयोजित किया गया है जिसमें सरकार अपने उद्धेश्य में सफल भी हो रही है, कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दोनो टीमो बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चो में अपनी प्रतिभाओं को दिखाने में मौका मिलता है मैं इसके लिए आयोजको को धन्यवाद देता हूँ। इसके पूर्व आयोजन समिति के सचिव व छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने आयोजन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी आभार प्रदर्शन छत्तीसगढ हॉकी के महासचिव मनीष श्रीवास्तव ने किया स्वागत भाषाण दिया। अतिथियों को आयोजन समिति की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

आई.जी., कलेक्टर व एस0पी के हाथो हुआ पुरूस्कार वितरण

भारतीय खेल प्राधिकरण व हॉकी इंडिया द्वारा संचालित व छत्तीसगढ हॉकी के द्वारा आयोजित अस्मिता हॉकी स्टेट लीग प्रतियोगिता में अतिथियों द्वारा विजेता टीम बिलासपुर को स्वर्ण पदक व आक्रर्षक ट्राफी के साथ दो लाख रूपये का चेक उपविजेता टीम को रजत पदक ट्राफी व एक लाख साठ हजार रूपये का चेक व तीसरे स्थान पर आयी रायपुर हॉकी को कास्य पदक ट्राफी व एक लाख बीस हजार रूपये का चेक प्रदान किया गया।

सब जूनियर वर्ग में राजनांदगांव की एकतरफा जीत

अस्मिता हॉकी स्टेट लीग में सब जूनियर वर्ग में खेली जा रही बालिकाओं के मैच में आज प्रात: खेले गए पहले मैच में जगदलपुर और जशपुर के मध्य गया मैच गोल रहित बराबरी पर खत्म हुआ व दोनो टीमो को 1-1 अंक मिला दुसरे खेले मैच मे मेजबान राजनांदगांव ने एकतरफा मुकाबले में हॉकी बालोद को 9-0 गोल से पराजित कर 3 अंक प्राप्त किया। आज के समापन समारोह में प्रमुख रूप से रमेश डाकलिया, कुतुबुद्धीन सोलंकी, भूषण साव ,नीलमचंद जैन, अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी मृणाल चौबे, गणेश प्रसाद शर्मा (गन्नू), भुषण सॉव, शिवनाराण धकेता, रणविजय प्रताप सिंह, अजय झा, रामअवतार जोशी, अनुराज श्रीवास्तव, तीरथ गौस्वामी, प्रियंका,दिव्या सांई सेंटर कोच, अब्दुल कादिर ,सचिन खोब्रागढे, अभिनव मिश्रा, कृष्णा यादव, खुशाल यादव,रूपेश जायसवाल विष्णु सिन्हा एवं अन्य हॉकी प्रेमीजनता उपस्थित थे।

प्रादेशिकी

महासमुंद-धमतरी-बलौदाबाजार-बागबाहरा-पिथौरा-गरियाबंद

उल्टा पुल्टा

लड़की- आटा देना भईया.
दुकानदार- हमारे पास पतंजलि का है बेटा.
लड़की- मुझे आशीर्वाद चाहिए.
दुकानदार- सदा सुखी रहो बेटा...

गरीबों को मिल रहा हक, कांग्रेस बौखलाई : विधायक रोहित साहू

राजिम/गरियाबंद, 22 फरवरी (देशबन्धु)। गरीबों को पक्का मकान और महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिलने से कांग्रेस घबरा गई है। नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेसियों की बौखलाहट साफदिख रही है। कुछ कांग्रेसी शराब के नशे में अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं।

बीती रात चुनाव प्रचार के दौरान ऐसा ही एक मामला सामने आया। राजिम विधायक रोहित साहू भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा कर रहे थे। इसी दौरान कुछ कांग्रेसी शराब के नशे में वहां पहुंचे और ग्रामीणों के सामने अभद्र भाषा में बात करने लगे। इस पर विधायक ने उन्हें कड़ी फटकार लगाई और कहा, नशे में उल्टी सीधी बात मत करो, सादे में बात करो।

राजिम विधानसभा में भाजपा ने नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले दो चरणों में ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। पांच में से चार निकायों में भाजपा को जीत मिली। गरियाबंद और छुरा जनपद में भी भाजपा ने जीत दर्ज की। चार जिला पंचायत सदस्य भी भाजपा समर्थित चुने गए। कांग्रेस पूरी तरह साफहो गई। लगातार हार से कांग्रेसी बौखला गए हैं।

भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा के दौरान कुछ कांग्रेसी शराब के नशे में करने लगे अमर्यादित भाषा का प्रयोग

विधायक रोहित साहू ने कहा कि कांग्रेस हमेशा विकास विरोधी रही है। गांव और गरीबों का विकास कांग्रेस को रास नहीं आ रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पूरी होने से गरीबों को पक्के मकान मिल रहे हैं। माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने एक हजार रुपए मिल रहे हैं। इससे कांग्रेस परेशान है। कांग्रेस नहीं चाहती कि गांवों का विकास हो। इसलिए बीती रात कुछ कांग्रेसी शराब के नशे में हुल्लड़ करने पहुंचे थे। विधायक ने कहा कि ग्रामीण कांग्रेसियों के बहकावे में न आएं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ऐसे लोगों को गांव के विकास में बाधा नहीं बनने देंगे।

गांव का माहौल खराब करने की साजिश : विधायक साहू ने कांग्रेस पर गांव का माहौल खराब करने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा के बढ़ते जनाधार से कांग्रेस घबरा गई है। वे गांव में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल अपने कार्यकर्ताओं के जरिए ऐसी हरकतें करवा रहे हैं।

भाजपा ने कहा कि विकास देखकर कांग्रेस परेशान, अमर्यादित व्यवहार उनका आचरण : इधर भाजपा नेताओ ने कहा कि राजिम विधानसभा में तेजी से हो रहे विकास कार्यों को देखकर कांग्रेस परेशान है। विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में एक साल में करोड़ों के विकास कार्य की सौगात राजिम विधानसभा को मिली है। गांव-गांव में लाखों रुपए के विकास कार्य जारी हैं। इससे भाजपा और विधायक की लोकप्रियता बढ़ी है। इससे कांग्रेस को अपने अस्तित्व पर खतरा महसूस हो रहा है। कुछ कांग्रेसी अमर्यादित आचरण कर रहे हैं।

अनियंत्रित कार ने ट्रैक्टर को ठोका, एक महिला की मौत

धमतरी, 22 फरवरी (देशबन्धु)। नेशनल हाईवे 30 पर बिरेझर चौकी अंतर्गत कोड़ेबोड़ गांव के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि चा 10 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची बिरेझर चौकी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार 22 फरवरी की दोपहर जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रही कार कोड़ेबोड़ गांव के पास पहले एक बाइक से टकराई फिर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे चल रहे ट्रैक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में कार सवार महिला संध्या देवांगन (50 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार में सवार अन्य लोग मनोज देवांगन उम्र 60 वर्ष, सुमित देवांगन पीता मनोज देवांगन उम्र 29 वर्ष, अमन देवांगन पीता मनोज देवांगन उम्र 24 वर्ष घायल हो गए। वहीं ट्रेक्टर में सवार त्रिवेणी साहू पति श्रवण साहू उम्र 38 वर्ष, श्रीराम साहू पीता लतखोर साहू 35 वर्ष, भुवनेश्वरी मरकाम पति कन्हैया मरकाम उम्र 40 वर्ष, फुलवा बाई साहू पाती शिवदयाल साहू उम्र 60 वर्ष, लोकेश्वरी निर्मलकर पति देव निर्मलकर उम्र 35 वर्ष घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति ईश्वर तारक उम्र 60 वर्ष ग्राम बकली को भी चोटे आई है। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची बिरेझर चौकी पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

छत्रपति शिवाजी महाराज की मनाई गई जयंती

भरूवाडीह/बलौदाबाजार, 22 फरवरी (देशबन्धु)। कुर्मी मंगल भवन बलौदाबाजार में मातृभूमि के वीर सपूत छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। जहां कार्यक्रम का संचालन युवा अध्यक्ष रघुनंदन बघमार ने किया। वहीं समाज के वरिष्ठ सदस्य जामवंत वर्मा ने जय-भवानी जय शिवाजी-के नारों के साथ उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिवाजी महाराज के शासन काल में मातृभूमि के प्रति आस्था रखने वाले अनेकों वफादार मुगल सैनिक और राज दरबार में मंत्री रहे। छत्रपति शिवाजी हिन्दुस्तान के वीर सपूत और सम्राट थे। इस अवसर पर संरक्षक नरसिंह वर्मा, नगर अध्यक्ष हेमंत टिकरिहा, छात्रावास प्रभारी गणेश बघमार, मिडिया प्रभारी महेश वर्मा, मनु वर्मा, भानुप्रताप वर्मा, कोमल वर्मा, देवेश वर्मा, राज वर्मा, गिरवर वर्मा, भिनेश्वर वर्मा, मनीष सिरमौर, राजेश वर्मा, माखन वर्मा, तिलक बघेल, किशोर वर्मा, तामेश्वर वर्मा, राजेन्द्र वर्मा और ईश्वर वर्मा आदि उपस्थित थे।

लार्डबेडेन पावेल के जन्मदिन पर विचार गोष्ठी

महासमुंद, 22 फरवरी (देशबन्धु)। रानी लक्ष्मीबाई गाइड दल आशिबाई गोलछा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला महासमुन्द में स्काउट्स एवं गाइड्स संगठन के संस्थापक लार्ड बेडेन पावेल के जन्मदिन दिवस को विश्व चिंतन दिवस के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन गाइड दल प्रभारी लता वैष्णव ब्लाक सचिव स्थानीय संघ के नेतृत्व एवं तुलेन्द्र सागर जिला मीडिया प्रभारी जिला संघ एवं विद्यालय के शिक्षक स्टाफ व गाइड दल के साथ समस्त स्कूली विद्यार्थियों की उपस्थिति में सर्वप्रथम लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शभारम्भ किया गया। विचार गोष्ठी कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए

तुलेन्द्र सागर ने बताया कि आज स्काउटिंग के जनक लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिन को हम विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाते हैं। यह संगठन पूरे विश्व के 316 से अधिक देशों में संचालित है जिसमें 10 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति इस संस्था का सदस्य बन कर पावेल द्वारा बताए नियमों का पालन कर अनुशाषित रह कर सर्वांगीण विकास के साथ एक सुयोग्य नागरिक बनाने के साथ साथ विषम परिस्थितियों में भी बिना विचलित हुए किसी कार्य को भलीभांति सम्पादित करने में सक्षम बनाने के कार्य संगठन द्वारा किया जाता है। लता वैष्णव गाइड कैप्टिन ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में रानी लक्ष्मीबाई गाइड दल के साथ विद्यालयीन बच्चों के साथ गेंद राम साहू प्रधान पाठक, शिक्षक स्टॉफमें श्रीमती चंचला गुप्ता, गायत्री साहू लता वैष्णव गाइड प्रभारी, आबिदा खान , तृप्ति साहू , श्री वही राव, गाइड दल नायिका नीतू चंद्राकर, तनु निर्मलकर आदि उपस्थित रहे।

ब्रह्मलीन संत कवि पवन दीवान को दी गई श्रद्धांजलि

राजिम, 22 फरवरी (देशबन्धु)। ब्रह्मलीन संत कवि पवन दीवान की आज नवमी पुण्यतिथि पर राजिम स्थित उनके ब्रह्मचर्य आश्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस कार्यक्रम के तहत ब्रह्मचर्य आश्रम के ब्रह्मचारी बटुकों द्वारा उनकी आत्मा शांति हेतु यज्ञ हवन आदि अनुष्ठान किया गया। तत्पश्चात भजन गीत का आयोजन किया गया, जिसमें महंत रामसुंदर दास, समिति के अध्यक्ष संतोष उपाध्याय, अर्जुन नयन तिवारी, अरुण शर्मा, अरुण दीवान, अनिल तिवारी, कृष्ण कुमार शर्मा, केके पुराणिक, युवराज शर्मा सहित राजिम के अनेक नगरवासी एवं उनके शिष्य उपस्थित थे।

हमारा सौभाग्य है कि हमें राजिम जैसे तीर्थ और पवन दीवान के तपोभूमि में उपस्थित होने का अवसर प्राप्त हुआ : मंहत राम सुन्दर दास

पुण्यतिथि कार्यक्रम में श्रद्धांजलि देने पहुंचे महंत रामसुंदर दास ने अपनी भावना व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें राजिम जैसे तीर्थ और पवन दीवान के तपोभूमि में उपस्थित होने का अवसर प्राप्त हुआ। पवन दीवान ने संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए इस संस्था को स्थापित कर पूरे समर्पित भाव से छत्तीसगढ़ की सेवा की। वे विधायक, मंत्री और सांसद भी बने। तमाम पदों में रहने के बाद भी उनकी छत्तीसगढ़ी भावना से ओत-प्रोत निश्चल हंसी उनके परिचय का पर्याय थी। वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। भागवताचार्य होने के साथ ही साथ वे एक अच्छे कवि भी थे। उनकी स्मृतियों को सहेज कर रखने का प्रयास किया जाएगा। उनके द्वारा बनाए गये इस संस्थान में बटुकों को निशुल्क भोजन, शिक्षा, कर्तव्य किया था, उसे समिति पूरी तन्मयता के साथ करते हुए आगे बढ़ाएगी। मेरी भावभरी श्रद्धांजलि उनके प्रति समर्पित है। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे।

छत्तीसगढ़ ने प्रयागराज को किया हाइजैक : विशोकानंद महाराज

राजिम, 22 फरवरी (देशबन्धु)। आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद महाराज ने छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया का नारा देते हुए कहा छत्तीसगढ़ में माता कौशल्या का जन्म हुआ है, यहां अनेक मंदिर है इसलिए छत्तीसगढ़ सबसे बढ़िया है क्योंकि भारत के अनेक राज्य जो नहीं कर सके वो कार्य इन्होंने किया है। छत्तीसगढ़ ने प्रयागराज को हाइजैक करके यहां ले आए। उन्होंने आगे कहा कि तीर्थ प्रयागराज छत्तीसगढ़ नहीं आ सकता पर छत्तीसगढ़ियों ने इन महात्माओं को जो तीर्थ प्रयागराज के प्रतिनिधि है उनको यहां पर विराजमान किया है।

प्रयागराज में जो कुंभ स्नान करके खुशी नहीं हुई जितनी खुशी राजिम कुंभ से , मेरा मन गदगद हो गया: महाराज जी ने कहा कि सरकार के प्रयास से यहां पर फिर से राजिम कुंभ प्रारंभ हुआ है। इसलिए हम यहां पर एक भावना करते हैं कि प्रयागराज में जो कुंभ स्नान करके पुण्य कमाया है उसका फल इस प्रदेश को भी प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि आपको एक निश्छल मन से कह रहा हूं 1974 में पहला कुंभ हरिद्वार किया था। 1988 में मैं महामंडलेश्वर बनकर प्रयाग में कुंभ किया, फिर अब 2025 में किया। मेरे को वहां के 2025 के कुंभ से इतनी खुशी नहीं हुई जितनी अपने राजिम के 2025 के कुंभ से मेरा मन जो गदगद हो गया ।

सफाई दीदियों एवं मित्रों के पक्ष में निर्णय प्रदेश सरकार का स्वागत योग्य कदम : ऐतराम

महासमुंद, 22 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव के द्वारा नगर निगम, नगरपालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों में कार्यरत स्वच्छता दीदियों व सफाई मित्रों के लिए राहत का पिटारा खोलकर एवं साथ कई सुविधायें प्रदान करने के लिए भारतीय जनता पार्टी महासमुन्द के जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने बधाई एवं आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सफाई दीदियों एवं मित्रों की मांगे लंबे समय से चली आ रही थी जिसका कांग्रेस की सरकार ने अनदेखा किया और भाजपा सरकार ने उनके पक्ष में बढा फैसला लिया जो कि साधुवाद के पात्र है। उन्होंने कहा

कि हाल में सम्पन्न हुये नगरीय निकाय चुनाव महासमुन्द के घोषणा पत्र मे था कि स्वच्छता दीदियों को साप्ताहिक अवकाश दिलाया जावेगा उक्त घोषणा सरकान ने तत्काल लागू किया है। श्री साहू ने बताया कि अब नगरीय क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को सप्ताह में एक दिन अवकाश दिया जावेगा। 8 घण्टे से अधिक सेवा नही देना है महीना में एक सी.एल. अवकाश भी प्राप्त होगा। श्रम विभाग के पोर्टल पर पंजीयन कराकर श्रम विभाग विभाग के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जावेगा। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के अलावा नाली सफाई का कार्य सफाई मित्रों से ना कराया जावें ऐसा निर्देश जारी किया ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

कटगी के नवनिर्वाचित सरपंच ने निकाली विजय जुलूस

कटगी/बलौदाबाजार, 22 फरवरी (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत कटगी में हाल ही में संपन्न हुए पंचायत चुनावों में नवनिर्वाचित सरपंच जय सिंह पैकरा और पंचों का गांव के लोगों ने भव्य स्वागत किया गया। ग्रामवासियों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके कार्यकाल में गांव के विकास की उम्मीद जताई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विजय जुलूस में भाग लिया और नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

नवनिर्वाचित सरपंच ने कहा कि गांव के विकास और जनता की सेवा ही हमारी प्राथमिकता होगी। हम सभी को साथ लेकर चलने विकास कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। पंच पद पर निर्वाचित हुए सभी सदस्यों ने भी ग्राम हित में कार्य करने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने नई पंचायत से स्वच्छता, सड़क, जल आपूर्ति और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई। साथ ही कटगी के आस-पास ग्रामों के नवनिर्वाचित सरपंचों में नवापारा (धमलपुर) में शिव कुमार साहू, अमोदी में लक्ष्मीसागर, डेराडीह (रामपुर) में कमला साहू, कोट (टिपरूंग) में ओमप्रकाश कैवत्य, मानाकोनी में रामायणमति नेताम, दर्रा (गिरौद) में रंजीत पटेल, गिरौदपुरी में राजाराम पटेल इन सभी नवनिर्वाचित सरपंचों ने अपने-अपने गांव में बाजे गाजे के साथ विजय जुलूस निकाली व गांव के बड़े बुजुर्गो की आर्शीवाद लिया व गांव की विकास करने की वादा किया।

पालिका अफसरों ने किया एफएसटीपी प्लांट का निरीक्षण

महासमुंद, 22 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नेतृत्व में कार्यपालन अभियंता, उप अभियंताए राज्य शहरी विकास अभिकरण के समन्यक की संयुक्त टीम ने गुरुवार को तुमाडबरी मणिकंचन केन्द्र के पास स्थापित फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया। प्लांट को नियमित रख.रखाव की जानकारी ली। इससे पूर्व टीम ने नगर पालिका परिषद महासमुंद में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के संबंध में स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी व स्टाफकी बैठक ली। बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक सलामे, कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा, उप अभियंता दिलीप कश्यप, पीआईयू नीतू प्रधान एफएसटीपी प्लांट पहुंच वहां निरीक्षण किया। इस दौरान सुपरवाइजर रमा महानंद ने संचालन और रखरखाव के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण टीम ने फीकल स्लज प्रबंधन को बढ़ावा देने व प्लांट के प्रभावी उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यपालन अभियंता एसडी शर्मा ने एफएसटीपी की संचालन क्षमता बढ़ाने और डी.स्लजिंग के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिए।

'हरिशंकर परसाई का साहित्य व्यंग्य के विविध आयाम' विषय में डॉ. राधेश्याम पटेल बलौदाबाजार ने दी व्याख्यान

बलौदाबाजार, 22 फरवरी (देशबन्धु)। अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी 2025 के शुभावसर पर बिलासपुर के प्रतिष्ठित कॉलेज शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा स्नातकोत्तर कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बिलासपुर के हिन्दी विभाग द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का मुख्य विषय ''हरिशंकर परसाई का साहित्य- व्यंग्य के विविध आयाम'' विषय पर महाविद्यालय के हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. जय श्री शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामगोपाल सिंह, मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ के जाने-माने साहित्यकार एवं शिक्षाविद डा. विनय कुमार पाठक तथा विशेष वक्ता के रूप में डा. सुरेश माहेश्वरी विशेष रूप से उपस्थित रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डा. श्यामलाल निराला ने की। इस कार्यक्रम में साहित्यप्रेमी हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश न्यायमूर्ति चन्द्रभूषण बाजपेई ने अपने उपस्थिति देकर आयोजको एवं प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

बिलासपुर के शासकीय जमुना प्रसाद वर्मा महाविद्यालय में संपन्न हुआ राष्ट्रीय संगोष्ठी

प्रथम सत्र में उपरोक्त वक्ताओं के द्वारा सुप्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई जी के व्यंग्य रचनाओं की वृहद चर्चा की गई। हरिशंकर परसाई जी ने अपने व्यंग्य रचनाओं के माध्यम से भारतीय समाज में व्याप्त अव्यवस्था, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजाबाद को उजागर कर भारत में सुधार कार्य पर जोर दिया। परसाई जी भारत के प्रसिद्ध पत्र पत्रिकाओं में स्तंभ लेखक के रूप में काफी लोकप्रिय रहे। दैनिक देशबन्धु समाचार पत्र रायपुर के अंक में उनका प्रसिद्ध स्तंभ '' पूछिये-परसाई से'' काफी लोकप्रिय हुआ। इसे पाठको ने काफी पसंद किया।

द्वितीय सत्र में ए.के. यादव, राघवेन्द्र दुबे, डा. विष्णु तिवारी और जी.पी. पटेल ने आसंदी संभाली और अपने विचार रखे। साहित्यकारो ने परसाई जी की बहुमुखी प्रतिभा को रेखांकित किया तथा भारतीय साहित्यजगत में उनके व्यंग्य विधा के क्षेत्रों में योगदान को याद किया। तृतीय सत्र-में डा. राधेश्याम पटेल बलौदाबाजार ने प्रमुख वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। इस सत्र में शोधार्थियों ने अपना शोध पत्र का वाचन किया। डा. राधेश्याम पटेल ने हरिशंकर परसाई को भारत के प्रसिद्ध व्यंग्यकार बताते हुए कहा कि उनका जीवन प्रारंभ से ही अभावों एवं संघर्ष के बीच गुजरा इसलिए उनका व्यक्तित्व कुंदन सा निखरा। विषम परिस्थितियों में भी उन्होने समाज के सामने बडी बेकाबी से अपना व्यंग्य रचनाओं को प्रस्तुत किया। उन्होने समाज हित में राजनेताओं, धार्मिक कट्टर पंथी, भ्रष्ट शिक्षातंत्र एवं शोषक वर्गो के कारगुजारियों को समाज के सामने उजागर किया। डा. पटेल ने परसाई जी के व्यंग्य के क्षेत्र मे याद करते हुए कहा कि परसाई जी ने भाई भतिजावाद पर लिखा है ''फारूख अब्दुल्ला को एक बात समझ लेनी चाहिए कि ''शेर-ए-काश्मीर'' का बेटा भी ''शेर-ए-काश्मीर'' होगा, यह जरूरी नही। ऐसा तो जानवरो में होता है कि शेर का बेटा शेर और कुत्ता का बेटा कुत्ता। भारत में दिवस मनाये जाने पर व्यंग्य करते हुए परसाई जी कहते है कि ''दिवस, कमजोर का मनाया जाता है। जैसे-मजदूर दिवस, शिक्षक दिवस, महिला दिवस आदि। कभी भी थानेदार दिवस नही मनाया जाता''। इसी तरह भ्रष्ट शिक्षातंत्र को निशाना बनाते हुए परसाई जी ने लिखा है उसको इंगित करते हुए पटेल कहा कि प्राइमरी से लेकर विश्वविद्यालय तक सब गुरू कृपा से होता है अपना युगो से विश्वास रहा है कि विद्या पढने से नही आती, गुरू कृपा से आती है। अगर गुरू प्रसन्न हो जाये तो अपने प्रिय विद्यार्थी को एकलव्य ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

एजेंसी देना है

छत्तीसगढ़ प्रदेश की सांध्यकालीन सर्वाधिक प्रसारित लोकप्रिय व विश्वसनीय अखबार दैनिक हाईवे चैनल की एजेंसी धर्म नगरी राजिम में देना है। विज्ञापन, प्रसार व समाचार प्रेषण में रुचि रखने वाले व्यक्ति तत्काल संपर्क करें।

हाईवे चैनल

प्रबंधक

मो. 7000480650

अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे ने मतदान दल को रवाना किया

बिलाईगढ़, 22 फरवरी। मतदान दल के प्रभारी अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे ने मंडी गेट के सामने सारंगढ़ में मतदान दल से भरे बस को पूजा अर्चना कर रवाना किया। ये दल पंचायत आम निर्वाचन के तृतीय चरण में 23 फरवरी को सारंगढ़ विकासखण्ड में मतपत्र (बैलेट) से 377 मतदान केंद्रों में मतदान कराएंगे।

तीसरे चरण के पंचायत चुनाव में हाई प्रोफाइल मुकाबला

गरियाबंद, 22 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण का मुकाबला हाई प्रोफाइल हो गया है। 23 फरवरी को होने वाले इस चुनाव पर भाजपा, कांग्रेस और आम जनता की नजरें टिकी हैं। इस चरण में फिंगेश्वर और देवभोग विकासखंड की पांच जिला पंचायत सीटों और दो जनपद पंचायत सीटों के लिए मतदान होगा।

पहले दो चरण में भाजपा को बढ़त, कांग्रेस के लिए करो या मरो की स्थिति

पहले दो चरणों में छह में से चार सीटें जीतकर भाजपा ने बढ़त बना ली है। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के लिए उसे दो और सीटों की जरूरत है। दूसरी ओर, कांग्रेस अब तक सिर्फ एक जिला पंचायत सीट जीत पाई है। उसके लिए यह चुनाव करो या मरो की स्थिति बन गया है। कांग्रेस से अब तक कोई एससी प्रत्याशी नहीं जीता है। अध्यक्ष पद की दौड़ में बने रहने के लिए उसे अंतिम चरण में तीन में से कम से कम एक एससी सीट जीतनी होगी। क्षेत्र क्रमांक 1, 10 और 11 में एससी प्रत्याशी मैदान में हैं। अगर तीनों सीटों पर हार हुई तो कांग्रेस का अध्यक्ष बनने का सपना खत्म हो जाएगा।

इस चरण में पांच में से तीन जिला पंचायत सीटें हाई प्रोफाइल हो गई हैं। फिंगेश्वर के क्षेत्र क्रमांक 1 और 3 तथा देवभोग के क्षेत्र क्रमांक 10 में भाजपा और कांग्रेस के चर्चित चेहरे आमने-सामने हैं। अधिकृत प्रत्याशियों को बागी उम्मीदवारों से भी कड़ी टक्कर मिल रही है।

क्षेत्र क्रमांक 1 में त्रिकोणीय मुकाबला, कांग्रेस ने झोंकी ताकतजिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 में त्रिकोणीय संघर्ष है। भाजपा से नंदनी कोमल ढीढ़ी, कांग्रेस से होमा देवी सांग और निर्दलीय मधुबाला रात्रे मैदान में हैं। मधुबाला पिछली बार निर्दलीय चुनाव जीतकर भाजपा में शामिल हुई थीं। इस बार टिकट नहीं मिलने पर फिर निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं और कड़ी टक्कर दे रही हैं। यह सीट एससी वर्ग के लिए आरक्षित है। कांग्रेस के लिए यह सीट जीतना जरूरी है, क्योंकि इससे अध्यक्ष पद की दावेदारी मजबूत होगी।

क्षेत्र क्रमांक 3 में भाजपा-कांग्रेस के लिए प्रतिष्ठा का सवाल

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-3 की सीट भी हाई प्रोफाइल हो गई है। भाजपा से पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू मैदान में हैं। वे विधायक रोहित साहू के करीबी माने जाते हैं। उनकी हार-जीत का असर विधायक की छवि पर भी पड़ेगा। भाजपा ने इस सीट को जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस ने यहां प्रकाश साहू को उतारा है। लेकिन पूर्व महामंत्री आनंद मतावले और पूर्व जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू के चुनाव लड़ने से समीकरण बदल गए हैं। निर्दलीय इंद्रजीत महाड़िक भी मुकाबले को प्रभावित कर रहे हैं। इस सीट पर हार-जीत का फैसला कौन करेगा, यह देखना दिलचस्प होगा।

क्षेत्र क्र. 10 में नेहा सिंघल और धनमती यादव में सीधी टक्कर

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 की सीट भी हाई प्रोफाइल हो गई है। यहां दो बार की पूर्व जनपद अध्यक्ष नेहा सिंघल और पूर्व जिला पंचायत सदस्य धनमती यादव के बीच कड़ा मुकाबला है। नेहा सिंघल पहली बार जिला पंचायत चुनाव लड़ रही हैं। वे भाजपा की जिला उपाध्यक्ष भी रह चुकी हैं। उनकी प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। दूसरी ओर, टिकट नहीं मिलने से नाराज धनमती यादव बागी होकर चुनाव लड़ रही हैं। दोनों ने इस सीट को जीतने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है।

लाटरी पद्धति से सरपंच पंच निर्वाचित हुए

पिथौरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के द्वितीय चरण के मतदान सम्पन्न हुई इस सम्पन्न चुनाव में सरपंच सहित विभिन्न वार्डो के पंच बराबर मत के चलते लाटरी पद्धति से निर्वाचित हुये। जिसके अंतर्गत विकासखंड के चरौदा पंचायत में सरपंच प्रत्याशी उदयराम पाण्डे, विधनेश ध्रुव को बराबर मत 239 मिले पर लाटरी अर्थात दोनों नाम के पर्ची निकाले जाने पर विधनेश ध्रुव सरपंच निर्वाचित हुये। इसी तरह देवरी वार्ड 7 के पंच प्रत्याशी मोती साहू व योगेश्वरी को 36 वोट मिले जिसे पर्ची निकालने पर योगेश्वरी पंच निर्वाचित हुई ग्राम राजा सेवैय्या वार्ड 8 में अंजना बरिहा व दिनेश को 58 मत मिलने पर पर्ची से दिनेश बरिहा निर्वाचित हुए। भतकुंडा वार्ड 7 से इंदुमती पटेल व रामकुंवर पटेल को30 मत मिले पर्ची से रामकुंवर पटेल निर्वाचित हुये। छोटे लोरम वार्ड 4 से वृंदावती पटेल व परस किला नाग 26 मत मिले पर्ची निकालने पर परसकिला नाग वार्ड पंच निर्वाचित हुईं। इस दौरान जनपद पंचायत अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

पंचायत चुनाव में भाजपा को मिली बहुमत

जी जामगांव, 22 फरवरी (देशबन्धु)। जी जामगांव के पंचायत निकाय के चुनाव में भाजपा को बहुमत मिली है जिससे सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के पद पर भाजपा के प्रत्याशी विराजमान होने वाले है। ग्राम जी जामगांव के सरपंच पद के लिए कुल चार प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भरा जिसमें भाजपा से देवचरण चंद्राकर, कांग्रेस पार्टी से मोहित साहू, बहुजन समाज पार्टी से लालचंद पटेल और निर्दलीय प्रत्याशी भागीराम साहू चुनावी मैदान में उतरे थे। जिसमे ग्राम पंचायत जी जामगांव के मतदाताओं ने देवचरण चंद्राकर को 389 की बहुमत के साथ जीत का ताज़ पहनाया है। गणना की शुरुआत से ही भाजपा के देवचरण चंद्राकर को बढ़त मिलती हुयी देख कर कार्यकर्ताओं में हर्षोल्लास की लहर दौड़ गयी और लोग नाचने गाने लगे और अंत तक स्पस्ट हो गया की देवचरण चंद्राकर बहुमत के साथ विजयी हुए। इसी प्रकार जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 24 के लिए कुल 3 प्रत्याशी मैदान में उतरे भाजपा से गंगा बाई साहू कांग्रेस से संगीता संत राम साहू और निर्दलीय प्रत्याशी ललिता साहू को वोट मिले जिसमे गंगा साहू को जनपद क्षेत्र क्रमांक 24 में अपने गृह ग्राम जी जामगांव समेत अन्य पांच गाँवों सहित लगभग 1200 वोटो की बढ़त के साथ विजयी हुई। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 से भाजपा से कुलेशवारी सुनील गायकवाड़ कांग्रेस अनुसूया निर्दलीय प्रत्याशी टिकेशवारी मारकंडे एवं तारिणी ने चुनावी मैदान में शिरकत की जिसमे कुलेश्वरी गायकवाड़ 8000 मतों से विजयी रही। तीनों प्रत्याशियों ने बहुमूल्य मतदान के लिए अपनी जनता का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद हेतु क्षेत्र के विधायक माननीय अजय चंद्राकर का धन्यवाद ज्ञापित किया साथ ही भाजपा के कार्यकर्ताओं के दिन रात अथक मेहनत से पार्टी को जितने के लिए उनका भी धन्यवाद व्यक्त किया। नगरीय निकाय भाजपामय करने के पश्चात् ग्रामीण निकाय में भी भाजपा का झंडा बुलंद होता नज़र आ रहा है इससे भाजपा संगठन में भी हर्ष एवं संतोष व्याप्त है।

वार्ड पंच जीजामगांव

वार्ड 1 से रमाबाई यादव, वार्ड 2 से कृष्णाकुमार साखरे, वार्ड 3 से गिरवर पटेल, वार्ड 4 से सीमा पटेल, वार्ड 5 से धनेश्वरी ध्रुव, वार्ड 6 से संतोषी ढिमर, वार्ड 7 से सुमन मारकंडे वार्ड 8 से होरीलाल महिलांगे, वार्ड 9 से जनक बाई कुर्रे, वार्ड 12 से खिलावन पटेल, वार्ड 13 से टकेश्वर साहू, वार्ड 15 रेखा साहू, वार्ड 16 से त्रिवेणी पटेल, वार्ड 17 से संतुराम साहू, वार्ड 19 से ढालसिंग ध्रुव, वार्ड 20 से होरीलाल साहू विजयी रहे।

बागबाहराकला में महाशिवरात्रि 26 को धूमधाम से मनाया जाएगा

बागबाहरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतर्गत नगर से लगे ग्राम पंचायत बागबाहराकला (बस्ती बागबाहरा) में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रिटायर्ड बिजली कर्मचारी छेदूराम पटेल द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से 26 फरवरी बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। वहीं रात्रिकालीन में दर्शकों के मनोरंजन के लिए भूले बिसरे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोंगरापाली सम्हर का कार्यक्रम रखा गया है। ग्राम पंचायत बागबाहराकला के वरिष्ठ सामाजिक ग्रामीण कार्यकर्ता पुरुषोत्तम पटेल एवं अशोक पटेल ने बताया कि यहां रिटायर्ड बिजली कर्मचारी छेदूराम पटेल द्वारा गत 40 वर्षों से महाशिवरात्रि का पर्व निरंतर धूमधाम से मनाते आ रहे हैं। जिसमें ग्रामीणजन बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। यहां पर्व के दिन महाभंडारा एवं महाप्रसादी का कार्यक्रम शंकर मंदिर प्रांगण में किया जाता है। यहां आने वाले समस्त श्रद्धालु भक्त गण इसका लाभ उठाते है।

डॉ. लार्ड रॉबर्ड स्टीफेसन स्मिथ वेडेन पावेल का जन्मदिवस चिंतन दिवस के रूप मनाया

बागबाहरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। भारत स्काउट गाईड संघ बागबाहरा ने सर्वधर्म प्रार्थना सभा के रूप में स्काउट गाईड के जन्मदाता डॉक्टर लार्ड रॉबर्ड स्टीफेसन स्मिथ वेडेन पावेल का जन्मदिवस चिंतन दिवस के रूप मनाया गया। उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी साथ ही साथ सिद्धांतों का स्मरण किया।

इस अवसर पर अंचल के वरिष्ठ स्काउट मास्टर अरुण कोसे, स्काउट गाइड संघ के अध्यक्ष पंकज हरपाल, उपाध्यक्ष देवेश साहू, पूर्व सचिव भीमसेन चंद्रकार ने चिंतन दिवस में अपने-अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें युवा पीढ़ी में नशे के तरफ बढ़ते आकर्षण पर, स्काउट गाईड संघ तथा शिक्षा जगत की भूमिका पर चर्चा की गई। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सुनसुनिया बागबाहरा में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना में सर्वधर्म का प्रमुखता से मंत्रोच्चारण किया।

ब्लाक सचिव शेषनारायण साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम का आभार आवासीय विद्यालय अधीक्षिका श्रीमती रक्षा साहू ने किया। इस अवसर पर संघ के ब्लाक उपाध्यक्ष राजेश सोनी, एल टी सुश्री गौरी मोवले, गाइड कमिश्नर श्रीमती पूरी हरपाल, कोषाध्यक्ष भूषण साहू, मनोज दिवान, गगन टोनडेकर, श्रीमती निराशा ध्रुव, कुंजलता गायकवाड़, कुंटल द्विवेदी, रोवरखेमराज, कान्हा, अतुल, देवेंद्र, रोशन, कु संध्या साहू आदि उपस्थित थे।

मतदान दल उत्साह के साथ निर्वाचन सामग्री लेकर रवाना हुए

बिलाईगढ़, 22 फरवरी (देशबन्धु)। कृषि उपज मंडी परिसर सारंगढ़ में मतदान दल सुबह से लेकर दोपहर तक अपने दल के साथ निर्वाचन सामग्री को प्राप्त कर निर्वाचन सामग्री का मिलान किए। उसके बाद दल सहित निर्धारित बस से अपने मतदान केंद्र में सकुशल पहुंचे हैं। मतदान दल में शामिल व्यायाम शिक्षक ममता साहू, पूजा अकेला, शिक्षक काजल सहित अन्य निर्वाचन कर्मी उत्साहित नजर आईं। इस अवसर पर सभी मतदान दल बैलेट बॉक्स, दस्तावेज, प्रपत्र आदि के मिलान में बहुत व्यस्त थे। परिसर में भीड़ था, वही भारत माता चौक से बाजार चौक तक सड़क व्यस्त था। मंडी परिसर में मतदान दल की सुविधा के लिए लाउड स्पीकर, सेक्टर दल, पुलिस आदि का स्टॉल लगाया गया था। ये दल 23 फरवरी को सारंगढ़ ब्लॉक में पंचायत चुनाव सम्पन्न कराएंगे।

सार-संक्षेप

पंचायत चुनाव में अपने वोट के अधिकार का उपयोग अवश्य करें : कलेक्टर

बिलाईगढ़, 22 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू ने सारंगढ़ ब्लॉक के सभी मतदाताओं से त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग कर वोटिंग करने की अपील की है। उन्होंने सभी मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिना किसी लालच के, बिना डरे, अपने विवेक से, एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाते हुए गांव, जिला, राज्य और राष्ट्र के उन्नति में अपने वोट का उपयोग अवश्य करें।

निधन

राममूर्ति देवी अग्रवाल

रायपुर, 22 फरवरी। श्रीमति

राममूर्ति देवी अग्रवाल उम्र 79 वर्ष (पत्नी पुरुषोत्तम दास अग्रवाल) खरसिया वाले का स्वर्गवास 22 फरवरी को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा कल 23 फरवरी को प्रात: 10 बजे निवास स्थान 32, सिग्नेचर होम्स, मैग्नेटो मॉल के पास, रायपुर, से मारवाड़ी श्मशान घाट, बूढ़ातालाब पहुंचेगी। शोकाकुल- पुरुषोत्तम दास अग्रवाल, अशोक अग्रवाल (पुत्र), विजय अग्रवाल (पुत्र), अमन, आर्यन, राघव, आरव (पोत्र) एवं समस्त अग्रवाल परिवार।

छोगा लाल भूतड़ा

दुर्ग, 22 फरवरी। स्थानीय

माहेश्वरी मेडिकल के संचालक महेश कालोनी निवासी छोगा लाल भूतड़ा का आज निधन हो गया। अंतिम संस्कार कल 23 फरवरी को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जायेगा। शवयात्रा उनके महेश कालोनी के पीछे स्थित निज निवास से सुबह 9 बजे निकाली जायेगी। वे माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के वरिष्ठ सदस्य थे। दिवंगत छोगालाल भूतड़ा, स्व. गिरधारी लाल भूतड़ा के सुपुत्र रमेश, शंकर, संतोष एवं गणेश के भाई, राहूल भूतड़ा के पिताजी थे। वे हरीश, आशीष. विनय, अंकित, संकेत, दीपक एवं वेदांत के काका जी थे।

सरपंच चुनाव में हारी महिला के घर घुसकर हंगामा, मारपीट

खरोरा, 22 फरवरी। खरोरा इलाके के ग्राम खपरीडीह खुर्द में गुरुवार रात पंचायत का सरपंच चुनाव हारने वाली महिला के घर घुसकर तीन ग्रामीणों में उत्पात मचाया और मारपीट की। रात में तीनों ने घर घुसकर गाली-गलौज की और रोकने पर पति पर हमला भी किया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है लेकिन आरोपी गिरफ्त में नहीं आए हैं। रिपोर्ट राजेश रात्रे ने लिखाई है। आरोपी चिंटू उर्फ गर्मेंद्र खुंटे, गोविंद खुंटे, महेश खुंटे के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 333, 351(2) बीएनएस के, तहत जुर्म दर्ज किया गया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि खपरीडीह खुर्द में सरपंच के लिए उसकी पत्नी श्वेता रात्रे प्रत्याशी थी। चुनाव में चिगरिया वाली पुत्री हेमंत निषाद जीत गई। तब हम लोग घर में आ गए थे। रात्रि में 8 बजे गांव के चिंटू उर्फ गर्मेंद्र खुंटे, गोविंद खुंटे और महेश खुंटे दीवाल फांद कर घर में घुस गए और गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर नहीं माने। इसी दौरान आरोपियों ने किसी नुकीली वस्तु हमला किया। इससे हाथ व उंगली में चोट आई है।

तीन ग्रामीणों के खिलाफ जुर्म दर्ज लेकिन गिरफ्तारी नहीं, रिपोर्ट में नुकीले हथियार से हमले का भी जिक्र

परिवार के लोग थे दहशत में

बीच-बचाव करने आई छोटी बहन नीलू रात्रे को भी चोटें आई हैं। घटना के दौरान परिवार की महिलाएं और बच्चे दहशत में थे। पुलिस ने गैरजमानतीय धाराएं लगाई हैं। टीआई खरोरा, दीपक पासवान ने बताया कि आरोपियों को अभी गिरफ्तार नही किया जासका है। घायलों को मामूली चोटें हैं।

मच्छरों पर प्रहार, निगम द्वारा फॉगिंग, लार्वा हिट और डेल्टा मैथिलीन का छिड़काव जारी

धमतरी, 22 फरवरी (देशबन्धु)। मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों को रोकने के लिए नगर निगम ने बड़े पैमाने पर अभियान शुरू कर दिया है। आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देश पर पूरे शहर में तय रूट चार्ट के अनुसार फॉगिंग, लार्वा नष्ट करने और नालियों की सफाई का काम तेज कर दिया गया है। निगम की टीम अलग-अलग वार्डों में जाकर लार्वा हिट और डेल्टा मैथिलीन का छिड़काव कर रही है, जिससे मच्छरों के प्रजनन को रोका जा सके। नगर निगम के कर्मचारी रोजाना ट्री रूट अनुसार फॉगिंग कर रहे हैं, ताकि मच्छरों की संख्या को कम किया जा सके। इसके साथ ही, नालियों की गहराई से सफाई की जा रही है, ताकि पानी का ठहराव न हो और मच्छरों को पनपने का मौका न मिले।

नशे के लत में विद्यार्थी छात्र शराब खरीदते हुए, शासन-प्रशासन बनी मूकदर्शक

सिमगा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। नगर के एक प्रसिद्ध स्कूल के छात्र नगर के ही विदेशी मदिरा के दुकान से स्कूल समय पर शराब खरीदते हुए पाए गए। उपरोक्त संदर्भ में ग्राम बेमता निवासी इंद्रेंद्र कुमार साहू ने फोटो उपलब्ध कराते हुए कहा कि स्कूली समय में ही विदेशी शराब की दुकान से शराब दी गई जबकि शासकीय नियम के अनुसार किसी भी स्कूली छात्र को शराब दुकान से शराब देने की मनाही है परंतु शराब दुकान के संचालक के द्वारा इसका पालन नहीं किया जा रहा है। तथा स्कूली छात्रों को भी शराब बेची जा रही है यहां यह बताना आवश्यक है कि नगर के एक स्कूल में 12वीं के छात्रों की विदाई पार्टी कार्यक्रम था। जंहा मौज मस्ती के लिए छात्रों ने भी बिना किसी डर एवं भय के शराब खरीदी।

स्कूली बच्चों का शराब की दुकान से शराब खरीदना इस बात का प्रमाण है कि अब स्कूली जीवन से ही युवा वर्ग नशे की लत में फसता जा रहा है जिसके फलस्वरूप युवा पीढ़ी तेजी से बर्बादी की ओर अग्रसर है। काफी लंबे समय से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में सफेद पोश लोग आबकारी विभाग के सरंक्षण में शराब गाजा एवं नशीली दवाओं की बिक्री का अवैध व्यापार खुले आम संचालित कर रहे हैं। जिस पर अंकुश लगाने वाला कोई नहीं है। जिसके चलते नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन मारपीट चोरी लूटपाट हत्या जैसे गंभीर अपराध घटित हो रहे। लेकिन शासन प्रशासन में बैठे लोगों को इस बात से कोई सरोकार नहीं है। उन्हें तो बस अपने कमीशन से मतलब रहता है चाहे फिर नगर एवं क्षेत्र में कुछ भी हो।

प्रादेशिकी का शेष...

अनियंत्रित कार ने ट्रेक्टर...

है और जांच शुरु कर दी है।

बिरेझर चौकी एएसआई दक्ष कुमार साहू ने बताया कि जगदलपुर से रायपुर की ओर कार क्रमांक सीजी 17 केआर 9080 जा रही थी। तभी मोड़ के पास रांग साइड से बाइक क्रमांक सीजी 04 एमबी 4975 का चालक का अछोटी की ओर मुड़ गया। कार बाइक से टकराई इसके बाद अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर से भी जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में सवार महिला की मौत हो गई। बाकी वाहनों के सवार भी घायल हो गए।

सफाई दीदियों एवं मित्रों के पक्ष...

गया अगर कोई दूसरा कार्य कराया जाता है तो अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी। जो कि स्वागत योग्य कदम है मणिकंचन केन्द्रों में काम करने वाले सफाई मित्रों को वर्दी दस्तानें, मास्क, जूता व टोपी भी देने का फैसला भाजपा सरकार ने लिया है। मिशन क्लीन सिटी के अन्तर्गत प्रतिमाह मोबाईल मेडिकल यूनिट से स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य से कर दवा भी दिया जाना प्रस्तावित है।

'हरिशंकर परसाई का साहित्य व्यंग्य...

का अंगुठा काटकर दे सकता है।

इस राष्ट्रीय संगोष्ठी कार्यक्रम में छ.ग. के विभिन्न महाविद्यालयों से प्राध्यापकगण शोधार्थी एवं साहित्य प्रेमी हिन्दी विभाग के प्राध्यापकगण डा. परमजीत पाण्डेय, डा.मंजुला पांडेय, डा. चैताली सलूजा एवं महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राऐं उपस्थित रहें। वहीं बलौदाबाजार जिले से राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित सेवा निवृत्त प्रधान पाठक सलीम खान एवं वरिष्ठ व्याख्याता विरेन्द्र कुमार साहू उपस्थित रहें। स्वागत भाषण प्राचार्य डा. श्यामलाल निराला एवं आभार प्रदर्शन विभागाध्यक्ष डा. जय श्री शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डा. फिद्दोरा बरवा ने किया।

पार्टी का आदेश सर्वोपरि, जिपं अध्यक्ष पद संगठन तय करेगा : रामदुलारी

पिथौरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। पंचायत चुनाव में बड़ी जीत दर्ज कर जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई रामदुलारी सिन्हा ने अपनी प्राथमिकता स्पष्ट कर दी है। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि वह भारतीय जनता पार्टी की समर्पित कार्यकर्ता हैं, और हमेशा पार्टी के आदेश को सर्वोपरि मानेंगी। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर कौन बैठेगा, यह संगठन का विषय है और पार्टी जो भी निर्णय लेगी, वह उसका सम्मान करेंगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पंचायत चुनाव दलगत आधार पर नहीं लड़ा गया था, इसलिए पार्टी से अधिकृत प्रत्याशी नहीं होने के बावजूद उन्होंने चुनाव लड़ा और बड़ी जीत हासिल कर भारतीय जनता पार्टी की झोली में जिला पंचायत सदस्य का एक पद समर्पित किया है।

मालूम हो कि कांग्रेस शासन में जिला पंचायत अध्यक्ष बनीं और हाल ही में भाजपा में शामिल हुई उषा पटेल को श्रीमती सिन्हा ने 5,576 वोटों से हराकर यह सीट भाजपा की झोली में डाली है। इस शानदार जीत के बाद उन्हें जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए संभावित दावेदार माना जा रहा था, लेकिन उन्होंने इन अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा, मैंने पार्टी के लिए एक सीट जीती है, अब संगठन को तय करना है कि मुझे क्या जिम्मेदारी दी जाएगी। उनका परिवार लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा हुआ है। उनके पति सीताराम सिन्हा पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता हैं और विभिन्न पदों पर रहते हुए संगठन के लिए कार्य कर चुके हैं। उनके देवर विनोद सिन्हा भी पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। इस चुनाव में उनका परिवार कई महत्वपूर्ण जीत दर्ज करने में सफल रहा, उनकी बहू प्रियंका सिन्हा सरकड़ा की सरपंच निर्वाचित हुई हैं। पिथौरा जनपद की पूर्व अध्यक्ष रामदुलारी सिन्हा कलार समाज के महिला मंच की पूर्व प्रांताध्यक्ष रही हैं, जबकि उनकी देवरानी वर्तमान में इस जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही हैं। उनके पति समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष हैं, और देवर मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। रामदुलारी सिन्हा ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष का पद बहुत महत्वपूर्ण है और इस जिम्मेदारी को कौन निभाएगा, यह पार्टी का निर्णय होगा। जो भी जिम्मेदारी दी जाएगी, मैं उसे पूरी निष्ठा और समर्पण से निभाऊंगी।

जिपं 6 से स्वाति वर्मा, 7 से शैल महेश साहू की जीत

तिल्दा नेवरा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तिल्दा विकासखंड में संपन्न हुआ यहां अधिकांश क्षेत्रों में भाजपा समर्थक प्रत्याशी की विजय हुआ जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 से भाजपा के प्रत्याशी स्वाति वर्मा लगभग 3500 से अधिक मतों से जीत दर्ज किया वह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के सुमन देवव्रत नायक को हराया स्वामी पूर्व में छतौद ग्राम के सरपंच व इस क्षेत्र से जनपद सदस्य रह चुकी है व भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा की बेटी है सरल स्वभाव की स्वाती मिलनसार महिला है इसके जीत से इस क्षेत्र में विकास होना तय है इसी तरह क्षेत्र क्रमांक 7 से शैल साहू की भी शानदार जीत हुआ वह भाजपा समर्थक प्रत्याशी अनुराधा वर्मा व भाजपा के ही संतोषी वर्मा को हराया यह तीनों प्रत्याशी तुलसी गांव की ही रहने वाली है सरपंच में भी इस क्षेत्र से भी अनेक गांवों में भाजपा के ही प्रत्याशी जीत दर्ज किया कोहका पंचायत से तेजराम वर्मा, जोता से देवेंद्र वर्मा, छपोरा से गजानंद वर्मा, सरारीडीह से नरसिंह वर्मा, भींभौरी से मनोरमा डागेश वर्मा, रजिया से योगेंद्र साहू, देवरी से दिव्या राजा वर्मा ने भी शानदार जीत दर्ज किया।

मिठुराम पटेल

दुर्ग, 22 फरवरी। निकुम ग्राम

पंचायत के पूर्व पंच मिठुराम पटेल (95 वर्ष) का निधन 22 फरवरी को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रिखीराम, भूषणलाल पटेल के पिता, कुंजिया बाई पटेल के पति तथा सरपंच भागवत पटेल के नाना थे।

बेर के स्वाद से बोर हुए कारोबारी

दूसरे प्रदेशों से मांग नहीं, बांग्लादेश को निर्यात बंद

भाटापारा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। बेर 1000 रुपए चिंटल। यह तब, जब निर्यात बंद है। राजस्थान की रुचि नहीं। सिर्फ मध्य प्रदेश ही रुझान दिखा रहा है। अनिश्चित भविष्य को देखते हुए इस बरस बेर संग्रहण और भंडारण से हाथ खींचने का मन बना रहे हैं, प्रदेश के वनोपज कारोबारी।

बेर में नई फसल की आवक शुरू हो चली है लेकिन बीते बरस का भरपूर भंडारण और कमजोर मांग को देखते हुए वनोपज बाजार खरीदी को लेकर अनिच्छुक है। पहली कोशिश बीते बरस की उपज के निपटान की है। इस बीच मध्य प्रदेश के बेर पाउडर बनाने वाली इकाइयों की हल्की मांग निकलती नजर आ रही है।

बंद है निर्यात: बांग्लादेश एकमात्र ऐसा उपभोक्ता क्षेत्र है, जो छत्तीसगढ़ से बेर की बड़ी मात्रा में खरीदी करता है लेकिन इसने बीते दो बरस से छत्तीसगढ़ से बेर की खरीदी बंद कर रखी है।इसलिए भंडारित बेर वनोपज कारोबारियों के लिए परेशानी की वजह बना हुआ है। संकेत आगे भी निर्यात बंद रहने के बने हुए हैं। इसलिए बेर के कारोबारियों ने नई फसल की खरीदी से फिलहाल हाथ खींचे हुए हैं।

राजस्थान नहीं दिखा रहा रुचि: बीते बरस राजस्थान ने छत्तीसगढ़ से 700 रुपए चिंटल की दर पर बेर की खरीदी की थी। अचार बनाने के लिए खरीदी करने वाले राजस्थान ने इस बरस नई फसल को लेकर पूछताछ तो की हुई है लेकिन खरीदी को लेकर रुझान नहीं दिखा रहा है। इसलिए भी छत्तीसगढ़ में बेर संग्रहण गति नहीं ले पा रहा है। संभावना आगे भी ऐसे ही बने रहने की है।

एकमात्र मध्य प्रदेश ही: मध्य प्रदेश का छतरपुर। यहां सूखे बेर से पाउडर बनाने वाली कई इकाइयां है, जो अंतरप्रांतीय कारोबार करतीं हैं। इसकी ही खरीदी निकली हुई है। लेकिन वनोपज बाजार इस मांग की मात्रा को पर्याप्त नहीं मान रहा है। इसलिए संग्रहण की बजाय भंडारित उपज के निपटान के प्रयास किया जा रहे हैं। जब तक यह काम पूरा नहीं हो जाता, तब तक नई फसल में खरीदी नहीं करने की योजना है।

संग्रहण का विचार नहीं: भाव भले ही तेज हों लेकिन खरीदी की जैसी स्थिति बनी हुई है, उसे देखते हुए नई फसल की खरीदी का विचार नहीं है। पहली कोशिश बीते बरस की भंडारित उपज के विक्रय की है।

- सुभाष अग्रवाल
एसपी इंडस्ट्रीज, रायपुर

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

भाटापारा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। छ. ग. प्रदेश कुनबी समाज महासंगठन छत्तिसगढ की जिला शाखा भाटापारा मे 19 फरवरी को कुनबी भवन में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

समाज के मिडिया प्रभारी हेमंत बहेकार ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, नव निर्वाचित, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्विनी शर्मा जी, एवं नवनिर्वाचित स्टेशन वार्ड की पार्षद श्रीमती लक्ष्मी बाई ठाकुर जी उपस्थित हुये। साथ ही कुनबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष रंजीत भाऊ मुनेश्वर जी विशेष रुप से उपस्थित हुये हैं।

प्रदेश अध्यक्ष जी द्वारा, छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए। उनके पदचिन्हों पर चलकर समाज संगठित करने पर जोर दिया है।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में, छत्रपति शिवाजी महाराज च्च जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलकर ही हिंदू एकजुट हो सकता है। उनके संघर्षों को याद करते हुए कहा की हर माँ को अपने बच्चों को, छत्रपति शिवाजी महाराज की कहानी बताकर उन्हें पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा देना चाहिए।साथ महाराष्ट्र से आयी कु. भुवनेश्वरी मुनेश्वर ने शिवाजी महाराज के इतिहास की जानकारी दि है।

तदपश्चात नगर पालिका अध्यक्ष को समाज की ओर से छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के साथ शॉल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कुनबी समाज के साथ वार्ड के लोग उपस्थित हुये इस कार्यक्रम मे भाटापारा के अध्यक्ष प्रेम बोहरे जी ने नगर पालिका अध्यक्ष जी को सामजिक समस्या से अवगत कराया गया। साथ कार्यक्रम संचालन अध्यक्ष द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम मे प्रमुखता से सचिव रिषम बहेकार जी, हेमंत बहेकार जी महिला अध्यक्ष मेघाताई चुटे जी, रजनी मुनेश्वर जी, बादल शिवणकर जी, अशोक मेंढे जी, शिवकुमार वाढई जी के साथ मधुताई बहेकार जी श्री सुरेश ब्राम्हणकर जी, प्रकाश बागडे, कमलराव बहेकार एव समस्त समाजबंधु उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन मिडिया प्रभारी हेमंत बहेकार जी ने किया है।

संत समागम में लगा पंडोखर सरकार का दिव्य दरबार

राजिम, 22 फरवरी (देशबन्धु)। राजिम कुंभ कल्प मेला के संत समागम स्थल पर पंडोखर सरकार का दिव्य दरबार 21 फरवरी से प्रारंभ हो गया है। यह दरबार 25 फरवरी तक दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक लगाया जा रहा है। 22 फरवरी शनिवार को महाराज के भक्त और शिष्यगणों ने दिव्य दरबार में उपस्थित होकर अपनी जिज्ञासाओ और समस्याओं के समाधान पाया। इस दौरान पंडोखर सरकार के गुरुशरण महाराज ने भक्तों की समस्याओं को सुनकर उसका समाधान बताया।

सैकड़ों श्रद्धालुओं की समस्याओं का किया समाधान

दरबार शुरू होने से पहले मंच पर बालाजी महाराज की पूजा अर्चना कर उनकी आरती की गई। फिर गुरू पूजन के बाद दरबार की औपचारिक कार्यवाही शुरू की गई। जिसका लाभ उपस्थित जन समुदाय में अपने समस्याओं का समाधान प्राप्त कर उठाया। लंबे अंतराल के बाद इस बार पंडोखर सरकार का दरबार राजिम के कुंभ कल्प में लगाया गया है, जिसके कारण उनके भक्तों और शिष्यों में काफी उत्साह है। उनके दर्शन और अपनी समस्याओ के समाधान के लिए भक्तों की भीड दरबार में पहुंच रही है। भक्त अपनी समस्याओं को लेकर अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं।

राजिम कुंभ कल्प के मुख्य मंच पर बरसी संतों की अमृतवाणी

राजिम, 22 फरवरी (देशबन्धु)। राजिम कुंभ कल्प मेला में 21 फरवरी से संत समागम का शुभारंभ हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद गिरि, महामंडलेश्वर नवल गिरी महाराज, महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद महाराज, महामंडलेश्वर मनमोहनदास महाराज, ब्रह्मचारी डॉ. इंदुभवानंद महाराज, दंडी स्वामी सच्चिदानंद तीर्थ महाराज, संत द्वारकेश महाराज, संत गुरुशरण महाराज (पंडोखर सरकार), महंत नरेंद्र दास महाराज, स्वामी राजीव लोचन दास महाराज, रामबालक दास महाराज, साध्वी महंत प्रज्ञा भारती सहित विशिष्ट साधु-संतों का सानिध्य एवं आशीर्वचन श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ।

सनातन और हिन्दुत्व की आंधी आई है : महामंडलेश्वर नवल गिरी

इस अवसर पर महामंडलेश्वर नवल गिरी महाराज ने कहा की सनातन और हिन्दुत्व की आंधी आई है। भारत की शक्ति को देखिए। अभी प्रयागराज महाकुंभ का आयोजन हो रहा, जहां भीड रूक नहीं रही। आज हम गर्व से कह सकते है कि हम हिन्दू है। कहा कि हम चाहते है की बच्चों को बडी-बडी डिग्री भले ही दे, लेकिन सबसे पहले उन्हें संस्कार सिखाएं। सुबह उठकर हनुमान चालिसा की पाठ अवश्य पढ़ने की आदत डालें। राजिम और प्रयागराज के कुंभ दर्शन से पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

धर्म का रास्ता देखने संतों की शरण में जाना होगा

सभी युवा विवेकानंद की तरह सनातन धर्म का प्रचार करें : महामंडलेश्वर शैलेशानंद

महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद महाराज ने कहा कि जिस दिन से राजिम कुंभ परंपरा का प्रारंभ हुआ वह दिन शुभ था। यह सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का सबसे अच्छा माध्यम है। अभी प्रयागराज में जन सैलाब है। वैसे ही एक दिन इस राजिम कुंभ में भी श्रध्दालुओं की भीड़ रहेगी। प्रत्येक संत चाहते है की प्रत्येक युवा विवेका नंद की तरह सनातन धर्म का प्रचार करें। हमारे देश में फिर से मकरंद हो जाए..., युवा पीढी संभलकर विवेकानंद हो जाएं। आज युवा पीढ़ी भटक रही है। कुछ विद्रोहियो द्वारा हमारी संस्कृतियो को दूषित किया जा रहा है।

राजीव लोचन और कुलेश्वर महादेव से राजिम की पहचान : स्वामी राजीव लोचन दास

इस अवसर पर स्वामी राजीव लोचन दास महाराज ने कहा किं राजीव लोचन और कुलेश्वर महादेव से राजिम की पहचान है। 500 वर्षो के वनवास के बाद भगवान श्रीराम अपने स्थान पर पहुचे। उन्होंने कहा अपनी जुबान से ऐसी बात बोलों जिससे समाज को नई दिशा मिले। 57 करोड लोगो ने कुंभ मे स्नान किया है और विश्व का इतिहास बदल दिया है। संत समागम का संचालन महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद गिरि ने किया। उन्होंने कहा कि गुगल में पृथ्वी का रास्ता दिख सकता है, लेकिन धर्म का रास्ता देखने के लिए संतो की शरण में जाना होगा।

शहरी क्षेत्र के प्रत्येक गरीब परिवारों को आवास योजना का लाभ दें सरकार : विनोद

महासमुंद, 22 फरवरी (देशबन्धु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के समय जो घोषणाएं की थी वह तो पूरा नहीं कर पाई। उम्मीद है नगर निगम, पालिका, पंचायत चुनाव में शहरी क्षेत्र के निवासियों से किए वादे वह पूर करेगी। क्योंकि, शहरी क्षेत्र के लोगों ने भाजपा पर भरोसा कर प्रदेश के 10 नगर निगम व 36 नगर पालिका में भाजपा के महापौर, अध्यक्ष बनाए हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने नगरीय निकाय चुनाव में छग के शहरी क्षेत्र के नजूल भूमि में निवासरत लोगों को पट्टा प्रदान करने तथा हर गरीब परिवार को पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने संकल्प पत्र जारी किया था। भाजपा के संकल्प पत्र के अनुसार ऐसे गरीब परिवार भी आवास योजना के लिए पात्र होंगे जो पालिका में नियमित टैक्स का भुगतान कर रहे हैं। जलकर, संपत्तिकर, समेकित कर, नियमित बिजली बिल आदि जमा करने वाले गरीब परिवारों को आवास योजना का लाभ दिया जाएगा। इस लिहाज से अब शहरी क्षेत्र में निवास रत प्रत्येक गरीब परिवारों को पक्का आवास प्रदान करने की दिशा में शीघ्र कार्य शुरू होना चाहिए।

नजूल भूमि पर निवासरत गरीब परिवारों को पट्टा वितरण का कार्य शीघ्र शुरु करें भाजपा

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के समय किए वादे पर विफल भाजपा दो.एक वादों को छोड़ संकल्प पत्र में दर्ज अधिकतर घोषणाओं पर अब तक अमल नहीं कर पाई है। श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव जीतने प्रदेश के युवाओं, माताओं.बहनों, बुजूर्गों, भूमिहीन कृषि मजदूरों, महाविद्यालयीन छात्राओं से जो वादे किए थे, उस पर साल बीतने के बाद भी अमल नहीं किया है। भाजपा ने कहा था कि सभी शासकीय पदों पर दो साल के अंदर एक लाख भर्ती किया जाएगा। उनके कार्यकाल का आज दूसरा साल चल रहा है, 1 लाख तो क्या 1 हजार पदों पर भी प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को नौकरी नहीं मिली है। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख नए घर बनाने के वादे किए गए थे। जो आवास स्वीकृत हुए हैं, उनमें से अधिकतर आवासों की स्वीकृति पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में हो चुका था। साथ ही हजारों आवासों के लिए राशि भी जारी कर दी गई थी। भाजपा ने दीनदयाल उपाध्याय कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को हर साल 10000 रुपए की आर्थिक सहायता, 500 नए जन औषधि केंद्र खोलने, छत्तीसगढ़ में उद्यम क्रांति योजना के तहत प्रदेश में युवाओं को 50 फीसदी सब्सिडी के साथ ब्याज मुक्त ऋण, दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन की स्थापना, महाविद्यालयीन छात्राओं को कॉलेज आने.जाने के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से मासिक ट्रेवल अलॉउंस, 500 रुपए में गैस सिलेंडर प्रदान करने के वादे प्रदेश वासियों से किए थे। इन घोषणाओं का क्रियान्वयन शुरू नहीं होना यह स्पष्ट करता है कि भाजपा केवल जुमलेबाजी में माहिर है।

हथनीपारा वार्ड से भाजपा ने तीसरी बार की जीत

भाटापारा, 22 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस के अभेद्यगढ़ कहे जाने वाले हथनी पारा वार्ड से जहां कि विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को सफलता मिलना दूर की कौड़ी कहा जाता था। वही सबसे कठिन कहे जाने वाले हथनी पारा वार्ड से सीधी-सादी एवं सरल स्वभाव की पहचान से प्रसिद्ध एवं मृदुभाषी सीता देवी साहू ने लगातार 2014 तथा2019 एवं अभी हाल ही में संपन्न हुए 2025 के चुनाव में लगातार भाजपा को 144, 199, एवं234 से के भारी बहुमत मतों से न केवल स्वयं विजयी हुयी। अपितु उन्होंने अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अश्वनी शर्मा को भी हथनी पर वार्ड से 162 मतों विजई दिलाने में अहम योगदान निभाया

उल्लेखनीय है कि हथनी पारा वार्ड विधायक इंद्र साहू का निवास स्थान भी है जहां कि वे स्वयं चुनाव जीतते आ रहे थे किंतु भाजपा द्वारा सीता देवी साहू को प्रत्याशी बनाने से उनका आप भेज दिया अभेदगढ़ भी ढह गया। इसके पीछे सीता देवी की सक्रियता के साथ-साथ उनके युवा सुपुत्र युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष रहे देवेंद्र साहू की वार्ड में सक्रियता तथा वार्ड सहित समीपस्थ वार्डो के नागरिकों की भी मूलभूत समस्याओं का निराकरण करना वार्ड में निरंतर साफ सफाई पर ध्यान देना भी अहम कारण है।

नगर साहू संघ ने किया अन्न दान

भोग भंडारा में तहसील साहू संघ अभनपुर, नगर साहू संघ के पदाधिकारी एवं भाजपा प्रदेश मंत्री किशोर महानंद ने भक्तों को बांटे प्रसाद

राजिम, 22 फरवरी (देशबन्धु)। राजिम कुंभ मेला में साहू समाज द्वारा राजिम तीर्थ में आयोजित अन्न क्षेत्र में आज नगर साहू संघ नयापारा राजिम के द्वारा भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। नगर अध्यक्ष रमेश साहू संरक्षक मेघनाथ साहू रविशंकर साहू तहसील साहू संघ अभनपुर के कार्यकारी अध्यक्ष तूलेश साहू उपाध्यक्ष पहलाद साहू सचिव मोहन साहू राजिम भक्तिन माता की आरती कर भोग भंडारा में भक्तों में प्रसाद बांटे। भोग भंडारा में आज सेवा देने के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री किशोर महानंद पार्षद आकाश राजपूत सुरेंद्र रामटेक टिंकू सिंह व्यापारी संघ के संतोष साहू भोज साहू श्रद्धालु भक्तों को भोजन प्रसादी वितरण किया। आज भंडारा में प्रमुख रूप से नगर साहू संघ नयापारा के सदस्य सुखराम साहू ठाकुर राम साहू भोज राम साहू नूतन साहू रमेश साहू लोकेश्वर साहू भानमती साहू साधना सौरज गीता साहू समिति के अध्यक्ष लाला साहू उपाध्यक्ष होरीलाल साहू नूतन साहू महासचिव श्याम साहू महामंत्री रामकुमार साहू कोषाध्यक्ष भोले साहू संगठन मंत्री घनश्यामवंदना साहू डॉ ओंकार साहू विष्णु साहू तरुण साहू रामबाई साहू प्रेमबाई साहू सहित पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा नानू गोस्वामी के द्वारा भंडारा में सहयोग किया गया। भोग भंडारा में श्रद्धालु भक्तों की ज्यादा रही इससे अनुमान लगाया जा सकता है ।

मंदिरों के महाकुंभ में महासमुंद की धार्मिक विरासत को वैश्विक पहचान

महासमुंद, 22 फरवरी (देशबन्धु)। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में 17 से 19 फरवरी तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और एक्सपो 2025 में महासमुंद की धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को विशेष पहचान मिली। इस भव्य आयोजन का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर मंदिर प्रबंधन के आधुनिकीकरण, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और मंदिरों की भूमिका को सशक्त बनाने पर मंथन करना था। सम्मेलन का उद्घाटन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक विशेष संदेश के माध्यम से इस पहल की सराहना की और मंदिर प्रबंधन में नवीनतम प्रथाओं के आदान.प्रदान को महत्वपूर्ण बताया। इस ऐतिहासिक आयोजन में महासमुंद जिले के दाऊलाल चंद्राकर, दानवीर शर्मा, नुकेश चंद्राकर, डॉ नीरज गजेंद्र, ईश्वर सिन्हा और लक्ष्मीनाथ चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ की मंदिर परंपराओं और संस्कृति का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने प्रदेश के ऐतिहासिक मंदिरों के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की और उनके विकास में आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर जोर दिया। सम्मेलन में 58 से अधिक देशों के 1,581 मंदिरों के 3162 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। तीन दिवसीय आयोजन के दौरान 111 से अधिक विशेषज्ञ वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। इस दौरान 15 कार्यशालाएं आयोजित की गईं और 60 से अधिक प्रदर्शनी स्टॉल लगाए गए, जिनमें मंदिरों के प्रबंधन और आधुनिकीकरण से जुड़ी तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। सम्मेलन में मंदिर सुरक्षा, वित्तीय प्रबंधन, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, बड़े पैमाने पर भोजन वितरण, भीड़ नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन और बुनियादी ढांचे के विकास जैसे विषयों पर गहन विचार.विमर्श हुआ। 75 से अधिक अत्याधुनिक नवाचारों को प्रस्तुत किया गया। जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ब्लॉकचेन और फिनटेक समाधानों का उपयोग भी शामिल था। सम्मेलन के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मंदिर महासंघ की स्थापना की घोषणा की गई, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर सनातन धर्म को एकजुट और सशक्त बनाना है। साथ ही, मंदिरों के आधुनिकीकरण और डिजिटल परिवर्तन के लिए स्मार्ट टेंपल मिशन की शुरुआत की गई, जो मंदिरों में आधुनिक तकनीकों के समावेश को बढ़ावा देगा। सम्मेलन में मंदिर प्रबंधन, आधुनिकीकरण और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बनाए जिससे वैश्विक मंदिर समुदाय के बीच सहयोग और ज्ञान साझा करने की दिशा में नए आयाम स्थापित हुए। महासमुंद के प्रतिनिधियों की भागीदारी ने छत्तीसगढ़ के धार्मिक महत्व को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाई।

अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन, एक्सपो में महासमुंद के प्रतिनिधियों की प्रभावी भागीदारी

लार्डवेडेन पावेल का जन्मदिन चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया

महासमुंद, 22 फरवरी (देशबन्धु)। नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल नयापारा में 22 फरवरी स्काउटिंग के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल का जन्म दिवस चिंतन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य एवं गाइड कमिश्नर अमी रूफस ने लार्ड बेडेने पावेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर एवं उनके समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। स्काउट गाइड द्वारा अतिथियों का स्वागत स्कार्फलगाकर किया। प्रार्थना सभा में सभी धर्मों का प्रार्थना किया गया। संस्था के प्राचार्य अमी रूफस ने बेडेन पावेल की जीवनी के बारे में संक्षिप्त प्रकाश डाला। इस अवसर पर संस्था के स्काउट गाइड के छात्र एवं संस्था के स्काउट प्रभारी रूपा पांडेय, जीआर टांडेकर, कृति थवाईत, दिव्येश वाणी, प्रियंका पीटर, शशबीर कौर संधु, ऋतुराज देवांगन एवं छात्र.छात्रायें उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के व्याख्याता ध्रुति श्रीवास्तव ने किया एवं आभार प्रदर्शन स्काउट गाइड के जिला सचिव प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया।